ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 29 मई 2024
वर्ष 34, अंक 122, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com




पृथ्वी से चार गुना विशाल है यह रहस्यमयी ग्रह 16

अमेजन पर आएगी अनन्या की वेब सीरीज कॉल मी बे 15

## विमान में बम की सूचना, यात्रियों को इमरजेंसी गेट से बाहर निकाला

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से वाराणसी जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट (6ई2211) में मंगलवार सुबह टेकऑफ से पहले बाथरूम में एक कागज का टुकड़ा मिला, जिसमें 30 मिनट में बम ब्लास्ट लिखा हुआ था। यह खबर विमान में बैठे यात्रियों में फैल गई और अफरातफरी मच गई। जिसके बाद क्रू मेंबर्स ने पैसेंजर्स को इमरजेंसी गेट से बाहर निकाला। कई यात्री विंग के जरिए प्लेन से उतरे गए। फ्लाइट में 176 पैसेंजर्स थे। इसके बाद दिल्ली एयरपोर्ट पर क्यूआरटी और बम डिस्पोजल टीम बुलाई गई। प्लेन की तलाशी ली गई, लेकिन अधिकारियों को कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। एयरपोर्ट के अधिकारियों ने बताया कि सुबह करीब साढ़े 5 बजे वॉशरूम में पायलेट को टिशू पेपर मिला था। यह पेपर वॉशरूम में कैसे पहुंचा, इसकी जांच चल रही है।



- दिल्ली से वाराणसी के लिए उड़ान भरने को तैयार विमान में बम होने की सूचना अफवाह निकली

### सभी प्रोटोकॉल का पालन किया : इंडिगो प्रवक्ता

इंडिगो के प्रवक्ता ने कहा सभी आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन किया गया और हवाई अड्डा सुरक्षा एजेंसियों के दिशानिर्देशों के अनुसार विमान को हवाई अड्डे के एक दूरस्थ स्थान पर ले जाया गया। सभी यात्रियों को आपातकालीन निकास द्वार के जरिए विमान से सुरक्षित बाहर निकाला गया। वाराणसी के लिए उड़ान पूर्वाह्न 11 बजकर 10 मिनट पर रवाना हुई। हमें यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद है।

## राजकोट अग्निकांड : गेम जोन का एक और साझेदार गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** राजकोट अग्निकांड में जान गंवाने वाले 27 लोगों के मामले में गुजरात पुलिस ने टीआरपी गेम जोन के एक और साझेदार को गिरफ्तार किया है। बनासकांठा के पुलिस अधीक्षक अक्षयराज मकवाना ने बताया कि धवल कॉर्पोरेशन के मालिक धवल ठक्कर को पड़ोसी राजस्थान के आबू रोड से गिरफ्तार कर लिया गया है। वह रेसवे इंटरप्राइज के पांच साझेदारों के साथ मिलकर टीआरपी गेम जोन चलाता था। मामले में अब तक चार लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

- मृतक के परिजन को दो लाख रुपये देगी केंद्र सरकार

**मृतक के परिजनों को राज्य सरकार देगी चार लाख :** राज्य सरकार ने इस घटना की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया है और प्रत्येक मृतक के परिजन को चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। केंद्र सरकार ने भी प्रत्येक मृतक के परिजन को दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

## राम रहीम रणजीत मर्डर केस में बरी साध्वी रेप केस में जेल में रहेगा

सिरसा, एजेंसी



- पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने दी बड़ी राहत, सीबीआई कोर्ट ने सुनाई थी उम्रकैद की सजा

हरियाणा में सिरसा स्थित डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को मंगलवार को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने बड़ी राहत दी। डेरे के पूर्व मैनेजर रणजीत हत्याकांड मामले में डेरा प्रमुख सहित पांच अन्य आरोपियों को सीबीआई कोर्ट के फैसले को रद करते हुए बरी कर दिया है। यह मामला 22 साल पुराना है। मामले में 19 साल बाद सीबीआई कोर्ट ने डेरा प्रमुख राम रहीम को दोषी करार दिया था।

राम रहीम फिलहाल, पत्रकार रामचंद्र छत्रपति, साध्वी यौन शोषण मामले में रोहतक की सुनारिया जेल में बंद है और उस मामले में सजा बरकरार रहेगी। कुरुक्षेत्र के कोलिया गांव निवासी डेरा साधु रणजीत सिंह की 10 जुलाई 2002 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। डेरा प्रबंधन को शक था कि जो गुमनाम चिठी डेरा प्रमुख के खिलाफ जारी हुई वह रणजीत सिंह ने अपनी बहन से लिखवाई थी। हत्या के बाद हुई पुलिस जांच में डेरा सच्चा सौदा प्रमुख को इस केस में क्लीन चिट दे दी गई। जिसे मृतक रंजीत सिंह के पुत्र ने हाइकोर्ट में चुनोती दी जिससे बाद सीबीआई जांच हुई जिसमें रणजीत सिंह हत्याकांड में डेरा प्रमुख का नाम जुड़ गया।

## कोर्ट ने बिभव को तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट करने के आरोपी बिभव को 31 मई तक हिरासत में भेज दिया है।



बिभव मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी हैं। अदालत के विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा है। कुमार के वकील ने हिरासत में लेकर उनके मुवक्किल से पूछताछ करने की दिल्ली पुलिस की याचिका का विरोध करते हुए दावा किया कि उसके पास कोई सबूत नहीं है।





# वोट जिहाद के लिए तृणमूल ने छीने ओबीसी के अधिकार : मोदी

## प. बंगाल के बारासात में चुनावी रैली में ममता बनर्जी पर बरसे प्रधानमंत्री

- मोदी ने कलकत्ता हाईकोर्ट के न्यायाधीशों पर सवाल उठाने के लिए ममता बनर्जी की आलोचना की

बारासात (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तुष्टीकरण की राजनीति करने और वोट जिहाद को बढ़ावा देने के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के युवाओं के अधिकार छीनने का आरोप लगाया।

बारासात में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का नाम लिए बिना कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों पर सवाल उठाने के लिए उनकी आलोचना की और आश्चर्य जताते हुए कहा कि क्या तृणमूल कांग्रेस प्रतिकूल फैसलों के बाद अब न्यायधीशों के पीछे भी अपने गुंडे छोड़ देगी?

उन्होंने कहा बंगाल में तृणमूल ने ओबीसी को जो धोखा दिया, उसकी पोल अदालत ने खोल दी है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने कहा है कि 77 मुसलमान जातियों को ओबीसी घोषित करना गैर-कानूनी और असंवैधानिक है। यानी तृणमूल ने लाखों ओबीसी नौजवानों का हक रातों-रात वोट जिहाद वालों की मदद के लिए लूट लिया। तृणमूल ने राज्य के ओबीसी समुदाय को धोखा दिया है।



दुमका में आयोजित रैली में प्रधानमंत्री को सम्मानित करते भाजपा पदाधिकारी।

### झारखंड में घुसपैठ बड़ा संकट

**दुमका (झारखंड)।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा घुसपैठ के कारण संथाल परगना में आदिवासियों की आबादी कम हो रही है। उन्होंने झामुमो के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। दुमका में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि उन्होंने सुना है कि लव जिहाद शब्द का ईजाद झारखंड के लोगों ने किया है। उन्होंने कहा कि राज्य के एक जिले में ईसाई समुदाय से जुड़े साप्ताहिक अवकाश का दिन रविवार से बदलकर शुक्रवार करने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा अब झारखंड में एक बड़ा संकट घुसपैठियों का हो गया है।

### प्रधानमंत्री ने कहा- तृणमूल से सच बर्दाश्त नहीं होता

मोदी ने कहा तृणमूल से सच बर्दाश्त नहीं होता। जो कोई भी तृणमूल के गुनाह सामने लाता है, वह उनको निशाना बनाती है। आपने भी देखा है कि तृणमूल कांग्रेस के विधायक ने साफ-साफ कहा कि हिंदुओं को भागीरथी में बहा देंगे। इस पर बंगाल के संतों ने तृणमूल को गलती सुधारने के लिए कहा। लेकिन उसने हमारे संत समाज को ही गालियां देनी शुरु कर दी। मोदी ने कहा कि रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ दुनिया भर में सेवा और नैतिकता के लिए जाने जाते हैं, लेकिन तृणमूल कांग्रेस उन्हें खुलेआम धमकी दे रही है, उन्हें खुले मंच से चेतावनी दे रही है। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के घटक दलों पर निशाना साधा।

## केजरीवाल की जमानत पर तत्काल सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया। दिल्ली सीएम ने मेडिकल ग्राउंड पर एक जून तक मिली अंतरिम जमानत को 7 दिन बढ़ाने की मांग की थी। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस केवी विश्वनाथन की वेकेशन बेंच ने कहा कि अंतरिम जमानत बढ़ाने का फैसला सीजेआई करेंगे, क्योंकि मुख्य मामले में केजरीवाल के खिलाफ फैसला सुरक्षित है। केजरीवाल की तरफ से वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दलीलें रखीं। केजरीवाल को ईडी ने शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था।

रेमल तूफान का अब नॉर्थ-ईस्ट में दिखने लगा असर

## बारिश के दौरान मिजोरम में पत्थर खदान धंसने से 17 लोगों की मौत

आइजोल, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में आए रेमल तूफान का असर अब नॉर्थ-ईस्ट में दिखने लगा है। मिजोरम में तूफान के कारण लगातार हो रही बारिश की वजह से मंगलवार सुबह 6 बजे आइजोल में एक पत्थर की खदान ढह गई। अब तक इसमें 17 लोगों की मौत हुई है। इनमें 4 साल का लड़का और 6 साल की लड़की शामिल है। दो लोगों का रेस्क्यू भी किया गया है।

मिजोरम के डीजीपी अनिल शुक्ला ने बताया कि हमने अब तक 17 शव बरामद कर लिए हैं और बचाव अभियान जारी है। हमें आशंका है कि मलबे में अभी भी लोग फंसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारी बारिश के कारण आपदा स्थल पर बचाव कार्य प्रभावित हो रहा है। शुक्ला ने कहा कि बारिश के कारण राज्य में कई अन्य स्थानों पर भूस्खलन हुआ और कम से कम दो लोग बह गए। आइजोल के उपायुक्त नाजुक कुमार ने कहा कि जब तक मलबा साफ नहीं हो जाता, तब तक तलाश अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा हमने घटनास्थल से दो लोगों को जिंदा बचाया है। एक अधिकारी ने बताया कि आइजोल के सेलम वेंग में भूस्खलन से एक इमारत नष्ट हो गई, जिसके बाद से तीन लोग लापता हैं, और उनकी तलाश की जा रही है। हुनथर में राष्ट्रीय राजमार्ग छह पर भूस्खलन के कारण आइजोल का देश के बाकी हिस्सों से संपर्क टूट गया है। इसके अलावा कई अंतर-राज्य राजमार्ग भी भूस्खलन से प्रभावित हुए हैं।



आइजोल में राहत कार्य में जुटे बचावकर्मी। ● एजेंसी

### मुख्यमंत्री ने बुलाई आपात बैठक

मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने स्थिति का जायजा लेने के लिए गृह मंत्री के सपडांगा, मुख्य सचिव रेनू शर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक आपात बैठक बुलाई। मुख्यमंत्री ने खदान धंसने और बारिश के कारण हुई आपदाओं में मारे गए लोगों के परिवारों को 4-4 लाख रुपये अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। उन्होंने खदान धंसने से मारे गए 8 मिजो लोगों के परिवारों को दो-दो लाख रुपये के चेक सौंपे और कहा कि शेष राशि उन्हें जल्द ही दी जाएगी। गृह मंत्री के सपडांगा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'चार गैर-आदिवासी लोगों की पहचान का सत्यापन किया जा रहा है।

## छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों व नक्सलियों के बीच मुठभेड़

सुकमा, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच फिर से मुठभेड़ हुई। हार्डकोर नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर जवान मौके के लिए निकले थे। मंगलवार सुबह करीब 20 मिनट तक दोनों तरफ से भारी गोलीबारी हुई है।

मुठभेड़ रुकने के बाद जवान इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। सूचना मिली थी कि गोगुंडा की पहाड़ी पर नक्सली कमांडर जगदीश समेत भारी संख्या में हथियारबंद नक्सली हैं। इसी सूचना के आधार पर सुकमा से डीआरजी के जवानों को मौके के लिए रवाना किया गया था। जवान जब इलाके में पहुंचे तो नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जिसके बाद जवानों ने भी मोर्चा संभाला और जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी।

### दंतेवाड़ा में 15 नक्सलियों को किया गिरफ्तार

**रायपुर/दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के गिरसापारा की पहाड़ियों में सुरक्षाबल के जवानों ने पंद्रह नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए नक्सलियों में सात महिला और आठ पुरुष नक्सली हैं। इनमें से एक नक्सली बीजापुर और 14 नक्सली नारायणपुर जिले के हैं। सुरक्षाबलों को मिली इस कामयाबी पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उन्हें बधाई दी है।

## ड्राइवर भाइयों ने दोस्त संग रची थी हत्या की साजिश

पूर्व आईएएस की पत्नी की हत्या का मामला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- तीनों गिरफ्तार, लूटी गई डीवीआर की बरामदगी के दौरान पुलिस टीम पर फायर झोंका
- मुख्य आरक्षी को लगी गोली, पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक आरोपी के पैर में लगी गोली

**अमृत विचार :** पूर्व आईएएस अफसर देवेंद्र नाथ दुबे की पत्नी मोहिनी दुबे की हत्या कर लूटपाट उनके ही दो ड्राइवर भाइयों ने अपने दोस्त के साथ मिल कर की थी। पुलिस ने तीनों को सोमवार रात गिरफ्तार कर लिया।लूटी गई डीवीआर की बरामदगी के लिए उनके बताए स्थान पर ले जाने पर एक ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। गोली गाजीपुर थाने के मुख्य आरक्षी को लगी। जवाबी फायरिंग में वह आरोपी घायल हुआ।उनके पास से एक करोड़ के जेवरात, 1500 अमरीकी डॉलर, सिंगापुर के 7 डॉलर, इंग्लैंड के 10 पाउंड, मलेशिया के 10 यूरो, 10 स्विस डॉलर, नीले रंग की स्कूटी और सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर बरामद हुई।

पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर के मुताबिक पूरी साजिश पूर्व आईएएस देवेंद्र नाथ दुबे के 13 साल पुराने ड्राइवर रवि और अखिलेश यादव ने रची थी। साजिश के तहत 25 मई शनिवार सुबह 7 बजे रवि पूर्व आईएएस अफसर को लेकर गोल्फ क्लब चला गया। इसके बाद उसका भाई अखिलेश और दोस्त रंजीत घर में दाखिल हुए। अंदर जाने के बाद सबसे पहले मोहिनी का गला घोंटा और पेंचकस से पांच वार किए।

संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध आकाश कुलहरि के मुताबिक मोहिनी की हत्या करने के बाद आरोपी रंजीत और अखिलेश ने चाबियों का गुच्छा लिया और 45 मिनट तक कमरे की आलमारी खंगाली।उसमें रखी गई नकदी और जेवरात निकालकर बैग में भरा और स्कूटी से निकल गए। उन्होंने आलमारी और बैग से मिले दस्तावेज, पासपोर्ट व पर्स बाथरूम में टब में डाल दिया ताकि पुलिस को कोई फिंगर प्रिंट न मिल सके।

### डीवीआर बरामदगी के समय की फायरिंग

जेसीपी आकाश कुलहरि के मुताबिक आरोपियों से पूछताछ की तो सारे राज उगल दिये। लूटे गए सामान और डीवीआर के बारे में जानकारी ली तो बताया कि डीवीआर व नकदी सर्वोदयनगर स्थित कुकरैल बंधे के पास झाड़ियों में छिपा रखा है। पुलिस टीम तीनों को लेकर ढाई बजे के करीब बंधे के पास पहुंची। उनके बताए गए स्थान पर गई। जहां से अखिलेश ने बैग निकाला। इसी बीच अखिलेश ने बैग खोलकर उसमें रखा तमंचा निकाला और पुलिस पर फायर झोंक दिया। इससे गाजीपुर में तैनात मुख्य आरक्षी घायल हो गया। पुलिस फायरिंग में अखिलेश के दाहिने पैर में गोली लगी।

## जल्द ही एसी की हवा लेंगे कूलर में रह रहे रामलला

अयोध्या कार्यालय

- हल्के सूती कपड़े पहनाए, लस्सी व रसीले फलों का लग रहा भोग
- नौतपा में रामलला की सेवा में बदलाव, की जा रही शीतल आरती

**अमृत विचार :** नौतपा में अभी तक कूलर में रह रहे रामलला अब एसी की ठंडी हवा में रहेंगे। इसके अलावा उन्हें सूती वस्त्र पहनाए जा रहे हैं। रामनगरी में चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी का असर आम जनमानस के साथ-साथ मठ मंदिरों सहित राममंदिर में भी देखने को मिल रहा है।


राम मंदिर में रामलला पांच वर्ष के बालक के रूप में विराजमान हैं। उन्हें गर्मी से बचाने के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। रामलला को भोग में शीतल व्यंजन परोसे जा रहे हैं और हर रोज चांदी की थाली में चारों तरफ फूल बिछाकर शीतल आरती की जाती है। साथ ही भोग में उन्हें सुबह और शाम दही दी जाती है। इसके अलावा फलों का जूस व लस्सी के साथ साथ भोग में मौसमी फल भी दिए जा रहे हैं। रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र ने बताया कि गर्मी में श्रीराम लाल को किसी प्रकार की समस्या ना हो इसका विशेष ख्याल रखा जा रहा है। यूनियन बैंक की तरफ से दो टॉवर एसी दिए गए हैं, जो जल्द ही गर्भगृह में लगा दिए जाएंगे।

## कार के अंदर दम घुटने से दो बच्चों की मौत

परशदेपुर, रायबरेली,

**अमृत विचारः** घर के पीछे खड़ी सफारी कार के अंदर बंद हो जाने से दो बच्चों की मौत हो गई। बच्चों की मौत से मोहल्ले में मातम छा गया है। परिजनों ने पुलिस को सूचना न देकर बच्चों को दफना दिया है।

अमेठी जिले के जायस कोतवाली निवासी चांद की पत्नी चांदनी अपने पुत्र अब्दुल्ला(4) को लेकर परशदेपुर कस्बे के कजियाना मोहल्ला निवासी मो. राशिद के घर अपने मायके आई थी। राशिद का पुत्र कौनेन (6)व चांदनी (4) पुत्र अब्दुल्ला दोनों साथ में खेल रहे थे। खेलते हुए दोनों बच्चे घर के पीछे खड़ी सफारी कार में जाकर बैठ गए। बताते हैं कि कार अचानक लॉक होने से दोनों बच्चे उसके अंदर ही फंस गए। परिजनों को काफी देर तक बच्चे नहीं दिखे तो परिजन बच्चों की खोज करने लगे। बच्चों को ढूंढते हुए घर के पीछे गए तो देखा कार के अंदर की लाइट जल रही थी। परिजनों ने जैसे ही गाड़ी का गेट खोला तो अंदर का मंजर देख होश उड़ गए। कार के अंदर ही अब्दुल्ला की सांसे थम गई थीं। कौनेन की सांसें चल रही थी और वो पसीने से लथपथ था। परिजन तुरंत सलोन के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए जहां चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में हालत में कोई सुधार न होने पर चिकित्सकों ने लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते मे ही कौनेन ने भी दम तोड़ दिया। चौकी प्रभारी मोहित कुमार ने बताया कि परिजनों ने घटना की कोई सूचना नहीं दी है। दोनों मासूम बच्चों की मौत से पूरे मोहल्ले में मातम छा गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। बेटे की मौत के बाद पिता मो. रासिद व मां कैसरून बानो सहम से गए हैं।





कौनेन अब्दुल्ला (फाइल फोटो)

- बिना पुलिस को सूचना दिए दफना दिए गए बच्चे

मिला तकनीक का साथ

आरबीआई ने शुरू किया रिटेल डायरेक्ट एप, सरल तरीके से ऑनलाइन आवेदन के लिए प्रवाह पोर्टल भी लांच

## एप से हो सकेगी सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद-बिक्री

मुंबई, एजेंसी

रिजर्व बैंक ने सरकारी प्रतिभूति बाजार में खुदरा निवेशकों की भागदारी के लिए मंगलवार को मोबाइल ऐप और सरल तरीके से ऑनलाइन आवेदन को लेकर प्रवाह पोर्टल शुरू किया गया। खुदरा निवेशक अब अपने स्मार्टफोन पर मोबाइल ऐप का उपयोग करके सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद-बिक्री कर सकते हैं। प्रवाह पोर्टल से विभिन्न नियामकीय मंजूरियों के लिए सरल तरीके से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा। केंद्रीय बैंक ने बयान में कहा कि यह पोर्टल रिजर्व बैंक की तरफ से नियामकीय मंजूरी देने से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं को सुगम बनाएगा।



- वर्तमान में रिटेल डायरेक्ट पोर्टल खुदरा निवेशकों को प्रत्यक्ष सरकारी प्रतिभूति खाते खोलने की प्रदान करता है सुविधा
- खुदरा प्रत्यक्ष योजना के तहत भारतीय रिजर्व बैंक ने मुहैया कराई है यह सुविधा

गवर्नर शक्तिकांत दास द्वारा शुरू की गई इस तीसरी पहल का मकसद नियामकीय दृष्टिकोण से क्षेत्र की बेहतर समझ के लिए भारतीय वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों के आंकड़ों का भंडारण करना और उचित नीति दृष्टिकोण तैयार करने में सुविधा प्रदान करना है। आरबीआई ने बयान में पोर्टल की विशेषताओं को साझा करते हुए कहा कि विभिन्न नियामक और निगरानी विभागों से जुड़े 60 आवेदन पत्र ऑनलाइन जमा किये जा सकते हैं। संबंधित इकाई पोर्टल पर आवेदन की स्थिति को देख सकती है। साथ ही आरबीआई किसी आवेदन से संबंधित निर्णय समयबद्ध तरीके से भेज सकता है। इसमें कहा गया है कि जरूरत पड़ने पर और आवेदन पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे।

सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद-बिक्री से जुड़े 'रिटेल डायरेक्ट' मोबाइल ऐप के संबंध में बयान में कहा गया है कि इसके जरिये खुदरा निवेशक अब अपने स्मार्टफोन पर मोबाइल ऐप का उपयोग करके सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद-बिक्री कर सकते हैं। मोबाइल ऐप को एंड्रॉयड यूजर प्ले स्टोर और आईओएस यूजर ऐप स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं।

वर्तमान में, रिटेल डायरेक्ट पोर्टल खुदरा निवेशकों को भारतीय रिजर्व बैंक के साथ खुदरा प्रत्यक्ष सरकारी प्रतिभूति खाते खोलने की सुविधा प्रदान करता है। खुदरा प्रत्यक्ष योजना के तहत यह सुविधा दी गयी है। पोर्टल नवंबर, 2021 में शुरू किया गया था। यह खुदरा निवेशकों को प्राथमिक नीलामी में सरकारी प्रतिभूतियां खरीदने के साथ-साथ द्वितीयक बाजार में उसे खरीदने और बेचने की सुविधा देता है।

## एक नजर

### चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे ने जीता रजत पुरस्कार

**अमृत विचार, लखनऊ :** चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को जैव विविधता के संरक्षण और प्रकृति-आधारित समाधान अपनाने के लिए सिल्वर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। पुरस्कार एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल एशिया-पेसिफिक और मध्य पूर्व की ओर से दिया गया है। हवाई अड्डा प्रशासन की ओर से आसपास के गांवों में 25,000 से अधिक सहजन के पौधे लगाए गए थे। हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने बताया के ग्रामीणों के सहयोग से उपलब्धि मिली है।

### बैंक मैनेजर बताकर ठगे 3.49 लाख रुपये

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र निवासी युवक से साइबर अपराधी ने खुद को एसबीआई बैंक का मैनेजर बता लाखों की ठगी कर ली। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्र के मुताबिक, निलमथा निवासी सुरेश चंद्र ने 22 मई को एक चेक की जानकारी के लिये गूगल से एसबीआई के बैंक मैनेजर का नंबर निकाला था। उक्त नंबर पर काल की तो दूसरी तरफ से बोल रहे आरोपी ने खुद का परिचय बैंक मैनेजर के रूप में दिया। उसने सुरेश चंद्र से उसकी चेक की जानकारी देने के नाम पर पूरी बैंक डिटेल हासिल की। इसके बाद उसके बैंक खाते से 3.49 लाख रुपये ट्रांसफर कर लिये।

# ग्राम न्यायालय में छह महीने में निपटेंगे वाद

## तहसील स्तर पर ग्राम न्यायालय बनाकर गांवों में न्याय दिलाने की प्रकिया को आसान बनाने की कवायद

- नौ न्यायाधिकारियों की नियुक्ति के साथ राज्य सरकार ने रखा मील का पत्थर
- सिर्फ दो वर्ष के कारावास वाले मामलों की ग्रामीण न्यायालय में होगी सुनवाई
- विशेष मौके पर मोबाइल कोर्ट के माध्यम से भी होगी संबंधित गांव की सुनवाई

अजय दयाल, लखनऊ

**अमृत विचार:** न्याय की आस में अब पीड़ित ग्रामीणों की शहर की अदालतों में चक्कर लगाते-लगाते चप्पल नहीं घिसेगी। गांव में ही तहसील व पंचायत स्तर पर बने ग्राम न्यायालय में उन्हें न्याय दिलाने की प्रक्रिया में तेजी लायी जा रही है। किसी भी सूरत में छह माह की समय सीमा में वाद का निपटारा कर दिया जाएगा। ऐसे में घर बैठे ग्रामीणों को त्वरित और सुगम न्याय मिलेगा। हाल ही में नौ न्यायाधिकारियों की नियुक्ति के साथ राज्य सरकार ने इस दिशा में मील का पत्थर रख दिया है।

दरअसल, शहर से दूर गांवों में न्याय दिलाने की प्रकिया को आसान बनाने के लिए भारत सरकार ने ग्राम न्यायालय अधिनियम 2008 पारित किया था। इसके लिए सरकार ने सभी राज्यों को निर्देशित भी किया था। इनको तहसील स्तर पर बनाने का प्रावधान था। इसी कड़ी में लगभग डेढ़ दशक बाद ही सही अब तेजी से गांव स्तर पर एक के बाद बाद कोर्ट स्थापित किए जा रहे हैं। 22 मई को नौ जिलों के तहसील मुख्यालयों पर स्थापित गांव न्यायालय में न्यायाधिकारी नियुक्त किए गए हैं। ये सभी सिविल न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) संवर्ग के अधिकारी हैं।

वहीं ग्राम न्यायालयों में दीवानी मामलों में आपसी समझौतों और फौजदारी मामलों में 'प्ली बार्गेनिंग' के माध्यम से मामलों का निपटारा करने की व्यवस्था भी की गई है।

### मुकदमों की बढ़ती संख्या का बोझ कम किया जा सकेगा


इस कवायद के पीछे उद्देश्य यह है कि किसी भी ग्रामीण को आर्थिक, सामाजिक या किसी और कारण से न्याय से वंचित न रहना पड़े। इससे जिला स्तरीय अदालतों पर मुकदमों की बढ़ती संख्या का बोझ कम किया जा सकेगा और लंबित पड़े मामलों की सुनवाई में तेजी आएगी। साथ ही किसी पीड़ित को इंसाफ पाने के लिए घर से बहुत दूर बने अदालतों के चक्कर नहीं लगना पड़ेंगे।

### इन न्यायाधिकारियों को किया गया नियुक्त

तहसील मुख्यालय बिल्सी (बदायूं) में अर्जित वर्मा, चकरनगर (इटावा) में रजत शर्मा, जखनिया (गाजीपुर) में जीशान मेहदी, कैम्पियरगंज (गोरखपुर) में दीक्षा त्यागी, शाहगंज (जौनपुर) में विपिन कुमार चौरसिया, बदलापुर (जौनपुर) में आशुतोष सिंह, मरिहान (मीरजापुर) में प्रीति द्वितीय, बिलारी (मुरादाबाद) में अशोक कुमार-चतुर्दश और बिलासपुर (रामपुर) में कु. श्वेता को नियुक्त किया गया है। ये सभी सिविल न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) संवर्ग से हैं।

### इस तरह और ऐसे मामलों की हो सकेगी सुनवाई

ग्रामीण न्यायालय की स्थापना की मंशा लोगों के घर तक न्याय को पहुंचाने की है। इतना ही नहीं, उद्देश्य होगा कि त्वरित व सुलभता से न्याय मिल सके। खास बात यह कि मोबाइल कोर्ट के माध्यम से भी संबंधित गांव में विशेष मौके पर सुनवाई हो सकेगी। हालांकि ग्राम न्यायालयों में सिर्फ उन्हीं मामलों की सुनवाई की जाएगी जिनमें अधिकतम सज़ा दो वर्ष का कारावास (ज़ुर्माने के साथ या बगैर) या इससे कम हो, अपराध क्षमायोग्य हो आदि। इस इसके अलावा इस कोर्ट में बिजली चोरी, 125-सीआर पीसी, बाइक चालान सहित सिविल केस आदि की सुनवाई भी की जा सकेगी।



"ग्राम पंचायत स्तर पर न्यायालयों की तक पहुंच से लोगों के लिये समय और धन की बचत होगी। लंबित मामलों में एक बड़ी संख्या उन मामलों की भी है जिनका आपसी सुलह या मध्यस्थता से निस्तारण किया जा सकता है, ग्राम न्यायालयों के गठन से ऐसे मामलों में भारी कमी आएगी। जनता में विधि व्यवस्था के प्रति विश्वास बढ़ेगा।

**-राघवेंद्र प्रताप सिंह,** वरिष्ठ अधिवक्ता, फखरपुर, बहराइच



"न्यायाधिकारियों की ग्रामीण स्तर पर नियुक्तियां करने के साथ उनकी व्यवहारिक सुविधाओं और सुरक्षा का भी ध्यान रखना होगा। उनके आवागमन और रहने के स्थान की क्या व्यवस्था होगी। **-शैलेन्द्र टंडन,** सेवानिवृत्त न्यायाधीश, लखनऊ

# बीमा कंपनी देगी 35 लाख रुपये का क्लेम और ब्याज भी

- राज्य उपभोक्ता आयोग ने सुनवाई कर 2.25 लाख का हर्जाना लगाया
- आर्मी साइकिल स्टोर बरेली में आग लगने पर निरस्त किया था दावा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आर्मी साइकिल स्टोर, शाहजहांपुर रोड नकटिया बरेली में आग लगने पर चोलामंडलम एमएस जनरल इंश्योरेंस कंपनी बीमाधारक को 35 लाख रुपये क्षतिपूर्ति व ब्याज देगी। साथ ही 2.52 लाख रुपये हर्जाना भी अदा करेगी। यह आदेश राज्य उपभोक्ता आयोग ने कंपनी द्वारा निरस्त दावा पर दिया है।

प्रोपराइट जयदेवी पत्नी स्व. सुखदेव सिंह ने 21 मई 2017 को अपने आर्मी साइकिल स्टोर का कंपनी से बीमा कराया था। बीमित राशि 65.42 लाख रुपये थी। कुछ दिन बाद स्टोर में आग लगने से सामान जलकर काफी नुकसान हो गया। उन्होंने पुलिस के साथ फायर बिग्रेड को सूचना दी। इसके बाद 35 लाख रुपये क्षतिपूर्ति का दावा किया। कंपनी ने सर्वे में आर्मी साइकिल स्टोर के बगल स्थित आर्मी मोटर्स कंपनी में आग लगना दर्शाया और इसी आधार पर नो क्लेम बताकर दावा निरस्त कर दिया। मनमानी पर जयदेवी ने कंपनी के खिलाफ राज्य उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया। मामले की सुनवाई मंगलवार को न्यायमूर्ति/अध्यक्ष अशोक कुमार ने की। उन्होंने बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा दिया गया शपथ पत्र, पुलिस व फायर ब्रिगेड की रिपोर्ट, फोटोग्राफ के आधार पर आग आर्मी साइकिल स्टोर में लगना पाया। बीमा कंपनी को आदेश दिया कि 35 लाख रुपये क्षतिपूर्ति व इस राशि पर वाद दायर करने से सुनवाई की तिथि तक नौ प्रतिशत ब्याज 60 दिन के अंदर अदा करेगी। इसके अलावा मानसिक प्रताड़ना के दो लाख रुपये व वाद व्यय 25 हजार रुपये भी कंपनी बीमाधारक को देगी।

# सरकार के खिलाफ सड़कों पर दिख रही नाराजगी



बांसगांव मे आयोजित जनसभा के दौरान अखिलेश यादव और राहुल गांधी।

- अखिलेश ने कुशीनगर में इंडी गठबंधन प्रत्याशी अजय प्रताप की चुनावी सभा को किया संबोधित
- बांसगांव लोस क्षेत्र में संयुक्त जनसभा में अखिलेश के साथ राहुल गांधी भी रहे मौजूद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को कुशीनगर में इंडी गठबंधन प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह पिन्टू तो वहीं, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बासगांव में प्रत्याशी सदल प्रसाद और वाराणसी से इंडिया गठबंधन कांग्रेस के प्रत्याशी अजय राय के समर्थन में चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित किया।

सपा मुख्यालय से साझा की गई जानकारी के मुताबिक, अखिलेश यादव ने कुशीनगर की जनसभा में कहा है कि भाजपा सरकार के खिलाफ जनता की नाराजगी सड़कों पर दिख रही है। भाजपा ने दस सालों में सभी के साथ धोखा किया है। किसी को भी नहीं छोड़ा है। हर वर्ग के साथ भेदभाव किया है। भाजपा संविधान बदलना चाहती है।

बांसगांव लोकसभा क्षेत्र में संयुक्त चुनावी जनसभा को अखिलेश के साथ राहुल गांधी ने भी सम्बोधित किया। यहां राहुल गांधी ने कहा कि यह विचारधारा की लड़ाई है। संविधान बचाने की लड़ाई है। भाजपा संविधान को खत्म करना चाहती है।

भाजपा नेता कहते हैं। उनकी सरकार आएगी संविधान रद्द कर देंगे। मै कहता हूं कि भाजपा सरकार नहीं आयेगी। इस संविधान को बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने बनाया है। उन्होंने इसके लिए पूरा जीवन लगा दिया। संविधान ने देश के दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, महिलाओं को अधिकार और सम्मान दिलाया है। भाजपा की सरकार से सबकुछ दर किनार कर दिया है।

### भाजपा नेताओं की भाषा लड़खड़ा रहीः अखिलेश

अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादियों ने कुशीनगर को एयरपोर्ट दिया है लेकिन भाजपा सरकार इसे नहीं चला रही है। आने वाले समय में अन्य एयरपोर्ट की तरह भाजपा सरकार इसे भी बेच देगी। सपा प्रमुख ने दावा किया कि भाजपा पश्चिम से लेकर पूरब तक सब जगह हार रही है। भाजपा नेताओं की भाषा लड़खड़ा रही है।

### गरीब महिलाओं की सूची बनेगीः राहुल

राहुल गांधी ने दावा किया कि चार जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। गरीब महिलाओं की सूची बनेगी। परिवार की महिला के खाते में हर साल एक लाख रुपये देंगे। हर महीने उनके खाते में रुपया डालेंगे। किसानों का कर्ज माफ करेंगे। तीस लाख सरकारी नौकरियों की भर्ती करेंगे। राहुल गांधी के मुताबिक वह देश की अर्थव्यवस्था को जम्प स्टार्ट करने जा रहे हैं।

# प्रदेश में 10 हजार से ज्यादा अवैध शस्त्र जब्त

**अमृत विचार, लखनऊः** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में जांच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1730 चेक पोस्ट संचालित किए जा रहे हैं। 16 मार्च से 27 मई तक पुलिस विभाग ने आपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए हैं। वहीं, 4766 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराए गए हैं। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 28,28,174 लोगों को पाबंद किए जाने के नोटिस किए गए, जिनमें से 26,82,469 लोगों को पाबंद किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 10099 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 10258 कारतूस, 3099.32 किलोग्राम विस्फोटक व 604 बम बरामद कर जब्त किए गए हैं। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 5289 केंद्रों पर रेड डाली गई और 188 केंद्रों को सीज किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 27 मई सोमवार को भी बड़ी संख्या में पुलिस द्वारा एक्शन लिया गया है।

# जीएनएम एकीकृत प्रवेश परीक्षा शासन के लिए बनी समस्या

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** जनरल नर्स मिडवाइफरी (जीएनएम) कोर्स में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से दाखिला लेने के निर्णय के खिलाफ नर्सिंग कॉलेजों की आपत्तियां दिन पर दिन बढ़ती जा रही हैं। आनन-फानन में नर्सिंग कॉलेजों में दाखिले के लिए एकीकृत प्रवेश परीक्षा कराने के निर्णय के खिलाफ शासन प्रशासन में शिकायतों का पुलिंदा बढ़ता जा रहा है। इस प्रक्रिया को लागू न करने के पीछे कॉलेजों द्वारा अपने-अपने तर्क भी दिये जा रहे हैं।

आपत्ति दर्ज कराने वालों में बरेली स्थित चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस के सुधांशु मिश्रा का कहना है कि मिशन निरामया के अंतर्गत बीएससी नर्सिंग व जीएनएम आदि पाठ्यक्रमों के प्रति लड़कियों में आकर्षण बढ़ाने के लिए राज्य सरकार के निर्देश पर हम मेंटर को विभिन्न इंटर कॉलेजों में भेजा गया था। हम लोगों ने नर्सिंग पाठ्यक्रम की उपयोगिता और उज्जवल भविष्य की संभावनाओं को लेकर काउंसिलिंग की थी, दाखिले के लिए छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को बताया था कि 12 वीं के प्राप्तांक की मेरिट से लिए जाते हैं, उसी को आधार पर फार्म देकर कॉलेज स्तर पर रजिस्ट्रेशन किये गए थे।

### प्रवेश परीक्षा का औचित्य नहीं

प्रवेश परीक्षा के औचित्य पर सवाल उठाते हुए सुधांशु मिश्रा ने बताया कि वर्तमान सरकार में 10 वीं व 12 वीं परीक्षाएं नकल विहीन हो चुकी हैं, यानि शिक्षित बच्चे ही उत्तीर्ण हो रहे हैं, ऐसे में डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा कराने से छात्र-छात्राओं की योग्यता के साथ ही कॉलेजों में आवंटित सीटों पर शत-प्रतिशत दाखिले होने पर भी संकट गहरा जायेगा, गत वर्ष नई व्यवस्था से बीएससी नर्सिंग में सीटे खाली रह जाने का परिणाम भुगत रहे हैं।

### दो साल पहले जारी करें गाइड लाइन

कॉलेज प्रबन्धक का कहना है कि अगर दाखिले के लिए नई नीति लागू करनी है तो को सत्र शुरू करने के कम से कम दो साल पहले ही गाइड लाइन के साथ सूचना जारी कर देनी चाहिए, ताकि कॉलेज प्रबन्धन के साथ छात्र और अभिभावक भी मानसिक रूप से तैयार रहें।

### शासन के निर्णय से बनी असमंजस की स्थिति

दाखिले को लेकर नई नीति की जानकारी न ही उप्र.स्टेट मेडिकल फैकल्टी की वेबसाइट पर दी गई और न ही कॉलेज प्रबन्धकों को पत्राचार द्वारा सूचित किया गया है। समाचार पत्रों के माध्यम से मिली जानकारी से दाखिला ले चुके छात्र के साथ ही अभिभावक परेशान हैं और लगातार नर्सिंग कॉलेज प्रबन्धक व प्रधानाचार्यो से संपर्क कर रहे हैं, जबकि कॉलेज प्रशासन के पास भी संबन्धित स्पष्ट और समुचित जानकारी नहीं है। असमंजस की इस स्थिति खत्म नहीं हो रही है।

# निवेशकों और उद्यमियों के लंबित प्रकरणों पर शासन सख्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### 30 दिनों में हो निर्णय

आवास एवं शहरी नियोजन, नगर विकास विभाग तथा अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास में धारा-80 के अंतर्गत कार्रवाही को लेकर निर्देश दिया गया कि इन विभागों में अनापत्ति के लिए 30 दिन की समय निर्धारित किया गया है। तीन दिनों के भीतर आपत्ति अथवा अनापत्ति का निर्णय नहीं होने की स्थिति में इसे डीम्ड टू नो आब्जेक्शन मानकर निस्तारित कर दिया जाएगा।

- समय सीमा निर्धारित कर मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को भेजा पत्र
- निस्तारण में देरी से निवेश मित्र पोर्टल पर दिख रहे कई प्रकरण लंबित

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता- 2006 की धारा- 80, 89, 98 एवं 101 के अंतर्गत तहसीलों और कलेक्ट्रेट से की जाने वाली कार्रवाइयों का समय से निस्तारण न होने से शासन सख्त हो गया है। शासन ने मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर इन मामलों का त्वरित निस्तारण कराने को कहा है। साथ ही पुनः समय सीमा निर्धारित की है। अधिकारियों का कहना है कि निस्तारण में देरी के कारण निवेश मित्र पोर्टल पर कई प्रकरण लंबित दिख रहे हैं, जिसके कारण निवेशकों और उद्यमियों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

**डीएम, एसडीएम इतने दिनों में निपटाएं मामलेः** राजस्व संहिता की धारा-80 का निस्तारण एसडीएम स्तर का अधिकारी करता है। निस्तारण की समय सीमा 45 दिन निर्धारित की गई है। धारा-89 का निस्तारण (20.2344 हेक्टेयर तक) जिलाधिकारी करता है। इसकी समय सीमा भी 45 दिन रखी गई है। शासन ने जिलाधिकारी के प्रस्ताव प्राप्त होने पर राजस्व परिषद एवं संबंधित विभाग की संस्तुति प्राप्त करने की प्रक्रिया (40.4688 हे.) के लिए 30 दिन निर्धारित किया है। धारा-98 के लिए (कलेक्टर की अनुज्ञा प्राप्त करने के लिए) कुल 45 दिन निर्धारित किया है।

जबकि धारा-101 के (सामान्य श्रेणी की भूमि) निस्तारण के लिए एसडीएम के लिए 45 दिन का समय निर्धारित किया गया है। इसके अलावा आरक्षित श्रेणी की भूमि के लिए 60 दिन का समय दिया गया है। मंडलायुक्तों को निर्देश है कि धारा-101 (आरक्षित श्रेणी की भूमि) के लिए भारत सरकार व राज्य सरकार के वाणिज्यिक विभाग के लिए 40 लाख से अधिक की वस्तु की अनुज्ञा के लिए 60 दिन तथा निजी उद्योगों, संस्था एवं न्यास के लिए भी 60 दिन निर्धारित किया गया है।

### मुख्यमंत्री ने की गोसेवा बच्चों में बांटी टॉफी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव अंतिम चरण की संसदीय सीटों पर प्रचार के क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का रात्रि प्रवास अकसर गोरखनाथ मंदिर में ही हो रहा है। चुनाव प्रचार के बाद योगी सोमवार रात भी गोरखनाथ मंदिर पहुंचे। मंगलवार सुबह उनकी दिनचर्या परंपरागत रही। पार्टी मुख्यालय से साझा की गई जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह योगी ने वहां गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन करने के बाद हमेशा की तरह वह मंदिर परिसर के भ्रमण पर निकले। भ्रमण के दौरान ही उनकी नजर उन बच्चों पर पड़ गई जो अपने परिवार के साथ बाबा गोरखनाथ का दर्शन करने आए थे। मुख्यमंत्री ने बच्चों को चॉकलेट देते हुए आशीर्वाद दिया। बाद में गोशाला पहुंचकर गायों को रोटी-गुड खिलायी।



मंगलवार को गोरखनाथ मंदिर में दर्शन करने आये बच्चों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

# महिला को पीट, गहने लूटकर भागे आरोपी

**लखनऊ/ आलमबागः** कृष्णाानगर क्षेत्र में महिला से मारपीट कर रुपये और गहने लूटने का मामला सामने आया है। महिला घर में अकेली थी, इस बीच आरोपी जबरन घर में घुसे थे। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ लूट समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी करने का दावा किया है।

इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह के मुताबिक, थाना अंतर्गत एलडीए कॉलोनी निवासी नीलम पत्नी राजू ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया 23 मई को शाम करीब 6 बजे वह घर पर अकेली थी। इसी दौरान ज्योति श्रीवास्तव, सोनू खान अपने दो अज्ञात साथियों के साथ जबरन घर में घुस आये। उसे उनकी मंशा ठीक नहीं लगी। घर में घुसने का विरोध किया तो आरोपियों ने पीटकर अलमारी की चाबी छीन कर अंदर रखे 10 हजार रुपये, सोने-चांदी के गहने और मोबाइल लूट लिया। नीलम ने शोर मचाया तो आसपास के लोग पहुंच गये। इस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले।

### खरीफ के बीजों की ई-पॉस से होगी बिक्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले में खरीफ फसल के 757.54 क्विंटल बीज कृषि विभाग को मिले हैं। इसकी बिक्री ई-पॉस से की जाएगी। मौके पर किसानों से अनुदान काटकर शेष धनराशि ली जाएगी। जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने बताया कि धान के 532 क्विंटल, ढैंचा 184 क्विंटल, उड़द 42.68 क्विंटल, मूंग 3 क्विंटल व तिल के 4.86 क्विंटल बीज मिले हैं। इसमें मोटा धान 4,330 रुपये क्विंटल व महीन का मूल्य 4,360 रुपये क्विंटल है। ढैंचा के दाम 8,210, उड़द 14,450, मूंग 15,040 व तिल के 24,850 रुपये प्रति क्विंटल हैं। इन बीजों को खरीदने पर किसानों को 50 फीसद अनुदान मिलेगा। बिक्री ई-पॉस मशीन से की जाएगी। इस दौरान अनुदान राशि काटकर शेष रुपये लिए जाएंगे। जबकि इसके पहले पंजीयन और अभिलेखों के आधार पर बीज मिलते थे। अनुदान राशि 15 दिन बाद किसानों के खातों में आती थी।

### कुर्मी समाज के लोगों को प्रताड़ित करने का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** सरदार वल्लभ भाई पटेल संस्थान ट्रस्ट के उपाध्यक्ष एसआर सिंह पटेल ने प्रदेश सरकार पर कुर्मी समाज के लोगों को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। मंगलवार को प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में बीजेपी का विरोध करने वाले समाज के लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव में 7वें चरण के मतदान में हम लोग इंडी गठबन्धन का समर्थन करेंगे। पटेल ने कहा कि ट्रस्ट के नाम एक कार्यालय भवन आवंटन के लिए 2017 राज्य सम्पत्ति विभाग में प्रार्थना पत्र दिया गया था, लेकिन अभी तक आवंटन नहीं किया गया। 3 साल पहले प्रतापगढ़ के पट्टी में कुर्मी समाज के 8-10 लोगों से मारपीट कर घरों को जला दिया गया। महिलाओं से अभद्रता की गई। तब भी प्रशासन ने सुनवाई नहीं की। भाजपा की नीतियां किसान, ओबीसी, एससी एवं एसटी विरोधी हैं।

## चुनावी रण

### सातवें चरण में सर्वाधिक चर्चा का विषय बना गाजीपुर लोकसभा क्षेत्र

# न विकास, न रोजगार, यहां का मुद्दा है मुख्तार

विनय सिंह, लखनऊ

- मौत के दो महीने बाद भी गाजीपुर के चुनाव में जिंदा है मुख्तार अंसारी
- मुख्तार अंसारी के बड़े भाई अफजाल अंसारी तीसरी बार लड़ रहे चुनाव

**अमृत विचारः** छह चरणों का चुनाव समाप्त हुआ अब पहली जून को सातवें चरण का चुनाव होना है। सातवें चरण की सबसे हॉट सीट गाजीपुर इस समय सर्वाधिक चर्चा का विषय बना हुआ है। यहां पर मुख्तार अंसारी के बड़े भाई अफजाल अंसारी तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं।

यह सीट चर्चा का विषय इसलिए भी है, क्योंकि गाजीपुर मुख्तार अंसारी का गढ़ रहा है। इस चुनाव में मुख्तार अंसारी की मौत को विक्टिम के रूप में दर्शा कर वोटों की फसल काटने का भी प्रयास हो रहा है। हालांकि भाजपा मुख्तार की मौत को माफिया उन्मूलन से जोड़ते हुए अपने लक्षित वोटों पर निशाना साध रही है। खासबात यह है कि अपनी मौत को दो महीने बाद भी मुख्तार अंसारी गाजीपुर के चुनाव में जिंदा है। विकास अथवा रोजगार यहां मुद्दा नहीं है।

गाजीपुर संसदीय सीट पर चल रहा चुनाव प्रचार चरम पर है। आश्चर्य की बात यह है कि यहां पर विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि पर चर्चा ही नहीं हो रही। यहां पर चर्चा सिर्फ मुख्तार अंसारी की है।

### भाजपा भी जोर-शोर से दे रही है जवाब

मुख्तार अंसारी को लेकर इंडी गठबंधन की ओर से विक्टिम कार्ड भी खेला जा रहा है। गठबंधन से जुड़े कार्यकर्ता मुख्तार की मौत को भाजपा की ज्याजती बताकर वोट मांग रहे है। उधर, मुख्तार की मौत का जवाब भाजपा भी जोर-शोर से दे रही है। कार्यकर्ता मुख्तार की मौत को माफिया उन्मूलन से जोड़ते हुए वोट मांग रहे हैं। मुख्तार की मौत सही अथवा गलत, इस सोच पर मतदाता दो भागों में बंट गए हैं। आश्चर्य की बात यह है कि गाजीपुर के विकास लिए केंद्र की वर्तमान सरकार अथवा पूर्व की सरकारों ने क्या किया, क्या नहीं किया, यह चर्चा का विषय ही नहीं है। रोजगार जैसा सार्वभौमिक मुद्दा भी यहीं पर नहीं गूंज रहा है। यह अलग बात है कि चुनाव प्रचार के लिए गाजीपुर पहुंचने वाले भाजपा और इंडी गठबंधन के बड़े नेता इन मुद्दों को जरूर अपने-अपने भाषणों में शामिल करते हैं। अब प्रत्याशी की जीत ही बताएगी कि मुख्तार का मुद्दा प्रासंगिक था य जनता ने इस मुद्दे को नकार दिया।

# शिक्षा के लिए राजनाथ को भी जाना पड़ा था बाहर

संवाददाता, मीरजापुर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को एक चुनावी जनसभा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह का उदाहरण देते हुए गैरभाजपा सरकारों में मीरजापुर के पिछड़ेपन का हवाला दिया। योगी ने कहा कि यहां का नौजवान पढ़ने बाहर जाता था।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हों या भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, इन्हें भी पढ़ने मीरजापुर से बाहर जाना पड़ा था। कोई दूसरे जनपद तो कोई रिश्तेदार के घर और छात्रावास रहने जाता था। साधन का अभाव था, फिर भी मेहनत से पढ़ते थे पर अब मीरजापुर वाले भी कह सकेंगे कि यहां विश्वविद्यालय है। रिश्तेदार आकर यहां अच्छी शिक्षा ग्रहण करें। मुख्यमंत्री केंद्रीय मंत्री व मीरजापुर से राजग (अपना दल एस) प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल के पक्ष में मंगलवार को महाशक्ति इंटर कॉलेज के सामने बिहसड़ा में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

### मुख्यमंत्री ने मीरजापुर से प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल के पक्ष में की जनसभा



मीरजापुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सम्मानित करतीं केंद्रीय मंत्री व अपना दल (सोनेलाल) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और मीरजापुर सीट से लोकसभा उम्मीदवार अनुप्रिया पटेल।

### दंगाइयों की रीढ़ तोड़ने वाली पीएसी को सपा ने कर दिया था खत्म

योगी ने कहा कि सपा ने दंगाइयों की रीढ़ तोड़ने वाली पीएसी की 54 कंपनियों को समाप्त कर दिया था। हमने फिर सभी कंपनियों को बहाल किया। देश में कहीं भी दंगा होता है तो दंगाइयों की दुकाई के लिए यूपीपीएसी को बुलाया जाता है। इनका नाम सुनकर दंगाई घरों में दुबक जाते हैं। दंगा शांत हो जाता है तो जनता कहती है कि पीएसी तो आ गई है, योगी जी बुलडोजर भी भेज दीजिए।

# लापरवाही : धूल की चादर तो कहीं जाला, बदहाल पड़ा डेंगू वार्ड

## लाखों रुपये खर्च होने के बाद भी चिकित्सा व्यवस्था धड़ाम, वार्डों में गंदगी के अंबार से बीमारी फैलने के आसार

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** सुस्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी की उपेक्षा के चलते जिला महिला अस्पताल बदहाल है। डेंगू वार्ड की दशा तो बद से बदतर है। वार्ड जाला व धूल की मोटी परत से ढका हुआ है। यहीं नहीं पुराने महिला वार्ड के सामने खाली पड़े परिसर में झाड़ झंखाड़ व लगे कूड़ा कचरा के ढ़ेर इसकी शोभा बढ़ा रहे हैं। जबकि अस्पताल में साफ-सफाई के नाम पर लाखों रुपये भी खर्च किए जा रहे हैं। इसके बावजूद भी गंदगी साफ नहीं हो पा रही है।

जिला महिला अस्पताल में बना डेंगू वार्ड लम्बे से बदहाली से जूझ रहा है। अमृत विचार के कैमरे में कैद इस तस्वीर में वार्ड परिसर की स्थिति साफ झलक रही है। आलम यह है कि डेंगू मरीजों के लिए जिला महिला अस्पताल में सबसे अलग एक डेंगू वार्ड बनाया गया है। मरीज न होने की दशा में यह वार्ड काफी समय से बंद है। यहां का परिसर पूरी तरह से जाला से घिरा हुआ है। यहीं नहीं यहां पर मरीजों व तीमारदारों के बैठने के लिए रखे गए पत्थर व कुर्सियों पर धूल की मोटी चादर से ढके हुए हैं। इस वार्ड को जाने वाले रास्ते में भी कूड़े का ढ़ेर लगा हुआ है। साफ-सफाई के आभाव में वार्ड के अंदर रखी अन्य सामाग्री भी नष्ट होने के कगार पर है। हालात यही रहे तो आने वाले समय में यह परिसर पूरी तरह से खंडहर में तब्दील हो जाएगा। इसके अलावां जिला महिला अधीक्षक कार्यालय के बगल में बने पुराने महिला वार्ड के सामने के परिसर में झांडियां उगी हुई है। यह पूरा परिसर भी कूड़ा कचरा से पटा हुआ है, जिससे बीमारी फैलने के आसार है। इस तरह की गंदगी में मच्छरों का प्रकोप भी काफी बढ़ रहा है। बहरहाल भीषण गर्मी में एसी की ठंडी हवाओं के बीच घिरे होने से महिला सीएमएस निर्मला साहू का स्वास्थ्य की जिम्मेदारियों से गैर जिम्मेदाराना रवैया झलक रहा है।




पुराने महिला अस्पताल में बने डेंगू वार्ड परिसर में जमी धूल व दीवारों पर लगा जाला।



डेंगू वार्ड के बाहर रखी कुर्सियां व पत्थर पर जमी धूल। अमृत विचार



नए महिला अस्पताल के ग्राउंड फ्लोर पर बाथरूम से गायब यूरिनल बेसिन।

### नए महिला अस्पताल में चौथी मंजिल तक रैम्प का कोना-कोना पान की पीक से लाल



पुराने महिला वार्ड के सामने खाली पड़े परिसर में फैली गंदगी व उगी झाड़ियां।

**रायबरेली, अमृत विचार।** अब नए महिला अस्पताल का भी हाल सुनिए। यहां पर ग्राउंड फ्लोर व तीन मंजिल पर बने शौचालय बदहाल हैं। कहीं यूरिनल टूटा पड़ा है तो कहीं इसकी पाइप गायब तो कहीं इसमें पानी का कनेक्शन तक नहीं है। यहीं नहीं जब रैम्प से आप चौथी मंजिल तक जाएंगे तो इस रैम्प के प्रत्येक कोने व फर्श पर पान की पीक से गंदगी मची हुई है। आलम यह है कि अंदर की ओर जो टीनशेड लगाया गया है उसके ऊपर की छप पूरी तरह से पान के पीक से लाल है। अब महिला अस्पताल में भी साफ-सफाई व्यवस्था पूरी तरह से धड़ाम होती नजर आ रही है। अस्पताल में व्याप्त भयंकर गंदगी पर जिला प्रशासन या स्वास्थ्य विभाग की नजर नहीं है। विभाग की इस लापरवाही का खामियाजा यहां नया जीवन लेने वाले उन शिशुओं के लिए बेहद घातक साबित हो सकता है।



नए महिला अस्पताल के रैम्प से सटी टिनशेड पर पड़ी पान की पीक।

## 1:23 बजे डॉक्टर ने छोड़ी पीडियाट्रिक की ओपीडी



1:23 बजे पीडियाट्रिक की ओपीडी छोड़कर स्कूटी से जाती महिला डॉक्टर।

**रायबरेली, अमृत विचार।** मंगलवार को जिला महिला अस्पताल में 1:23 बजे पीडियाट्रिक ओपीडी का कक्ष खाली पड़ा था। इस कक्ष में कोई चिकित्सक या स्वास्थ्य कर्मी नहीं था। इसी दौरान अमृत विचार के संवाददाता वहां मौजूद थे। जब पीडियाट्रिक ओपीडी से वह निकलीं तो अमृत विचार के कैमरे में डॉक्टर विधी त्रिपाठी कैद हो गईं। इस समय 1:23 बजे थे। पर्चा काउंटर के सामने खड़ी स्कूटी स्टार्ट की और कंधे पर लेडीज पर्स टांगकर एक्सीलेटर लिया और समय से पहले ही वह अस्पताल से चलते बनीं। अब जब इस तरह से जिम्मेदार डॉक्टर उठकर जाने लगे तो मरीजों का इलाज कैसे संभव हो सकता है। जबकि यह बच्चों की ओपीडी चलाती हैं। महिला अस्पताल में हो रही इस तरह की मनमानी पर रोक लगाया जाना अब सीएमएस के पाले से बाहर है। इस संबंध में महिला सीएमएस डॉ. निर्मला साहू ने बताया कि बाथरूम लगी होगी इसलिए डाक्टर बाथरूम गए होंगे। आप बार-बार फोन कर रहे हैं।



महिला अस्पताल में खाली पड़ी पीडियाट्रिक की ओपीडी।

> डेंगू वार्ड बनाया गया है। जरूरत के अनुसार इस वार्ड का प्रयोग जिला पुरुष चिकित्सालय के मरीजों के लिए भी किया जाता है। अभी मरीज नहीं है इसलिए ताला लगाया गया है। इसकी रखवाली के लिए गार्ड भी रखा गया है। इस परिसर की प्रतिदिन साफ-सफाई कराई जाती है।
>
> -**डॉ. निर्मला साहू**, सीएमएस, जिला महिला अस्पताल।

# अधिकारियों ने खंगाली आजम खां की बैरक



जेल का निरीक्षण कर बाहर आते जिला जज मनोज कुमार, डीएम-एसपी।

**सीतापुर, अमृत विचार।** जिला न्यायाधीश मनोज कुमार तृतीय ने डीएम-एसपी के साथ जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। जेल के निरीक्षण के दौरान अफसरों ने पूर्व मंत्री व सपा नेता आजम खां की बैरक सहित अन्य बैरकों की खंगाला कर जमा तलाशी ली। निरीक्षण के दौरान जिला कारागार से किसी प्रकार की संदेहास्पद वस्तु नहीं मिली।

मंगलवार की शाम जिला न्यायाधीश मनोज कुमार ने डीएम अनुज सिंह व एसपी चक्रेश मिश्रा व सीएमओ डॉ. हरपाल सिंह के साथ जिला कारागर पहुंचकर बंदियों से वार्ता की। निरीक्षण के दौरान महिला और पुरुष बंदियों से वार्ता कर अफसरों ने जेल मैनुअल और वहां मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। बंदियों से वार्ता के बाद उनकी समस्याओं के निराकरण को लेकर जेल अफसरों को जिला जज ने निर्देशित किया। बैरकों के निरीक्षण के दौरान अफसरों ने जेल में बंद आजम खां की बैरक को खंगाला। जेल चेकिंग के दौरान अफसरों को किसी प्रकार की संदेहास्पद वस्तु नहीं मिली। निरीक्षण कर जेल से बाहर अफसरों के आते ही जेल प्रशासन ने राहत की सांस ली।

## पूर्व सपा विधायक को कोर्ट ने सुनाई दो साल की सजा

**सीतापुर, अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक राधेश्याम जायसवाल को एमपी-एमएलए कोर्ट ने 16 साल पुराने मुकदमे में सजा सुनाई है। कोर्ट न्यायाधीश राजेंद्र सिंह ने सोमवार को दोषी करार देते हुए मंगलवार को सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने पूर्व विधायक को एकमत होकर बलवा करने, सरकारी कार्य में बाधा और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से तोड़फोड़ करने के आरोप में दो साल की सजा सुनाई है। 7 साल से सजा काम होने के चलते कोर्ट ने पूर्व विधायक को जमानत दे दी है। पूर्व विधायक सजा के खिलाफ अब सेशन कोर्ट में अपील करेंगे। बताते चलें कि बसपा शासन काल में नगर पालिका सीतापुर के तत्कालीन ईओ निहाल चंद्र टीम के साथ शहर के लालबाग मुख्य बाजार में 13 जुलाई वर्ष 2008 में अभियान के तहत अतिक्रमण हटवा रहे थे। आरोप था कि सदर सीट से सपा विधायक राधेश्याम जायसवाल अपने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे और अतिक्रमण हटाने के विरोध में हंगामा करते हुए सरकारी मशीनरी जेसीबी पर पत्थर चलाकर तोड़फोड़ की। इस दौरान जेसीबी का ड्राइवर चोटिल भी हुआ था। विधायक के विरोध के बाद तत्कालीन ईओ निहाल चंद्र ने पूर्व विधायक सहित 17 लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले की विवेचना के दौरान पूर्व विधायक राधेश्याम जायसवाल सहित 17 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करते हुए आरोपी बनाया था।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**रायबरेली, अमृत विचार।** संदिग्ध परिस्थितियों ने ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शहर कोतवाली क्षेत्र के इंदिरा नगर रेलवे क्रासिंग के पास मंगलवार सुबह एक ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। युवक के ट्रेन से कटने की सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने शव का पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक पुष्पेंद्र सिंह डीह थाना क्षेत्र के कचनावा गांव का रहने वाला था और वह इन दिनों शहर में ही रह रहा था। शहर कोतवाल राजेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बाइक सवार को कार ने मारी टक्कर, हालत गंभीर

**ऊंचाहार, रायबरेली।** बाइक से अपने घर जा रहे युवक को सवैया तिराहा के पास राजमार्ग पर एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसको सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। क्षेत्र के गुलरहिया गांव निवासी अमित कुमार 24 वर्ष मंगलवार की सुबह बाइक से किसी कार्य से ऊंचाहार आ रहा था, तभी सवैया तिराहे के निकट लखनऊ-प्रयागराज मार्ग पर कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिसके कारण युवक सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों द्वारा उसे इलाज के लिये सीएचसी लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# फंदे से लटका मिला किशोरी का शव, परिजनों में कोहराम



परिजनों से पूछताछ करती पुलिस। अमृत विचार

ऊंचाहार, रायबरेली।

**अमृत विचार।** एक किशोरी का शव उसके घर में दुपट्टे से फंदे पर लटकता हुआ मिला है। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा है। घटना तहसील क्षेत्र के थाना गदागंज के गांव मुतवल्लीपुर का है। गांव के निवासी महेश कुमार की 17 साल की बेटी खुशबू मंगलवार को घर के कमरे में अकेली थी। परिवार के अन्य लोग बाहर कामकाज में व्यस्त थे। काफी देर बाद जब खुशबू किसी को दिखाई नहीं दी तो परिजन उसकी खोजबीन करने लगे। जब परिवार के लोग घर के एक कमरे में गए तो खुशबू का शव दुपट्टे से बने फंदे पर लटक रहा था। यह दृश्य देखकर परिजनों के होश उड़ गए और परिवार में कोहराम मच गया। चीख पुकार सुनकर ग्रामीण उसके घर में एकत्र हो गए। उसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर गांव पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा और उसे कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## बबूल के पेड़ से लटका मिला मजदूर का शव

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार।** ससुराल में रह रहे एक मजदूर ने आर्थिक तंगी से परेशान होकर दरवाजे पर लगे बबूल के पेड़ में फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। यह घटना सोमवार की रात लखनापुर गांव में घटी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। जानकारी के अनुसार लखनापुर गाने में खेतों में बने मकान में किराए पर राजू पासवान (45) पिछले 10 वर्षों से रह रहा था। वह मूलत: लालगंज थाना क्षेत्र के रामपुर गांव का निवासी है। आर्थिक तौर पर परेशान होने पर वह पत्नी शांति देवी (42) के साथ ससुराल में रहने लगा था। मृतक के तीन पुत्र संदीप (18), प्रदीप (13) व कुलदीप (11) वर्ष हैं जबकि दो पुत्रियां काजल (13) व पायल 15 वर्ष हैं। उसका एक पुत्र बीमार रहता था। पत्नी व बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## सार-संक्षेप

### देवरानी ने जेठानी को पीटा, हुआ गर्भपात

**ऊंचाहार, रायबरेली।** स्नान घर के पास कीचड़ डालने को लेकर हुए विवाद में देवरानी ने अपनी जेठानी को इतना पीटा कि उसका गर्भपात हो गया। पीड़िता को गंभीर दशा में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव पूरे निरही मजरे कंदरावा का है। गांव की रहने वाली महिला मिथलेश कुमारी का कहना है कि मंगलवार की दोपहर वह अपने स्नान घर में नहा रही थी। इसी बीच उसकी देवरानी ने स्नान घर के पास कीचड़ डाल दिया। उसने जब इसका विरोध किया तो उसने मारपीट शुरू कर दिया। मारपीट में उसके पेट में पल रहा शिशु को चोट लगी जिससे उसे रक्तस्राव होने लगा और वह अचेत हो गई। उसका कहना है कि उसे गर्भपात हो गया है। उसको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़िता ने मामले की शिकायत कोतवाली में की है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले में जांच और कार्रवाई की जा रही है।

### बेकाबू कार ने तोड़ी बस स्टेशन व डिग्री कॉलेज की बाउंड्रीवाल



दुर्घटना में क्षतिग्रस्त कार।

**लालगंज, रायबरेली।** राज्य परिवहन निगम की लापरवाही के चलते लालगंज बस स्टेशन अब लोगों के लिए कार सीखने के लिए अड्डा बन गया है। मंगलवार को उस समय एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया जब एक स्कूल टीचर महिला बस स्टेशन परिसर में कार चलाना सीखते-सीखते बस स्टेशन की बाउंड्री तोड़कर मेन रोड क्रॉस कर बैसवारा डिग्री कॉलेज की बाउंड्री तोड़ते हुए कॉलेज परिसर की खंती में कार सहित चली गई। हालांकि कार चला रही महिला और उसमें बैठी एक अन्य महिला बाल-बाल बच गई। हादसे के समय आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार लच्छीखेड़ा निहस्था निवासी प्रीति पत्नी विवेक बस स्टेशन ग्राउंड में कार चलाना सीख रही थी तभी अचानक उनका पैर ब्रेक के बजाय एक्सीलेटर पर चला गया और कार अनियंत्रित हो गई जिससे कार ने पहले बस स्टेशन की बाउंड्री तोड़ी और फिर मेन रोड सड़क क्रॉस करते हुए डिग्री कॉलेज की बाउंड्री तोड़ा और उस पार खंती मे कार जा गिरी। परिवहन निगम के अधिकारी ने बताया कि मामले की जानकारी की जा रही है और बाउंड्री तोड़ने वाले से नुकसान लिया जाएगा।

### संदिग्ध व्यक्ति दिखने पर पुलिस को दें सूचना

**लालगंज, रायबरेली।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा और जिलाध्यक्ष रोहित सोनी ने समस्त सर्राफा व्यापारियों को ईरानी गैंग के लोगों के प्रति होशियार रहने को कहा है। जिला अध्यक्ष रोहित सोनी ने व्यापारियों को सावधान करते हुए कहा कि ईरानी गैंग के लोग लूट और टप्पेबाजी करते है। केवल सर्राफा व्यापारियों को ही अपना निशाना बनाते है। पूर्व में अपने लालगंज में दो-तीन घटनाएं कर भी चुके हैं। यह टोपी लगा के रखते हैं। बाहरी नंबर की गाड़ी हो या फिर नई गाड़ी हो जिसमें नंबर ना पड़ा हो और अगर आपके आसपास या आपकी शॉप पर आए जिसके ऊपर किसी भी प्रकार की शंका होती है तो उसकी सूचना प्रशासन को दें। वही लालगंज प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर सिंह भी लगातार अपनी फोर्स के साथ तीन दिन से लालगंज नगर में संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर रहे हैं। खासतौर से बाइक पर तीन सवारी बैठा कर चलने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक ने कहा है कि अगर कहीं भी संदिग्ध व्यक्ति दिखाई पड़े तो तुरंत पुलिस को सूचना करें जिससे अपराध और अपराधियों पर काबू पाया जा सके।

### तहसील बार अध्यक्ष के लिए पहले दिन हुआ एक नामांकन

**ऊंचाहार, रायबरेली।** तहसील बार एसोसिएशन के लिए हो रहे चुनाव में प्रथम दिन एक नामांकन हुआ है। यह नामांकन अध्यक्ष पद के लिए किया गया है। जबकि विभिन्न पदों के लिए कुल 18 नामांकन पत्र बिके हैं। चुनाव संचालन समिति के सदस्य एडवोकेट गजाधर लाल वर्मा ने बताया कि मंगलवार से शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया में पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए दिनेश कुमार सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इसके साथ ही अध्यक्ष पद हेतु दो, महामंत्री पद के लिए दो, कोषाध्यक्ष पद के लिए दो, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए दो, संयुक्त मंत्री पद के लिए दो, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए दो, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए एक, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के लिए एक, कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के लिए तीन और पुस्तकालय मंत्री के लिए एक नामांकन पत्र की विक्री हुई है।

### दो पक्षों में हुई मारपीट, पांच लोग घायल

**डीह, रायबरेली, अमृत विचार।** जमीनी विवाद में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर हमला कर पांच लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर घायलों को उपचार के लिए सीएचसी डीह भिजवाया, जहां से चार लोगों की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उमाशंकर निवासी अयासपुर डीही ने तहरीर देकर बताया कि मंगलवार को प्रतिपक्षी अंकित, शुभम, नचऊ, अमन, भास्कर, शीला पत्नी पवन कुमार निवासी अयासपुर डीही व पांच अज्ञात व्यक्तियों ने जमीनी विवाद को लेकर मंगलवार को कुल्हाड़ी, लाठी डंडो से मारपीट की, जिससे सुशील, प्रमोद, आशीष, उमाशंकर व प्रहलाद घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर घायलों को उपचार के लिए सीएचसी डीह भिजवाया, जहां से हालत गंभीर होने पर आशीष, उमाशंकर, प्रहलाद व प्रमोद को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इस बारे में थानाध्यक्ष अरविंद सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### मां ने एसपी से लगाई बेटी को खोजने की गुहार

**रायबरेली, अमृत विचार।** डलमऊ थाना क्षेत्र के एक गांव से लड़की भगा ले जाने का मामला प्रकाश मे आया है। पीडिता की मां ने थाने पर न्याय न मिलने पर पुलिस अधीक्षक की चौखट पर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता की मां ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देते हुए बताया कि बीते बुधवार की देर शाम लड़की घर से बाहर शौच के लिए गई थी। काफी देर तक वापस न आने पर परिजनों ने लड़की की खोजबीन शुरू कर दी। खोजबीन करते हुए पता चला कि गांव का ही एक लड़का भागा ले गया है। पीडिता की मां ने थाने पहुंच कर तहरीर देते हुए मामले से अवगत कराया, लेकिन कई दिन थाने के चक्कर काटने पर न्याय नहीं मिला। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई करने की जहमत उठाना जरूरी नही समझा। तब पीड़िता की मां ने पुलिस अधीक्षक का दरवाजा खटखटाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस अधीक्षक ने न्याय का भरोसा दिलाते हुए मामले में जांच के आदेश दिए है।

# ट्रक की टक्कर से बेटे की मौत, मां घायल

शिवगढ़, रायबरेली।

**अमृत विचार।** शिवगढ़ थाना क्षेत्र के बांदा-बहराइच हाइवे पर स्थित अहलादगढ़ पेट्रोल पम्प के पास अनियंत्रित ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक चला रहे बेटे की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं बाइक पर बैठी युवक की मां गम्भीर रूप से घायल हो गई जिसका इलाज चल रहा है। ज्येष्ठ मास के पहले बड़े मंगल के उपलक्ष्य में गौरवां, जनपद बाराबंकी स्थित मृतक युवक की बहन के यहां भण्डारा था जिसमें शामिल होने के लिए पहुरावां निवासी शिव प्रताप पुत्र राम अवध अपनी मां धनदेई को बाइक पर बैठाकर जा रहा था, तभी रास्ते में बांदा-बहराइच हाईवे पर स्थित गीता फीलिंग स्टेशन अहलादगढ़ के पास बछरावां की ओर से आ रहे अनियंत्रित ट्रक ने युवक की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक युवक शिव प्रताप की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं मृतक शिव प्रताप की मां धनदेई गम्भीर रुप से घायल हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। परिजनों ने घायल धनदेई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पहुंचाया। वहीं, पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुराहाल है। थाना प्रभारी निरीक्षक श्याम कुमार पाल ने कहा कि जिस ट्रक से एक्सीडेंट हुआ था उस ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## दुर्घटना में मारे गए युवक के मामले में केस दर्ज

**डीह, रायबरेली, अमृत विचार।** डीह-रायबरेली मार्ग पर बीते रविवार को नया पुरवा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत के मामले में पिता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। बीते रविवार की शाम रायबरेली-डीह मार्ग पर नया का पुरवा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार भोला निवासी दिल्लीहार मिल एरिया की मौत हो गयी थी। बाइक सवार 6 वर्षीय नंदिनी पुत्री बसंत लाल व जसवंत घायल हो गए थे। मंगलवार को मृतक भोला के पिता दिलदार की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध केस दर्ज किया है। इस बारे में थानाध्यक्ष अरविंद सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# गुल्ला तालाब में गहरे खनन के कारण विद्युत लाइन ध्वस्त होने के कगार पर

ऊंचाहार, रायबरेली।

**अमृत विचार।** निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस वे में मिट्टी का खनन कर रहे ठेकेदारों ने पूरे क्षेत्र में तबाही मचा रखी है। अवैध रूप से नियमों को ताक पर रखकर किए जा रहे अवैध खनन में पेड़ पौधे, वन संपदा, कृषि भूमि के साथ अब विद्युत लाइनों के लिए भी खतरा पैदा हो गया है।मामला क्षेत्र के हटवा गांव का है। इस गांव से लेकर सवैया हसन गांव तक करीब तीन किमी लम्बा 54 बीघे का तालाब गंगा एक्सप्रेस वे के ठेकेदार ने खोद डाला है। 14 बीघे के तालाब खोदाई की अनुमति लेकर 54 बीघे का तालाब खोदा गया है। मानकों की धज्जियां उड़ाते हुए बीस फिट गहरा तालाब खोद दिए जाने के कारण आसपास की कृषि योग्य भूमि, पास के बागों में खड़े फलदार पेड़, अन्य वन्य संपदा के साथ साथ ग्रामीण जीवन और अन्य जीवों के लिए भी भारी खतरा बन गया है। इस तालाब के पास से निकली एचटी लाइन की विद्युत खंभों पर पर अब खतरा बन गया है। काफी लंबी विद्युत लाइन के पोल के पास बीस फिट की गहराई से अधिक का खनन किया गया है। बरसात के दिनों में जब जल का प्रवाह इन गहरे कुआं जैसे गड्ढों की ओर होगा तो जल के साथ मिट्टी का बहाव भी होगा, जिससे लक्ष्मीगंज फीडर की पूरी लाइन ध्वस्त हो जायेगी।



हटवा गांव में मिट्टी खनन के कारण एचटी विद्युत लाइन के पास बना गड्ढा।

लापरवाही | नहरों में उड़ रही धूल, अगर 15 जून तक रजबहों में पानी नहीं छोड़ा गया तो धान की बेड़ लगा पाना होगा मुश्किल

# रजबहा सूखने से बंजर हो रही उपजाऊ भूमि, किसान परेशान

सरेनी, रायबरेली,

**अमृत विचार।** सरेनी क्षेत्र के रजबहों में धूल उड़ने का सिलसिला लगातार जारी है। किसान परेशान हैं। बिजली की किल्लत भी शुरू हो गयी है। सिंचाई के अभाव में उपजाऊ भूमि बंजर होती जा रही है किन्तु जिम्मेदार मौन हैं।

उल्लेखनीय है कि सरेनी क्षेत्र में रजबहों व अल्पिकाओं का जाल बिछा हुआ है। इनमें पहले शारदा सहायक परियोजना से पानी आता था। बाद में उन्नाव जनपद के डौडियाखेड़ा में डलमऊ बी. पम्पनहर की स्थापना करा दी गयी। इस पम्प नहर से 4 रजबहों सरेनी, खजूर गांव, भगवंत नगर व ऊंचा गांव रजबहों के माध्यम से इलाके में पानी छोड़ा जाता रहा। इसमें सरेनी रजबहा की लम्बाई 15 किलोमीटर, भगवंत नगर की 21 किलोमीटर, खजूरगांव की 22.2 किलोमीटर व ऊंच गांव रजबहे की लम्बाई 15 किलोमीटर है। वर्ष 2000 तक पम्प कैनाल में लगे 7 पम्प एक्टिव थे जिससे इन रजबहों व इससे जुड़ी अल्पिकाओं के माध्यम से इलाके की सिंचाई व्यवस्था मजबूत रही। वर्ष 2000 के बाद जब पम्प डैमेज होने लगे व इलाके की नहरों में धूल उड़ने लगी तो सांसद सोनिया गांधी ने वर्ष 2008 में तत्कालीन केंद्रीय जल संसाधन मंत्री सैफुद्दीन सोज के साथ 10 दिसम्बर को भोजपुर की एक मीटिंग में घोषणा की। उन्होंने केन्द्रीय बजट से लगभग 8 करोड़ की आर्थिक सहायता डलमऊ बी.पम्पनहर के पम्पों की मरम्मत व नहरों की सफाई आदि के लिये दे दी है। अब इलाके की नहरें पूरे साल पानी से लबालब भरी रहेंगी व टेल तक पानी पहुंचेगा। उस समय प्रदेश में बसपा सरकार थी।

यह निधि कहां खर्च हुई इसे तो कोई नहीं जानता किन्तु नहरों में धूल उड़ने का सिलसिला लगातार जारी रहा। इसके बाद क्षेत्र के किसानों ने 2018 में शशिकांत तिवारी के नेतृत्व में दुलापुर में स्थित सिंचाई विभाग के कार्यालय के पास जलापूर्ति को लेकर आमरण अनशन शुरू कर दिया। इसमें श्री तिवारी की तबियत इतनी खराब हो गयी की उन्हें आईसीयू में भर्ती कराना पड़ा। सभी अनशनकारी मुख्यमंत्री के पास पहुंचे जिससे एक पखवारे तक नहरों में पानी छोड़ा गया किन्तु उसके बाद हालात ज्यों के त्यों हो गये। 7 अक्टूबर 2023 को लालगंज में आयोजित समाधान दिवस में किसानों ने जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के सामने भी सूखी नहरों का मुद्दा उठाया। उन्होंने सिंचाई विभाग के जेई को फटकार लगायी व 15 दिनों के भीतर नहरों में जलापूर्ति किये जाने का आदेश दिया किन्तु अधिकारी फिर भी नहीं चेते जिससे नहरों में जलापूर्ति आज तक शुरू नहीं हो सकी। किसानों का कहना है कि अगर 15 जून तक रजबहों में पानी नहीं छोड़ा जाता तो धन की बेड़ लगा पाना बहुत मुश्किल है। इस समय बिजली भी रुला रही है। ऐसे में नहरों में धूल उड़ने से फसलों की बुवाई भी कर पाना कठिन होगा। इस संबंध में खण्ड विकास अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी।



सूखी पड़ी रजबहा।


डीह ब्लॉक के पूरे महाबल में आयोजित भंडारे में भक्तों को प्रसाद वितरित करते आयोजक। अमृत विचार


विकास भवन में प्रसाद वितरण करते बीएसए शिवेंद्र प्रताप सिंह साथ में बीईओ वीरेंद्र कनौजिया।

# पहले बड़े मंगल को हनुमान मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

## जिलेभर में श्रद्धालुओं की ओर से आयोजित भंडारों में लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद, कई स्थानों पर हुआ सुंदरकांड का पाठ

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** ज्येष्ठ माह के पहले बड़े मंगलवार को बजरंगबली की पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालु मंदिरों में उमड़े रहे। शहर के अभयदाता मंदिर, दक्षितमुखी हनुमान मंदिर समेत सभी जगहों पर लोगों की लंबी कतार लगी रही। इस दौरान पूरे मनोयोग से लोगों ने पूजा अर्चना की। वहीं जगह-जगह चल रहे भंडारे का प्रसाद छका। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ की तरफ से विकास भवन में भंडारे का आयोजन किया गया। डीआईओएस ओमकार राणा और बीएसए शिवेंद्र प्रताप सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कनौजिया ने हनुमान जी की प्रतिमा की पूजा करके शुभारंभ किया। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर जिला सरंक्षक समर बहादुर सिंह, जिलाध्यक्ष राघवेंद्र यादव, महामंत्री सियाराम सोनकर, कोषाध्यक्ष शिवशरण सिंह, शांति अकेला, पन्नालाल, सुरेंद्र वर्मा, शैलेश यादव, शिवेन्द्र सिंह, दीपक कुमार, प्रवेश कुमार आदि मौजूद रहे। वीणापाणि इंटर कालेज में अजीत शर्मा की अगुवाई में सुंदरकांड का पाठ हुआ। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया।

डीह क्षेत्र के पूरे महाबल में भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर जगत प्रताप सिंह बघेल, आशु सिंह आदि मौजूद रहे। सलोन ब्लाक के समीप अनुज साहू के नेतृत्व में भंडारे का आयोजन किया गया। मानिकपुर तिराहे पर भंडारे लोगों की लंबी कतार लगी रही। इसी तरह सूची, करहिया बाजार, कमालगंज बाजार समेत अन्य स्थानों पर लोगों ने बढ चढ़ कर हिस्सा लिया। हनुमान गढ़ी, माता मेडुलिन, कमसिन धाम, सूची चौराहे पर स्थित हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर आशीष श्रीवास्तव, आकाश सिंह, पवन कुमार श्रीवास्तव, विशाल सिंह आदि मौजूद रहे। सेमरी क्षेत्र के बरभनखेड़ा गांव में स्थित हनुमान मंदिर में भक्तो की भारी भीड़ उमड़ी रही। इस दौरान हनुमंत लला का पुष्पों से श्रृंगार किया गया। हनुमंत लला को विशेष भोग लगाया गया। शाम को मंदिर परिसर में भजन संध्या का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। महंत लोटन दास महाराज, राजेश, अंजनी दीक्षित, प्रभाकर, सरोज आदि मौजूद रहे।

बछरावां क्षेत्र के सिंह द्वार पर स्थित पीपलेस्वर चुरूवा हनुमान मंदिर पर प्रथम बड़े मंगल पर भक्तों ने बजरंग बली का विधि विधान से पूजन अर्चन किया। सुबह सर्वप्रथम हनुमत लाल का श्रृंगार विधि विधान से किया गया। मंदिर के पुजारी चंद्रमणि अवस्थी व अनूप अवस्थी ने बताया की मंदिर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं के पूजन अर्चन व दर्शन की व्यवस्था कर दी गई है। इस मौके पर छोटे पुजारी अनूप अवस्थी, गोलू पंडित, विजय, विनय, ऋषि अवस्थी आदि मौजूद रहे। जगतपुर क्षेत्र के जिगना में दिनेश बहादुर सिंह द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया। जगतपुर कस्बे की रायबरेली रोड पर भंडारे का आयोजन किया गया। पूड़ी-सब्जी, नुक्ति का वितरण किया गया। इस मौके पर उदय प्रताप सिंह, राकेश सिंह, दीपक कुमार, ननके, विजय, अनुज आदि मौजूद रहे।


हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना करते राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह।

### राज्यमंत्री ने मंदिर में किया पूजा अर्चना

महराजगंज, रायबरेली। भाजपा प्रत्याशी एवं राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने क्षेत्र के हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की। इस दौरान बावन बुजुर्ग बल्ला स्थित महावीर मंदिर, ओरीदास मंदिर, हनुमानगढ़ी मंदिर सहित दर्जनों जगहों पर श्रद्धालुओं द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं गांव में भी जगह-जगह नुक्कड़ों पर लोगों ने स्टाल लगाकर शर्बत व बूंदी प्रसाद भी वितरित किया।


बछरावां के चुरुवा मंदिर पर आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते भक्त।

### हलुवा, आमरस तो कहीं पर आइसक्रीम का वितरण

**लालगंज, रायबरेली।** कस्बे के गांधी चौराहे के पास बजरंग सेवा समिति के द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। रोहित सिंह ने बताया की भंडारे में हलुवा, आमरस, आइसक्रीम, छोला चावल, पूड़ी, बूंदी वितरित किया गया। शिवनगर गोविंदपुर वलौली में विद्यार्थी परिषद के प्रांतीय परिषद सदस्य नीलेश शुक्ला ने शरबत वितरण कराया। भगवान श्री शंकरेश्वर शिव मंदिर में सुंदरकांड पाठ और भंडारा किया गया। इसके अलावा लालगंज मेन रोड, सराफा मंडी प्रसाद वितरण के कार्यक्रम संपन्न हुए। इस मौके पर गौरव बाजपेई, रोहित मिश्रा, चित्रकार सैनी, सुशील मिश्रा, गोपी तिवारी आदि मौजूद रहे।

### श्रद्धालुओं ने गोकना गंगा घाट पर किया स्नान

**ऊंचाहार, रायबरेली।** मंगलवार को सुबह श्रद्धालुओं ने क्षेत्र के गोकना गंगा घाट पहुंचकर स्नान दान किया है। पचखरा गांव के पास स्थित प्रसिद्ध हमाम बीर बाबा के मंदिर पर सुबह से भारी भीड़ रही। श्रद्धालु ने हनुमान जी को प्रसाद चढ़ाकर भोग लगाते रहे। उधर, नगर के शनिदेव मंदिर पर मदन जायसवाल द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। नगर के फड़ मुहल्ले में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता द्वारा शरबत वितरण किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य शैलेंद्र गुप्ता, राजकुमार अग्रहरि, नन्दू जयसवाल, छोटू सिंह, राधे मोदनवाल, राहुल गुप्ता, गोपाल अग्रवाल, सुमित गुप्ता, हीरालाल गुप्ता, डॉ पी. कुमार, जेपी यादव, विपिन जायसवाल आदि मौजूद रहे।

### राहगीरों को पिलाया शर्बत

**सरेनी, रायबरेली।** बड़े मंगल पर क्षेत्र के कई बड़े स्थानों पर लोगों ने राहगीरों को शर्बत पिलाया गया। सरेनी पावर हाउस के सामने पान की दुकान पर संतोष ने शर्बत पिलाया। वहीं खानपुर-रानीखेड़ा मार्ग पर बाला जी मंदिर के पास भी शर्बत पिलाया गया।सरेनी-भोजपुर मार्ग पर शीतगृह के पास साहू परिवार की ओर से शर्बत पिलाया गया।सिहोलेश्वर मंदिर मोड़ पर भी शर्बत पिलाया गया।धुरेमऊ में चन्द्रचूड़ामणि की ओर से शर्बत पिलाया गया।भोजपुर, रानीखेड़ा आदि कई स्थानों पर भी शर्बत पिलाने का सिलसिला दिन भर जारी रहा।


लालगंज में सुंदरकांड का पाठ करते भक्त।


सलोन में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते भक्त।


वीणा पाणि इंटर कॉलेज में सुंदरकांड का पाठ करते श्रद्धालु।

# तीन दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित


एनटीपीसी ऊंचाहार में आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में मौजूद एनसीसी कैडेट।

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान मुंशीगंज के सामुदायिक एवं पारिवारिक चिकित्सा विभाग ने एनटीपीसी ऊंचाहार में एनसीसी कैडेट के लिए तीन दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया। स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ निदेशक प्रो डा अरविंद राजवंशी, एनसीसी विभाग के कर्नल संजीव खुराना, रजिस्ट्रार भोलानाथ ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। निदेशक ने कहा की जिले मे समय-समय पर एम्स स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन करता रहता है। सामुदायिक एवं परिवारिक चिकित्सा विभाग के डाक्टर शिविर का आयोजन कर प्रशिक्षण के साथ-साथ लोगों को जागरूक करने का काम करते रहते है। प्रो डा भोलानाथ ने बताया कि आयोजित शिविर में फिजिकल रिहैबिलिटेशन, स्त्री एवं प्रसूति रोग व नेत्र रोग विशेषज्ञो ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जिसमें लगभग दो सौ बच्चो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान दवाइया मुफ्त वितरण की गई। लगभग पच्चीस बच्चों को कुछ जरूरी जांचो के लिए एम्स बुलाया गया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि MOBEEN AHMAD S/O ABDUL SAKOOR निवासी सिकंदरपुर परसरामपुर बस्ती का रहने वाला हूँ। अब मैंने अपना नाम बदल कर ABDUL MOOBIN रख लिया है। अब भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**
पंजीकृत फर्म मे0 लकी ट्रेडर्स विवेक नगर सुलतानपुर की साझेदारी में श्री दया नारायण सिंह पुत्र स्व0 श्री शीतला बक्श सिंह निवासी ग्राम सदरपुर तहसील लम्भुआ जिला सुलतानपुर की मृत्यु दिनांक 02-04-2022 को हो गयी। इनको फर्म से पृथक करते हुए नया साझीदार सौरभ सिंह पुत्र श्री राम बहादुर सिंह निवासी विवेक नगर सुलतानपुर को शामिल किया गया है। **राम बहादुर सिंह, साझीदार, मे0 लकी ट्रेडर्स, विवेक नगर सुलतानपुर।**

**सूचना**
यह कि मेरे पुत्र सहीद का चाल चलन सही न होने कारण उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबध विच्छेद कर लिए हैं। उसके द्वारा किए गए किसी कार्य की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **नसीर पुत्र मैकू, निवासी खानपुर, थाना ठठिया, जनपद-कन्नौज**

**सूचना**
मैंने अपना नाम MOHAMMAD SAIF से बदलकर MOHAMMAD SAIF KHAN रख लिया है। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O MOHAMMAD IYAZ AHMAD ADD- MANGAURA POST-DULARI NAGAR, AMETHI (U.P.)**

**सूचना**
मैने अपने पुत्र प्रशांत तथा उसकी पत्नी हेमा को उनके गलत आचरण के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के वह स्वयं उत्तरदायी होंगे मेरे व परिवार के किसी भी सदस्य से कोई वास्तव सरोकार नहीं रहेगा। **हरिशंकर पुत्र स्व0 अशर्फी लाल निवासी गणेश नगर कॉलोनी थाना कोतवाली जिला खीरी**

**सूचना**
विकास खण्ड मुसाफिरखाना जनपद अमेठी की न्याय पंचायत रसूलाबाद की ग्राम पंचायत रसूलाबाद, कोड.री मोहीउद्दीनपुर एवं न्याय पंचायत दादरा की ग्राम पंचायत निजामुद्दीनपुर, भद्दौर के समस्त मछुआ समुदाय के मत्स्य पालक, मत्स्य विक्रेता व मत्स्य आखेटक को सूचित किया जाता है कि दिनांक 06.06.2024 को समय 11 बजे दिन में स्थान बाबा परागदास आश्रम निजामुद्दीनपुर पर नई मत्स्य जीवी सहकारी समिति के संगठन की तृतीय बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमें आप सभी की उपस्थिति अनिवार्य है, बैठक में पहुंचकर सफल बनाए। **भवदीय राम सजीवन निषाद ग्राम-निजामुद्दीनपुर, पोस्ट- इसौली, मुसाफिरखाना, अमेठी।**

# बंद ब्रेड फैक्ट्री से लाखों का सामान पार, केस दर्ज

सलोन, रायबरेली।

**अमृत विचार।** ताबड़तोड़ घटनाओ ने सलोन पुलिस को बैकफुट पर लाकर खड़ा कर दिया है। सोमवार को हुई दो बड़ी घटनाओ का मामला अभी ठंडा नही हुआ था। वही अज्ञात चोरों ने बन्द पड़ी एक ब्रेड फैक्ट्री को निशाना बनाते हुए चार लाख रुपये कीमत के इलेक्ट्रिकल्स समान को पार कर दिया है। घटना की सूचना पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली है।

कोतवाली क्षेत्र के ऊंचाहार मार्ग स्थित हनुमानगंज बाजार मजरे उमरन के पास दबंग बेकरी के नाम से एक ब्रेड फैक्ट्री है। फैक्ट्री सर्द मौसम में खुलती थी, जिसमे ब्रेड, क्रीम रोल, पाव समेत अन्य खाद्य पदार्थ तैयार होता था। तीन महीने से फैक्ट्री बन्द चल रही थी। इसी बीच अज्ञात चोर फैक्ट्री के पीछे स्थित जाली दार दीवाल को तोड़कर अंदर घुसे। इसके बाद तीन मोटर तीन एचपी, एक मोटर दो एचपी, दो मोटर पांच एचपी के कुल लगभग चार लाख रुपये का इलेक्ट्रिकल्स समान चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी जब फैक्ट्री मालिक को हुई तो हड़कम्प मच गया। आनन-फानन घटना की सूचना पुलिस को दी गई। फैक्ट्री मालिक के भाई अरविंद ने बताया कि नवम्बर से मार्च तक सर्द मौसम में फैक्ट्री संचालित होती है। इसके बाद फैक्ट्री गर्मी में बन्दर रहती थी। कोतवाली

### दबिश दे रही पुलिस, उचक्के फरार

**सलोन।** ऊंचाहार मार्ग स्थित सर्राफ के दुकान से लगभग सात लाख रुपये कीमत के सोने की जंजीर ले भागने वाले दोनों शातिर उच्चको की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है, लेकिन उच्चको का अभी तक कोई सुराग हाथ नही लगा है। वही पूरे कुशल गांव में लगभग पन्द्रह लाख रुपये कीमत के सोने के आभूषण ठगी करने वाले गिरोह की महिलाओं पकड़ने में पुलिस नाकाम है।

# तापमान 46 पार, चारों ओर मचा हाहाकार

## घरों और दुकानों में लगे कूलर और एसी देने लगे जवाब, लोग गर्मी से हुए बेहाल


जिला अस्पताल परिसर में धूप से बचाव करती युवतियां।

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** ज्येष्ठ महीने की तपती दोपहरी में मंगलवार को भीषण गर्मी से लोग धधक उठे। उमस और चिलचिलाती धूप में जिले का पारा 46 डिग्री पहुंच गया। गर्मी के प्रकोप से जनजीवन उबल गया। गर्मी की तपिश व लू के थपेड़ो से पशु-पक्षी भी बेहाल होकर हलक तर करने के लिए इधर-उधर भटकते नजर आए। मंगलवार इस सीजन में अब तक का सबसे गर्म दिन रहा। लगातार पड़ रही गर्मी से आमजन बेहाल है वही पारा दिन पर दिन अपनी बढ़त बनाये हुए है। मंगलवार को गर्मी ने अब तक के सारे रिकार्ड तोड़ दिए। सोमवार को 45 डिग्री तापमान में आसमान से बरसते आग के शोलों के बीच सांसत में पड़े लोग मंगलवार को और मुश्किलों में पड़ गए। तापमान में हुई बढ़ोतरी के साथ लू के थपेड़ों ने शरीर को झुलसा कर रख दिया। सुबह से ही तल्ख हुई धूप पूरे दिन शूल की माफिक चुभती रही। गर्मी और प्रचंड धूप का आलम यह था कि सुबह नौ बजे के बाद से ही सड़कों पर सन्नाटा छा गया। इक्का-दुक्का वाहन ही आते-जाते दिखाई पड़ रहे थे। बाजारों में अस्थायी दूकानदार और ठेले-खोमचे वाले दोपहर में ग्राहक के इंतजार में टकटकी लगाए बैठे रहे। पड़ रही भयंकर गर्मी से बचने के लिए लोग हर तरह के जतन कर कर रहे है। इस समयलोगो कीजिंदगी घरों में कैद हो गई है। गर्मी से निजात पाने के लिए लोग पंखे और कूलर के साथ एसी में रह रहे है, लेकिन यह सभी उपकरण भी इस गर्मी से निजात नही दिला पा रहे है लगातार गर्मी की वजह से कुछ ही घण्टो में इनसे गर्म हवा निलकने लगती है।

**आर्यावर्त बैंक**
प्रधान कार्यालय, A-2/46, गोमती नगर, लखनऊ (उ0प्र0)-226010
दूरभाष: 7388800788, 7388800600, ई-मेल: ho.ans@aryavartbank-rrb.com

**निविदा आमंत्रण सूचना**
आर्यावर्त बैंक, प्रधान कार्यालय, लखनऊ, इच्छुक व्यक्तियों/फर्मो से GeM Portal के माध्यम से निम्नलिखित निविदा आमंत्रित करता है:

| क्र. सं. | निविदा | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि |
| --- | --- | --- |
| 1. | "आर्यावर्त बैंक प्रधान कार्यालय" गोमती नगर एक्सटेंशन लखनऊ के आंतरिक कार्य हेतु वास्तुकला एवं इंजीनियरिंग परामर्श सेवाएं प्रदान करना (Providing Architectural & Engineering Consultancy Services for Interior work of "Aryavart Bank Head Office" Gomti Nagar Extension Lucknow) | दिनांक 13.06.2024 (गुरूवार) दोपहर 03.00 बजे तक |

उपरोक्त के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी हेतु कृपया हमारे बैंक की वेबसाइट www.aryavart-rrb.com पर Tender Section में Tender Sr. No- 384 dated 24.05.2024 अथवा GeM Portal में Bid No. GeM/2024/B/4978308 dated 24.05.2024 देखें।
*नोट: प्राप्त किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण रद्द करने का सर्वाधिकार बैंक के पास सुरक्षित है।*
महाप्रबंधक, आर्यावर्त बैंक

# भीषण गर्मी से अधेड़ ने तोड़ा दम

डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार। भीषण गर्मी में जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। वहीं लोगों के जान पर भी बन आई है। मंगलवार को गर्मी से बेटी के घर आए अधेड़ की हालत बिगड़ गई। बीपी बढ़ने से गंभीर हालत में परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां पर मौत हो गई। प्रतापगढ़ जिले के नवाबगंज कोतवाली क्षेत्र के परियावां निवासी मोहनलाल (55) पुत्र दुर्गा दीन बेटी संगीता की ससुराल बहेरिया चौदह मिल दो दिन पहले ही आया था। बेटी संगीता ने बताया कि गर्मी की वजह से बीपी हाई हो जाने के कारण पिताजी बेहोश हो गए। एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। कोतवाल पवन सोनकर ने कहा कि अधेड़ को चार बार पहले भी हार्ट अटैक आ चुका था। इस बार भी हार्ट अटैक आया था, जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया है।

निर्देश

30 मई को मतगणना कार्मिकों का दिया जाएगा प्रशिक्षण

# शांतिपूर्ण सम्पन्न कराएं मतगणना : डीएम

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा है कि लोकसभा चुनाव की मतगणना 4 जून 2024 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गोरा बाजार में होनी है। मतगणना कार्य को सकुशल एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए मतगणना कार्य में लगाए गए समस्त मतगणना कार्मिक, मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो ऑब्जर्वर को मतगणना सम्बन्धी प्रशिक्षण दिये जाने के लिए निर्देश दिये है कि मतगणना गतिविधियों का संचालन विधिवत समझ के साथ ही समस्त मतगणना कार्मिको व माइक्रो आब्जर्वर को बेहतर तरीके से प्रशिक्षण दिलाना जरूरी है।

जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि समस्त मतगणना कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण राजकीय इण्टर कॉलेज में 30 मई को दो पालियों में सम्पन्न कराया जाएगा। इसी प्रकार समस्त मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर का द्वितीय प्रशिक्षण राजकीय इण्टर कॉलेज रायबरेली में 3 जून को दो पालियों में मतगणना कार्य को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला विकास अधिकारी ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी से कहा कि मतगणना कार्मिकों एवं माइक्रो आब्जर्वर के आयोजित प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण स्थल पर समुचित साफ-सफाई, फॉगिंग, समुचित प्रकाश व्यवस्था, लाउडस्पीकर, डैस व्यवस्था, पीने के लिए स्वच्छ एवं शुद्ध शीतल पेयजल तथा पानी के लिए पर्याप्त संख्या में गिलास व अन्य आवश्यक प्रशिक्षण सामग्री तथा प्रशिक्षण के लिए पर्याप्त कुर्सी और मेज की व्यवस्था निर्धारित प्रशिक्षण तिथि से एक दिन पूर्व प्रशिक्षण स्थल पर कराये जाये। मतगणना कार्मिको की उपस्थिति लेने के लिए 6 काउंटर, जिसमें एक मेज व 2 कुर्सियों की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। मतगणना कार्मिकों व माइक्रो आब्जर्वर को मतगणना सम्बन्धी कोई निर्देश अथवा निर्देश पुस्तिका उपलब्ध करायी जानी हो, तो प्रशिक्षण के दौरान उपलब्ध कराये जाने की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित कराया जाएं। प्रशिक्षण तिथियों में प्रशिक्षण स्थल पर ध्वनि रहित जनरेटर (ईंधन सहित) की व्यवस्था हो जिससे प्रशिक्षण सुचारू रूप से संचालित होने में कोई

### छांव ढूंढते अस्पताल पहुंचा कुत्ता



**रायबरेली।** गर्मी बहुत है थोड़ा आराम कर लें। जी हां यह तस्वीर पुराने जिला महिला अस्पताल की है, जहां पर गर्मी से बेहाल कुत्ता लेट कर आराम फरमा रहा है। हालांकि यहां पर स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे, लेकिन किसी ने इसे यहां खदेड़ने का काम नहीं किया। गनीमत रही कि यह कुत्ता पागल नहीं था वरना हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता था।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### 36 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई

बाराबंकी, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर संदिग्ध व्यक्तियों व वांछितों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने 36 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई की। इसके अलावा पुलिस ने एक वारंटी व सात अलग-अलग मामलों में वांछितों को गिरफ्तार कर लिया।

### हत्या का प्रयास करने के मामले में गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : सतरिख पुलिस टीम ने मंगलवार को हत्या का प्रयास करने के मामले के आरोपी ग्राम कटरा मजरे मोहना निवासी ननकऊ को कटरा नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।

### सफाई न होने से बजबजा रही हैं नालियां

बाराबंकी, अमृत विचार : सफाई कर्मचारियों की लापरवाही से गोकुलनगर की नालियां बजबजा रही हैं। मानसून आने से पहले अगर सफाई न कराई गई तो जलभराव व संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा बढ़ जायेगा। यहाँ के निवासियों का आरोप है कि सफाईकर्मी नियमित नही आते। इस कारण नालियां बजबजाती रहती हैं।

### हमले के दो आरोपी गिरफ्तार

सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : दुष्कर्म आरोपी की पिटाई के मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मोहम्मदपुर खाला के एक गांव में पंद्रह वर्षीयस किशोरी के साथ गांव के युवक ने दुष्कर्म किया। किशोरी ने घरवालों को जानकारी दी। किशोरी के परिजनों ने आरोपी युवक को लात-घूंसों, धारदार हथियार से हमला किया था। पुलिस ने सात लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया था। पुलिस ने दो आरोपी कल्याण और नीरज को गिरफ्तार कर लिया।

### पति समेत तीन पर दहेज प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज

बाराबंकी : अमृत विचार : थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक विवाहिता ने दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए पति, सास और ससुर पर मुकदमा दर्ज कराया है। सतरिख के शरीफाबाद की ज्योति ने तहरीर में बताया कि उसका विवाह सामूहिक विवाह योजना के तहत 27 जनवरी 2023 को नेवली निवासी सचिन से हुआ था। पति सचिन कुमार, ससुर राजकुमार और सास शांति देवी दहेज को लेकर अक्सर प्रताड़ित करते हैं। ससुरालवालों ने दहेज में कार, सोने की चेन, 50 हजार रुपए नकद की मांग की। मांग नहीं पूरी होने पर मार-पीटकर उसे भगा दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# भीषण गर्मी से मचा हाहाकार, 44 डिग्री पर पहुंचा तापमान

## चिलचिलाती धूप के कारण दोपहर में सड़कों पर पसरा रहा सन्नाटा, कूलर और एसी से भी नहीं मिला चैन, बिजली कटौती ने बढ़ायी परेशानी


दोपहर में शहर की सड़क पर पसरा सन्नाटा अमृत विचार

### गर्मी के तेवर

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी से पारा मंगलवार को 44 पहुंच गया। गर्म पछुआ हवा के बीच लोग झुलसते रहे। बड़ा मंगल होने के बावजूद दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। तेज धूप के कारण लोग पसीने से तर-बतर रहे और हाल बेहाल दिखा।

गर्मी का प्रकोप दिनभर इतना तेज रहा कि घरों में कूलर, पंखे और एसी तक हांफ गए। वहीं इस बीच जगह-जगह दिनभर जारी बिजली कटौती के चलते लोगों को और भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मंगलवार को दिन का तापमान 44 डिग्री पहुंच गया। गर्म हवाओं के चलते लोग छाता, चश्मा, टोपी, गमछा और दुपट्टे से चेहरा ढककर ही घरों से निकले। वहीं जिला अस्पताल की ओपीडी में भी मौसम जनित बीमारियों से बीमार लोगों की काफी संख्या दिखी।

मंगलवार को सुबह आठ बजे से ही सूरज की किरणों में दोपहर जैसी तपिश रही। पूरे दिन गर्म हवाओं ने लोगों को खूब परेशान किया। तेज धूप और उमस के चलते बाजार में सन्नाटा दिखा। दैनिक मजदूरी करने वाले मजदूर भी काम से परहेज कर रहे हैं। गर्मी से बेहाल लोग घरों में ही पंखे, कूलर और एसी में दुबके रहे, लेकिन राहत नहीं मिली। हालांकि शाम के समय जरूर थोड़ा तापमान नीचे गिरा, लेकिन गर्म हवा शाम को भी चलती रही। गर्मी से निजात दिलाने वाले खाद्य पदार्थों नींबू, शिकंजी, शर्बत, खीरा, ककड़ी, लीची और ठंडे पानी की मांग काफी बढ़ गई। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार फिलहाल अभी अगले दो दिन गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। लू का कहर भी जारी रहेगा।


एसी कूलर की दुकान में खरीदारी करते लोग। अमृत विचार


बहुत गर्मी है : ठंडे पानी से मुंह धोती दादी व उनकी पोती। अमृत विचार


सूरज की तपिश से बचने को चेहरा ढककर जाते बाइक सवार। अमृत विचार

## बस अड्डे और रेलवे स्टेशन पर पसरा सन्नाटा

भीषण गर्मी के चलते लोग जरूरी कामों से ही घर से बाहर निकल रहे हैं। दोपहर के समय बाजार व सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। झुलसा देने वाली गर्मी में लोगों ने घरों में रहना ही बेहतर समझा। मंगलवार को रेलवे स्टेशन और बस अड्डे पर भी सन्नाटा दिखाई दिया। पल्हरी और कचहरी के पास स्थित बस अड्डे से बसों में कम यात्री निकले, बसें भी कम चलीं। फिलहाल जिले का तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। ऐसे में रोडवेज बसों में भी यात्रियों की भीड़ घटी है। सुबह-शाम जहां बसों में यात्रियों की संख्या ठीक रहती है तो वहीं दोपहर में गिरावट आ जाती है। रोडवेज अनुबंधित बस यूनियन के अध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि पहले रोडवेज बस से लगभग 47 से 48 हजार यात्री प्रतिदिन यात्रा करते थे। लेकिन अब भीषण गर्मी का असर बस यात्रियों पर भी पड़ा है। इन दिनों 36 से 37 हजार यात्री यात्रा कर रहे हैं।
स्टेशन मास्टर का कहना है कि गर्मियों में समर स्पेशल ट्रेनें चलाई जाती हैं। यात्रियों की संख्या घटी नहीं, बल्कि बढ़ी है।


गर्मी के चलते नवीन बस स्टॉप पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार


भीषण गर्मी के कारण रोडवेज बस अड्डे का खाली पड़ा प्रतीक्षालय। अमृत विचार


रेलवे स्टेशन पर पानी भरने को यात्रियों में मची होड़। अमृत विचार


रेलवे स्टेशन पर भी दिखा सन्नाटा।



रेलवे स्टेशन पर खराब पड़ा वाटर कूलर। अमृत विचार

### अस्पताल में बढ़े डायरिया के मरीज

गर्मी के बढ़ते प्रकोप से जिला अस्पताल में डायरिया के मरीज बढ़ गए हैं। मंगलवार को करीब दो दर्जन मरीज डायरिया के पहुंचे। इसके अलावा उल्टी-दस्त से पीड़ित बच्चे और महिलाएं भी अधिक आ रहे हैं। डाक्टर बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को गर्मी से बचने की सलाह दे रहे हैं। चिकित्सा अधीक्षक डा. राजेश कुशवाहा ने बताया कि ओपीडी में डायरिया के मरीज बढ़े हैं। डा. कुशवाहा ने सलाह देते हुए कहा कि इस गर्मी में घर से निकलने से बचना चाहिये। इसके अलावा इलेक्ट्रॉल, जूस और तरल पदार्थों का सेवन करते रहें।

### घंटों गुल रही बिजली

शहर से लेकर गांव तक गर्मी के साथ ही बिजली कटौती से भी लोग परेशान दिखे। मंगलवार को शहर के आधा दर्जन से ज्यादा मोहल्लों में कई घंटे बत्ती गुल रही। इससे लोग परेशान हो गए। पानी के लिए भी तरसना पड़ा। शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी फाल्ट, ट्रिपिंग और लो वोल्टेज की समस्या जारी रही। ग्रामीण क्षेत्रों में भी दस से 12 घंटे ही बिजली की आपूर्ति की हुई। हालांकि बिजली विभाग के अधिकारी शेड्यूल के मुताबिक बिजली आपूर्ति का दावा करते दिखे। शहर के घंटाघर, रसूलपुर, बेगमगंज, सत्यप्रेमीनगर, दयानंदनगर, आवास विकास, कृष्णानगर, अभय नगर और कटरामोहल्ले में लोग बिजली कटौती से परेशान रहे। बाराबंकी डिवीजन के अधिशासी अभियंता अंशुमान यादव ने बताया कि कम्पलेंट पर फाल्ट को तुरंत दुरुस्त कराया जा रहा है।

#### बढ़ी एसी-कूलर की बिक्री

भीषण गर्मी में शहर में एसी, कूलर और पंखे का कारोबार बढ़ रहा है। शहर से अधिक गांवों में एसी लगाए जा रहे हैं। कूलर की हवा से काम चलाने वाले लोग भी गर्मी से परेशान होकर अब एसी खरीदने को मजबूर हो गए हैं। शहर में स्थित छोटी और बड़ी लगभग सभी दुकानों पर एसी और कूलर खरीदने वालों की भीड़ लग रही है।

### पशु-पक्षी भी बेहाल

गर्मी के चलते सिर्फ इंसान ही नहीं बल्कि पशु-पक्षी भी व्याकुल नजर आ रहे हैं। पशु-पक्षी भी पानी के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं। जिले के तमाम अमृत सरोवर और तालाब सूखे पड़े हैं। इन सरोवरों में पानी भरवाने को लेकर कोई खास प्रयास होते भी नजर नहीं आ रहे हैं। वहीं डीएम सत्येंद्र कुमार के आदेश के बाद भी जिले के तमाम सरकारी कार्यालयों में भी पशु पक्षियों के पीने के पानी के लिये पात्र नहीं रखे गये हैं। ऐसे में इस भीषण गर्मी में बेजुबान पानी के लिए भटकने को मजबूर हैं। स्वयंसेवी संस्थाएं भी आगे नहीं आ रही हैं।

# नहर सूखी, मेंथा किसानों की बढ़ी चिंता

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी,

अमृत विचार : फसलों को संजीवनी देने वाली नवाबगंज रजबहा इन दिनों सूखी पड़ी हुई है। इसके चलते किसानों की मेंथा की फसल सूख रही है तथा खेतों की नमी गायब हो रही है। जिससे धान की नर्सरी में भी विलंब हो रहा है।

जिले की सबसे लंबी नहर नवाबगंज रजबहा इन दिनों सूखी पड़ी है। जहां एक तरफ भीषण गर्मी के चलते पशु-पक्षी सहित आम जनमानस बेहाल है वहीं नहरों से पानी गायब है। इसके चलते नवाबगंज रजबहा से जुड़ी प्रतापगंज, सतरिख, नानमऊ, हरख, मंजीठा, दियानत नगर, बरौली, नरौली, सेठमऊ, इब्राहिमाबाद सहित कई दर्जन माइनर इनसे जुड़ी हुई हैं। इसमें सैकड़ों गांवों के किसानों की फसल को सिंचाई का लाभ मिलता है। भीषण गर्मी के दिनों में निजी संसाधनों से सिंचाई करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जबकि भीषण गर्मी में जलस्तर नीचे हो जाता है। नहरो में पानी न छोड़े जाने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीर बनी हुई है। सेठमऊ निवासी किसान इंद्रभान सिंह का कहना है कि सिंचाई के वक्त नहर दगा दे गई। महंगा डीजल लेकर कैसे मेंथा की फसल सिंचाई हो। किसान आशु सिंह ने बताया कि मेंथा, उरद मूंग खरबूजा तरबूज आदि की फसलें सूख रही हैं।


सूखी पड़ी नहर। अमृत विचार


सूख रही मेंथा की फसल। अमृत विचार

# मार्ग पर भरे पानी से गुजर रहे ग्रामीण

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

अमृत विचार : ब्लॉक बनीकोडर के अंतर्गत ग्राम पूरे चुरई मजरे कोटवा सड़क गांव में प्रवेश करते ही सड़क पर जलभराव से राहगीरों को गुजरना पड़ता है। गंदे पानी की निकासी का उचित प्रबंध न होने के कारण ग्रामीण और राहगीरों को काफी परेशान होना पड़ रहा है।

गांव निवासी गोपाल वर्मा, विशाल वर्मा, हुकुम सिंह ने बताया कि उनके गांव के परती की खाली पड़ी जगह में गंदा पानी पहले से जाता था। जिसमें कई लोगों ने पट्टा करने का दावा कर अपना कब्जा कर लिया है और पानी को बंद कर दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि जिस जगह पर यह गंदा पानी जमा हो रहा है। वहां पर हमेशा आने जाने वालों को गिरने का डर भी सताता रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि इससे गांव का वातावरण भी दूषित हो रहा है। मच्छर-मक्खियों की भरमार बढ़ रही है और संक्रामक बीमारी फैलने का भी डर सता रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि उन्होंने इस बारे में कई बार ब्लॉक के अधिकारियों और ग्राम प्रधान को लिखित शिकायत की है लेकिन इस समस्या का समाधान नहीं हुआ। इस संबंध में बीडीओ बनीकोडर डॉ. विनय कुमार मिश्रा ने बताया कि जांच कराकर गन्दे पानी की निकासी के लिए उचित व्यवस्था करायी जाएगी।


मुख्य मार्ग पर जलभराव जिससे होकर गुजरते हैं राहगीर।

## सार-संक्षेप

### घटिया सामग्री से नाला निर्माण का आरोप

कोठी, बाराबंकी : अमृत विचार : नाला निर्माण में हो रहे घटिया सामग्री के प्रयोग करने पर जिला पंचायत सदस्य ने इसकी शिकायत मुख्य विकास अधिकारी से की है। वही क्षेत्रीय लोगों में भी इस नाला निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग होने पर आक्रोश जताया है। सिद्धौर-केसरगंज मार्ग स्थित सेमरावां में आरजेएस इंटर कॉलेज के पास स्थित तालाब के पास से रारी नदी तक लगभग एक किलोमीटर लंबा नाले का निर्माण कार्य लगभग चालीस लाख रुपए से कराया जा रहा है। इसमें मौरंग सीमेंट व सरिया की कम मात्रा डालकर घटिया नाला बनाया जा रहा है। कई बार इसकी शिकायत स्थानीय ग्रामीण अली अहमद, दीपक, फकीरे, रोहित ने उच्चधिकारियों से की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद जिला पंचायत सदस्य सोनी यादव ने मुख्य विकास अधिकारी से इसकी शिकायत कर जांच करने की मांग की है। उनका कहना है कि उनके जिला पंचायत क्षेत्र में निर्माण कार्य हो रहा है जो घटिया सामग्री से कराया जा रहा है। बीते दिन नाले का कुछ हिस्सा टूट भी गया था। वहीं स्थानीय लोगों में भी इसके प्रति आक्रोश है क्योंकि ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरतने के साथ ही नाला खोदकर लोगों का रास्ता भी बंद कर दिया गया है।


निर्माणाधीन नाला।

### तालाबों से उड़ रही धूल, पानी के लिए पशु-पक्षी बेहाल


कमेला ग्राम पंचायत स्थित सूखा पड़ा तालाब। अमृत विचार

हैदरगढ़, बाराबंकी : अमृत विचार : लाखों रुपए खर्च करके गांव में खोदे गए तालाबों में धूल उड़ रही है। पशु-पक्षी पानी के लिए भटक रहे हैं। उनके जीवन पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। वर्तमान समय में पड़ रही भीषण गर्मी की वजह से हर कोई व्याकुल है। ऐसे में बड़ी संख्या में छुट्टा मवेशियों के अलावा पशु-पक्षियों को पानी की एक बूंद भी नसीब नहीं हो पा रही है। ग्राम पंचायत कमेला रनापुर सहित हैदरगढ़ विकासखंड के अधिकांश ग्राम पंचायतों में लाखों रुपए खर्च करके बनाए गए तालाब जल विहीन हैं। जबकि भीषण गर्मी को देखते हुए छुट्टा मवेशियों को पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए शासन द्वारा तालाबों में पानी भरे जाने के निर्देश दिए गए थे। फिर भी आज तक जिम्मेदारों द्वारा तालाब में पानी नहीं भरवाया गया। इसकी वजह से बेजुबान बूंद-बूंद पानी के लिए तड़पने को विवश हैं। सहायक विकास अधिकारी पंचायत संजय कुमार ने बताया कि जल्दी ही तालाबों में पानी भरवाया जाएगा।

**कार्य शुरू** 25 एकड़ भूमि खरीदने की तैयारी, जिले में अब तक की सबसे बड़ी लागत 550 करोड़ से लगेगा उद्योग

# शुक्लाई गांव में लगेगी मेट्रो की ट्रांसफार्मर निर्माण की इकाई

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचार : जिले में अब तक की सबसे अधिक लागत की एक यूनिट शहर से सटे शुक्लाई गांव में लगाने की तैयारी है। यह यूनिट है मेट्रो ट्रेन के ट्रांसफार्मर के निर्माण की। इस यूनिट के निर्माण पर करीब 5 अरब 50 करोड़ रुपये की धनराशि खर्च होने का अनुमान है। प्रदेश सरकार के सहयोग से जिला उद्योग केंद्र के माध्यम से लगने वाली इस यूनिट के बनने से करीब 500 लोगों को रोजगार का अवसर प्राप्त होगा। इकाई के निर्माण के लिए 25 एकड़ भूमि की आवश्यकता है। इसमें से कुछ भूमि की खरीदारी के बाद रजिस्ट्री भी करा ली गई है। निर्धारित भूमि की लिखापढ़ी के बाद जिले की यह सबसे बड़ी यूनिट लगने का काम शुरू हो जाएगा।

एक प्लेटफार्म पर सुविधाएं देकर निवेशकों को जिले में अलग-अलग तरह की इकाइयां स्थापित कर लोगों को रोजगार के साथ कारोबार को भी बढ़ावा मिल रहा है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में एमओयू के बाद जिले में पिछले डेढ़ दो सालों में दर्जनों यूनिटें स्थापित हो चुकी हैं। फिर वह चाहे ब्रिटॉनिया हो या बियर कंपनी या फिर रिलायंस कंपनी द्वारा पराली से खाद बनाने की इकाई। इसके अलावा भी कुर्सी औद्योगिक क्षेत्र में भी खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में भी दर्जनों यूनिटें लगी है। इसके बाद अब जिले में अब तक की सबसे अधिक लागत की इकाई लगाने की तैयारी शुरू हो गई है। यह इकाई है मेट्रो ट्रेन के संचालन में आने वाले ट्रांसफार्मर के निर्माण की। लखनऊ के एक निवेशक द्वारा इसके लिए भूमि की खरीदारी भी शुरू कर दी गई है। फर्म द्वारा कुछ भूमि की खरीददारी कर रजिस्ट्री भी करा ली गई है। आईटीआई और पॉलीटेक्निक पास युवाओं को रोजगार पाने का अच्छा अवसर रहेगा। इस प्लांट में तैयार होने वाले मेट्रो ट्रेन के ट्रांसफार्मर को अलग-अलग प्रदेशों में भी भेजा जाएगा। सूत्रों के अनुसार इस इकाई के निवेशक विनय अग्रवाल और विष्णु अग्रवाल बताए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री सेवा मित्र रहमान अंसारी ने बताया कि 550 करोड़ की लागत से मेट्रो ट्रांसफार्मर बनाने वाली इकाई लगाने को लेकर भूमि की खरीदारी चल रही है।


ट्रांसफार्मर का सांकेतिक चित्र।

> जिले में इकाइयों के लगने का सिलसिला जारी है। पूर्व में एमओयू के आधार पर अन्य इकाइयां भी स्थापित हो रही हैं। इससे लोगों को रोजगार भी मिलेगा। इसी कड़ी में ट्रांसफार्मर यूनिट के निर्माण के साथ जिले के युवाओं को रोजगार का अवसर भी मिलेगा
>
> -आशुतोष श्रीवास्तव, उपायुक्त उद्योग

## परीक्षा के बहिष्कार का लिया निर्णय

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार: डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि से संबद्ध महाविद्यालय शिक्षक संघ (ऑक्टा) की रामनगर पीजी कॉलेज शिक्षक संघ इकाई ने 31 मई से प्रस्तावित विश्वविद्यालय की परीक्षा के बहिष्कार का निर्णय लिया है। शिक्षक संघ इकाई के अध्यक्ष प्रो. केके सिंह और महामंत्री डॉ. अखिलेश कुमार वर्मा ने बताया कि गर्मी में विवि द्वारा परीक्षा कराना तानाशाही निर्णय है। विवि ने 23 मई से 4 जुलाई तक ग्रीष्मावकाश घोषित किया है लेकिन इसी छुट्टी में वो प्राध्यापकों को परीक्षा ड्यूटी के लिए बाध्य कर रहा है। इस सम्बन्ध में पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर कौशलेंद्र विक्रम मिश्रा से जानकारी के लिए दूरभाष द्वारा संपर्क साधा गया, लेकिन उनका फोन स्विच ऑफ था।

## एक नजर

### रंजिश में पिता-पुत्रों ने कुल्हाड़ी से किया हमला

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत सुमेरगंज बाजार से घर लौट रहे एक व्यक्ति पर रंजिश के कारण पिता-पुत्रों ने कुल्हाड़ी से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को सीएचसी बनीकोडर लाया गया। जहां हालत ज्यादा खराब होने पर डाक्टरों ने उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया है। नारायणपुर गांव निवासी सरोज कुमार पुत्र राम कैलाश ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि सोमवार की देर शाम उसके पिता राम कैलाश सुमेरगंज बाजार से घर वापस आ रहे थे। उसी दौरान हाईवे के पास गांव के ही केशव चौहान अपने दोनों बेटे अनुज और अमित के साथ रंजिश को लेकर पिता को दौड़ा-दौड़ाकर कुल्हाड़ी और लाठी-डंडों से पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। ग्रामीणों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और राम कैलाश को सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने हालत गम्भीर देख ट्रामा सेंटर भेज दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कारवाई शुरू कर दी है।

### भंडारे के साथ भागवत कथा का समापन

**बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्र के जरौली गांव स्थित बुढ़िया माता मंदिर प्रांगण में बीते दिनों से हो रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का समापन मंगलवार को भंडारे के साथ हुआ। कथा के अंतिम दिन कथा व्यास संदीप तिवारी सलिल महाराज ने श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता के प्रसंग का वर्णन किया। कथा वाचक ने बताया कि अपने मित्र सुदामा की दीन-हीन दशा देखकर श्रीकृष्ण की आंखों से अश्रुधारा बह चली। भंडारे की शुरुआत कन्याभोज के साथ हुई।

### शिकायत के बाद भी ठीक नहीं हुईं स्ट्रीट लाइटें

**बाराबंकी, अमृत विचार :** आजाद नगर मुहल्ले में रात होते ही कुछ गलियां अंधेरे में डूब जाती हैं। ऐसे में जहां चोरी का खतरा बना रहता है वहीं बेजुबान जानवरों से बचाव के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है। स्थानीय लोगों का कहना है पिछले दो महीने से स्ट्रीट लाइटें खराब हैं। इसकी शिकायत जिम्मेदारों से की गई लेकिन जिम्मेदारों का ध्यान इधर नहीं जा रहा है।

### चोर समझकर की पिटाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** हरख ब्लॉक क्षेत्र के बलछत गांव में एक व्यक्ति अपने पड़ोसी के घर में घुस गया। लोगों ने चोर समझकर शोर मचाया और पिटाई कर उसे पुलिस को सौंप दिया। जैदपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बलछत गांव निवासी राजेंद्र वर्मा सोमवार की देर रात अपने पड़ोसी लल्लू के घर घुस गया। जहां लोगों ने चोर समझ कर शोर मचा दिया। 112 पर सूचना देकर पीआरवी पुलिस को सौंप दिया। पुलिस उसे थाने लेकर चली गयी।

# ज्येष्ठ माह के पहले बड़े मंगल पर उत्सव जैसा रहा माहौल

## शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक बही आस्था की बयार, हनुमान मंदिरों में सुबह और शाम के समय दर्शन-पूजन के लिए भक्तों का लगा रहा तांता

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह के पहले बड़े मंगल पर श्रद्धालु पवनपुत्र की भक्ति में डूबे नजर आए। जगह-जगह लगे भंडारों से उत्सव जैसा माहौल रहा। धनोखर मंदिर में सुबह से ही बजरंगबली के दर्शन को भक्तों का तांता लगा रहा।

बजरंग बली के मंदिरों में तेज धूप में एक हाथ में माला तो दूसरे हाथ में प्रसाद का डिब्बा लेकर लोग कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। वहीं कई भक्तों ने मंदिर परिसर में हनुमान चालीसा व बजरंग बाण का पाठ किया। श्रीरामलीला दशहरा मंदिर, कैलाश आश्रम, लखपेड़ाबाग स्थित बालाजी मंदिर, बड़ेल के हनुमान मंदिर, हड़ियाकोल के रोगहरण हनुमान मंदिर, जरौली हनुमान मंदिर व हैदरगढ़ के विजयी हनुमान मंदिर में सुबह और शाम के समय श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। शहर में जगह-जगह लगे भंडारों में अलग-अलग रंग दिखे। इसी तरह शुक्लाई स्थित श्री साईं इंटर कॉलेज के प्रबंधक डीके वर्मा ने भी भंडारे का आयोजन किया। इसकी शुरुआत गोंडा लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी श्रेया वर्मा व उनकी मां एवं पूर्व मंत्री राकेश वर्मा की पत्नी सुधा वर्मा ने की। यहां भंडारा सुबह से शुरू होकर देर शाम तक चलता रहा। इसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही कोतवाली के सामने सुनील झुनझुनवाला, कोतवाली के बगल बने नवनिर्मित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, पटेल तिराहे पर यादव होटल, हैदरगढ़ रोड़ पर सुनील आदि द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। शहर के कई अन्य स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया। इसी प्रकार रामनगर के रानी बाजार गणेशपुर त्रिलोकपुर, कस्बा रामनगर के पक्का तालाब स्थित हनुमान मंदिर सहित तहसील क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर भक्तों व समाजसेवियों द्वारा भंडारे आयोजित किए गए। सुबह हनुमानजी की पूजा से शुरू हुए भंडारे देर तक चलते रहे। कस्बा के मोहल्ला कादिराबाद-2 में शिवराम गुप्ता, राकेश, बबुआ, गोलू द्वारा बूंदी का प्रसाद वितरण किया गया। रानी मोहल्ला में सभासद अवनीश मिश्रा, कस्बा के पंचमुखी हनुमान मंदिर पर गौरी शंकर तिवारी द्वारा शर्बत वितरण किया गया। सिद्धौर ब्लॉक में देवस्थानों पर सुंदरकांड का पाठ तथा कहीं-कहीं रामचरितमानस का पाठ हुआ। बीरापुर ग्राम पंचायत में पूड़ी सब्जी एवं बूंदी का प्रसाद भक्तों ने भंडारे में खूब छका तथा ग्राम पंचायत ढेडिया में पूरे टिकैतन में भूई हारे बाबा के देवस्थान पर आरती एवं पूजा पाठ केबाद भंडारा किया गया। केसरगंज पराग डेरी पर अजय डेरी पर बड़े मंगल पर भंडारे का आयोजन किया गया। इस प्रकार क्षेत्र में कोठी रसूलपुर सेमरावां में भंडारा किया गया। कोठी चौराहा मदारपुर कैसरगंज बीस मील सेमरावां सहित क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर भक्तों द्वारा भंडारे का आयोजन हुआ। विद्युत उपकेंद्र सिरौलीगौसपुर में अवर अभियंता ने रामायण पाठ कराकर भंडारा आयोजित किया।

हैदरगढ़-रायबरेली मार्ग पर कस्बा के कुरेशी वार्ड में राजकुमार वैश्य, नवलेश वैश्य, रामचंद्र, विवेक, विकास और राधेश्याम द्वारा, रामेश्वरम शिवाला मार्ग पर स्थित अपने प्रतिष्ठान पर सुंदरकांड का पाठ कराकर भंडारे का आयोजन किया गया। इसके अलावा कस्बा हैदरगढ़, त्रिवेदीगंज, सुबेहा, कमेला, लाही सहित तमाम गांव में लोगों ने बजरंगबली की पूजा अर्चना कर भंडारा आयोजित कर प्रसाद का वितरण किया।

इसी प्रकार कस्बा बदोसरांय, सिरौली, मरकामऊ, रसूलपुर, सैदनपुर, कोटवाधाम और दरियाबाद के मथुरानगर सहित दर्जनों गांवों में लोगों ने बजरंगबली की पूजा अर्चना कर भंडारा आयोजित किया। इसी तरह फतेहपुर के महादेव तालाब, मुंशीगंज, जोशीटोला, कोतवाली स्थित हनुमान मंदिरों में भी पूजा-पाठ के बाद भंडारे का आयोजन हुआ।


धनोखर स्थित हनुमान मंदिर में दर्शन करते भक्त। अमृत विचार


भंडारे की शुरुआत करतीं श्रेया वर्मा व सुधा वर्मा। अमृत विचार


मुंशीगंज में भंडारे का प्रसाद लेते श्रद्धालु। अमृत विचार

### भंडारे का आयोजन

**सूरतगंज, बाराबंकी : अमृत विचार :** जेष्ठ माह के पहले मंगलवार को भंडारे का आयोजन किया गया। सूरतगंज के बेल चौराहे, रायपुर, मोहम्मदपुर खाला और अहरी चौराहे, रानीगंज और लालपुर आदि स्थानों पर भंडारे का आयोजन हुआ। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।


धनोखर हनुमान मंदिर पर दर्शन के लिये सड़क पर लगी श्रद्धालुओं की कतार। अमृत विचार


लाजपत नगर गेट के पास भंडारे में प्रसाद लेते श्रद्धालु। अमृत विचार

### आस्था के साथ मनाया गया बड़ा मंगल

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह का प्रथम मंगलवार तहसील क्षेत्र में आस्था के साथ मनाया गया। जगह-जगह हनुमान मंदिरों में सुबह से शर्बत वितरण और भंडारे का आयोजन किया गया। सुमेरगंज के बूढ़े हनुमानजी मंदिर, बाबा रामसनेहीदास मंदिर, भिटरिया की छोटी हनुमानगढ़ी, गाजीपुर हनुमंत धाम सहित अन्य मंदिरों दर्शन-पूजन के लिए भक्तों की भीड़ रही। सुमेरगंज के बूढ़े हनुमान मंदिर पर धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। मनमोहक झांकियों के बीच लोग भक्ति गीतों पर जमकर थिरके। इस दौरान सुरक्षा में पुलिस फोर्स तैनात रही। मंदिर समिति द्वारा बजरंग बली की पूजा कर उनकी झांकी को फूलों से सजे रथ पर आसीन कराया गया। शोभायात्रा सुमेरगंज से तहसील होते हुए भिटरिया हनुमानगढ़ी पहुंची। भिटरिया के छोटी हनुमानगढ़ी मंदिर शोभायात्रा पहुंचने पर भक्तों ने हनुमानजी की आरती उतारी।

### स्टाल लगाकर किया प्रसाद वितरण

**बनीकोडर, बाराबंकी: अमृत विचार:** ज्येष्ठ माह के पहले बड़े मंगल पर हनुमानजी के भक्तों द्वारा जगह-जगह स्टाल लगाकर प्रसाद वितरित किया गया।

प्रचंड गर्मी के बाद भी मंदिरों में दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। जरौली स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में भक्तों ने बजरंग बली का दर्शन पूजन किया। इस मौके पर हनुमान मंदिर जरौली, असंद्रा, बाजार, देवीगंज, नूरपुर और कादिरपुर आदि जगहों पर भक्तों ने स्टाल लगाकर हलुआ, पूड़ी-सब्जी, छोला-चावल, बूंदी और शरबत का वितरण किया। इसी क्रम में मदारपुर, बीस मील, सेमरावां, भानमऊ और डफरापुर समेत विभिन्न स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया।


नाका तिराहे पर भजन कीर्तन करते श्रद्धालु। अमृत विचार

# विनोद खुदकुशी मामले में पत्नी समेत तीन गिरफ्तार

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** दो माह पहले हुई विनोद की मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। उसकी पत्नी का संबंध किसी युवक से होने की बात सामने आई है। इसके चलते पति और पत्नी में विवाद होता रहता था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में विनोद की मौत जहर के सेवन से होना आया था। घटना के तीन दिन बाद युवक की मां ने थाने पर तहरीर देकर आत्महत्या के लिए उकसाने से बेटे की मौत होने के आरोप भी लगाए थे। मंगलवार को पुलिस ने विनोद की पत्नी, सास और प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया।

रोहितपुरवा थाना कैसरगंज, बहराइच निवासी विनोद निषाद (38) मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के लीलापुर मजरे बतनेरा में ससुराल में बेचन के घर रहता था। जहां 24 फरवरी की शाम पत्नी रुचि से झगड़ा हुआ। उसके बाद पति व पत्नी ने जहर खा लिया था। विनोद ने दम तोड़ दिया। वहीं उपचार के बाद रुचि की जान बच सकी। पीएम रिपोर्ट में मौत का कारण विषाक्त पदार्थ का सेवन होना सामने आया था। विवेचना में पता चला कि पत्नी का संबंध एक अन्य शख्स से था। इसे लेकर विनोद का पत्नी रुचि से विवाद होता था। पुलिस ने विनोद की सास सूरता देवी, पत्नी रुचि देवी निवासी लीला पुरवा और प्रेमी रविंदर तिवारी निवासी अटहरी मजरे हरक्का को गिरफ्तार किया।

# बूढ़े बाबा का पांच दिवसीय मेला आज से

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** सैयद सालार साहू बूढ़े बाबा का पांच दिवसीय मेला 29 मई से शुरू होगा। मेला शुरू होने से पहले ही यहां जायरीनों का आवागमन शुरू हो गया है।

बूढ़े बाबा की दरगाह पर सैकड़ों वर्ष पूर्व से ज्येष्ठ माह के पहले बड़े मंगल के दूसरे दिन से मेला लगता चला आ रहा है। मेले में जिले के अलावा लखनऊ, उन्नाव, कानपुर, गोंडा, बहराइच, लखीमपुर, रायबरेली, हरदोई, सुल्तानपुर, सहित अन्य जनपदों के जायरीन भी शामिल होते हैं। दरगाह कमेटी के सचिव चौधरी कलीमुद्दीन उस्मानी ने बताया कि 29 मई से 2 जून तक चलने वाले मेले में विविध आयोजन होंगे।

# मेडिसिन विभाग के उच्चीकरण पर जोर

कार्यालय संवाददाता

**बाराबंकी: अमृत विचार :** हिंद मेडिकल कॉलेज ने मंगलवार को अपने आकस्मिक विभाग का तीसरा स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर इमरजेंसी मेडिसिन के क्षेत्र में हुए विकास पर कार्यशाला हुई। मुख्य अतिथि सेना के अवकाश प्राप्त ब्रिगेडियर व चिकित्सा विवि सैफई के प्रथम कुलपति प्रो. टी. प्रभाकर ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। पीजीआई लखनऊ के प्रो. तन्मय पाठक ने मेडिकल कॉलेजों में इमरजेंसी मेडिसिन विभाग के उच्चीकरण व आधुनिक बनाए जाने पर बल दिया। केजीएमयू के डा. समीर मिश्रा ने भी संबोधित किया। इमरजेंसी मेडिसिन के विशेषज्ञ डा. स्वागत महापात्र ने आकस्मिक चिकित्सा क्षेत्र में हुई सकारात्मक उन्नति पर चर्चा की। डॉ. लोहिया इंस्टीट्यूट में क्रिटिकल केयर एवं एनेस्थेटिस्ट प्रो. ममता हरजाई, मेदांता अस्पताल से इमरजेंसी मेडिसिन विभाग प्रमुख डा. लोकेंद्र गुप्ता ने बहुआयामी चिकित्सा पर चर्चा की। हिंद चैरिटेबल के ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रो. आमोद सचान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अमेरिका से संबोधित किया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो दीपक मालवीय, डा. एसएनएस यादव, निदेशक राजेश राय, सीईओ वरुण श्रीवास्तव, आयोजन अध्यक्ष प्रो. आरबी सिंह, प्रो. अर्चना अग्रवाल, सचिव प्रो. सोमनाथ आदि मौजूद रहे।


प्रो. टी. प्रभाकर।


कार्यशाला में मौजूद अन्य अतिथि व चिकित्सक। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### रोटरी क्लब ने बड़ागांव की लाइब्रेरी को दिया कम्प्यूटर


कार्यक्रम में मौजूद रोटरी क्लब के पदाधिकारी। अमृत विचार

**मसौली, बाराबंकी : अमृत विचार :** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3120 की ओर से मंगलवार को लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित हाइवे एक होटल में सेवा विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। क्लब के गवर्नर सुनील बंसल ने साल भर रोटरी क्लब द्वारा कराये गये कार्यों की जानकारी दी। बड़ागाव पंचायत भवन में संचालित लाइब्रेरी के लिए एक कंप्यूटर प्रदान किया गया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रो. सुनील बंसल ने कहा कि धरा को हरा-भरा करने एवं जीवन को बचाने के लिए सबको पौधारोपण का संकल्प लेने की जरूरत है। विकास खण्ड मसौली की ग्राम पंचायत बड़ागाव के पंचायत भवन में ग्राम पंचायत द्वारा बनवाई गयी लाइब्रेरी में रोटरी क्लब द्वारा एक कंप्यूटर सिस्टम, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद एव पंचायत सचिव जैसराम को भेंट किया गया। बड़ागांव मे संचालित लाइब्रेरी में बड़ागाव सहित आसपास गांवो के बच्चे पढ़ाई के लिए आते हैं। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी आईएसबी मदन गोपाल कनौजिया, अवर अभियंता लघु सिंचाई अरुण कुमार व्यास, मनरेगा समन्वयक शिवबालक वर्मा सचिव उत्तम वर्मा मौजूद रहे।

### लिंक पर क्लिक करते ही खाते से साढ़े सत्रह हजार गायब

**हैदरगढ़ बाराबंकी, अमृत विचार :** कस्बा निवासी एक व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो गया। जालसाजी करते हुए साइबर ठगों ने बैंक खाते से हजारों रुपए निकाल लिए। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। कस्बा निवासी कुनाल कटियार ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया की गत 21 मई की दोपहर में वह फेसबुक चला रहा था कि तभी उसके मोबाइल पर एक लिंक आया। उसने लिंक को डाउनलोड करने के लिए जैसे ही क्लिक किया वैसे ही उसके बैंक ऑफ बड़ौदा के हैदरगढ़ शाखा स्थित खाते में जमा 17,799 रुपये की पूरी रकम निकल गई। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है।

### पीएम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं, विसरा सुरक्षित

**सुबेहा, बाराबंकी, अमृत विचार :** झोलाछाप के इलाज से कुलदीप की मौत हो गयी थी। पोस्टमार्टम में मौत के कारण का पता नहीं चल सका है। इसके बाद विसरा सुरक्षित कर लिया गया है। सुबेहा के हसनपुर वार्ड स्थित अपने ननिहाल आये 12 वर्षीय कुलदीप पुत्र राजेन्द्र गौतम निवासी इन्हौना, अमेठी मियां छावन बाबा की दरगाह पर लगे मेले में झूला झूलते समय गिर गया था। मामूली चोट लगने पर नाना जियालाल ने पास में संचालित झोलाछाप के यहां से दवा ली थी। थोड़ी देर बाद कुलदीप की तबीयत बिगड़ गयी और उसकी मौत हो गयी थी। परिजनों ने थाना सुबेहा में शिकायत दर्ज करायी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। पीएम रिपोर्ट में मौत के कारण का पता नहीं चलने पर विसरा को सुरक्षित रखा गया है। प्रभारी निरीक्षक गजेन्द्र सिंह ने बताया कि विसरा रिपोर्ट सुरक्षित कर ली गई है। जिसे विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा गया हैं। झोलाछाप फारूख को जेल भेजा गया है।

व्यवस्था

## मतगणना कार्मिकों का प्रशिक्षण शुरू, एक साथ 84 ईवीएम के मतों की होगी गिनती

# ईवीएम में रिजल्ट बटन दबाते ही आएगा परिणाम

कार्यालय संवाददाता

**बाराबंकी: अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में मतदान के बाद मतों की गिनती के लिए कार्मिकों का प्रशिक्षण शुरू हो गया। ईवीएम के लिए 456 मतगणना कार्मिक, पोस्टल बैलेट के 40 और 104 कार्मिक अतिरिक्त रखे गए हैं। पहले दिन दो पालियों में 300 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। अपर जिलाधिकारी के समक्ष हुए प्रशिक्षण में कार्मिकों को बताया गया कि ईवीएम का पावर बटन ऑन करने के बाद रिजल्ट बटन ही दबाना है इसके बाद परिणाम सामने आ जाएगा। एक साथ 84 बूथों के ईवीएम की मतगणना होगी।

डीआरडीए में मंगलवार से दो दिवसीय मतगणना का प्रशिक्षण शुरू हुआ। प्रशिक्षण के लिए ईवीएम गोदाम में रखी ईवीएम व वीवीपैट को जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार के नेतृत्व में लोकसभा प्रत्याशियों के प्रतिनिधि के सामने पुलिस सुरक्षा के साथ डीआरडीए सभागार तक ले जाई गई। सुबह दस बजे से प्रशिक्षण शुरू हुआ। परियोजना निदेशक मनीष कुमार ने बताया कि पहले रेंडमाइजेशन में 600 कार्मिक लिए गए हैं। इसमें 20 प्रतिशत अतिरिक्त हैं। सबसे पहले पोस्टल बैलेट पेपरों की गिनती होगी। बैलेट की गिनती होने के आधे घंटे बाद ईवीएम में बंद मतों की गणना होगी। डाक मतपत्रों की गणना सुबह आठ बजे से शुरू हो जाएगी। फार्म-13 सी के कवर जो मतगणना के लिए निर्धारित समय के बाद प्राप्त हुए हैं, वह नहीं खोले जाएंगे। लिफाफे के दो प्रारूप होंगे, जिसमें घोषणा पत्र होगा और दूसरा 13-बी होगा, जिसमें डाक मतपत्र होंगे। डीडीओ भूषण कुमार ने बताया कि घोषणा पत्र की जांच कर ली जाएगी, यदि घोषणा पत्र नहीं है या गलत है तो बैलेट पेपर निरस्त होगा। 25-25 मतपत्रों की गड्डियां बना ली जाएंगी। प्रत्येक उम्मीदवार के एजेंट के सामने गणना होगी।


ट्रेनिंग के लिये ब्लैंक ईवीएम को रवाना करते डीएम सत्येंद्र कुमार।

# मिक्सर मशीन में उतरा करंट श्रमिक की मौत, दो घायल

रामनगर बाराबंकी

**अमृत विचार :** सीहामऊ में एक निर्माणाधीन मकान में स्लैब डालने के लिए आयी मिक्सर मशीन का लिफ्ट चैनल हाईटेंशन तार में छू गया जिससे उसमें करंट उतर आया। करंट की चपेट में आने से एक श्रमिक की मौत हो गयी व दो लोग घायल हो गए।

सीहामऊ निवासी मनोज धीमान के निर्माणाधीन मकान की छत मंगलवार को मिक्सर मशीन से ढाली जा रही थी। मशीन में लगे मिक्सर चैनल उतारते समय छत के पास से गुजरी हाईटेंशन तार में वह छू गया जिससे करंट से बिठौरा निवासी मजदूर लच्छीराम (40) और जितेंद्र (24) व सीहामऊ निवासी मिस्त्री विश्वनाथ (38) गंभीर रूप से झुलस गए। लोगों ने निजी वाहन से घायल मिस्त्री को प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया और दोनों मजदूरों को स्थानीय सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां पर लच्छीराम को मृत घोषित कर दिया गया। जितेंद्र को जिला अस्पताल कर दिया गया।


हादसे के बाद सीएचसी पर लगी भीड़।

## एक नजर

### लावारिस मिला साधु का शव

अयोध्या। अमृत विचार : अयोध्या कोतवाली क्षेत्र में हनुमानगुफा के पास मंगलवार को एक साधु का लावारिस शव मिला है। उसके पास मिले आधार कार्ड से मृतक की पहचान संत कबीरनगर निवासी अनिल कुमार मिश्र (56) के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया कर मामले की जानकारी मृतक के परिवार को दी है।

### ड्राइवर भागा, सागौन की 20 टन लकड़ी जब्त

अयोध्या। अमृत विचार : नगर कोतवाली क्षेत्र के हवाई पट्टी के पास से वन विभाग की जोनल प्रवर्तन टीम ने ट्रक से सागौन की 20 टन अवैध लकड़ी पकड़ी है। जांच-पड़ताल के दौरान ट्रक चालक मौके से ही फरार हो गया। ट्रक को जब्त कर सदर रेंज में खड़ा कराया गया है। टीम प्रभारी रवि आनंद ने बताया कि सोमवार रात 11 :30 बजे के करीब हवाई पट्टी के पास शक के आधार पर गोंडा से आ रहे ट्रक यूपी 51 एटी 5152 रोका। ट्रक में पीछे सागौन की लकड़ियां लदी हुई थीं। लकड़ियों के मालिक कृष्ण कुमार तिवारी आए थे, लेकिन कागजात नहीं दिखा सके। कार्रवाई के दौरान वन दरोगा सीबी सोनकर व टीम के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

### आइसक्रीम फैक्ट्री का कर्मी लापता

अयोध्या। अमृत विचार : नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित एक आइसक्रीम फैक्ट्री का कर्मी लापता हो गया है। अशोक कुमार साहू (26 वर्ष) पुत्र किशोरी लाल साहू निवासी तेरा पतौरा थाना गेरवा, बांदा यहां नगर कोतवाली के हैदरगंज मोहल्ला स्थित एक आइसक्रीम फैक्ट्री में काम करता था। वह रविवार सुबह 6 बजे आइसक्रीम फैक्ट्री से निकला था और फिर लौटकर नहीं आया। खोजबीन के बावजूद कोई सुराग न मिलने पर सोमवार को गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। पुलिस का कहना है कि तलाश कराई जा रही है।

# अस्पतालों में हाहाकार, कुछ तो करो सरकार

## जिला अस्पताल में बिजली न पानी, खतरे में रही जिंदगानी, जिले की कई सीएचसी के हेल्थ एटीएम खराब

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले की स्वास्थ्य सेवाएं बेपटरी हो गई हैं। जिला अस्पताल में भीषण गर्मी के बीच बिजली-पानी व अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। सीएचसी पर स्वास्थ्य उपकरण न होने से जांचें प्रभावित हैं। कहीं एक-दो चिकित्सक के भरोसे ही पूरा चिकित्सालय चल रहा है तो कहीं ड्यूटी के बावजूद कक्ष में ताला लगाकर चिकित्सक गायब रहते हैं। अमृत विचार की टीम ने मंगलवार को जिले के प्रमुख अस्पतालों की नब्ज टटोली, जिसमें चौंकाने वाली बातें सामने आई हैं।

जिला अस्पताल में भीषण गर्मी के बीच बिजली-पानी की कमी को लेकर मरीज व तीमारदार व्याकुल दिखे। फीमेल सर्जिकल वार्ड में तीन घंटे बत्ती न रहने से अंधेरा पसरा हुआ था। पंखे बंद पड़े थे। मरीज के तीमारदारों ने बताया कि बिजली सुबह 11 बजे से गायब है। पेयजल की व्यवस्था बहुत ही खराब है। पानी भरने के लिए मुख्य दरवाजे के निकट लगे हैंडपंप पर जाना पड़ता है। ठंडे पानी के लिए महिला अस्पताल या फिर बाहर से ही खरीदकर लाना पड़ता है। दुर्घटना में घायल होने के बाद वार्ड में भर्ती रौनाही की विमलेश के तीमारदार प्रियंका और अजय ने बताया कि बत्ती न होने के कारण खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में लगे आरओ खराब हैं। जो चल भी रहे हैं वे गर्म पानी उगल रहे हैं। ठंडे पानी के लिए हैंडपंप चलाकर लाना पड़ता है। इसका फायदा उठाकर बाहर के लोग वार्डों में पानी बेचते दिखे। सीएमएस डॉ. उत्तम कुमार ने बताया कि बत्ती आधे घंटे के लिए ही गुल हुई थी। एक फेस में कुछ गड़बड़ी आ गई थी। आरओ चल रहे हैं, जिसमें गड़बड़ी है। उसकी मरम्मत कराई जाएगी।





परेशानी फीमेल सर्जिकल वार्ड में मरीज को मोबाइल टॉर्च की रोशनी में दवाएं देता तीमारदार एवं वार्ड में बंद पड़े पंखे। अमृत विचार

### ट्रेनी लगा रहे थे इंजेक्शन, सर्जन नदारद



डॉक्टर को दिखाने के लिए इंतजार करते मरीज।

रुदौली सीएचसी में मंगलवार को पर्चा बनवाने से लेकर दवा वितरण काउंटर तक अव्यवस्था का आलम दिखा। बाहर की दवाएं धड़ल्ले से लिखी जा रही थीं। जांच के लिए लगे हेल्थ एटीएम में किट न होने से जांच ठप है। आकस्मिक चिकित्सा कक्ष में आने वाले मरीजों को इंजेक्शन लगाते ट्रेनी फर्माशिष्ट मिले। बरामदे में पंखे नाकाफी हैं। बेंच का आभाव है। मरीज फर्श पर बैठे मिले। पीने के पानी के लिए एक मात्र लगे वाटर कूलर के फिल्टर की सफाई काफ़ी समय से नही हुई है। अधीक्षक डॉ. मदन बरनवाल अपने कमरे में मरीजों को देखते मिले। सर्जन डॉ. प्रियंका यादव का कमरा बंद मिला। अधीक्षक डॉ. मदन बरनवाल सर्जन के बारे में कोई जानकारी नहीं दे सके। आकस्मिक चिकित्सा कक्ष में फार्मासिस्ट के इंजेक्शन लगाने के बारे में अनभिज्ञता जताई। बताया कि सीएचसी जनपद की पहली ऐसी सीएचसी है जहां ओपीडी पर्चा कंप्यूटर से बनाया जा रहा है।



सोहावल सीएचसी के बच्चा वार्ड में लगा ताला।

### वार्डों में ताले, कई चिकित्सक गायब

सोहावल सीएचसी में सुबह 10 से 11 बजे के बीच केवल दो चिकित्सक ओपीडी चलाते मिले। महिला चिकित्सक, चिकित्साधिकारी की कुर्सी खाली रही। स्वास्थ शिक्षाधिकारी, चीफ फर्मासिष्ट, बच्चा वार्ड, डेंगू वार्ड आदि में ताला लटकता मिला। अस्पताल में आज तक अग्निशमन संयंत्र नही लग सका। प्रभारी कक्ष में मरीज देख रहे डॉ. अनिल सिंह, उमेश तिवारी ने बताया प्रभारी चिकित्साधिकारी मुख्यालय गए हैं। डॉ.फातिमा, डॉ. आलोक, डॉ. धर्मेंद्र राव की तैनाती है, लेकिन आए नहीं हैं। डॉ. इकबाल, जीनत, पारुल फील्ड ड्यूटी में हैं। प्रभारी डॉ. प्रेम चंद्र ने बताया कि डायरिया, बुखार, संक्रमण आदि के मरीजों की संख्या बढ़ी है। गैर हाजिर चिकित्सकों से पूछताछ की जाएगी।

### दंत चिकित्सक मौजूद, लेकिन मशीन ही नहीं

मवई सीएचसी में सभी चिकित्सक मौजूद अपने-अपने कक्ष में मरीजों को देख रहे थे। दंत चिकित्सक की तैनाती तो है पर दांतों को देखने वाली मशीन नहीं है। रोगियों को बाहर का रुख करना पड़ता है। हेल्थ एटीएम भी शो पीस है। इसमें मरीजों की जांच नहीं हो पाती है। अधीक्षक डॉ. पीके गुप्ता ने बताया कि गर्मी व लू की वजह से डायरिया व बुखार के मरीज ज्यादा आते हैं। जरूरत पड़ने पर भर्ती भी किया जाता है। बच्चों में सबसे ज्यादा कुपोषण के मरीज आते हैं।

### 11 बजे तक बंद रहा अधीक्षक का कार्यालय


तारुन सीएचएसी में सुबह 10 बजे कई मरीज अपना इलाज कराने के लिए पहुंचे थे। डॉ. विशाल शुक्ला ने बताया कि इमरजेंसी में 25 से 30 मरीज आते हैं। डॉक्टर बीके राय नेत्र परीक्षण अधिकारी ने बताया कि अत्यधिक तापमान होने के कारण जो आंख से पीड़ित मरीज आते हैं। डॉ अरविंद यादव व डॉ. विकास सिंह ने बताया कि बढ़ते तापमान में लोगों को 10 से चार बजे तक अपने घरों में ही रहना चाहिए। प्रभारी डॉ. पंचम कमलेश यादव सुबह 11 बजे तक नहीं आए थे। उनके कार्यालय का दरवाजा बंद रहा।

> हेल्थ एटीएम की गड़बड़ियों और रिजेंट्स को लेकर अधीक्षकों से जानकारी मांगी गई है। अस्पतालों में लगातार निरीक्षण किया जाता है। आपकी ओर से जो जानकारी दी गई है। उनके बारे में मालूम नहीं है। मरीजों की शिकायतें आएंगी तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की जाएगी। - **डॉ. संजय जैन, सीएमओ**

# जिले की बिजली आपूर्ति व्यवस्था को झटका

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** गर्मी के चरम पर पहुंचते ही बिजली आपूर्ति गड़बड़ा गई है। 350 मेगावाट डिमांड के स्थान पर 270 मेगावाट आपूर्ति मिलने से उप केन्द्रों के फीडर पस्त हो रहे हैं। नतीजा नगर के 34 उप केन्द्रों में से 18 द्वारा लगातार अघोषित कटौती की जा रही है। जिसके कारण लोगों को भीषण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

नगर क्षेत्र में पांच दिनों से बिजली आपूर्ति की गाड़ी पटरी से उतर गई है। वर्तमान में भीषण गर्मी के चलते डिमांड का पारा हाई हो गया है। अंधाधुंध एयर कंडीशनर और कूलर के इस्तेमाल से ट्रिपिंग की समस्या भी बढ़ गई है। सप्ताह भर पहले सभी 34 उपकेंद्रों द्वारा एक से दो घंटे की रोस्टिंग की जा रही थी। जो महज तीन दिनों में चार से छह घंटे हो गई है। सर्वाधिक प्रभावित उप केन्द्रों में चौक, लालबाग, अश्वनीपुरम, अमानीगंज, नियामक, नाका, अंजनीपुरम आदि शामिल हैं। इन उपकेन्द्रों द्वारा 24 घंटे में नौ से 11 बार बिजली कटौती की गई है। अंजनीपुरम कैंट विद्युत उपकेंद्र और चौक उपकेंद्र द्वारा मंगलवार को तीन से चार घंटे की टुकड़े-टुकड़े में कटौती की गई है। बताया जाता है कि ओवरलोड होकर ट्रांसफार्मर हांफ रहे हैं। लखनऊ में तो कूलर लगाया गया तो अब यहां भी इसकी कवायद की जा रही है। इतना ही नहीं सभी उपकेंद्रों के फीडर भी ओवरलोड चल रहे हैं। जिसके कारण दो से ढाई घंटे के दौरान कई-कई बार ट्रिपिंग हो रही है। अंजनीपुरम कैंट उपकेंद्र द्वारा मंगलवार को ट्रिपिंग से देवकाली क्षेत्र की बिजली दो घंटे तक गुल रही। वहीं चौक उपकेन्द्र से नियावां फीडर पर भी 33 हजार लाइन में ब्रेकडाउन से कई घंटे तक आठ मोहल्लों की बिजली आपूर्ति ठप रही। पॉवर कॉर्पोरेशन का कहना है कि लोग बेतहाशा बिजली इस्तेमाल कर रहे हैं इसलिए कटौती करनी पड़ रही है। ट्रिपिंग भी इसी वजह से हो रही है।



**डिमांड के फेर में फंसे बिजली उपकेंद्रों के फीडर भी हुए पस्त**

> बिजली की डिमांड बढ़ी है। पारेषण से भी लिखा-पढ़ी की जा रही है। लोगों को भी जागरूक होना होगा तभी सुचारू आपूर्ति मिलेगी। प्रयास किया जा रहा है कि ट्रिपिंग कम से कम हो। **-प्रदीप कुमार वर्मा, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खंड प्रथम**



हनुमानगढ़ी पर उमड़ा श्रद्धालुओं का रेला। अमृत विचार

### आईजी के आदेश पर पति-पत्नी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**तारुन अयोध्या। अमृत विचार :** थाना पुलिस ने आईजी प्रवीण कुमार के आदेश पर पति-पत्नी के विरुद्ध युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने और मारपीट की धारा में रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती की मां का कहना है कि 17 मई की दोपहर वह पड़ोस के गांव में चूड़ी पहनाने गई थी। इसी दौरान कासिम ने अपनी पत्नी किस्मतुल निशा की मदद से पुत्री को अगवा कर लिया। घर वापस लौटने के बाद मामले की जानकारी हुई। घर से 45 हजार रुपये और कीमती जेवरात गायब मिला है। वह पूछताछ और शिकायत करने गई तो आरोपी के पत्नी ने उससे मारपीट की। थाना पुलिस की ओर से कार्रवाई न किए जाने पर शिकायत आईजी से की थी। थानाध्यक्ष ओम प्रकाश राय ने बताया कि अगवा व मारपीट की धारा में पति-पत्नी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच और युवती की तलाश कराई जा रही हैं।

# जिला अस्पताल : शपथ पत्र पर चिकित्सकों से कराए हस्ताक्षर

अयोध्या कार्यालय

**बाहर की दवाएं लिखने व जांच कराने के मामले में नकेल कसने की तैयारी**

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल की ओपीडी और इमरजेंसी में बाहर की दवाओं के लिखने का क्रम टूट नहीं रहा है। आए दिन ऐसी शिकायतें सीएमएस के पास पहुंच रही हैं। इस पर लगाम लगाने के लिए सीएमएस ने अब नया पैंतरा शपथपत्र खोज निकाला है।जिससे कि भविष्य में कोई भी चिकित्सक बाहर की दवाएं लिखता पकड़ा जाए तो उस पर कार्रवाई की जा सके।

शपथ पत्र लेकर कार्यालय का एक कर्मी सभी चिकित्सकों के पास पहुंचा। सभी चिकित्सकों ने पढ़ने के बाद उस पर हस्ताक्षर कर दिये। सूत्रों की मानें तो शपथपत्र में साफ लिखा है कि चिकित्सालय में लगातार बाहर की दवाएं व जांच कराने की शिकायतें आ रही है। इसलिए अब कोई भी चिकित्सक बाहर की दवाएं नहीं लिखेगा। जिला अस्पताल में सभी तरह की जांच उपलब्ध है। मरीजों को बाहर से जांच भी न लिखी जाए। इसके अलावा कोई भी चिकित्सक अपने कक्ष में किसी भी अनधिकृत व्यक्ति को अपने पास नहीं बैठाएगा। सभी चिकित्सक समय पर राउंड करेंगे। सीएमएस डॉ. उत्तम कुमार ने बताया कि बार-बार नोटिस दिया जा रहा था। उसके बावजूद कोई आदेश मानने को तैयार नहीं था। अब शपथपत्र पर चिकित्सकों व अन्य कर्मियों ने हस्ताक्षर कर दिए हैं।

### बाबा बागेश्वर के आश्रम में मिली लापता विवाहिता

**अयोध्या।** मूल रूप से ग्राम सिंधावे पोस्ट पथरदेवा जनपद देवरिया के निवासी और यहां अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के देवकाली बाईपास से भीखापुर रोड स्थित शशि गैस एजेन्सी के पीछे श्रीरामपुरम कॉलोनी फेज दो में रहने वाले मयंक मणि त्रिपाठी ने रविवार को पुलिस में पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। बताया था कि उनकी पत्नी मंदाकिनी शनिवार सुबह लगभग 11 बजे श्रीरामपुरम कॉलोनी आवास से बैग सही कराने के लिये बड़ी देवकाली रोड स्थित दुकान पर गई थीं, लेकिन लौटकर नहीं आई। लापता विवाहिता की तलाश में जुटे परिजनों व पुलिस को विवाहिता के मोबाइल पर 700 रूपये निकासी के फेल होने का मैसज मिला तो संबंधित एटीएम बूथ की लोकेशन की खोज शुरू हुई। इसी बीच विवाहिता का उसके भाई के मोबाइल पर फोन आ गया। विवहिता ने बताया की वह एमपी के छतरपुर स्थित बागेश्वर बाबा के आश्रम के निकट एक दुकान पर है। इसके बाद परिवार वाले उसको वापस लेकर आए हैं।

# ज्येष्ठ के पहले मंगल पर हनुमानगढ़ी में उमड़े श्रद्धालु

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह के पहले मंगल पर सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु बजरंगबली के दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे। भीषण गर्मी के बावजूद भोर से ही लोग कतारबद्ध हो गए। हनुमानगढ़ी के साथ ही रामलला के दरबार में श्रद्धा हिलोरे ले रही थी। जय श्रीराम के उद्घोष से राम नगरी गूंज रही थी।

श्रद्धालुओं से भोर में तीन बजे सरयू के घाट पट गया। पवित्र सरयू नदी में स्नान कर श्रद्धालु बजरंगबली के दर्शन के लिए सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी और रामलला के दरबार में पहुंचने लगे थे। बड़ा मंगल, मंगलकारी माना जाता है। कहते हैं कि ज्येष्ठ माह में सूर्य मेष राशि में होता है, ऐसी मान्यता है, कि हनुमान जी का पराक्रम सूर्य के तेज से अत्यंत प्रभावी हो जाता है,जो भक्तों को पुण्य लाभ की पराकाष्ठा तक पहुंचाता है। रात तक दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रही।



बड़े मंगल पर हनुमानगढ़ी पर उमड़ी भक्तों की भीड़।

### सरयू जल व पंचामृत से अभिषेक

हनुमानगढ़ी के पुजारी रमेश दास बताते हैं कि ज्येष्ठ के पहले मंगल को हनुमानजी महाराज का विशेष पूजन किया गया। सरयू जल और पंचामृत से अभिषेक किया गया। भव्य श्रृंगार कर आरती की गई। भोर के चार बजे मंदिर का पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। देर शाम तक श्रद्धालुओं के दर्शन का क्रम जारी रहा।

### भक्तों के लिए रही अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था

बड़े मगंल पर अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के सुरक्षा की भी व्यापक इंतजाम किए गए थे। अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती के साथ मंदिर के प्रवेश मार्ग पर मेटल डिटेक्टर और कैमरे से निगरानी की जा रही थी।

### खाली पेट दर्शन के लिए न जाएं

श्रद्धालुओं की सेवा और सुरक्षा में लगे पुलिस के अफसर भीषण गर्मी में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर रहे थे। मंदिर के मुख्य द्वार पर पुलिस अधिकारी आने वाले दर्शनार्थियों से अपील कर रहे थे कि खाली पेट दर्शन के लिए न जाएं। मंदिर में भीड़ अधिक है। चक्कर आ सकता है। आपका जीवन खतरे में पड़ सकता है। पानी पीते रहे।

# सड़क पर हो रहा जलभराव मरीजों की बढ़ी मुसीबत

सोहावल, अयोध्या

**अमृत विचार :** नगर पंचायत खिरौनी अंतर्गत रेलवे फाटक सोहावल से सीएचसी तक जाने वाली सड़क पर जलभराव के अस्पताल आने-जाने वाले लोगों व मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

रेलवे के निर्माण से जुड़े ट्रकों से सड़क गड्ढों में तब्दील हुई और नाली का पानी सड़क पर आकर भर गया इसके कारण लोगों को पैदल चलने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दो पहिया व चार पहिया वाहन से लोग मरीज को लेकर चार किलोमीटर का चक्कर लगा शेखपुर के रास्ते सीएचसी तक पहुंच रहे है।



रेलवे फाटक से सीएचसी सोहावल जाने वाले मार्ग की दयनीय हालत। अमृत विचार

> न घटिया निर्माण होने दिया जाएगा। न ही किसी का दबाव चलेगा। जल्द ही सड़क से जलभराव खत्म कराया जाएगा। सड़क सुरक्षा और सरल यातायात हमारी प्राथमिकता में शामिल है। **-सचिन पटेल, ईओ नगर पंचायत खिरौनी सुचित्तागंज**

## सार-संक्षेप

### रूदौली क्षेत्र में प्याऊ के इंतजाम नहीं

**भेलसर, अयोध्या। अमृत विचार :** चिलचिलाती धूप और गर्मी से जनजीवन प्रभावित है। गर्मी के कारण लोग जरूरी काम के लिए ही घर से बाहर निकल रहे हैं, लेकिन नगर पालिका परिषद द्वारा कोई भी प्याऊ घर नहीं खोला गया है। ऐसे में लोगों को मजबूरी में 20 रुपये प्रतिलीटर बिकने वाली पानी की बोतलों को खरीदकर अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है। व्यापार मंडल महामंत्री राजेश गुप्ता ने कहा कि गर्मी का व्यापार पर भी असर पड़ा है। ग्राहक बाजार में नहीं आ रहे हैं।



रुदौली नगर पालिका परिषद क्षेत्र में खराब पड़ा वाटर कूलर

### समर कैंप को लेकर शिक्षक संगठनों में टकराव की स्थिति

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** सरकारी विद्यालयों में भीषण गर्मी और ग्रीष्मावकाश में समर कैम्प के आदेश से विभाग और शिक्षक संगठनों में टकराव की स्थिति बन गई है। माध्यमिक शिक्षा परिषद और बेसिक शिक्षा विभाग दोनों ने ही पांच से 11 जून तक विद्यालयों में समर कैम्प के आदेश जारी किए हैं। शिक्षक संगठनों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि ग्रीष्मावकाश चल रहा है। पारा करीब 43 डिग्री है। ऐसे में समर कैम्प जोखिम भरा हो सकता है। प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन उत्तर प्रदेश, विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश, उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट समेत अन्य शिक्षक संगठनों ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा समेत अन्य अधिकारियों को पत्र लिख विरोध जताया। इस संबंध में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी का कहना है कि यदि कोई राहत नहीं मिलती तो आगे की रणनीति तय की जाएगी। वहीं बीएसए संतोष कुमार राय ने कहा कि शासन स्तर पर जो भी निर्णय होगा पालन कराया जाएगा।

### बार एसोसिएशन के नामांकन के दूसरे दिन 14 ने भरे पर्चे



रुदौली बार एसोसिएशन के चुनाव में नामांकन पत्र दाखिल करते प्रत्याशी।

**रुदौली अयोध्या। अमृत विचार :** बार एसोसिएशन तहसील रुदौली के चुनाव के लिए नामांकन के दूसरे दिन मंगलवार को विभिन्न पदों के लिए 14 नामांकन पत्र दाखिल हुए। एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन साहब शरण वर्मा व चुनाव अधिकारी हरिनारायण यादव ने संयुक्त रूप से बताया मंगलवार को अध्यक्ष पद के लिए गोरख नाथ तिवारी, उपाध्यक्ष पद पर राम मनोरथ वर्मा व दिलीप कुमार सिंह, उपाध्यक्ष प्रथम पद पर प्रदीप कुमार यादव, महामंत्री पद के लिए दशरथ लाल यादव, संयुक्त मंत्री पुस्तकालय पद हेतु वीरेन्द्र कुमार यादव, कोषाध्यक्ष पद के लिए बृज कुमार शर्मा व सुधीर कुमार श्रीवास्तव आदि ने नामांकन किया।

बड़ा खुलासा — तारून में लगाए गए पौधे अब नहीं दिखे, वन विभाग में खलबली, वन महोत्सव अभियान का सच

# जहां रोपे थे एक लाख पौधे अब वहीं हुई गड्ढा खोदाई

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जुलाई माह में मनाए जाने वाले वन महोत्सव को लेकर एक बड़ा खुलासा सामने आया है। इस वर्ष वहीं गड्ढों की खोदाई की जा रही है जहां गत वर्ष एक लाख से अधिक पौधे रोपे जाने का दावा वन विभाग की ओर से किया गया था। यह एक लाख पौधे कहाँ गायब हो गए और कौन जानवर चर गए यह जानकारी वन विभाग के पास भी नहीं है। यह खुलासा तो अकेले तारुन ब्लॉक का सामने आया है, जबकि गत वर्ष सभी 11 ब्लॉकों में 30 लाख से अधिक पौधे रोपे जाने का दावा किया गया था।

धरातल पर देखा जाए तो सरकारी आंकड़ों में पौधे जिंदा हैं, लेकिन जमीन पर नहीं हैं। प्रत्येक वर्ष जुलाई-अगस्त के बाद देखरेख के अभाव में पौधे सूख जाते हैं। तारून से तीन किलोमीटर दक्षिण तमसा नदी के किनारे तकमीन गंज व जाना ग्राम पंचायत में लगभग प्रत्येक वर्ष वन विभाग द्वारा पौधे लगाए जाते हैं। इसे लेकर मंगलवार को जब पड़ताल की गई तो इस समय उक्त स्थान पर एक प्रतिशत भी पौधों का नामोनिशान नहीं है। इस वर्ष फिर अप्रैल माह में ट्रैक्टर से गड्ढे की खुदाई कर दी गई जो एक फिट की गहराई से भी कम है। गड्ढों से गड्ढों की दूरी एक मीटर है। इसी तरह ग्राम पंचायत बेलगरा के मनिहरवा चारागाह के पास वन विभाग द्वारा पौधरोपण किया गया था, लेकिन देखरेख के अभाव में पौधे सूख गए। इस बाबत वन विभाग को जवाब देते नहीं बन रहा है।



तकमीनगंज बिसुही नदी के किनारे ग्राम सभा जाना में वन विभाग द्वारा दोबारा खोदे गए गड्ढे

> इस संबंध में अभी कोई जानकारी नहीं है। जांच कराई जाएगी रोपे गए पौधे कहां चले गए। मैं खुद तकमीनगंज जांच के लिए जाऊंगा अगर नहीं है तो बड़ी लापरवाही है। जिम्मेदार के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। **- एसपी सिंह, वन अधिकारी, बीकापुर रेंज**

# हत्या के प्रयास में मां-बेटे को 10 साल की सजा

**अयोध्या। अमृत विचार :** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट तृतीय अमर सिंह की अदालत ने मंगलवार को जहर देकर दो सगे भाइयों के हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी मां-बेटे को 10-10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों पर 75 हजार रुपया जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की संपूर्ण धनराशि में से 25-25 हजार रुपये बतौर प्रतिकर पीड़ित दोनों भाइयों को देने का आदेश दिया है। फौजदारी के वरिष्ठ अधिवक्ता सईद खान व एडीजीसी सुधाकर मिश्रा ने बताया कि घटना 13 फरवरी 2012 की है। रौनाही थाना क्षेत्र के बरौली पूरे राजवंत मोहल्ला अरथर निवासी राम निहोर ने रिपोर्ट लिखाई थी कि उनका लड़का विपिन कुमार व कृष्ण मोहन गांव स्थित बाबा कुटी पर गया था। गांव के रवि ने पहले दोनों लड़कों को संतरा खिलाया और उसके बाद कहीं से विषाक्त पदार्थ लेकर आए तथा दोनों को पिला दिया। जिसके बाद दोनों लड़के बेहोश हो गए और दोनों को जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। कई दिन इलाज के बाद दोनों की हालत में सुधार हुआ। जहर पिलाने में रवि की मां शंकरा देवी का भी हाथ था। इसकी रिपोर्ट घटना के पांच दिन बाद 17 फरवरी को लिखाई गई थी। विवेचना के बाद विवेचक ने मां बेटे के खिलाफ जहर देकर हत्या करने के प्रयास की धारा में आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। विचारण के बाद कोर्ट ने मां-बेटे को सजा सुनाई।

## एक नजर

### 15 जून तक बंद हुए आंगनबाड़ी केंद्र

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** भीषण गर्मी के चलते लू व धूप से बचाव के लिए डीएम के अनुमोदन पर आगनबाड़ी केंद्र 15 जून तक बंद किए गए हैं। लेकिन विभाग द्वारा संचालित अन्य कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे। उक्त जानकारी प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी रविश्वर राव ने दी।

### पानी प्रकृति की देन है, इसको बर्बाद न करें: सौरभ

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कटका क्लब सामाजिक संस्था के द्वारा कटका खानपुर बाजार में निशुल्क प्याऊ का शुभारंभ संस्था के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा ने किया। जिसकी देखरेख की जिम्मेदारी संस्था के राजकुमार गौतम को दी गई है। इस मौके पर सौरभ ने कहा कि पानी प्रकृति की देन है इसको बर्बाद न करें अन्य देशों की तरह पानी के महत्व की सीख के लेनी चाहिए। इस मौके पर संस्था के राजकुमार गौतम, बैजनाथ साहू, फूलचंद गौड़ ,मनोज कुमार गौड़, केसरी प्रसाद मिश्रा, दिनेश ,सुरेश साहू व रवि अग्रहरि आदि रहे।

### विषाक्त पदार्थ खाने से राजगीर की मौत

**कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचार :** पारिवारिक कलह के चलते राजगीर मिस्त्री ने विषाक्त पदार्थ खा कर जान दे दी। सुबह परिवारीजनों ने देखा तो दंग रह गए। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोमवार रात दूधनाथ पासवान (45) निवासी पटना सैदखानपुर मजरे किशुनी का पुरवा राजगीर मिस्त्री थे। मृतक की मां नयका देवी ने बताया की शराब खूब पिए थे। पति-पत्नी दोनों में कहासुनी हुई तो पत्नी मायके इलाहाबाद चली गई थी। थानाध्यक्ष ने बताया की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# 380 कार्मिक 70 टेबलों पर कराएंगे मतगणना

## आज और कल होगा मतगणना कर्मियों का प्रशिक्षण, ईटीपीबीएस कार्मिकों का हो चुका है प्रशिक्षण

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव संपन्न हो चुका है, प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया है। अब सबकी निगाहें मतगणना पर टिकी है। प्रशासन ने लोकसभा के मतों की गिनती के लिए तैयारी शुरू कर दी है। नवीन कृषि मंडी अमहट में मतगणना की व्यवस्था चल रही है। वहीं, स्ट्रांग रूम में जमा ईवीएम पर तीसरी आंख के साथ सीआरपीएफ व पुलिस के जवान मुस्तैद है।

ईवीएम से पड़े मतों की गणना के लिए पाचों विधानसभा के लिए पांच हाल बनाए जा रहे हैं। एक हाल में एक विधानसभा के मतों की गिनती की जाएगी। इसके लिए प्रत्येक हाल में 14 टेबल लगाए जाएंगे। पोस्टल बैलेट की गणना जिला निर्वाचन अधिकारी हाल में होगी। वहां भी 14 टेबल होंगे। पांचों विधानसभा के मतों की गिनती के लिए एआरओ और सहायक कर्मियों को मिलाकर कुल 95 टेबल लगाएं जाएंगे।

एक मतगणना टेबल पर्यवेक्षक, एक माइक्रो आब्जर्वर, एक गणना सहायक व एक अतिरिक्त कार्मिक की तैनाती होगी। वही पोस्टल बैलेट गणना टेबल पर एआरओ के अतिरिक्त एक मतगणना पर्यवेक्षक व एक गणना सहायक की तैनाती होगी। प्रत्येक टेबल पर उम्मीदवारों की ओर से एक मतगणना अभिकर्ता भी नियुक्त किए जाने की अनुमति होगी। एआरओ टेबल पर भी एक अभिकर्ता मौजूद रहेगा। मतगणना के दिन पोस्टल बैलेट की गणना के लिए 52, ईटीपीबीएस (इलेक्ट्रानिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट सिस्टम) के लिए 15 व


मंडी परिषद में मतगणना के लिए लगाए जा रहे टेबल। अमृत विचार

ईवीएम में पड़े मतों की गिनती के लिए 380 कार्मिकों की तैनाती की गई है।

### ईटीपीबीएस मत की गणना के लिए कार्मिक प्रशिक्षित

ईटीपीबीएस सर्विस उन वोटर के लिए है जो देश की सुरक्षा व्यवस्था में सेना में तैनात हैं। चार जून को आठ बजे से पहले तक आने वाले मतों को गणना में शामिल किया जा सकेगा। इस कार्य में लगाए गए 15 कार्मिको को सोमवार को ही प्रशिक्षित कर दिया गया है। विकास भवन एनआईसी में डीआईजी लालचन्द्र यादव ने ईटीपीबीएस के मतों के गणना की पूरी प्रक्रिया बताई है।

### मतगणना की तैयारियों को दिया जा रहा अंतिम रूप

उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम प्रशासन गौरव शुक्ल ने बताया कि मतगणना की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मतगणना कार्मिकों का भी चयन हो गया है। मतगणना टेबल तय हो चुके हैं। बुधवार व गुरुवार को ईवीएम में पड़े मतों की गणना के लिए नियुक्त कार्मिकों का दो पालियों में प्रशिक्षण होगा। दो जून को उन्हें अंतिम रूप से प्रशिक्षित किया जाएगा। 30 मई को ही पोस्टल बैलेट के गणना कार्मिक भी प्रशिक्षित किए जाएंगे। बिना पास के कोई भी मतगणना स्थल पर प्रवेश नहीं कर पायेगा।

### जिला निगरानी सेंटर से मतगणना पर रखी जाएगी नजर

चार जून को अमहट स्थित नवीन मण्डी समिति में कराई जाने वाली मतगणना के लिए जिला निगरानी सेंटर बनाया जाएगा। जिसमें कम्प्यूटर, सीसीटीवी कैमरा व अन्य संचार संसाधनों से लैस होगा। पांचों विधानसभा क्षेत्रों के मतगणना पाण्डालों पर निगरानी सेंटर से नजर रखी जाएगी। मतगणना के परिणाम की जानकारी चरणबद्ध जानकारी जिला निगरानी सेंटर से मीडिया को उपलब्ध कराई जाएगी। पांचो विधानसभा क्षेत्रों के पाण्डाल को लोहे की जाली से घेरा जाएगा।

## कमरे में गमछे से लटका मिला युवक का शव

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** कोतवाली देहात के पन्ना टिकरी कामतागंज गांव निवासी मुन्नालाल दो पुत्र व परिजनों के साथ शंभूगंज रोड पर स्थित अपने मकान पर रहता है। मुन्नालाल का छोटा बेटा हिमांशु हाइवे पर स्थित कामतागंज बाजार में फर्नीचर की दुकान करता हैं। सोमवार की रात हिमांशु हर दिन की तरह भोजन कर दुकान वाले कमरे पर सोने चला गया। मंगलवार की सुबह घर न लौटने हिमांशु की मां उसके कमरे पर पहुंची तो हिमांशु का शव कमरे के छड़ के हुक से गमछे के सहारे लटकता देख उसके होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देहात कोतवाल ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# दीवानी कर्मचारियों ने की प्रतिज्ञा सभा

- मांगों को लेकर तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने किया आयोजन

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर मंगलवार को तृतीय श्रेणी एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों द्वारा एक संयुक्त प्रतिज्ञा सभा का आयोजन किया गया। प्रतिज्ञा सभा का संचालन उत्तम कुमार के द्वारा किया गया।

दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश द्वारा उच्च न्यायालय एवं उत्तर प्रदेश सरकार के समक्ष निस्तारण के लिए लंबित विभिन्न मांगों से अवगत कराया गया। दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश, अयोध्या मण्डल अध्यक्ष बद्रीनाथ यादव एवं अंजुमन हिमायत चपरासियान संघ शाखा सुलतानपुर के अध्यक्ष रविदत्त मिश्रा ने प्रतिज्ञा सभा को सम्बोधित किया। दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ शाखा सुलतानपुर के अध्यक्ष हरिराम यादव द्वारा समस्त उपस्थित कर्मचारियों को प्रतिज्ञा दिलायी गयी। इस प्रतिज्ञा सभा में प्रभारी प्रशासनिक अधिकारी अनिल कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कर्मचारियों ने प्रांतीय संघ द्वारा गत 19 मई की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार आगामी सात जुलाई को उच्च न्यायालय इलाहाबाद के सामने स्थित हनुमान मंदिर/ अम्बेडकर प्रतिमा के समक्ष प्रार्थना सभा में उपस्थित होने का संकल्प लिया।


प्रतिज्ञा सभा में शामिल दीवानी के तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी। अमृत विचार

# सांसद संजय सिंह के मामले में कल होगी सुनवाई

- बिजली-पानी को लेकर सड़क जाम करने का मामला



विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** सजा के खिलाफ दायर अपील में मंगलवार को सुनवाई नहीं हो सकी। न्यायाधीश एकता वर्मा ने सुनवाई के लिए 30 मई की तारीख नियत की है। बिजली-पानी की समस्या को लेकर सरकार के विरुद्ध धरना प्रदर्शन और रोड जाम के 23 साल पुराने मामले में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह समेत चार को लोअर कोर्ट ने तीन माह की सजा सुनाई थी जिसे सेशन कोर्ट में चुनौती दी गई है।

### महिला आरक्षी से दुराचार मामले में आदेश को चुनौती

**सुलतानपुर :** हलियापुर थाने की महिला आरक्षी से दुराचार करने के आरोपी पूर्व थानाध्यक्ष नीशू तोमर के खिलाफ सीजेएम कोर्ट ने पुलिस रिपोर्ट खारिज कर दुराचार तथा अन्य आरोपों में संज्ञान लिया था। पूर्व थानाध्यक्ष नीशू तोमर ने सेशन कोर्ट में निगरानी दायर कर सीजेएम के आदेश को चुनौती दी है। महिला आरक्षी के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि सेशन जज जेपी पांडेय ने याचिका पर सुनवाई 29 मई को नियत की है। साल 2021 में हलियापुर थाने में तैनात रही एक महिला आरक्षी ने तत्कालीन थानाध्यक्ष नीशू तोमर पर मानसिक तथा शारीरिक उत्पीड़न कर अश्लील वीडियो बनाने, वीडियो वायरल करने की धमकी देकर कई बार दुराचार करने, मारपीट, धन हड़पने और गबन के आरोपों में मुकदमा दर्ज कराया था।

### अधिवक्ता हत्याकांड में सुनवाई 6 जून को

**सुलतानपुर :** अधिवक्ता आजाद अहमद हत्याकांड में मंगलवार को वकीलों के प्रस्ताव के कारण सुनवाई नहीं हो सकी । मामला अभियोजन साक्ष्य में वादी से जिरह की प्रक्रिया में चल रहा है। वादी पक्ष के वकील शेख नजर अहमद ने बताया कोर्ट ने सुनवाई के लिए 6 जून की तारीख नियत की है। कोतवाली देहात थाने के अलहदादपुर गांव निवासी अधिवक्ता आजाद अहमद की बीते साल छह अगस्त को भुलकी चौराहे के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जबकि उनके भाई मुनव्वर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मृतक के पिता मो. सलीम ने कोतवाली नगर के लोलेपुर गांव निवासी सिराज अहमद उर्फ पप्पू, घरहा निवासी इस्माइल उर्फ प्रिंस, सोहराब, मेराज, सलमान समेत कई आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था।

# मेडिकल कॉलेज में दिख रहा नौतपा का असर

- लू, दस्त व बुखार के मरीज पहुंच रहे सबसे ज्यादा

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** बढ़ते तापमान, भीषण गर्मी व लू लोगों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रही है। अस्पताल आने वाले ज्यादातर मरीज बुखार, जुखाम खांसी व पेट दर्द की समस्या से पीड़ित पाए जा रहे हैं। अस्पतालों में मरीजों की भीड़ उमड़ रही है। गंभीर रूप से बीमार मरीजों को भर्ती कर उनका इलाज किया जा रहा है। जिले का तापमान 43 डिग्री के पार पहुंच गया है। किसानी व अन्य कार्यों के चलते लोग धूप में निकल रहे हैं, जिससे तेजी से बीमार पड़ रहे हैं।

मंगलवार को मेडिकल कालेज में करीब 12 सौ मरीज इलाज के लिए पहुंचे। जिसमें से अधिकतर मरीज बुखार, जुखाम, खांसी और पेट दर्द की समस्या से ग्रस्त थे। वही उल्टी व दस्त से ग्रस्त मरीजों को अस्पताल में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि हीट वेव के चलते लोग बीमार पड़ रहे हैं। वहीं मेडिकल कॉलेज प्रशासन का दावा है कि अस्पताल आने वाले सभी मरीजों को निशुल्क दवा जांच व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।हालांकि भीड़ के चलते मरीजों को डॉक्टर से परामर्श लेने में दो से तीन घंटे का इंतजार करना पड़ रहा है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन का दावा है कि अस्पताल में दवाओं की कोई कमी नहीं है। मौसम परिवर्तन के चलते बीमारियां बढ़ी हैं। सभी मरीजों का बेहतर इलाज किया जा रहा है। साथ ही निशुल्क दवा भी दी जा रही है।


ओपीडी का पर्चा बनवाने के लिए लगी कतार। चिकित्सक को दिखाने के लिए बाहर खड़े मरीज व तीमारदार। अमृत विचार

# प्रेमी गया जेल तो प्रेमिका ने मांग भरकर दे दी जान

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचारः** जिले के लंभुआ थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। प्रेमी के जेल जाने से दुखी प्रेमिका ने मांग में सिन्दूर भर कर सुसाइड कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किशोरी के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी गांव के ही एक युवक से प्रेम करती थी। परिजनों को यह बात पसंद नहीं आई तो विरोध करने लगे जो दोनों को नागवार गुजरी। जिसके चलते दोनों बीते 13 मई को घर से भाग निकले। किशोरी के परिजनों ने युवक के खिलाफ़ केस दर्ज करवा दिया। केस दर्ज होने पर सक्रिय हुई पुलिस ने दोनों को 18 मई को गिरफ्तार कर लिया। किशोरी को परिजनों को सौंप कर युवक को जेल भेज दिया। प्रेमी के जेल जाने से प्रेमिका को गहरा दुख पहुंचा। परिजनों के अनुसार सोमवर को उसका 164 का बयान होना था, किसी कारण नहीं हो पाया था। मंगलवार को बयान के लिए बुलाया गया था। इसी बीच उसने आत्महत्या कर ली। सीओ लंभुआ अब्दुस सलाम ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है। फॉरेंसिक टीम ने नमूना एकत्रित किया है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### बीमा धारक की मृत्यु पर नॉमिनी को मिला दो लाख

**धनपतगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के बड़ौदा पूर्वी ग्रामीण बैंक शाखा हरौरा द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा के तहत खाताधारक की मृत्यु पर उनके नॉमिनी निवासी पीपरगांव अताउल्ला को दो लाख रुपये की बीमा धनराशि खाते में दी गयी। मंगलवार को शाखा हरौरा पर बैंक शाखा प्रबंधक विजय प्रसाद ने खाताधारकों अजमतुल निशा की मृत्यु के बाद नॉमिनी उसके पति लाभार्थी अताउल्ला के खाते मे बीमा धनराशि ट्रांसफर करते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा बैंक में प्रत्येक खाताधारकों के लिए यह सुविधा प्रदान की जा रही है। जिसके एवज में 436 रुपया वर्ष मे बीमा किस्त के रूप में जमा करना होता है। प्रत्येक खाताधारकों को इस बीमा का लाभ लेना चाहिए जिससे संकट के समय खाता धारक के परिवार को सहायता राशि मिल सके । प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत खाताधारक को 2 लाख बीमा कवर दिया जाता है। इस मौके पर सहायक प्रबंधक इम्तियाज अहमद, अजय रावत, हेड कैशियर प्रभात कुमार वर्मा, बैंक मित्र अनिल कुमार गुप्ता के साथ काफी संख्या मे बैंक खाता धारक मौजूद रहे।

### विश्वविद्यालयीय परीक्षा का बहिष्कार करेगा शिक्षक संघ

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय द्वारा भीषण गर्मी में जबरन परीक्षा कराये जाने पर राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय शिक्षक संघ ने बहिष्कार की घोषणा की है। शिक्षक संघ अध्यक्ष प्रोफेसर शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि शिक्षक संघ ने मई, जून में परीक्षा न कराये जाने को लेकर प्राचार्य, परीक्षा नियंत्रक और कुलपति को ज्ञापन दिया था। इन सभी से कई बार मौखिक भी शिक्षक संघ ने भीषण गर्मी में परीक्षा न कराने का आग्रह किया था। लेकिन फिर भी विश्वविद्यालय प्रशासन ने 31 मई से परीक्षा कराने की समय सारणी जारी कर दी है। विश्वविद्यालय ने जबरदस्ती इस मौसम में तीन टाइम परीक्षा कराने का मन बनाया है। शिक्षक , विद्यार्थी और कर्मचारी हित में इस समय परीक्षा का टाला जाना ही उचित है। इसलिए राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय शिक्षक संघ ने मंगलवार को एक बैठक कर सर्वसम्मति से विश्वविद्यालयीय परीक्षा के बहिष्कार का निर्णय लिया है। महाविद्यालय के स्ववित्तपोषित शिक्षक संघ अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने कहा कि शिक्षकों की इस लड़ाई में सभी शिक्षक एक साथ हैं। अवध विश्वविद्यालय के अमानवीय, संवेदनहीन हठधर्मिता के विरोध में धीरे-धीरे सभी महाविद्यालयों के शिक्षक और विद्यार्थी एकजुट हो रहे हैं। आवश्यकता पड़ने पर समाज के अन्य वर्गों को भी इस मुहिम से जोड़ा जाएगा।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से दो घायल, ट्रामा सेंटर रेफर

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बाइक सवार युवक और युवती को अज्ञात वाहन ठोकर मार भाग निकला। जिसमे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से मेडिकल कालेज भेजा। जहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेन्टर लखनऊ रेफर कर दिया। मंगलवार को स्थानीय थाना क्षेत्र के पूरे नरेश पांडेय मजरे रैंचा निवासी सुरेंद्र प्रताप (22) पुत्र खुशीराम कोतवाली नगर के भट्टी जरौली (पैगापुर) निवासी लक्ष्मी यादव (22) पुत्री शिव बहादुर यादव के साथ स्कूटी से हलियापुर- सुलतानपुर मार्ग से सुलतानपुर जा रहे थे। शाम करीब साढ़े तीन बजे जैसे ही वह लोग रसूलपुर बाज़ार के समीप पहुंचे तभी अज्ञात वाहन ठोकर मार भाग निकला। जिसमे दोनो गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से मेडिकल कालेज सुलतानपुर भेजा। जहा मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेन्टर लखनऊ रेफर कर दिया। बल्दीराय थाना प्रभारी ने बताया कि घायलों को एंबुलेंस से मेडिकल कालेज भेजा गया है। है तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जायेगी।

# गोविंद ने गोवर्धन पर्वत को अंगुली पर उठाकर इंद्र के घमंड को तोड़ा

- चांदा के महारानी पश्चिम में गोवर्धनपूजा का बृहद आयोजन

**चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचारः** क्षेत्र के महारानी पश्चिम गांव में त्रिदिवसीय गोवर्धन पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। अयोध्या के बड़ी वेदी के आचार्य वंकटेश जी महराज ने संगीतमय कथा को श्रवण करने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

आचार्य वेंकटेश जी ने गोवर्धन महात्म की चर्चा करते हुए बताया कि गोवर्धन कोई और नहीं साक्षात गोविंद ही हैं। इंद्र की पूजा बृजवासी करते रहे। इंद्र के घमंड को समाप्त करने के लिए परमेश्वर गोविंद ने गोवर्धन की पूजा करने के लिए ब्रजवासियों को प्रेरित किया। इंद्र के कोप से बचने के लिए सात कोस के गोवर्धन को सात वर्ष के गोविंद ने अपनी कनिष्का पर धारण करके जहां इंद्र के घमंड को चखनाचूर किया वहीं बृजवासियों को गोवर्धन पूजा के लिए प्रेरित किया। आचार्य वेंकटेश जी ने कथा को आगे बढ़ते हुए बताया कि आज भी वृंदावन धाम में चार वस्तु जीवन्त विराजित हैं। जिसमें ब्रज की सीमा, ब्रज की धूल, यमुना मैया और साक्षात गोवर्धन भगवान, जो भक्त ब्रज का दर्शन करते हैं निश्चित रूप से उन्हें गोवर्धन की परिक्रमा करके पुण्य अर्जित करना चाहिए। आचार्य वेंकटेश ने बताया कि जब भी किसी भक्त के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण किया जाता है तो गोवर्धन भगवान को एक वर्ष के लिए पूजन हेतु रखा जाता है। वर्ष पर्यन्त गोवर्धन पूजा के साथ विसर्जन का विधान है। इसके पूर्व मुख्य जजमान हर्ष नारायण पांडेय ने गोवर्धन भगवान को छप्पन भोग लगाकर उनका पूजन किया। इस मौके पर प्रधान प्रताप नारायण ओझा, सभाजीत मिश्र, नरेंद्र पांडेय ,गुड्डू पांडेय, स्वामीनाथ दुबे के अलावा बड़ी संख्या में महिलाओं ने कथा का आनंद लिया।


# शहीद महेंद्र को मिला राष्ट्रपति पुलिस पदक

- कश्मीर के मच्छर सेक्टर कुपवाड़ा में 8 अगस्त 2016 हुए थे शहीद

कादीपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** शहीद महेंद्र यादव को मरणोपरांत राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।

बताते चले कि स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के मलिकपुर नोनरा गांव के राम शब्द यादव के पुत्र महेंद्र यादव सीमा सुरक्षा बल में उप निरीक्षक के पद पर तैनात थे। जम्मू कश्मीर के मच्छर सेक्टर कुपवाड़ा में 8 अगस्त 2016 को वह शहीद हो गए थे। मरणोपरांत शहीद की मां मर्याती देवी को 24 मई 2024 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित वार्षिक अलंकरण समारोह में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया। श्री डोभाल ने पुलिस पदक एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। शहीद महेंद्र यादव की मां को मिलने वाली पेंशन में प्रतिमाह दो हजार रुपए की बढ़ोतरी किए जाने की भी घोषणा की गई। शहीद के छोटे भाई जितेंद्र प्रताप यादव को सीमा सुरक्षा बल में आरक्षी पद की नौकरी मिली है। मरणोपरांत राष्ट्रपति पुरस्कार मिलने से परिवार को सांत्वना प्राप्त हुई है।



शहीद की मां को पदक देकर सम्मानित करते अजीत डोभाल। अमृत विचार

**आस्था** भोर पहर से शुरू हुआ दर्शन का सिलसिला देर रात तक चलता रहा, हनुमानजी के जयकारे से गुंजायमान होता रहा मंदिर परिसर

# विजेथुआ महावीरन में लगी श्रद्धालुओं की भीड़, प्रशासन के छूटे पसीने

सूरापुर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** ज्येष्ठ मास के प्रथम मंगलवार को विजेथुआ महावीर धाम में हनुमान जी की पूजा अर्चना के लिए आस्था का हुजूम उमड़ पड़ा। भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस बल के पसीने छूट गए। मंदिर परिसर हनुमानजी के जयकारे से गुंजायमान हो रहा था।

हलांकि विजेथुआ महावीर धाम में सावन मास के पंचमी के बाद पड़ने वाले मंगलवार को बड़का मंगल पर्व के रूप में मनाते हैं। इस दिन पुलिस प्रशासन की तरफ से व्यवस्था चाक-चौबंद रहती है। मंगलवार को भोर से ही श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया। श्रद्धालु मकरी कुंड सरोवर में स्नान कर लड्डू, माला, फूल और मीठी पूड़ी रोट इत्यादि के साथ हनुमानजी का दर्शन पूजन करने पहुंचे।इस दौरान मंदिर के मुख्य गेट के बाहर युवको द्वारा द्वारा दर्शनार्थियों को शरबत पिलाया गया। इसमें धर्मेंद्र यादव,रंजीत यादव,लाल यादव, श्यामचंद यादव, फूलचंद यादव व सचिन यादव आदि उपस्थित रहे।


विजेथुआ धाम में गर्भगृह में हनुमान जी की प्रतिमा का दर्शन करते श्रद्धालु।

### दोमुंहा चौराहे पर जय हनुमान का हुआ जयघोष

**सुलतानपुर :** ज्येष्ठ मास के पहले मंगलवार को दो मुहा चौराहे पर जय हनुमान सेना द्वारा शीतल शरबत पेय वितरण का आयोजन किया गया। बजरंग बली जी के चित्र पर पूजा पाठ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ लोक निर्माण विभाग के रिटायर अधिकारी शरद कुमार पांडेय ने किया। पं राम कृपाल मिश्र के द्वारा हनुमान जी की प्रतिमा पर विधि विधान से पूजा पाठ कर बजरंग बली का जयघोष लगाया गया। हनुमान सेना के आयोजक हनुमान पांडेय व विपिन पांडेय द्वारा शरबत पिलाया गया।

### बढ़ैयावीर में भंडारे का हुआ आयोजन

**सुलतानपुर :** बढ़ैयाबीर स्थित एक होटल की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो भक्तजनों ने उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण किया। इस भंडारे का उद्देश्य भक्तों के बीच आपसी भाईचारे और सामुदायिक सौहार्द्र को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का आयोजन अरविंद कुमार सिंह राजा एडवोकेट, सजल सिंह सनी एडवोकेट, आलोक दूबे, जितेंद्र मिश्र, प्रशांत सिंह, अंश सिंह, विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।

### बाबूगंज बाजार में हुआ शरबत वितरण

**गोसाईगंज, सुलतानपुर :** क्षेत्र के बाबूगंज बाजार में ज्येष्ठ माह के पहले मंगलवार को शर्बत वितरण किया गया। बाबूगंज वासियों द्वारा रोडवेज की बसों के अंदर बैठी सवारियों को भी शरबत पिलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रामसमुझ पांडेय ने बताया कि इस समय जिले मे गर्मी बहुत होने के कारण लोगों को ठंडे पानी के साथ शरबत पिलाया जा रहा है। यहां सहयोग में ओम प्रकाश पांडेय, राम समुझ पांडेय, संतोष मोदनवाल, पवन पांडेय, अनिल पांडेय, राकेश गुप्ता, रवि, विपिन, अभिषेक आदि मौजूद रहे।


दीवानी परिसर में शरबत वितरित करते अधिवक्तागण। अमृत विचार

### दीवानी परिसर में किया गया शर्बत वितरण

**सुलतानपुर।** वकीलों के द्वारा ज्येष्ठ माह के प्रथम बड़े मंगलवार को दीवानी परिसर में हनुमान मंदिर पर सुन्दर कांड पाठ का आयोजन किया गया । वही इस अवसर पर शर्बत वितरण कार्यक्रम का आयोजन एडवोकेट राजकुमार सिंह की अगुवाई में किया गया। वहीं एडवोकेट शारदा प्रसाद मिश्र ने वकीलों व वादकारियों को हलवा वितरित किया। इस मौके पर बार अध्यक्ष अरविंद पांडेय, महासचिव आर्तमणि मिश्र, पूर्व अध्यक्ष करुणा शंकर द्विवेदी ,पूर्व महासचिव रणजीत सिंह त्रिसुण्डी, अरविंद सिंह राजा, उत्कर्ष शुक्ल, विश्वभर नाथ शुक्ल, मुकेश पांडेय, अजय पाठक, आशुतोष पांडेय, सोमांश त्रिपाठी, बालमुकुन्द, रमाशंकर पांडेय, रोहित अवस्थी , आनंद पांडेय, शिवाकृष्ण पाण्डेय सिद्धार्थ मिश्र ,मदन तिवारी, मनीष व सत्यम तिवारी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### मतदान करने को घर से निकला बुजुर्ग लापता

**मुसाफिरखाना अमेठी।** क्षेत्र के मैगलगंज मजरे कंचनाव निवासी व्यक्ति ने वृद्ध पिता के लापता होने की सूचना पुलिस को दी है। पुलिस को दिये गये प्रार्थना पत्र के अनुसार मैगलगंज मजरे कंचनाव थाना जगदीशपुर निवासी सियाराम ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके पिता शिव दुलारे यादव (70) बीते सोमवार को वोट देने के लिए घर से निकले थे। लेकिन घर वापस नहीं आये। काफी खोज तलाश के बाद पिता का कहीं अता पता नहीं चल सका। सियाराम के मुताबिक उनके पिता का मानसिक संतुलन करीब 15 वर्षों से ठीक नहीं है। सियाराम ने जन सुनवाई पोर्टल पर भी आनलाइन शिकायत दर्ज कराई है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

**अमेठी।** थाना क्षेत्र के ककवा बाजार के पास एक कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। अमेठी सीएचसी से एक युवक को हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पूरे राम सहाय ककवा निवासी अक्षय (27) ककवा गांव निवासी प्रदीप को बाइक से लेकर अमेठी जा रहे थे। ककवा बाजार के पास ही वाहन उन्हें टक्कर मार दिया। जिससे दोनों घायल हो गए। अक्षय को हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### सेंट्रल बार के उपाध्यक्ष मनोनीत हुए सुनील

**अमेठी।** जिले के संग्रामपुर ब्लॉक के पूरे घीसन निवासी सुनील कुमार श्रीवास्तव को सेंट्रल बार एशोसिएशन गौरीगंज का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। मंगलवार को सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रीराम सरोज व महासचिव मोहम्मद इस्लाम ने नियुक्ति पत्र सुनील को सौंपा। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष अमर बहादुर सिंह, महासचिव जितेन्द्र श्रीवास्तव, सूर्य प्रकाश त्रिपाठी, शिवभान सिंह, सुशील कुमार तिवारी, त्रिपुरारी सिंह, रमेश चंद्र दुबे, धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# मतगणना स्थल पर रहे निर्बाध बिजली आपूर्ति व ठंडा जल

## जिलाधिकारी ने प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए आवश्यक निर्देश, मेडिकल यूनिट भी रहेगी तैनात

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** मतगणना को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी निशा अनंत ने कलेक्ट्रेट सभागार में नामित किए गए प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक की। अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा करने के साथ आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को चिकित्सा व्यवस्था के लिए मतगणना स्थल पर पर्याप्त एंबुलेंस, डॉक्टर तथा आवश्यक दवाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। मतगणना स्थल पर साफ सफाई, मोबाइल टॉयलेट, पीने का पानी आदि व्यवस्था के लिए अधिशासी अधिकारी गौरीगंज को निर्देशित किया। विद्युत व्यवस्था को लेकर अधिशासी अभियंता विद्युत प्रथम को मतगणना के दिन सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। टेलीफोन, ब्रॉडबैंड, इंटरनेट व्यवस्था के लिए एसडीओ बीएसएनएल को निर्देश दिए की मतगणना के दिन इंटरनेट की सुचारू व्यवस्था उपलब्ध रहे। मतगणना कार्मिकों को सूक्ष्म जलपान के लिए जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए। मीडिया सेंटर में मीडिया प्रतिनिधियों के लिए सभी व्यवस्थाओं हेतू जिला सूचना अधिकारी को निर्देशित किया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी को मतगणना स्थल पर फायर टेंडर एवं अन्य उपकरणों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मतगणना स्थल पर टेंट, फर्नीचर, बैरिकेडिंग की व्यवस्था के लिए अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को मतगणना से पूर्व सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। मतगणना हेतु एक्सेल शीट, एन्कोर पर ऑनलाइन फीडिंग के कार्य के लिए जिला सूचना विज्ञान अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मतगणना स्थल पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था एवं पुलिस प्रबंधन के लिए अपर पुलिस अधीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी प्रभारी अधिकारी सौंप गए कार्यों को पूरी निष्ठा व लगन के साथ करते हुए मतगणना का कार्य सकुशल संपन्न कराएंगे। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।


स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करने जातीं डीएम व एसपी। अमृत विचार

### डीएम व एसपी ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**संवाददाता, अमेठी, अमृत विचार।** जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने थानाक्षेत्र गौरीगंज अन्तर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय में बनाये गये स्ट्रांग रूम के आउटर कार्डन का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। ड्यूटी में तैनात अधिकारियों, कर्मचारियों व सुरक्षाकर्मियों को सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने के संबन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

### मीडियाकर्मियों के लिए रहेगी व्यवस्था

**संवाददाता, अमेठी, अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन की मतगणना को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। अधिकारियों ने मतगणना को लेकर की जा रही तैयारियों के संबंध में जानकारी दी। जिलाधिकारी ने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन की मतगणना 4 जून को प्रात: 8 बजे से जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में विधानसभावार बनाए गए मतगणना सेंटरों पर कराई जाएगी। नवोदय विद्यालय में मीडिया सेंटर की स्थापना प्रवेश गेट के बांई तरफ की गई है, जिसमें मीडिया बंधुओ के बैठने की व्यवस्था तथा चार्जिंग पॉइंट, वाई-फाई एवं टीवी आदि की व्यवस्था की गई है। मतगणना के दिन नियमित रूप से चक्रवार परिणाम की सूचना उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही मतगणना की फोटो वीडियो भी मीडिया प्रतिनिधियों को नियमानुसार उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मोहम्मद असलम, प्रतीक्षा पांडे व मीडिया प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### किशोरी के साथ पड़ोसी युवक ने किया दुराचार

**अमेठी, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव में 23 मई को घर पर अकेली किशोरी को झांसा देकर अपने घर ले जाकर पड़ोसी युवक ने दुराचार किया। परिजनों को बताने पर किशोरी को जान से मारने की धमकी देते हुए चुप करा दिया। लेकिन किसी तरह हिम्मत जुटाकर सोमवार की शाम किशोरी ने माता-पिता से पूरी आप बीती सुनाई। जिसके बाद मंगलवार को पिता ने अमेठी थाने में तहरीर देकर आरोपी युवक पर कार्रवाई की मांग की है। बताया कि शाम करीब 7 बजे घर पर अकेली मौजूद किशोरी खाना बना रही थी, तभी आरोपी ने झांसे अपने घर ले जाकर दुष्कर्म किया और मुंह बंद रखने की धमकी दी। किशोरी के पिता ने पुलिस पर कार्रवाई करने में टालमटोल करने का भी आरोप लगाया है। देर शाम खबर लिखे जाने तक पुलिस ने केस नहीं दर्ज किया था। आरोपी गांव से फरार है, ग्रामीणों में भी घटना को लेकर आक्रोश है।

# चोरी की भैंस के साथ आठ अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** फुरसतगंज पुलिस को बीते सोमवार मुखबिर की सूचना पर चोरी की भैंस के साथ आठ अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने तमंचा, जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस 315 बोर, दो चाकू व घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन बरामद किया है।

फुरसतगंज थाना पुलिस ने अभियुक्तों को क्षेत्र में चेकिंग के दौरान नहर कोठी से दुसौती जाने वाली रोड के किनारे से दबोचा। सूचना मिली थी कि उक्त स्थान पर झाड़ियों में एक पिकअप खड़ी है जिस पर कई संदिग्ध लोग बैठे हैं। पुलिस के पहुंचने पर अभियुक्तों की ओर से फॉयर भी किया गया। पुलिस ने अभियुक्त मकसूद निवासी मनीयारपुर थाना बन्धुआ कला जनपद सुलतानपुर, कन्हैया लाल, राजेश यादव और रमेश यादव निवासीगण बनकटवा ज्ञानचन्दपुर थाना, अंकित यादव निवासी पूरे शीतल मजरे जंगल रामनगर थाना, संदीप पाल निवासी दुजईपुरवा टीकरमाफी थाना संग्रामपुर, राजाराम यादव निवासी मटेरा थाना और लवकुश उर्फ छोटू यादव निवासी टडवा थाना मुंशीगंज को मौके से गिरफ्तार किया है।

### अधीक्षक ने निःशुल्क प्याऊ का किया उद्घाटन

**जगदीशपुर, अमेठी। अमृत विचार।** ज्येष्ठ मास के प्रथम बडे मंगलवार के मौके पर सीएचसी अधीक्षक ने फीता काटकर निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया तो वहीं जगह-जगह प्रसाद वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। विकास खंड के अंतर्गत स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जगदीशपुर में जगजीवन विकास संस्थान के सौजन्य से लगे निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक डॉक्टर प्रदीप तिवारी ने फीता काटकर किया। इसी क्रम में देवकली उतेलवा वारिसगंज आनंद नगर रानीगंज कमरौली सहित आदि स्थानों पर बजरंगबली के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रसाद वितरण हुआ।

# ज्येष्ठ के मंगल पर भंडारों का किया आयोजन

संवाददाता, सिंहपुर/ मुसाफिरखाना

**अमृत विचार।** ज्येष्ठ के प्रथम मंगलवार पर सिंहपुर ब्लॉक में जगह-जगह भंडारे व लंगर का आयोजन किया गया। तेज धूप और गर्मी के बावजूद भंडारे में कताबद्ध होकर श्रद्धालुओं ने प्रसाद लिया। इस दौरान डीजे साउंड पर बजते बजरंगबली के भजनों से माहौल भक्तिमय रहा। कई जगह ठंडा जल और शर्बत का भी वितरण किया गया। मंदिरों पर हनुमान चालीसा व सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ। जिला मुख्यालय से लेकर गांव व कस्बों तक यही नजारा रहा। बसंतपुर ग्राम प्रधान द्वारा मंगल सेवा भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हज़ारों श्रद्धालुओं ने पूड़ी-सब्जी व बूंदी का छककर प्रसाद लिया। 44 डिग्री तापमान में भी लोग सड़क पर राहगीरों को प्रसाद का वितरण कर रहे थे। ग्राम प्रधान के परिवारजनों उदयराज सिंह, कार्यकर्ता सुनील सिंह, अर्जुन सिंह, हंसराज सिंह हनुमान का विशेष योगदान रहा। सेमरौता से दो किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत तिवारीपुर में भी भंडारे का आयोजन कर सब्जी-पूड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। यहां पंकज तिवारी, रामेश्वर तिवारी, रंजीत तिवारी और अन्य लोगों ने प्रसाद का वितरण कराया।


ज्येष्ठ के बड़े मंगल पर प्रसाद का वितरण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

मुसाफिरखाना कस्बे में गांधी पार्क, बस स्टाप, ब्लॉक रोड, गल्ला मंडी बस स्टॉप ब्लॉक रोड, गौरीगंज मार्ग तिराहा सहित कस्बे के अन्य कई स्थानों पर प्रसाद वितरण किया गया। ग्रामीण अंचलों में क्षेत्र के दादरा गांव स्थित बूढ़े बाबा मंदिर पर, भनौली गांव में हनुमान मंदिर पर पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद का वितरण हुआ। जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हंसराज सिंह, महिपाल सिंह, अमर बहादुर, जयप्रकाश पांडेय राजेंद्र प्रसाद सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही। क्षेत्र के पूरे शिवा तिवारी गांव में पूर्व सभासद इंद्रावती द्वारा ज्येष्ठ माह के बड़े मंगलवार को सुंदरकांड पाठ के बाद बाल भोज का आयोजन किया गया।

# दबंगों ने युवक को रास्ते में घेरकर की मारपीट

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** पुरानी रंजिश में कार सवार दबंगो ने बाजार से घर जा रहे युवक को रास्ते में रोक लिया। आरोप है कि बीच सड़क पर लाठी-डंडो और बेल्ट से पीटने के बाद उसके रुपये भी छीन लिए। घटना को अंजाम देने के बाद सभी दबंग मौके से फरार हो गए। इलाज के बाद मंगलवार की सुबह थाने पहुंचे पीड़ित ने आरोपियों पर कार्रवाई के लिए तहरीर दी है। पुलिस घटना को जांच में जुट गई है।

घटना संग्रामपुर थाना क्षेत्र में सोमवार की देर रात करीब 9 बजे की है। प्रतापगढ़ जिले के सांगीपुर थाना क्षेत्र का निवासी उत्कर्ष पांडेय प्रतापगढ़ से मार्केटिंग करके घर वापस जा रहा था। आरोप है कि लोहिया नगर के पास स्कोर्पियो सवार कुछ लोग उत्कर्ष का पीछा करने लगे। पीड़ित जब संग्रामपुर थाना क्षेत्र नारायनपुर को पारकर गैस एजेंसी के पास पहुंचा तभी स्कोर्पियो ने उसे टक्कर मार दी। जिसके बाद वह बाइक से गिर पड़ा। जिसके बाद दबंगो ने उसकी पिटाई करने के बाद बैग में रखा करीब 35,800 रुपए छीनकर फरार हो गए। उत्कर्ष ने किसी तरह एम्बुलेंस को फोन किया जिसके बाद मौके पर पहुंची एम्बुलेंस में उसे संग्रामपुर सीएचसी में भर्ती कराया। इलाज कराने के बाद मंगलवार की सुबह उत्कर्ष संग्रामपुर थाने पहुंचा और मामले की तहरीर दी। पीड़ित उत्कर्ष ने कहा कि कुछ दिन पहले उसका इसी थाना क्षेत्र के रहने वाले जितेंद्र पांडेय से मामूली विवाद हुआ था जिसके बाद उसने हाथ पर तोड़ने की धमकी दी थी। संग्रामपुर थाना प्रभारी निरीक्षक श्रीराम ने बताया कि घटना की तहरीर प्राप्त हुई है। पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति को नामजद किया गया है। घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।


मारपीट में घायल युवक।

# प्रज्ञा पुराण वर्तमान युग की औषधि


हनुमान गढ़ी तिलोई में चल रहे पावन प्रज्ञा पुराण में कथा सुनने को पहुंचे श्रद्धालु। अमृत विचार

संवाददाता, तिलोई अमेठी

**अमृत विचार।** हनुमान गढ़ी तिलोई में चल रहे पावन प्रज्ञा पुराण के दूसरे दिन मंगलवार को कथा वाचक सुषणा तिवारी ने प्रज्ञा पुराण कथा का महत्व बताया। कहा कि परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने प्रज्ञा पुराण कथा का महत्व बताते हुए लिखा है कि जिस तरह दूध का सार तत्व घृत है, जिसकी कीमत सबसे अधिक है इसी तरह सारे शास्त्रों का सार तत्व प्रज्ञा पुराण है जो आज की औषधि है। आज व्यक्ति का शरीर नहीं मन बीमार है। मन और अंतःकरण को ठीक करने के लिए 24 शक्तियों के जागरण की आवश्यकता होती है। प्रज्ञा पुराण में 24 शक्तियों का तेज समाया हुआ है। प्रज्ञा पुराण की आवश्यकता एक कथा के माध्यम से बताते हुए उन्होंने कहा कि जब सतयुग का समय था तो देवता और असुर अलग-अलग लोक में रहा करते थे। उस समय में भगवान 6 कला से आए। फिर त्रेता का समय आया तो देवता और असुर एक ही पृथ्वी लोक में रहने लगे, राम अयोध्या में रावण लंका में, उस समय भगवान 12 कला से आये। फिर द्वापर में देवता और असुर दोनों एक ही परिवार में रहने लगे और तब श्री कृष्ण आए 16 कला से। दिनों दिन स्थिति भी विषम होती चली गई और कलयुग में स्थिति इतनी विषम हो गई कि देवता और असुर दोनों ही एक ही शरीर के अंदर रहने लगे, तब परम पूज्य गुरुदेव आए 24 कला से। आज व्यक्ति के मन के अंदर महाभारत चल रहा है और इसलिए प्रज्ञा पुराण कथा की आवश्यकता है। व्यक्ति निर्माण के लिए गुरुदेव ने विचार क्रांति अभियान का सूत्रपात किया और गायत्री मंत्र को घर-घर और जन-जन तक पहुंचाने के लिए कठोर साधना की। कथा के उपरांत मां गायत्री की आरती के साथ दूसरे दिन के कार्यक्रम का समापन हुआ।

## वर्ग पहेली-84

**बाएं से दाएं**

4. 1. अध्ययन या शोधकार्य हेतु प्रदत्त या प्राप्त वृत्ति, अध्येतावृत्ति 2. मैत्री, भाईचारा, मेलजोल, मिलाप 3. समान विचार वाले लोगों का समूह, समाज या संघ।

5. 1. सूखे पत्तों के टूटने से उत्पन्न शब्द 2. हिंसक पशुओं के रहने का स्थान, मांद।

6. अच्छे चाल-चलन वाला, सच्चरित्र, सदाचारी।

9. 1. आसानी का भाव, बिना किसी असुविधा की स्थिति 2. सुख

10. 1. ठहरने का स्थान या जगह 2. स्थान, जगह 3. पड़ाव 4. ठहराव 5. घर, वासस्थल 6. भूमिका।

**ऊपर से नीचे**


1. 1. मंथन, मर्दन 2. मन में उठने वाली उहापोह की स्थिति 3. क्षोभ 4. द्वंद्व।

2. 1. कुएं के मेढक की तरह एक ही जगह रहने या सीमित स्थान को ही दुनिया समझ लेने की अवस्था या भाव 2. बाहर की दुनिया की जानकारी की कमी, अल्पज्ञता।

3. 1. कृपालु, दयालु, अनुग्राहक, अनुग्राही 2. दयावान, दयावंत, दयाशील।

7. 1. छोटी लता 2. बेल।

8. 1. एक सेर का चौथाई भाग, पाव 2. इस मान का बटखरा 3. रुतबा, पद 4. बरतन जिसमें पाव भर दूध आता है।




### वर्ग पहेली -83 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 श | रा | स | न | | | 2 पु |
| | | | | 3 बं | द | नी |
| | | 4 ब | | दा | | ता |
| | 5 म | हा | ज | न | | |
| 6 दं | दा | ना | | 7 वा | क | या |
| | र | | | ज़ | | |
| | | 8 खा | टी | | 9 धे | री |

## सुडोकू-163

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | | 4 | | | |
| 6 | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | 2 | | | | | | | 8 |
| | | | | | | | | |
| 8 | | | | 7 | | | | 4 |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | 9 |
| | 4 | | | | 5 | | | |

### सुडोकू -162 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 8 | 5 | 9 | 6 | 7 |
| 7 | 8 | 5 | 9 | 2 | 6 | 4 | 3 | 1 |
| 6 | 4 | 9 | 7 | 1 | 3 | 2 | 8 | 5 |
| 5 | 3 | 1 | 6 | 9 | 8 | 7 | 4 | 2 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 4 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 5 | 9 | 6 |
| 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 2 | 9 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 5 | 4 |
| 4 | 9 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 मई बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी 13.39 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-श्रवण 08.38 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

**मेष** — आज कार्यक्षेत्र की अव्यवस्था को दूर करने को लेकर आप काफी प्रतिबद्ध रहेंगे। रक्तचाप के रोगी अपनी सेहत का ध्यान रखें। अधिकारी वर्ग की अपेक्षा आपसे बढ़ सकती है। यदि विदेश में नौकरी ढूंढ रहे हैं तो आज का दिन काफी अनुकूल रहेगा।

**वृष** — आज धार्मिक कृत्यों का दिखावा करने से बचें। पिता को लेकर कुछ तनाव हो सकता है। कृषि से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। स्थान-परिवर्तन की योजना बना सकते हैं। कारोबार में बड़ा बदलाव करने से आपको बचना चाहिए।

**मिथुन** — आज व्यवसाय से जुड़े लोगों को ग्राहकों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। पैर में चोट लगने की आशंका है। आपको नौकरी में बदलाव करने की जरूरत महसूस होगी, किन्तु यह समय किसी निर्णय लेने का नहीं है।

**कर्क** — आज व्यवसाय में बदलाव के लिए प्रयास करेंगे। जीवनसाथी को करियर में अच्छी सफलता मिल सकती है। अटके हुए मामलों को सुलझाने में लगे हुए होंगे। बुजुर्ग लोगों की बातों का बुरा न मानें। भारी उद्योगों से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है।

**सिंह** — आज सरकारी कार्यों में बाधा आ सकती है। सेहत को लेकर बिल्कुल भी लापरवाही न करें। अधीनस्थ कर्मचारियों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं, लेकिन आप स्थितियों को अपने नियंत्रण में लाने में भी सफल रहेंगे।

**कन्या** — आज आपको प्रेम संबंधों में परेशानियों का अनुभव होगा। विद्यार्थी अपने करियर को लेकर कुछ कन्फ्यूज हो सकता है। जीवनसाथी आपसे प्रेम की अपेक्षा रखेगा। किन्तु आपकी व्यस्तता काफी ज्यादा होगी। व्यवसाय में बड़ा निवेश करने से बचें।

**तुला** — आज आप थोड़े गुस्से में रहेंगे। परिस्थितियां आपके लिए कुछ कठिन रहेंगी। कार्यक्षेत्र में आपकी व्यस्तता बढ़ेगी। अधिकारियों को लेकर आपके मन में रोष रहेगा। आय के दूसरे विकल्पों पर आप काम करेंगे। नकारात्मक प्रकृति के लोगों से दूरी बनाकर रखें।

**वृश्चिक** — आज आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। प्रेमी जन को प्रपोज कर सकते हैं। यदि आप किसी यात्रा पर जा रहे हैं तो उसकी तैयारी अच्छी रखें। आप जल्दबाजी में कुछ सामान भूल सकते हैं। इन्टरव्यू आदि में सफलता मिलने की सम्भावना है।

**धनु** — आज आपकी अपेक्षाओं पर लोग खरे नहीं उतरेंगे। प्रेम संबंधों में तनाव होने की आशंका है। यदि आप धैर्यवान रहते हैं तो आप सम्पत्ति विवादों को सुलझा सकते हैं। ज्यादा धूप और गर्मी में निकलने से बचें। शरीर में पोषक तत्वों की कमी देखने को मिल सकती है।

**मकर** — आज शेयर मार्केट के माध्यम से बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। मित्रों के सहयोग से आप कई रुके हुए कार्य करवा सकते हैं। उधार दिया हुआ धन वापस मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। अधीनस्थ कर्मचारी आपका काफी ध्यान रखेंगे। वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहने वाला है।

**कुंभ** — आज परिवार में धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है। नशे जैसी गंदी आदतों से जितना हो सके दूर रहें। इससे आपकी छवि बुरी तरह से खराब हो सकती है। शान्तिपूर्वक समय निकालना बुद्धिमत्ता होगी। शाम को आप मनोरञ्जन के साधनों का आनन्द लेंगे।

**मीन** — आज आप दिन भर आराम करना पसन्द करेंगे। धार्मिक विषयों पर आप लोगों को काफी सहायता दे सकते हैं। व्यवसाय में विस्तार करने में सफलता मिलेगी। भाई-बहनों को लेकर परेशानी दूर होगी। सन्तान के व्यवहार से आप प्रसन्न रहेंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
खिलाड़ी 1992 — सुबह : 11.42
बधाई हो बधाई — शाम : 06.23

&pictures
फुकरे रिटर्न्स — सुबह : 10.50
रश्मी रॉकेट — रात : 08.00

SONY PIX
बेबी ड्राइवर — सुबह : 08.49
हैनकॉक — रात : 09.00

ZEE CINEMA
अटैक 2016 — सुबह : 10.25
राम लखन — रात : 08.30

colors CINEPLEX
दोस्ताना — सुबह : 11.57
आंखे — रात : 08.46

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 08.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मां – बेटा इतनी लिपस्टिक लगा के कहां जा रही है
बेटी – मां मैं कॉलेज जा रही हूं
मां – बेटी तुझे कोई लड़का पसंद है क्या ?
बेटी खुश होके – हां मां बहुत पसंद है
मां – तो उस कमीने से बोल दे कि तेरी शादी वर्मा जी के बेटे से तय कर दी है।

चिंटू– "राहों में उनसे मुलाकात हो गई, जिससे डरते थे वही बात हो गई ...इस गाने का क्या मतलब है?
मिंटू– इसका मतलब है कि गायक का चालान कट गया है।

परोक्षे कार्यहन्तारं प्रत्यक्षे प्रियवादिनम्।
वर्जयेत्तादृशं मित्रं विषकुम्भं पयोमुखम् ॥

पीठ पीछे काम बिगाड़नेवाले या सामने प्रिय बोलने वाले ऐसे मित्र को मुंह पर दूध रखे हुए विष के घड़े के समान त्याग देना चाहिए।

## संपादकीय

# एआई पर अंतर्राष्ट्रीय संधि

हर क्षेत्र में आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का दायरा और हस्तक्षेप बढ़ता जा रहा है। एआई से आने वाले वर्षों में मानव जीवन के लगभग हर पहलू के बदलने की उम्मीद है। पिछले दिनों एआई के उपयोग को नियंत्रित करने वाली कानूनी रूप से बाध्यकारी पहली अंतर्राष्ट्रीय संधि को मंजूरी दी गई। यूरोप परिषद का यह कदम कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। यह संधि एआई तकनीक का ज़िम्मेदारी के साथ इस्तेमाल किए जाने को प्रोत्साहित करती है। यानी यह संधि समानता, गैर-भेदभाव, निजता और लोकतांत्रिक मूल्यों के सैद्धांतिक उद्देश्यों के मुताबिक एआई के उपयोग को बढ़ावा देती है। संधि गैर-यूरोपीय देशों के लिए भी खुली है और एक कानूनी ढांचा तैयार करती है जो एआई सिस्टम के पूरे जीवनचक्र को कवर करती है और जिम्मेदार नवाचार को बढ़ावा देते हुए उनके द्वारा उत्पन्न होने वाले जोखिमों को संबोधित करती है। गौरतलब है कि एआई पर वैश्विक साझेदारी की जरूरत पर भारत हमेशा से बल देता रहा है।

वैश्विक साझेदारी सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि 21वीं सदी के लिए एआई सबसे बड़ा वरदान बन सकता है तो यह 21वीं सदी को तबाह करने में भी अहम भूमिका निभा सकता है। इसलिए नैतिक मूल्यों पर आधारित एआई के लिए वैश्विक सहमति से फ्रेमवर्क बनाने की आवश्यकता है। देखा जाए तो यह संधि एआई के उपयोग को लेकर वैश्विक स्तर पर एक कानूनी मानक स्थापित करना चाहती है। लेकिन एआई को नियम-क़ानून के दायरे में बांधना बेहद मुश्किल है। इसकी एक बड़ी वजह यह है कि एआई का विस्तार बहुत व्यापक है, यानी एआई किसी खास क्षेत्र या प्रौद्योगिकी तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका विस्तार मशीन लर्निंग, कंप्यूटर विज़न और न्यूरल नेटवर्क्स यानी एआई की एक विधि जो कंप्यूटर को मानव मस्तिष्क से प्रेरित होकर आंकड़ों का विश्लेषण करना सिखाती है, जैसी अत्याधुनिक और लगातार विकसित हो रही प्रौद्योगिकियों तक फैला हुआ है। संधि की लचीली कार्यान्वयन रणनीति और स्वतंत्र निरीक्षण तंत्र महत्वपूर्ण घटक हैं, फिर भी दायित्वों और देयताओं पर स्पष्ट दिशा निर्देशों की कमी व्यावहारिक लागू करने और प्रवर्तन में बाधा उत्पन्न करती है। वैसे भी अंतर्राष्ट्रीय संधि का मसौदा तैयार करने और विचार-विमर्श के दौरान सिर्फ यूरोपीय परिषद के सदस्य देश और कुछ अन्य देशों ने ही भाग लिया है, बाकी दुनिया के राष्ट्रों की इसमें कोई भागीदारी नहीं है। जाहिर है कि इससे इस संधि की वैधानिकता पर सवाल खड़े होते हैं और यह कहीं न कहीं इसे ज़मीनी स्तर पर लागू करने में रुकावटें पैदा कर सकता है।

# मंडेला की एएनसी पर संकट, क्यों खफा भारतवंशी



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

दरअसल भारतवंशियों की एक बड़ी आबादी एएनसी की समर्थक रही है। सबको पता है कि मंडेला का भारत से आत्मीय संबंध था। वे लंबी जेल यात्रा से रिहा होने के बाद 1990 में दिल्ली आए थे। वह उनकी जेल से रिहा होने के बाद पहली विदेश यात्रा थी। भारत सरकार ने उन्हें भारत रत्न से भी सम्मानित किया।

दक्षिण अफ्रीका में होने वाले आम चुनाव को अमानवीय रंगभेद के अंत के खात्मे के बाद के सबसे महत्वपूर्ण आम चुनाव का दर्जा मिल सकता है। सत्तारूढ़ अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) 1994 में सत्तासीन होने के बाद पहली बार बहुमत खो सकती है। अमेरिका के जार्जिया यूनिवर्सिटी में अफ्रीकी मामलों के प्रोफेसर डॉ. उत्सव कुमार सिंह को लगता है कि इस चुनाव के बाद वहां एएनसी का एकछत्र राज खत्म होगा। वहां मिली-जुली सरकार बनेगी। दक्षिण अफ्रीका में गोरी सरकार के शासन के अंत के बाद देश में सातवां आम चुनाव है। इस चुनाव में करीब पौने तीन करोड़ मतदाता देश की नई सरकार को चुनेंगे।

दक्षिण अफ्रीका और भारत सिर्फ गांधी जी और नेल्सन मंडेला के कारण ही आपस में भावनात्मक रूप से नहीं जुड़ते। इन्हें करीब 15 लाख भारतवंशी भी जोड़ते हैं, जो वहां सौ से भी अधिक सालों से बसे हुए हैं। उसी दक्षिण अफ्रीका में बुधवार (29 मई) को होने वाले आम चुनावों को लेकर भारतवंशी भी गहरी दिलचस्पी ले रहे हैं। उनका आरोप है कि दक्षिण अफ्रीका में उन्हें हाशिए पर धकेल दिया गया है। भारतीय मूल के कुछ राजनेता दक्षिण अफ्रीका में आम चुनाव लड़ भी रहे हैं। इनमें पैट्रिक पिल्ले शामिल हैं, जिन्होंने डेमोक्रेटिक लिबरल कांग्रेस (डीएलसी) नाम से पार्टी बनाई है। एससिंह विपक्षी पार्टी डेमोक्रेटिक एलायंस के उम्मीदवार हैं। इनके अलावा भी कुछ निर्दलीय के रूप में क्वाजुलु-नटाल प्रांत से चुनाव लड़ रहे हैं। क्वाजुलु-नटाल प्रांत के प्रमुख शहर डरबन में भारतीयों की आबादी खासी है। इसे मिनी दिल्ली या मुंबई भी कहा जाता है। यह डरबन शहर ही है जहां महात्मा गांधी 1893 में भारत से आए थे। बाद में गांधी जी ने पास के शहर फ़ीनिक्स में अपना आश्रम बनाया था, उसे कुछ साल पहले हुई हिंसा में बुरी तरह से तबाह कर दिया गया था। डीएलसी ने चुनावों में भारतीय मूल के 10 उम्मीदवार उतारे हैं। वहां के भारतवंशी भी बेरोजगारी के शिकार हैं। माइनॉरिटी फ्रंट पार्टी की शमीन ठाकुर-राजबंसी दक्षिण अफ्रीका के क्वाजुलु-नटाल प्रांत की विधानसभा की सदस्य हैं। वह भी अपने देश के भारतवंशियों के हक में सक्रिय रहती हैं। भारतीय मूल के तीन व्यक्ति, फसीहा हसन, मागेशवरी गोवेन्दर और शाएक इमरान सुब्रथी नेल्सन मंडेला की पार्टी अफ्रीकन कांग्रेस पार्टी (एएनसी) के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं।

दरअसल भारतवंशियों की एक बड़ी आबादी एएनसी की समर्थक रही है। सबको पता है कि मंडेला का भारत से आत्मीय संबंध था। वे लंबी जेल यात्रा से रिहा होने के बाद 1990 में दिल्ली आए थे। वह उनकी जेल से रिहा होने के बाद पहली विदेश यात्रा थी। भारत सरकार ने उन्हें भारत रत्न से भी सम्मानित किया। राजधानी दिल्ली में नेल्सन मंडेला मार्ग का होना इस बात की गवाही है कि सारा भारत मंडेला की कुर्बानियों से प्रेरित होता है। मंडेला 1995 में भी भारत आए थे। नेल्सन मंडेला के नाम पर जामिया मिल्लिया इस्लामिया में साल 2004 में नेल्सन मंडेला सेंटर फॉर पीस एंड कान्फ्लिक्ट कनफिल्कट रेज़लूशन की स्थापना की गई। इस सेंटर की स्थापना मुख्य रूप से इसलिए की गई थी ताकि दुनियाभर में शांति और सदभाव के लिए भारत की तरफ से की जाने वाली कोशिशों का गहराई से अध्ययन हो सके। जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी में भी अफ्रीकन अध्ययन केंद्र है।

दक्षिण अफ्रीका में होने वाले आम चुनाव को अमानवीय रंगभेद के अंत के खात्मे के बाद के सबसे महत्वपूर्ण आम चुनाव का दर्जा मिल सकता है। सत्तारूढ़ अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) 1994 में सत्तासीन होने के बाद पहली बार बहुमत खो सकती है। अमेरिका के जार्जिया यूनिवर्सिटी में अफ्रीकी मामलों के प्रोफेसर डॉ. उत्सव कुमार सिंह को लगता है कि इस चुनाव के बाद वहां एएनसी का एकछत्र राज खत्म होगा। वहां मिली-जुली सरकार बनेगी। दक्षिण अफ्रीका में गोरी सरकार के शासन के अंत के बाद देश में सातवां आम चुनाव है। इस चुनाव में करीब पौने तीन करोड़ मतदाता देश की नई सरकार को चुनेंगे। अगर एएनसी को चुनावों में 50 फीसद से कम वोट मिले, तो पार्टी को गठबंधन सरकार बनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उस हालत में एएनसी के नेता और राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा को मिली-जुली सरकार बनाने के लिए बाध्य होना पड़ सकता। बताते चलें कि वे 2019 में भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि थे। एएनसी ने 2018 में बदनाम राष्ट्रपति जैकब जुमा को हटाकर रामाफोसा को देश का राष्ट्रपति बनाया था। जैकब जुमा पर 2009 और 2018 के बीच राष्ट्रपति पद पर रहते हुए भ्रष्टाचार के अनगिनत केस लगे थे। जुमा पर यह भी आरोप था कि उन्होंने भारत के उद्योगपति 'गुप्ता ब्रदर्स' (अनिल और अजय) को खूब लाभ पहुंचाया। उत्तराखंड पुलिस ने बीते दिनों एक बड़े बिल्डर को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गुप्ता ब्रदर्स को गिरफ्तार किया था। बेशक, एएनसी से अवाम की नाराजगी की वजह जुमा के कुशासन के कारण ही हुई थी।

बेशक, एक दौर में एएनसी के प्रति दक्षिण अफ्रीका के अवाम के मन में गहरा प्रेम मंडेला के कारण था। एएनसी को पिछले 2019 के आम चुनाव में पहली बार झटका लगा था। तब उसे देश की 60 फीसद जनता का भी समर्थन नहीं मिला था। तब पार्टी को 57.50 फीसद वोट मिले थे।

दक्षिण अफ्रीका हत्याओं के मामले बीते 20 साल के उच्च स्तर पर है, देश में लगभग हर 20 मिनट में एक व्यक्ति का कत्ल हो जाता है। जनता पुलिस की काहिली से बहुत नाराज है। बेरोजगारी, बिजली की बार-बार कटौती, पानी का संकट के स्थायी हल ना खोज पाने के कारण जनता एएनसी से दूर हो रही है। सरकारी विभागों में फैले भ्रष्टाचार से एएनसी को नुकसान ही हुआ है।

दक्षिण अफ्रीका की जनता राष्ट्रपति रामाफोसा में मंडेला का अक्स देखती थी। पर वे भी जनता के मसलों को हल करने में नाकाम ही रहे। उन्होंने कुछ समय पहले एक भाषण में स्वीकार किया था, "भ्रष्टाचार ने हमारे लोकतंत्र को घायल कर दिया है और लोगों का हमारे संस्थानों में विश्वास हिला दिया है। अगर भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लगाई जाती है, तो हम कहीं के नहीं रहेंगे। सबसे बड़ा नुकसान स्वयं लोकतंत्र में विश्वास के लिए होगा।"

दक्षिण अफ्रीका की मुख्य विपक्षी पार्टी, सेंट्रिस्ट डेमोक्रेटिक एलायंस (डीए), का नेतृत्व जॉन स्टीनहुइसन करते हैं और इसे कई लोग गोरे दक्षिण अफ्रीकियों की पार्टी मानते हैं। इस चुनाव के लिए, डीए ने छोटी विपक्षी पार्टियों के साथ एक गठबंधन ब्लॉक बनाया है। कहने वाले कह रहे हैं कि डीए सत्ता पर काबिज हो सकती है। अगर सर्वेक्षणों पर विश्वास किया जाए, तो एएनसी को जरूरत पड़ने पर इकोनॉमिक फ्रीडम फाइटर्स (ईएफएफ) या डीए के साथ गठबंधन बनाने के बीच चुनाव करना पड़ सकता है। डीए के नेता स्टीनहुइसन ने अपनी ओर से, एएनसी के साथ गठबंधन में जाने से इनकार नहीं किया है। यानी एएनसी और डीए भी मिलकर सरकार बना सकते हैं। ईएफएफ एक वामपंथी पार्टी है जिसका नेतृत्व एएनसी के पूर्व युवा नेता जूलियस मालेमा करते हैं।

खैर, भारत में लोकसभा चुनाव के नतीजे 4 जून को और मित्र देश दक्षिण अफ्रीका में 2 जून को घोषित किए जाएंगे। इसके बाद दोनों देशों में नई सरकारें बनेंगी। उम्मीद करनी चाहिए कि दक्षिण अफ्रीका में नई सरकार भारतवंशियों के हितों के हल तलाश करेगी। भारतीयों के बिना अधूरा है दक्षिण अफ्रीका। वहां के शिखर क्रिकेटर हाशिम आमला और केशव महाराज भारतीय मूल के ही हैं।

## प्रसंगवश

# सनातन धर्म का एक चेहरा

19 वीं सदी में हिंदू धर्म सती प्रथा, विधवा पुनर्विवाह और छुआछूत समाप्ति के बड़े सुधारों से गुजर रहा था। वह अपने नए आधुनिक गौरव की तरफ बढ़ रहा था, तभी 1885 में 'सनातन धर्म सभा' की स्थापना हुई। इसका उद्देश्य हिंदू धर्म में चल रहे सुधारों का विरोध करना था और संरक्षणवाद को फैलाना था। यह दयानंद सरस्वती के आर्य समाज के भी विरोध में था और दलितों को छुआछूत से मुक्त करने के उनके अभियान के पक्ष में नहीं था। सनातन धर्म सभा के मुख्य कर्ताधर्ता एक संपन्न ब्राह्मण पुरोहित दीन दयालु थे। इस संगठन ने आगे चलकर गांधी के अछूतोद्धार कार्यक्रम का भी विरोध किया, पर उस दौर में उन सबका विरोध आंधी में पतंग उड़ाने जैसा था।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

हिंदू धर्म में सुधारों का विरोध करने के उद्देश्य से ही 1902 में 'भारत धर्म महामंडल' की स्थापना की गई। ये सभी सनातनी संगठन उस दौर में विवेकानंद के विचारों के भी विरोधी थे। 1910 में छपी एक पुस्तिका 'भारत धर्म महामंडल रहस्य' में रूढ़िपोषक सनातन पंथियों की देशभक्ति का उदाहरण इस प्रकार है, 'परम दयालु परमेश्वर की कृपा से आर्य प्रजा को इस प्रकार की नीतिज्ञ और उदार गवर्नमेंट मिली है कि ऐसी गवर्नमेंट विदेशियों के हित के लिए विश्व भर में और कहीं देखने में नहीं आती।' रूढ़िपोषक सनातनपंथियों की एक बड़ी सीमा आर्यावर्त है, अर्थात उत्तर भारत को ही भारत समझने की है, जबकि भारत एक बड़ा देश है। निश्चय ही हिंदू धर्म सनातन धर्म से अधिक व्यापक है। हम अप्पर, ज्ञानेश्वर, तुकाराम, सूर, मीरा, तुलसी, सहजोबाई, दयानंद सरस्वती, विवेकानंद, श्री अरविंद आदि को सनातनी नहीं कह सकते। स्पष्ट है कि सनातन धर्म के पुनरुत्थान में लगे लोग वस्तुतः जाति व्यवस्था और पितृसत्ता के तो कट्टर समर्थक हैं ही, ये भारत के स्वभाव से ही अनजान हैं। हम प्राचीन काल से ही 'नवोन्मेषशील सनातन' और 'जड़ांध सनातन' की दो धाराएं स्पष्ट देख सकते हैं। इसलिए इस समय सनातन को लेकर बढ़ रहे हुंकार को देश पर एक बड़े खतरे की घंटी के रूप में देखना चाहिए।

# पर्यावरण विनाश का कारण बनते घातक हथियार



डॉ.मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

इन हथियारों के प्रभाव को जानकर इतना तो स्पष्ट है कि ये प्रकृति/पर्यावरण और उसके जैविक और अजैविक घटकों को बहुत ज्यादा क्षति पहुंचा रहे हैं।

विज्ञान एवं तकनीकी युग में आज मनुष्य एक ओर तो प्रकृति पर विजय प्राप्त करना चाहता है, कई वर्षों तक जीवित रहना चाहता है, बुढ़ापे को दूर भगाना चाहता है, जिंदगी को आराम दायक बनाना चाहता है, वहीं दूसरी ओर अपनी बढ़ती महत्वाकांक्षा से चालित प्रकृति को जाने-अनजाने में तरह-तरह से हानि पहुंचा रहा है। साथ ही समय-समय पर विभिन्न देशों के मध्य होने वाले युद्ध, युद्धाभ्यास, आतंकी हमलों में प्रयुक्त घातक हथियार और उनकी टेस्टिंग जल (समुद्र), वायु, थल, नभ को बुरी तरह से प्रभावित कर रही हैं, प्रदूषित कर रही है। आजकल जो युद्ध हो रहे हैं, वे इतिहास की किताबों में दर्ज परंपरागत युद्ध जैसे नहीं हैं, जिनमें तलवार, धनुष और तोपखाने का उपयोग किया जाता हो। उन्नीसवीं शताब्दी से युद्ध में उपयोग होने वाले हथियार और सामग्री में बहुत बदलाव आया है। कंप्यूटरीकरण प्रणाली तथा सूचना तंत्र का उपयोग हथियारों में बढ़ा है। युद्धक विमान, मिसाइल, राकेट लांचर, तोप, बम और उनमें उपयोग होने वाले तरह-तरह के विस्फोटक और उनकी सटीक मारक क्षमता ने युद्ध को मनुष्य और पर्यावरण के लिए पहले से ज्यादा घातक और नुकसान दायक बना दिया है। उदाहरण के लिए लगभग पिछले दो वर्ष से जारी रुस-यूक्रेन युद्ध में तरह-तरह के घातक हथियारों का उपयोग हो रहा है यथा-विस्फोटक हथियार जो अपने विखंडन, विस्फोटक, आगजनी के प्रभाव से प्रकृति और मानव को बेतहाशा नुकसान पहुंचा रहे हैं। दूसरे रासायनिक हथियार (क्लोरोपिक्रिन जैसे दम घुटने वाले ऐजेंट आदि) जो मनुष्य सहित विभिन्न जीव-जंतुओं के फेफड़ों, आंखों, त्वचा में जलन पैदा करके तथा उल्टी, मतली, दस्त का कारण बन हथियार के प्रभाव क्षेत्र में आने वाले हर व्यक्ति और जीवों को मौत के घाट उतार रहे हैं, इनका वनस्पतियों पर क्या प्रभाव पड़ा है, युद्ध समाप्ति पर होने वाले शोध से ही अवज्ञत हो सकेगा। कुछ हथियार ऐसे भी उपयोग में लाए जा रहे हैं जो आगजनी तथा धुआं फैला कर जन-धन को हानि पहुंचा रहे हैं (नेपान, थर्माइट, सफेद फास्फोरस आदि) तथा कुछ हथियार ऐसे हैं जिन्हें ईंधन वायु विस्फोटक (थर्मोबेरिक हथियार)कहा जाता है (एरोसोल बम या वैक्यूम बम) जो उच्च तापमान वाले विस्फोट को उत्पन्न करने के लिए हवा से आक्सीजन का उपयोग करते हैं। इन विस्फोटक से उत्पन्न गर्मी इंसान को झुलसा देती है। इसके घातक प्रभाव को देखते हुए इन हथियारों को गैर परमाणु हथियार में सबसे ख़तरनाक माना जाता है। परमाणु हथियार को अभी होल्ड पर रखा है जो बड़े क्षेत्र में सामुहिक विनाश का कारण बन सकता है। रुस-यूक्रेन युद्ध में इस विनाशक हथियार के उपयोग की आंशका बनी हुई है।

इन हथियारों के प्रभाव को जानकर इतना तो स्पष्ट है कि ये प्रकृति/पर्यावरण और उसके जैविक और अजैविक घटकों को बहुत ज्यादा क्षति पहुंचा रहे हैं और युद्ध विराम के बाद भरपाई करने या यूं कहें युद्ध के पहले की स्थिति में लाने में वर्षों लग सकते हैं।

आज विश्व के देशों में गुटबाजी स्पष्ट दिखाई देती है। एक तरफ रूस, चीन, उत्तरी कोरिया जैसे देशों का समूह है तो दूसरी तरफ अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी जैसे नाटो देशों का समूह है तो तीसरी ओर भारत जैसे वे देश है जो अभी किसी गुट में नहीं है तथा विश्व शांति के पक्ष में है और उन्हें अपने देश में पर्यावरण की रक्षा करते हुए विकास की रफ्तार को तेज करना है, विकसित राष्ट्र बनना, अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है तथा अपने नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना है। विश्व में कुछ ऐसे भी देश है जो सीधे तौर पर तो युद्ध में शामिल नहीं है पर युद्ध करने के लिए देशों को उकसा रहे हैं, उन्हें घातक हथियारों की आपूर्ति कर रहे हैं, शांति-वार्ता को किसी परिणामदायक स्थिति में पहुंचने से अप्रत्यक्ष रूप से रोक रहे हैं। वास्तव में युद्ध विराम न होना या यूं कहें युद्ध का लंबा खिंचना वर्तमान में चल रहे युद्ध और उससे उपजे पर्यावरणीय संकट की स्थिति को और भयावह बना रहा है, परमाणु हमले की आशंकाओं को जन्म दे रहा है। ऐसा लगता है जिन देशों के मध्य युद्ध (ईजराइल-हमास,रुस-यूक्रेन आदि) जारी है वे शांति, युद्ध विराम जैसे शब्द अपने शब्दकोश से मिटा चुके हैं, उन्हें कराहती मानवता की आवाज सुनाई ही नहीं देती। जबकि युद्ध में संलग्न देशों को भलीभांति ज्ञात है कि आधुनिक घातक अस्त्र-शस्त्र के प्रयोग से पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र के जैविक घटकों (पेड़-पौधों, जीव-जंतुओं, पशु-पक्षी तथा मानव आदि) को बेतहाशा नुकसान पहुंचता है।

## सोशल फोरम

# कृत्रिमता का परिणाम

फ्लैटों ने हमें सुविधा तो दी है लेकिन हमारा बहुत कुछ छीन भी लिया है। न ऊपर आसमान अपना न नीचे धरती। वो बड़े बड़े आंगन, बरामदे और दालान वाले घर तो अब सपना हो गए। अब तो लोग खुले में सोते भी नजर नहीं आते। आधुनिक सुविधा के लालच ने इंसान को दड़बों तक सीमित कर दिया। अब पूरा जीवन दो से तीन कमरों के बीच सिमट कर रह जाता है। अब तक कि नौकरी पेशा जिंदगी भाड़े के घरों में कट गई। जहां अपनी मर्जी संभव नहीं थी। बचपन मे घर के आंगन में या ऊपर छत पर सोने का आनन्द लगभग भूल चुका था। सयुंक्त परिवारों में छत पर बिस्तर लगा रात को गप्पें मारने का भी एक अलग सुख होता था। पास पड़ोस के साथ उम्र के हिसाब से अलग अलग टोलियां बन जाती थी। आज कृत्रिम सुविधाओं की आदि देह भी अब ये सारे आनन्द भूल चुकी है।



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

16 साल पहले सासाराम में गर्मी में हम बाहर ही सोया करते थे। क्योंकि बिजली केवल 6-7 घंटे के लिए ही आती थी। इस कष्ट के बावजूद एक सुख भी था। प्रदूषण कम होने के कारण आकाश तारों से भरा दिखता था और पूर्णिमा की चांदनी तो ऐसी थी जैसे किसी ने छोटा बल्ब जला रखा हो। हम अक्सर रात का खाना मून लाइट में ही खाया करते थे।

इतने सालों में बढ़े प्रदूषण और शहर की जगमगाती लाइटों ने आकाश से तारों को ही गायब कर दिया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि कृत्रिम रोशनी के बढ़ते उपयोग से पशुओं के स्वभाविक जीवन पर असर होता है और मानव शरीर को भी अनिद्रा, मधुमेह, मोटापा, डिप्रेशन, कैंसर और दिल की बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। विटामिन डी के लिए अब हम सूरज के बजाय टैबलेटों की शरण में जाते हैं। जीवन में बढ़ती कृत्रिमता का परिणाम तो हमें भोगना ही होगा।

अलग किस्म के सुख और दुख हमारे चारों तरफ बिखरे पड़े हैं। अब ये हमारा चुनाव है कि अपनी मानसिकता अनुसार हम किसे दुख समझे और किसे सुख। देखा जाए तो हमारी पृथ्वी से अंधेरा भाग रहा है लेकिन ये हमारे लिए खुशी नहीं बल्कि दुख की बात है। खुशी की बात तब होती जब हमारे दिलों दिमाग पर छाया अंधेरा भागता।

**-फेसबुक वॉल से**

# आजीवन किसान हितों के प्रति समर्पित रहे चौधरी चरण सिंह



मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल'
पूर्व अतिथि प्रवक्ता
इलाहाबाद विश्वविद्यालय

1950 में यूपी के मुख्यमंत्री सम्पूर्णानंद की सरकार में चौधरी साहब के प्रयास और मार्गदर्शन में ही जमींदारी उन्मूलन विधेयक बना जो एक जुलाई 1952 को लागू भी हो गया।

देश की आजादी के शुरूआती दशकों में जनसंचार माध्यमों के पर्याप्त अभाव के बाद भी किसानों की लड़ाई लड़ने वाले नेता की पहचान अखिल भारतीय स्तर पर किसान मसीहा के रुप में स्थापित होना किसी आश्चर्य से कम नहीं है। ऐसे में चौधरी चरण सिंह समकालीन पीढ़ी के लिए उस दौर के अचंभित करने वाले नेता के तौर पर ही पहचाने जाते हैं। आज भी सुदूर ग्रामीण अंचलों में किसानों के हक और हकूक की लड़ाई लड़ने वाले नेता के रूप में लोगों की जुबान पर बरबस चौधरी साहब का नाम सहज ही आ जाता है। उनके किसान हितैषी व्यक्तित्व का ही प्रभाव रहा कि मौजूदा भारत सरकार को चुनावी वर्ष में चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित कर उस महान धारा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना पड़ी।

चौधरी चरण सिंह आजीवन किसान हितों के प्रति समर्पित रहे। लोकतांत्रिक भारत के इतिहास में पहली बार उन्होंने प्रशासनिक सेवाओं में खेतिहर और ग्रामीणों के लिए पचास फीसदी आरक्षण की बात की। खेती-किसानी और नौजवानों के रोजगार को ही मुद्दा बनाते रहे। जहां एक ओर उन्होंने राजनीतिक भ्रष्टाचार से खुद को आजीवन बचाए रखा, वहीं दूसरी ओर अपने से जुड़े लोगों की शुचिता और साख के मजबूत बने रहने के लिए विशेष अनुशासन के नियम को बनाए रखा। चौधरी साहब के लेखन को पढ़ने और समझने से एक दृष्टि पैदा होती है कि कैसे राजनीति में रहते हुए चकाचौंध से दूर रह कर आमजन के हित का काम पूरी ईमानदारी से किया जा सकता है।

1950 में यूपी के मुख्यमंत्री सम्पूर्णानंद की सरकार में चौधरी साहब के प्रयास और मार्गदर्शन में ही जमींदारी उन्मूलन विधेयक बना जो एक जुलाई 1952 को लागू भी हो गया। इसी तरह 1964 में सुचेता कृपलानी की सरकार में बतौर कृषि मंत्री उन्होंने 'कृषक समाज' की स्थापना के माध्यम से किसानों को आधुनिक तकनीकि से जोड़ने का प्रयास शुरू किया। जिसे आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री बनने के बाद 'चकबंदी कानून' को अतिरिक्त मजबूत करते हुए किसान हित का ध्यान रखा।

23 दिसम्बर 1977 को केंद्र सरकार द्वारा उन्हें मंत्रिमंडल से निकाले जाने के विरोध में आयोजित किसान रैली के ऐतिहासिक भीड़ के विषय में जानकर तत्कालीन समय में उनकी लोकप्रियता का अंदाजा लगाया जा सकता है। 1977 में जनता पार्टी की प्रथम बैठक में भारतीय अर्थव्यवस्था और किसान नीति की बेहतरी के लिए बनाए गई रिपोर्ट की चर्चा करते हुए उन्होंने लघु एवं कुटीर उद्योग के लिए बजट का 40 प्रतिशत हिस्सा कृषि पर व्यय करने से लेकर 50 फीसदी गांवों के विकास पर खर्च करने का पक्ष उनके गांव-किसान से गंभीर जुड़ाव को ही दर्शाता है। किसान विकास योजनाओं में धन की पर्याप्त उपलब्धता करने के लिए उन्होंने अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान नाबार्ड का गठन किया, जिसकी सफलता आज भी निर्विवाद बनी हुई है। "मेरे सपनों के भारत" विषय पर चर्चा करते हुए उन्होंने पांच बिंदुओं पर अपनी बात कही थी कि प्राथमिक आवश्यकताएं सब की पूरी हो, ऐशो-आराम की चीजें नहीं। दूसरे सब को रोजगार मुहैया हो, तीसरे अमीरों और गरीबों में अंतर कम से कम होता जाए। चौथे यह कि हर आदमी ईमानदार हो अर्थात देश में भ्रष्टाचार ना हो और हर आदमी रोटी कमाने के काम में स्वतंत्र रहे, अपने कर्तव्य का ईमानदारी से पालन करता रहे। पांचवें यह कि हर आदमी अपने मुल्क को तरक्की की बुलंदियों तक पहुंचाने का स्वप्न देखे और एक यह भी कि भारत में ऊंच-नीच का भेदभाव बिल्कुल ना रहे। इसके साथ ही चौधरी साहब ने एक ठोस आर्थिक नीति का मॉडल प्रस्तुत किया जिससे देश की गरीबी और बदहाली को दूर करने का रास्ता सुझाया जा सके।

गांधीवादी परंपरा के चौधरी चरण सिंह अपने सार्वजनिक जीवन में व्यक्तिगत संपत्ति के आग्रह से पूरी तरह दूर रहे। चौधरी साहब के प्रिय शिष्य 1974 में उत्तर प्रदेश की राजनीति में दो नौजवान छात्रनेता सतपाल मलिक और राजेंद्र चौधरी आज भी उस धारा के प्रकाश बिंदु के रूप में क्रमशः पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री के रूप में उस वैचारिकी को जीवंत बनाए हुए हैं। बीते कुछ वर्षों में जिस तरह किसानों के मुद्दों और उनका दखल एक दबाव समूह के रूप में उभरा है उसे चौधरी साहब की नीतियों के आधार पर समाजवादी विचार परंपरा के वाहक अखिलेश यादव राजनीति के केंद्र में बनाए हुए है। आज जब राजनीति व्यवसाय, विचारहीनता और पदलोलुपता के मकड़जाल में उलझता चला जा रहा है। ऐसे में चौधरी चरण सिंह की याद बेपटरी हो चुकी राजनीति में एक प्रकाशपुंज की भांति प्रतीत होती है जिनके बताए रास्ते पर चलकर समाज में समृद्धि और समरसता कायम की जा सकती है। चौधरी साहब की पुण्यतिथि पर सबसे सच्ची श्रद्धांजलि उनके किसानोंन्मुख छवि पर आम जनता में विमर्श करते हुए किसानों की मूलभूत समस्याओं के विषय में मौलिक एवं सहज समाधान प्राप्त करने के माध्यम से किया जा सकता है।

# विश्व में भुखमरी की स्थिति

2022में भारत ग्लोबल इंडेक्स में 107वे नम्बर पर था, जो 2023,में 111वे स्थान पर खिसक गया है। यह स्थिति तो तब है जब अन्न योजना के अंतर्गत सरकार 81 करोड़ लोगों को लगातार अनाज वितरण का काम कर रही है।

विश्व में भूख दिवस यानी हंगर डे हर साल 28 मई को मनाया जाता है। इसकी शुरुआत 2011 में की गई थी और उद्देश्य था भुखमरी को दूर करना। ताकि हर व्यक्ति को दो समय की रोटी मिल सके। उद्देश्य यह भी था कि आगामी 2030 तक विश्व पटल से भूखमरी समाप्त की जा सके किंतु ताजा आंकड़ों के अनुसार 820 मिलियन लोग अभी भी भूख, बीमारी और कुपोषण से ग्रस्त बने हुए हैं। मध्य अफ्रीकी देश और मेडागास्कर इस सूची में सबसे प्रभावित देशों में रखे गए हैं, इस विषय में हमारे देश की स्थिति बिल्कुल भी अच्छी नहीं। 2022 में भारत ग्लोबल इंडेक्स में 107वे नम्बर पर था, जो 2023, में 111वे स्थान पर खिसक गया है। यह स्थिति तो तब है जब अन्न योजना के अंतर्गत सरकार 81 करोड़ गरीब जनता को लगातार अनाज वितरण का काम कर रही है। इस इंडेक्स के अनुसार पड़ोसी छोटे देश श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल भी बेहतर स्थिति में हैं। हालांकि भारत सरकार हंगर इंडेक्स के इन आंकड़ों को सही नही मान रही। परंतु यह एक विचारणीय विषय है कि इस स्थिति में सुधार कैसे किया जा सके। अब देखना है कि आने वाले दिनों में हमारे देश की स्थिति में कैसे सुधार होगा, देश की बड़ी आबादी को भुखमरी और कुपोषण की संख्या से निकालने के लिए अथक प्रयासों की जरूरत है ताकि देश हंगर इंडेक्स में बेहतर स्थान प्राप्त कर सके।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

# पहले बड़े मंगल पर श्री बड़े हनुमान का भव्य श्रृंगार, उमड़े श्रद्धालु

## जगह-जगह लगाए गये भंडारे और बंटा शरबत, मंदिरों में किया गया सुंदरकांड पाठ

संवाददाता, प्रयागराज।


हनुमान मंदिर के बाहर आरती करते महंत बलबीर।


लेटे हनुमान जी की आरती करते महंत।

**अमृत विचार:** ज्येष्ठ माह के पहले बड़े मंगल पर श्री बड़े हनुमान मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। प्रयागराज के बड़े हनुमान मंदिर में का भव्य श्रृंगार हुआ। बाघंबरी मठ और बड़े हनुमान मंदिर के महंत बलबीर गिरी महाआरती की। वहीं, महाप्रसाद का भोग भी लगाया गया। मंदिर में सुंदरकांड का पाठ किया गया। बड़े मंगल के अवसर पर शहर के तमाम मंदिरों में भव्य आयोजन किया गया।

श्री बड़े हनुमान मंदिर में विशेष पूजन और श्रृंगार हुआ। मंदिर को फूलों हर भव्य सजाया गया। साथ ही बड़े हनुमान जी का विशेष श्रृंगार किया गया। सुबह मंगला काल में श्री बड़े हनुमान जी का अभिषेक और आरती की गई। गर्मी को देखते हुए शरबत का भंडारा चलाया गया। ज्येष्ठ माह के पहले मंगलवार पर श्री बड़े हनुमान जी के दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचे। देर शाम तक मंदिर में भीड़ लगी रही। शाम साढ़े चार बजे मंदिर में महाआरती की गई। इसके बाद सामूहिक सुंदरकांड का पाठ का आयोजन हुआ। वहीं, भक्तों को धूप से बचाने के लिए टेंट की भी व्यवस्था की गई थी। महंत बलबीर गिरी ने बताया कि बड़े हनुमान मंदिर में लेटे बजरंग बली को प्रयागराज के नगर कोतवाल के रूप में माने जाते हैं।

जेठ मास का आज पहला और बड़ा मंगलवार है। संगम स्थित लेटे बड़े हनुमान मंदिर में भक्तों का जनसैलाब दर्शन करने के लिए उमड़ पड़ा है। सुबह से ही लंबी-लंबी कतारों में लगे भक्ति अपनी मनोकामना लेकर हनुमान जी महाराज से मन्नते मांग रहे हैं। बड़ा मंगलवार होने के वजह से हनुमान मंदिरों को सजाया गया है। भगवान 56 भोग लगाकर आरती की गई। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मंगलवार का दिन हनुमान जी को समर्पित होता है। ज्येष्ठ माह के पहले मंगलवार का विशेष महत्व होता है। इसे बड़ा मंगल भी कहा जाता है। हिन्दू कैलेंडर के अनुसार इस बार ज्येष्ठ माह में चार बड़े मंगल रहा रहे हैं। इस पावन दिन हनुमान जी की विशेष पूजा- अर्चना करना चाहिए। बड़ा मंगल के दिन हनुमान जी की व्रत-पूजा अचूक मानी जाती है। हिन्दू मान्यता के अनुसार इस दिन बजरंगबली को चोला चढ़ाने, दान पुण्य करने से हर तरह की बाधा दूर होती है। बड़ा मंगल के दिन विधि विधान से हनुमान जी की पूजा करने से आर्थिक, मानसिक और शारीरिक पीड़ा से मुक्ति मिलती है। हनुमान जी की पूजा- अर्चना करने से सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। इसी मान्यता को लेकर बड़े हनुमान मंदिर प्रांगण में भारी संख्या में भक्त पूजा अर्चना में लीन हैं।

# बारात से पहले उठी किशोर की अर्थी, घर में छाया मातम

संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ तालाब में डूबकर किशोर की मौत, सराय ममरेज के माधव राम का पूरा की घटना

▸▸ उतरांव से वैवाहिक कार्यक्रम में रिश्तेदार के घर आया था किशोर

**अमृत विचार:** शादी वाले घर में अचानक से मातम छा गया। एक तरफ घरवाले बारात की तैयारी में जुटे थे। वहीं दूसरी तरफ किशोर की मौत की खबर सुनने के बाद घर में अंतिम संस्कार की तैयारी होने लगी। बारात से पहले अर्थी को कंधा दिया गया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया। इस विदारक घटना से पूरे गांव का कलेजा फट गया।

घटना सराय ममरेज थाना अंतर्गत माधोराम का पूरा गांव में मंगलवार की है। जहां वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने रिश्तेदार के घर आए किशोर की नहाते समय तालाब में डूबकर मौत हो गई। जिसके बाद मौके पर कोहराम मच गया। घटना के बाद जहां एक तरफ बारात की तैयारी हो रही थी तो वहीं दूसरी तरफ किशोर के अंतिम संस्कार की तैयारी होने लगी। इस विदारक घटना से पूरे गांव में मातम छा गया।

उतरांव क्षेत्र के याकूबपुर गांव निवासी बुल्ले पटेल का बेटा सुधांशु (17) सराय ममरेज थाना क्षेत्र के माधो राम का पूरा गांव स्थित रिश्तेदारी में गया था। वहां बसंत लाल पटेल के बेटे राजेश की मंगलवार को गुलरा बारात जानी थी। सुबह से ही बारात की तैयारी हो रही थी। उसी दौरान रिश्तेदारी में आया सुधांशु गांव के ही तालाब में नहाने चला गया। अचानक गहरे पानी में चले जाने से उसकी डूबकर मौत हो गई। वहीं यह खबर याकूबपुर गांव पहुंची तो उसके घर में कोहराम मच गया। महिलाएं दहाड़े मार कर रोने लगीं। एक तरफ बारात की तैयारी हो रही थी वहीं सुधांशु की मौत के बाद उसके अंतिम संस्कार की तैयारी होने लगी। शादी की सारी खुशियां मातम में तब्दील हो गई। जानकारी होने पर मौके पर घर के लोग मौके पर पहुंचकर शव को याकूबपुर गांव लेकर पहुंच गए। सुधांशु दो भाई एक बहन में बड़ा था।

# बंदियों को निःशुल्क अधिवक्ता महिला कैदियों के बच्चों को दूध



जिला कारागार का निरीक्षण करते जनपद न्यायाधीश अब्दुल शाहिद।

संवाददाता, प्रतापगढ़

▸▸ जिला जज ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण, दिये आवश्यक निर्देश

**अमृत विचार :** जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अब्दुल शाहिद ने मंगलवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। बंदियों की समस्याएं सुनकर उन्हें निःशुल्क अधिवक्ता, जमानतदार, महिला बंदियों के बच्चों को दूध उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जनपद न्यायाधीश ने बैरकों, पाकशाला, चिकित्सालय, लीगल एड क्लीनिक, पुस्तकालय, ई-लाइब्रेरी का निरीक्षण कर बन्दियों के भोजन, साफ-सफाई, चिकित्सा, सुरक्षा व उनकों दी जाने वाली विधिक सहायता आदि के बारे जानकारी ली। उन्होंने बंदियों को बंदियों को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये गए दिशा निर्देशों के अनुरूप सुविधाएं देने के लिए निर्देशित किया। जिला जज ने बंदियों की समस्याओं को सुना। उन्हें निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने, जमानतदार उपलब्ध कराने, नियमित रूप से बंदियों के लिये दवा उपलब्ध कराने, महिला कैदियों के साथ रह रहे उनके छोटे बच्चों के लिये दूध की व्यवस्था कराने हेतु निर्देशित किया। इसके बाद जेल की अस्पताल का निरीक्षण किया। वहां पर भर्ती बंदियों के स्वास्थ्य और चिकित्सीय सुविधाओं के बारे में जानकारी लिया। लीगल एड क्लीनिक का भी निरीक्षण किया। इस दौरान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित पंवार व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अर्चना तिवारी, जेल अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी, डिप्टी जेलर आफताब अंसारी, डा. प्रवीण रंजन, डिप्टी जेलर श्रद्धा देवी, ध्रुव नारायण श्रीवास्तव, लालाराम, फार्मासिस्ट केशरी नंदन उपस्थित रहे।

# सिक्योरिटी एजेंसी को नहीं मिला 4.94 लाख, कराया केस

**प्रयागराज। अमृत विचार :** प्राइवेट सुरक्षा एजेंसी ने अपने बकाये भगतान को लेकर एक परिवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जाँच कर रही है। शहर के कर्नलगंज थाने में सुरक्षा गार्ड मुहैया करने वाली कंपनी के निदेशक रमाकांत पांडे ने एक परिवार के खिलाफ 4.94 लाख रुपए न मिलने का मुकदमा दर्ज करा दिया है। निदेशक के मुताबिक 2019 से अब तक भुगतान नहीं किया गया है। जानकारी के मुताबिक नैनी की एक सिक्योरिटी कंपनी के निदेशक रमाकांत पांडे ने बताया है कि 2010 में उन्होंने सुनंदिता बनर्जी निवासी कर्नलगंज के यहां दो सुरक्षाकर्मी लगाए थे। तबीयत खराब होने के बाद सुनंदिता अपनी बेटी और दामाद देवोतोदोष बनर्जी के पास दिल्ली चली गई थी। जिसके बाद सुरक्षाकर्मियों को भुगतान की जिम्मेदारी उन्होंने अपने दामाद को दे दी थी। कुछ भुगतान खाते के माध्यम से करते तो कुछ शेष रुपए रोक लेते थे। 2019 से मार्च 2024 तक का बकाया भुगतान 4.94 लाख रुपए शेष बचा हुआ है। भुगतान मांगने पर बहाना बनाते थे। जब सुरक्षा गार्ड हटाने की बात करते तो चोरी, डकैती का मुकदमा दर्ज करने की बात कहते और धमकी देते थे। उन्हें आशंका है कि आरोपी चोरी चुपके मकान बेचकर भागना चाहते हैं। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर की जांच शुरू कर दी है।

# जरूरत पड़ने पर रिजल्ट बटन को दोबारा दबाकर दिखायेंगे कार्मिक

**तैयारी**

▸▸ जिला स्तरीय मतगणना मास्टर ट्रेनर्स को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण

संवाददाता, प्रतापगढ़


विकास भवन सभागार में मतगणना के लिए चल रहे मास्टर ट्रेनरों के प्रशिक्षण में मौजूद नवनीत सेहारा, डीडीओ राकेश प्रसाद। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन के नेतृत्व आगामी 04 जून को लोकसभा चुनाव की मतगणना होनी है। इसके सम्बन्ध में विकास भवन के सभागार में जिला स्तरीय मतगणना मास्टर ट्रेनर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। जिसमें ईवीएम, पोस्टल बैलेट के साथ ईटीपीबीएमएस मतगणना के बारे में पावर प्वाइन्ट प्रजेन्टेशन से प्रशिक्षण राज्य स्तरीय सुपर मास्टर ट्रेनर्स डॉ. मो. अनीस, डॉ. विन्ध्याचल सिंह व धर्मेन्द्र कुमार ओझा ने दिया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में सभी तहसीलों के एसडीएम एवं विधानसभावार एआरओ भी रहे।

सीडीओ नवनीत सेहारा ने कहा कि पोस्टल बैलेट की गणना मतगणना से 30 मिनट पहले शुरू कर दी जायेगी। कन्ट्रोल यूनिट से मतगणना कैसे की जायेगी इसके बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी डा. मो. अनीस, एआरपी धर्मेन्द्र ओझा ने पोस्टल बैलेट की गणना की बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर डीडीओ राकेश प्रसाद ने कहा कि सभी 50 जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनर का चयन पूर्व में दिये गये अच्छे प्रशिक्षण को ध्यान में रखते हुये किया गया है। प्रशिक्षण में बताया गया कि मतगणना सम्बन्धी उपलब्ध कराये गये प्रारूप के समस्त कॉलम स्पष्ट शब्दों में साफ-साफ भरे जाएं। प्रदर्शित होने वाले रिजल्ट को इस प्रकार से खड़े होकर दिखायेगें कि उपस्थित मतगणना एजेन्ट अच्छी तरह से देख व नोट कर सके। मतगणना पर्यवेक्षक द्वारा बोलकर भी रिजल्ट बताया जायेगा। यदि आवश्यकता हो तो रिजल्ट बटन को दुबारा दबाकर रिजल्ट दिखायें। रिजल्ट नोट करने के बाद सीयू की स्वीच को ऑफ कर दिया जायेगा। इस अवसर पर प्राचार्य अफीम कोठी मंजू वर्मा सहित नसीमुद्दीन और अशोक शुक्ला मास्टर ट्रेनर आदि उपस्थित रहे।

## मतगणना कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण आज

**संवाददाता, कौशाम्बी अमृत विचार :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के अन्तर्गत 04 जून को नवीन मण्डी समिति ओसा, मंझनपुर में मतगणना के लिए 29 मई को उदयन सभागार में मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर को सुबह 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक प्रथम प्रशिक्षण दिया जायेंगा। प्रशिक्षण में कुल 228 कार्मिकों को प्रशिक्षित किया जायेगा।

# सफाई कर्मी के बेटे ने फंदा लगाकर दी जान

**रानीगंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** फतनपुर थाना क्षेत्र के सिलौधी गांव निवासी सत्यम उर्फ बहादुर ई रिक्शा चलाता था। सात वर्ष पूर्व उसकी शादी अनामिका निवासिनी सराय जमुनी थाना रानीगंज के साथ हुई थी। रविवार को वह अपनी पत्नी से मिल कर बेटे के मुंडन संस्कार में अपने ससुराल सराय जमुनी पहुंचा। वहां पर पत्नी से कहासुनी के बाद लौटकर सुबह घर लौट आया। सोमवार की रात घर में फंदे से लटक जान दे दी। मंगलवार की सुबह देर तक दरवाजा बंद होने के कारण उसकी मां गीता ने दरवाजा खटखटाया अंदर से आवाज न आने पर खिड़की से देखा तो बेटे को फंदे पर लटका देख वह अवाक रह गई, जोर से चीखने लगी। पड़ोस के लोग आए उसे फंदे से नीचे उतारा। सत्यम तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उसकी मां गीता देवी सफाई कर्मी के पद पर तैनात है। एसओ फतनपुर अभिषेक सिरोही ने मामले से अनभिज्ञता जताई।

# जौनपुर में दो सीटों के लिए होगी मतगणना, तैयारियां शुरू

संवाददाता, जौनपुर।

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव-2024 के लिए मतदान पूरा होने के बाद अब मतगणना की तैयारियां जोरों पर है। चार जून को जिले के दो लोकसभा जौनपुर व मछलीशहर संसदीय सीट के लिए मतगणना की तैयारियां शुरू हो गई है। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में स्ट्रांग रूम में रखे ईवीएम का जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने पर्यवेक्षक, सीडीओ और पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिया कि स्ट्रांग रूम में 50 अन्य स्थलों को चिह्नित कर वहां कैमरे लगाए जाएं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सबसे पहले मतगणना स्थल पर प्रकाश व्यवस्था, पीने का पानी, वाहन पार्किंग, सीसीटीवी, मीडिया गैलरी, माइक व्यवस्था, इंटरनेट सुविधा सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बिजली निगम के एक्सईएन को निर्देश दिया कि मतगणना के दिन निर्बाध विद्युत आपूर्ति रहे और इसकी वैकल्पिक व्यवस्था भी कर ली जाए। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद पवन कुमार को निर्देश दिया कि मोबाइल टॉयलेट, पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था रहे। बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल को फ्लेक्सी और बैनर की व्यवस्था करने के लिए निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतगणना से संबंधित सभी प्रकार की तैयारी 31 मई तक पूरी कर ली जाएं। मतदान कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण 29 मई और 30 मई को टीडी इंटर कॉलेज में आयोजित किया गया। इस मौके पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ईशिता किशोर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम अक्षयवर चौहान, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# पशु तस्करों ने पुलिस टीम पर की बमबाजी, भारी मात्रा में मवेशी बरामद

**थरवई, प्रयागराज। अमृत विचार :** मंगलवार को हंडिया कोखराज हाईवे मार्ग डेरा गांव के सामने हाईवे पुल पर पशु तस्करो ने पुलिस टीम पर बम से हमला कर दिया किया था। घटना में पुलिसकर्मी बाल बाल बच गये। हलांकि मौके अब पुलिस ने कंटेनर ट्रक में सवार दो पशु तस्करो सहित 23 बैल 11 गाय को बरामद किया है। जिसमें एक गाय की मौत हो गई थी। बदमाशों के पास से सात जिंदा बम बरामद हुआ है। घटना थरवई पुलिस ने बताया की सूचना के आधार पर हाईवे मार्ग पर पुलिस टीम ने कंटेनर ट्रक जो कानपुर से बिहार जा रहा था। मंगलवार की सुबह करीब 11:00 बजे थरवई थाना क्षेत्र के डेरागदाई गांव के समीप रेलवे ओवर ब्रिज नेशनल हाईवे मार्ग पर पहुंचा था। तभी पुलिस ने उनका पीछा करना शुरु कर दिया। उस दौरान पुलिस टीम ने घेराबंदी की तो पशु तस्करों ने पुलिस टीम पर बमबाजी शुरु कर दी।

# मुंडेरा मंडी में परिंदों पर भी पैनी नजर, 28 से 6 तक बंद

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** मुंडेरा सब्जी-फल मंडी के स्ट्रांग रूम के एक कमरे में कुत्ते के घुसने के बाद प्रशासन सख्त हो गया है। मंगलवार को जिला प्रशासन ने 28 मई से छह जून एक मुंडेरा मंडी को बंद कर दिया गया है। साथ ही आढ़तियों को मंडी से सब्जी और फल रात तक बाहर निकालने के लिए भी निर्देशित किया गया है। नगर मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सिंह का आदेश जारी होने के बाद मंडी के सब्जी और फल कारोबारियों में खलबली मच गई है। इससे पहले प्रशासन ने 22 से 26 मई और 31 मई से छह जून तक मंडी बंद करने का आदेश दिया था। पहले चरण में पांच दिन की बंदी के बाद सोमवार को मंडी खुली। प्रशासन ने 22 से 26 मई और 31 मई से छह जून तक मंडी बंद करने का आदेश दिया था। मंडी खुली रहने की उम्मीद में आढ़तियों ने बाहर से सब्जी और फल मंगा लिया। अब आढ़ती समझ नहीं पा रहे हैं कि बाहर से आ रही सब्जी और फल को वह कहां रखेंगे। इसके अलावा पहले चरण की बंदी के बाद सब्जी और फल की गाड़ियां सुबह मंडी पहुंच गयी। नगर मजिस्ट्रेट के आदेश में कहा गया है कि ईवीएम की सुरक्षा के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत सिंह चहल ने मंडी परिसर को सील करने का आदेश जारी किया है। मंडी में ईवीएम के साथ स्टेशनरी के कमरे में कुत्ता घुस गया था। इसी के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी ने मंडी निर्धारित तारीख से तीन दिन पहले बंद करने का निर्देश दिया है। मुंडेरा व्यापार मंडल के अध्यक्ष धनंजय सिंह ने कहा कि इस निर्णय से किसानों का भारी नुकसान हो रहा है।


समर कैंप में मस्ती करते बच्चे। अमृत विचार

## बच्चों ने योगाभ्यास के बाद क्राफ्ट प्रतियोगिता में लिया हिस्सा

**संवाददाता, जौनपुर। अमृत विचार :** जिले के शाहगंज नगर के तुलसी उद्यान पार्क में चल रहे 5 दिवसीय समर कैंप के तीसरे दिन मंगलवार को सुबह हरे-भरे माहौल में प्रतिभागी बच्चों ने योगाभ्यास के बाद क्राफ्ट प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। वहीं, वाटर प्ले एक्टिविटी का भरपूर आनंद उठाया। आयोजक संगीता अग्रहरि व नीरज अग्रहरि हैं। संयोजक मुक्ता जायसवाल, स्वाती अग्रहरि, प्रीति जायसवाल, रानी अग्रहरि व प्रियंका अग्रहरि हैं। 125 बच्चों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन व प्रार्थना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। क्राफ्ट आर्ट प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें जूनियर ग्रुप में सार्थक अग्रहरि प्रथम और अक्षत ऊर्फ वीर कसेरा द्वितीय व तृतीय पर वेदांत जायसवाल रहे। सीनियर ग्रुप में नव्या अग्रहरि प्रथम, वंश अग्रहरि द्वितीय व कृष्णा अग्रहरि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्त में जलपान के साथ तीसरे दिन के कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर बलराम अग्रहरि अतुल जायसवाल, अमित जायसवाल, पंकज अग्रहरि, धीरज पाटिल, सीमा अग्रहरि, कुसुम जायसवाल, सपना अग्रहरि, अमिता अग्रहरि, रिया अग्रहरि, रौनक अग्रहरि, शिवम अग्रहरी, चन्दन अग्रहरि, पूजा अग्रहरि सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# हीट वेव को लेकर बरते सावधानी

संवाददाता, मिर्जापुर।

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देशन में एवं अपर जिलाधिकारी/प्रभारी अधिकारी श्री शिव प्रताप शुक्ल के मार्गदर्शन में हीट वेव के दृष्टिगत जिले स्तर पर पेयजल संबंधित समस्याओं के निस्तारण हेतु कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है जिसका संपर्क सूत्र 0542-253624/253627 है उपरोक्त के अतिरिक्त जनपद के 14 भीड़ केंद्रित स्थलों पर नए वाटर कूलर लगाए गए हैं जैसे की घंटाघर, कंतित बालाजी मंदिर, के पास, शुक्लहा अनगढ़ तिराहा, शीतला मंदि, बरौंधा निरंकारी भवन इत्यादि।

जनपद कि समस्त 53 स्वास्थ्य इकाइयों में कोल्ड रूम कि स्थापना कि गयी है एवं कई सरकारी कार्यालयों में आम जनमानस के दृष्टिगत वाटर कूलर लगाये गये हैं। आगामी 01 जून को जनपद के पोलिंग बूथ पर होने वाली वोटिंग के दृष्टिगत जनपद के समस्त पोलिंग बूथ पर स्वास्थ्य विभाग की टीम के माध्यम से हेल्थ कॉर्नर पर प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था एवं ओवआरवएस कॉर्नर की स्थापना कि गयी है, समस्त बूथों पर साथ स्वच्छ पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। उपरोक्त के अतिरिक्त तहसील एवं नेहरू युवा केंद्र संगठन के वॉलिंटियर्स के माध्यम से जनपद में हीट वेव की सावधानियां को लेकर जागरूकता फैलाई जा रही है।

## लू से बचाव के मुख्य उपाय

सफेद या हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें, प्यास की इच्छा न होने पर भी समय-समय पर निरंतर पानी पियें, बुजुर्गों-बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का विशेष ध्यान रखें, बाहर जाते समय सिर पर हल्का गीला कपड़ा रखें, घर की छत पर चुना या सफेद रंग का पेंट करें जिससे की छत के नीचे का हिस्सा ठंडा रहे, सफर में अपने साथ पानी रखें, घर में बना पेय पदार्थ जैसे की लस्सी-नमक चीनी का घोल-नींबू पानी-छाछ-आम का पन्ना इत्यादि का सेवन करें, तथा जानवरों को छांव में रखें और उन्हें खूब पानी पीने को दें, खिड़की को गत्ता-एल्यूमीनियम पन्नी इत्यादि से ढक कर रखें ताकि बाहर की गर्मी को अंदर आने से रोका जा सके।

# प्रयागराज में पारा 47 डिग्री के पार

**प्रयागराज/नैनी, अमृत विचार :** प्रयागराज में मंगलवार दोपहर पारा 47 से. के पार पहुंच गया। इससे लोग बेहाल रहे। सूर्य की तपिश से हर कोई परेशान रहा। दोपहर में तो सड़कों और बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। हीट स्ट्रोक से बचने के लिए लोगों ने अपने को घर में ही रहना उचित समझा। नुरुल्ला रोड पर काम करते समय मजदूर उत्तम कुमार बेहोश हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया। वह लाल कॉलोनी करेली का रहने वाला है। मंगलवार को भी गर्मी का असर सुबह से ही देखने को मिल रहा था। शुआट्स के ग्रामीण कृषि मौसम सेवा के तकनीकी अधिकारी डॉ. प्रवीन चरन ने बताया कि मंगलवार दोपहर में तापमान 47.6 से. रिकॉर्ड किया गया है। यह इस सप्ताह का सबसे गर्म दिन माना जा रहा है। दो जून तक नौतपा लोगों को गर्मी और उमस से बेहाल करता रहेगा।

# सार-संक्षेप

## बदमाशों ने तमंचा सटाकर युवक से छीनी नकदी

**संवाददाता, लालगंज, प्रतापगढ़। अमृत विचार :** नकाबपोश बाइक सवार बदमाशों ने रिश्तेदारी जा रहे युवक पर तमंचा सटाकर नकदी छीन लिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। अमेठी जनपद के गौरीगंज थाना के हुण्डलियन का पुरवा सराय भागमानी निवासी अमरनाथ तिवारी पुत्र चंद्रमोहन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 27 मई की रात करीब पौने नौ बजे वह अपने घर से बाइक से सांगीपुर होते हुए लालगंज रिश्तेदारी आ रहा था। रास्ते में लालगंज कोतवाली के गोसाई का पुरवा पेट्रोल पम्प के पास लालगंज की तरफ से दो अपाचे बाइक पर सवार आधा दर्जन बदमाश आए। बाइक रोक कर बदमाशों ने अमरनाथ को तमंचा सटाकर पिटाई की और उसका पर्स छीन लिया। जिसमें आठ हजार नकदी व जरूरी कागजात थे। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## अनुपस्थित मिले अधिकारियों का सीडीओ ने रोका वेतन

**संवाददाता, कौशाम्बी। अमृत विचार :** सीडीओ डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी ने मंगलवार सुबह 10:10 बजे कार्यालय डीडी कृषि एवं 10:05 बजे बीएसए कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कृषि रक्षा अधिकारी इन्द्रजीत सिंह यादव, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी सुरूचि विश्वकर्मा अनुपस्थित मिली। उपस्थिति पंजिका के अवलोकन पर कार्यालय उप कृषि निदेशक में कार्यरत प्रधान सहायक कैलाश नाथ पाण्डेय, वरिष्ठ सहायक नीरज तिवारी, सर्वेश कुमार, सोनू पाण्डेय अनुपस्थित मिले। जिला कृषि रक्षा अधिकारी कार्यालय में वरिष्ठ सहायक बृजेश कुमार राव, शसीमा पाण्डेय, चतुर्थ श्रेणी कार्मिक गीता देवी, पंकज कुमार अनुपस्थित रहें। बीएसए आफिस में कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा, जिला समन्वयक एमआईएस धर्मेन्द्र कुमार एवं जिला समन्वयक सिविल वीरेन्द्र कुमार अनुपस्थित मिले। सीडीओ ने निरीक्षण में अनुपस्थित मिले अधिकारियों/कर्मचारियों का अनुपस्थिति की तिथियों का वेतन रोकने का निर्देश दिया और एक सप्ताह के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है।

## बीएसए ने 3 हेड मास्टर, 10 शिक्षक समेत 17 का रोका वेतन

**संवाददाता, प्रतापगढ़। अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों में कराए गए निरीक्षण में अनुपस्थित मिले तीन हेड मास्टर, 10 शिक्षक सहित 17 लोगों का एक दिन का वेतन बीएसए ने रोक दिया है। इन सभी से एक सप्ताह के अंदर खंड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से स्पष्टीकरण मांगा गया है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा के निर्देश के क्रम में तीन मई से 18 मई तक सभी खंड शिक्षा अधिकारियों और जिला समन्वयकों और अन्य अधिकारियों द्वारा परिषदीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में तीन हेड मास्टर, 10 सहायक अध्यापक, दो शिक्षामित्र तथा दो अनुचर अनुपस्थित मिले। सभी का एक दिन का वेतन व मानदेय रोकते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है। बीएसए भूपेंद्र सिंह ने बताया कि निरीक्षण में अनुपस्थित मिले सभी लोगों का एक दिन का वेतन व मानदेय रोकते हुए खंड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से स्पष्टीकरण देने को कहा गया है।

## गोवध के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)। अमृत विचार :** स्थानीय पुलिस ने मंगलवार को गोवध के एक आरोपित को मंगलवार को घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के बंजारी कला गांव निवासी हंसराज उर्फ भन्नू के खिलाफ बीते 17 अप्रैल को दर्ज पशु क्रूरता अधिनियम के तहत दर्ज मुकदमे में वांछित चल रहा था पुलिस गिरफ्तारी के लिए काफी खोजबीन कर रही थी। मंगलवार को हलिया पुलिस ने आरोपी को उसके घर से पकड़ कर जेल भेज दिया, जबकि इस मामले में पूर्व में दो आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी थी गिरफ्तारी टीम में रहे चौकी प्रभारी रवि प्रकाश, चंद्रशेखर, लाल सोनकर रहें। इस संबंध में थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह का कहना है कि गो वध के आरोप में आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया है। इसकी काफी दिनों से खोजबीन चल रही थी। वांछित आरोपी को भेज दिया गया है।

## मेंस्ट्रूअल हाइजीन डे पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित


सखी वेलफेयर फाउंडेशन ने महिलाओं और युवतियों बांटे सैनेटरी पैड।

**संवाददाता, जौनपुर। अमृत विचार :** सखी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा मंगलवार को मेंस्ट्रूअल हाइजीन डे के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान निःशुल्क सेनेटरी पैड का वितरण भी किया गया। नगर के जहांगीराबाद मोहल्ला में आयोजित कार्यक्रम में संस्थाध्यक्ष प्रीति गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक नारी के मासिक धर्म की अपनी अलग पीरियड साइकिल होती है, जिसे उन्हें स्वयं मॉनिटर करनी चाहिए। अनियमित पीरियड की समस्या के समाधान के लिए कार्बोहाइड्रेट की अधिकता वाले भोजन से परहेज करना चाहिए। साथ ही ओवर डाइटिंग करने से हार्मोनल परिवर्तन के कारण माहवारी संबंधी समस्याओं में बढ़ोतरी हो सकती है। अतः खान-पान पर नियंत्रण रखना बहुत आवश्यक है। इस अवसर पर सखी सरिता निगम ने माहवारी के दौरान किशोरी बच्चियों में होने वाले मनोवैज्ञानिक बदलाव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि घर, परिवार एवं स्कूल की यह जिम्मेदारी है कि वह समय से पहले ही किशोरियों को मेंस्ट्रुअल साइकिल के बारे में जानकारी दें, ताकि अचानक होने वाले मनोवैज्ञानिक प्रभावों से बच्चे उबर सकें। कार्यक्रम के अंत में सखी आशा अग्रहरि एवं आंचल गुप्ता द्वारा माहवारी स्वच्छता के प्रति महिलाओं एवं युवतियों को जागरूक करते हुए फ्री सेनेटरी पैड नैपकिन का वितरण किया गया। इस अवसर पर तमाम युवतियां और महिलाएं उपस्थित रही।

## घर में लगी आग, एक भैंस व 10 बकरियां जलीं

**संवाददाता, कोरांव/नैनी, अमृत विचार :** कोरांव तहसील के खीरी थाना क्षेत्र के ग्राम सभा नींवी में मंगलवार को आग लगने से मवेशियों समेत गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। मिली जानकारी के अनुसार सुरेंद्र कुमार पुत्र दयाशंकर विन्द के घर में दोपहर लगभग एक बजे अचानक आग लग गई। इससे हड़कंप मच गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आसपास के लोग बड़ी संख्या में जुटे और पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास करने लगे। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। तब तक एक भैंस और दस बकरियों के अलावा घर में रखा चावल, गेहूं एवं गृहस्थी का सामान जल गया। घर वालों के सूचना पर खीरी पुलिस एवं हल्का लेखपाल मौके पर पहुंच गए।

## ग्राम पंचायत सदस्य ने सचिव व सेवक की शिकायत की

**संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)। अमृत विचार :** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत हर्रा के ग्राम पंचायत सदस्य निर्माण कार्य अध्यक्ष कृष्णकांत दूबे ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए सचिव व रोजगार सेवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग किया है। शिकायती पत्र में अवगत कराया कि ग्राम पंचायत के सचिव अमर बहादुर सिंह व रोजगार सेवक नन्हकू पाल द्वारा ग्राम पंचायत के विकास कार्यों के लिए आयी धनराशि का दुरपयोग करके मनमानी तरीके से कार्य करवा रहे हैं बिना किसी ग्राम पंचायत सदस्य के साथ बैठक कर बिना सहमति के अबैध रुप से सरकारी धन का बंदरबांट कर गबन किया जा रहा है जिसकी शिकायत कई बार खंड विकास अधिकारी के यहां करने पर लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं किया गया है। मनरेगा योजना के तहत जो कार्य कराए जा रहे हैं उसमें फर्जी हाजिरी भरकर जो लोग काम नहीं किए हैं उनके खातों में मजदूरी का पैसा भेजा गया है।

## पति ने धारदार हथियार से पत्नी पर किया हमला, गंभीर

**संवाददाता, जौनपुर। अमृत विचार :** जिले के जफराबाद थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव में बीती रात मनबढ़ एवं बहशी पति ने अपनी पत्नी को धारदार हथियार हमला कर दिया। गम्भीर रूप से घायल पत्नी अस्पताल में जीवन और मौत के बीच संघर्ष कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जितेंद्र नरगर पुत्र बाबू राम नागर सुल्तानपुर की शादी 2010 में बक्सा थाना क्षेत्र के पट्टी राव खमपुर निवासी बसंत नागर की पुत्री सविता देवी के साथ हुई थी। दोनों से दो बच्चे हैं जिनमें बेटा अनमोल 5 वर्ष एवं बेटी साक्षी 10 वर्ष है। शादी के कुछ दिन बाद से पति-पत्नी के बीच सम्बन्ध अच्छे नहीं रहे, जिसको लेकर आये दिन बहशी पति पत्नी को पीटने के साथ अन्य तरह से प्रताड़ना देता चला आ रहा है। इसी बीच एक वर्ष पहले मामला पारिवारिक कोर्ट में चला गया, जहां पति-पत्नी को 2 दिन के लिए विदाई इस उद्देश्य से कराया गया कि दोनों कि बीच में समझौता हो जाये। 29 मई को पुनः कोर्ट में पति-पत्नी को हाजिर होना था कि पत्नी हंसी-खुशी से पति के साथ ससुराल आ गयी। उसको क्या पता कि जीवनसाथी मेरे जीवन के साथ इस कदर खिलवाड़ करेंगे।

## मारपीट में एक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)। अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र के अहुगी कलां गांव निवासी एक युवक ने गांव निवासी एक युवक के विरुद्ध मंगलवार को मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है। अहुगी कलां के अदवा कालोनी गांव निवासी अवधेश कुमार मिश्र ने तहरीर देकर बताया कि मंगलवार को लगभग 10बजे गांव निवासी संदीप दीक्षित आपसी विवाद में कहां सनी के दौरान गाली गलौज देते हुए लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया है। जिससे पूरी शरीर में चोटे आई हैं। पुलिस ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह का कहना है की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# पहले बड़े मंगल पर रही भंडारों की धूम

## शहर से गांव तक रहा उत्सव का माहौल, बजरंग बली की जगह-जगह की गई पूजा-अर्चना

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** हे दुःख भंजन, मारुति नंदन, सुन लो मेरी पुकार, पवनसुत विनती बारंबार जैसी भक्ति मय गीतों के साथ मंगलवार को समूचा जिला बजरंग बली की पूजा अर्चना में डूबा रहा। बुढ़वा मंगल के दिन जगह जगह भंडारे का आयोजन किया गया और प्रसाद वितरण हुआ। कलेक्ट्रेट में आयोजित भंडारे में डीएम नेहा शर्मा, एससीपीएम पैरा मेडिकल कालेज में डा ओएन पांडेय व जेल रोड पर आयोजित भंडारे में छात्रसंघ के पूर्व मंत्री अमरदीप तिवारी दीपू ने प्रसाद वितरित किया।

ज्येष्ठ माह के पहले बड़े मंगल पर शहर से गांव तक उत्सव का माहौल रहा। वीर बजरंग बली की जगह जगह पूजा अर्चना की गयी और भंडारे का आयोजन कर प्रसाद का वितरण किया गया। बुढ़वा मंगल पर कलेक्ट्रेट परिसर में भंडारे या आयोजन हुआ। यहां डीएम नेहा शर्मा ने लोगों को प्रसाद बांटा। शहर के हारीपुर स्थित एससीपीएम पैरा मेडिकल कालेज में आयोजित भंडारे में चेयरमैन डॉ. ओएन पांडेय ने लोगों को प्रसाद वितरित किया। जेल रोड स्थित चौराहे पर छात्र संघ के पूर्व महामंत्री अमर दीप तिवारी दीपू ने भंडारे का आयोजन किया। सुबह से शुरू हुआ भंडारा दोपहर तीन बजे तक चलता रहा। हनुमान गढ़ी मंदिर पर मानस मंडली की तरफ से सुंदरकांड पाठ किया और फिर हवन पूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया। गोंडा मेडिकल सेंटर की तरफ से आयोजित भंडारे में जिले की प्रख्यात महिला चिकित्सक डॉ अनीता मिश्रा व समाजसेवी अविनाश सिंह ने प्रसाद वितरित किया। इसके अतिरिक्त रोडवेज बस स्टॉप, मारुति चौराहा, अंबेडकर चौराहा, बड़गांव चौराहा समेत शहर में कई जगहों पर भंडारे का आयोजन हुआ।



कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित भंडारे में प्रसाद वितरित करतीं डीएम नेहा शर्मा। अमृत विचार

### ज्येष्ठ माह के मंगल का है खास महत्व

**अमृत विचार :** वैसे तो हिंदू धर्म में हर मंगलवार का खास महत्व होता है, लेकिन ज्येष्ठ माह में इस दिन का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। भगवान हनुमान को समर्पित होने की वजह से इस दिन को पूजा अर्चना के लिए बेहद उत्तम माना गया है। पौराणिक कथा के मुताबिक ज्येष्ठ के महीने में ही त्रेतायुग में भगवान राम की मुलाकात हनुमान जी से हुई थी। इसलिए इस महीने के मंगलवार को बड़ा मंगल कहते हैं। मान्यता है कि इस महीने के मंगलवार को हनुमत आराधना करने से बड़ा से बड़ा संकट दूर हो जाता है। यही कारण है कि ज्येष्ठ माह में प्रत्येक मंगलवार को भगवान बजरंगबली के निमित्त भंडारे का आयोजन होता है। भगवान बजरंगबली को धरती का प्रत्यक्ष देवता माना जाता है। कहा जाता है कि हनुमान जी को माता सीता ने अमर होने का वरदान दिया था और भगवान राम ने अपने साकेत प्रस्थान के समय हनुमान जी को धरती पर रहकर धर्म की रक्षा करने की मदद जिम्मेदारी सौंपी थी। यही कारण हैं कि हनुमान जी आज भी जीवित अवस्था में धरती पर विद्यमान है और संकट में पड़े अपने भक्तों की तत्काल सहायता करते हैं।



एससीपीएम कॉलेज में प्रसाद वितरित करते चेयरमैन डॉ. ओएन पांडेय। अमृत विचार



जेल रोड पर आयोजित भंडारे में प्रसाद वितरित करते छात्र संघ के पूर्व महामंत्री अमर दीप तिवारी।



गोंडा मेडिकल सेंटर में आयोजित भंडारे में प्रसाद बांटती डॉ. अनीता मिश्रा।

## एक नजर

### मेडिकल कॉलेज के संविदा कर्मी की मौत, दी श्रद्धांजलि

**गोंडा, अमृत विचार :** मिश्रौलिया कानूनगो के लोनियनपुरवा निवासी हजारी लाल चौहान मेडिकल कॉलेज में वेंटिलेटर आपरेटर के पद पर कार्यरत थे। बीते रविवार को वह बाइक से घर जा रहे थे। गोंडा-बलरामपुर मार्ग स्थित इंद्रापुर के पास अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। मेडिकल कालेज के चिकित्सक ने लखनऊ रेफर कर दिया था, जहां सोमवार उनकी मौत हो गई। मंगलवार को मेडिकल कालेज में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। जिसमें प्रधानाचार्य डा. धनंजय श्रीकांत कोटास्थाने, चिकित्साधीक्षक डॉ. एमडब्ल्यू खान, प्रबंधक डॉ. अनिल वर्मा, हेल्प डेस्क प्रबंधक अनिल वर्मा, फार्मासिस्ट एपी सिंह, धर्मेंद्र तिवारी व बलराम ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### सूखे तालाबों में पानी भरवाने की मांग

**रुपईडीह, गोंडा :** ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में इस भीषण गर्मी में सूखे तालाबों में पानी भरवाने की मांग ग्राम प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अमित कुमार अवस्थी ने जिलाधिकारी से की है। उन्होंने बताया कि पिछले एक सप्ताह से हो रही भीषण गर्मी के चलते ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में अधिकांश सरोवर सूख गए हैं।

### शांति भंग की आशंका में किया गिरफ्तार

**गोंडा, अमृत विचार :** कौड़िया पुलिस ने मंगलवार को शांति भंग की आशंका के चलते क्षेत्र के एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। कौड़ियां थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि भगवान दीन निवासी सरैया माफी के मजरा लाला पुरवा को शांति भंग की आशंका के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

# कुत्ते को बचाने में तीन वाहन भिड़े

## हादसे के बाद बस सवार यात्रियों में मचा हड़कंप, एक घायल

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** गोण्डा-बलरामपुर मार्ग पर बकठोरवा गांव के समीप तीन वाहन आपस में भिड़ गए। इस हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा सड़क पर एक कुत्ते को बचाने में हुआ। हादसे के बाद बस सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गयी। हालांकि किसी यात्री को चोट नहीं आई है।

मंगलवार की सुबह रोडवेज बस यात्रियों को लेकर बलरामपुर जा रही थी। बस कोतवाली इटियाथोक क्षेत्र के बकठोरवा गांव के समीप पहुंची थी कि बस के आगे चल रहे कार चालक ने कुत्ते को बचाने के लिए अचानक ब्रेक लगा दिया। बीच सड़क अचानक कार रुकने से बस चालक नियंत्रण खो बैठा और बस कार से टकरा गयी। अभी कोई कुछ समझ पाता कि पीछे से आ रही एक पिकअप भी रोडवेज बस में भिड़ गयी। पिकअप की ठोकर से बस सवार यात्रियों में हड़कंप मच गया और चीख पुकार मच गयी। हालांकि गनीमत रही कि कोई यात्री हताहत नहीं हुआ। हादसे में पिकअप सवार एक व्यक्ति घायल हुआ है। घायल संतोष कुमार बलरामपुर जिले के सकूरिया थाना क्षेत्र पन्हरिया गांव का रहने वाला है।



वाहनों के आपस में टकराने के बाद टूटा बस का शीशा। अमृत विचार

### सड़क पर गिरा युवक डंपर ने रौंदा, मौत

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** कोतवाली देहात सालपुर चौकी अंतर्गत गोंडा उतरौला मुख्य मार्ग पर स्थित सोनबरसा टेडिया के समीप एक बाइक वाले ने दूसरे बाइक सवार को ठोकर मार दी। ठोकर लगने से बाइक सवार युवक सड़क पर गिर गया। इसी बीच एक तेज रफ्तार डंपर ने युवक को रौंद डाला। इस हादसे में युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मोतीगंज के ग्राम पिपरा लालच गांव निवासी अवधेश कुमार दूबे (28) मंगलवार की शाम घर वापस लौट रहे थे। वह गोंडा उतरौला मुख्य मार्ग पर स्थित सोनबरसा टेडिया के समीप पहुंचे थे कि विपरीत दिशा से आ रहे एक बाइक वाले ने अवधेश की बाइक में ठोकर मार दी। इस हादसे में अवधेश की मौके पर ही मौत हो गयी। दूसरा बाइक सवार युवक मौके से भागने में सफल रहा। वहीं हादसे के बाद डंपर चालक भी भाग गया।

# सड़क किनारे मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

संवाददाता, गोंडा

▸▸ शव मिलने से इलाके में सनसनी शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र के लालपुर चंद्रभान गांव में सम्मय माता मंदिर जाने वाली सड़क के किनारे मंगलवार की सुबह एक युवक का शव पड़ा मिला। सड़क से गुजर रहे राहगीरों ने शव पड़ा देखा। शव मिलने की सूचना से इलाके में सनसनी फैल गयी और सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। सूचना पर पहुंची पुलिस, फॉरेंसिक व डॉग स्क्वायर की टीमों ने घटना की पड़ताल की और सबूत जुटाने की कोशिश की।

अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी व सीओ की मौजूदगी में शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतक के चेहरे और आंख पर चोट के निशान मिले हैं। ग्रामीणों ने युवक की हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई है। गोंडा नगर कोतवाल राजेश सिंह ने बताया कि युवक की शिनाख्त हो गई है। युवक का नाम सूरज पुत्र धर्म प्रकाश निवासी रानी बाजार के रूप में हुई है। धर्म प्रकाश जिले के बड़े गल्ला व्यापारी हैं।

नगर कोतवाली क्षेत्र के लालपुर चंद्रभान गांव के प्रधान प्रतिनिधि के मुताबिक अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत व सीओ सदर विनय कुमार सिंह नगर कोतवाल राकेश सिंह व एससीपीएम चौकी प्रभारी के साथ मौके पर पहुंचे। कुछ देर बाद डॉग स्क्वॉयड व फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गयी। एएसपी केली मौजूदगी में पुलिस टीमों ने घटनास्थल की सघनता से पड़ताल की और घटना के संबंध में साक्ष्य का संकलन किया। ग्रामीणों की माने तो युवक की हत्या कर उसे यहां लाकर फेंका गया है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# दबंगों ने महिला को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

इटियाथोक, गोंडा

**अमृत विचार :** भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक महिला घायल हो गई। जिसे इलाज के लिए गोंडा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घटना की तहरीर थाने पर दी गई है।

ग्राम नारे महरीपुर की गुड़िया देवी ने आरोप लगाया है कि गाटा संख्या 108 व 119 की भूमि की पैमाइश के बाद वह चरी बोने गई थी। रविवार को सायं चार बजे विपक्षी तेजमनी, राजमनी, महेश, अजय, विजय, सदानंद ने गाली गलौज करते हुए जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि बचाव के लिए आई बेटी विद्या देवी व देवरानी पूनम देवी को लाठी डंडे से सिर पर वार कर दिया। जिसमें देवरानी पूनम देवी का सिर फट गया। देवर शिव बालक और भतीजे श्लोक को भी मारा पीटा। घटना की सूचना थाने पर दी गई है। प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि मारपीट की सूचना मिली है। मारपीट व जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### खबर का असर : सही हो गया बैंक का प्रिंटर

**बेलसर, गोंडा, अमृत विचार :** अमृत विचार के सोमवार के अंक में छपी खबर का असर हुआ और इंडियन बैंक का प्रिंटर सही हो गया। सोमवार के अंक में अमृत विचार ने तीन माह से प्रिंटर खराब शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। खबर प्रकाशित होने के बाद विभाग ने संज्ञान लिया। प्रिंटर को ठीक करा दिया। शाखा प्रबंधक प्रकाश ने बताया कि उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं। अब पास बुक तुरंत प्रिंट हो रही है।

# अवध विवि की परीक्षाओं का विरोध करेगा शिक्षक संघ

गोंडा कार्यालय

▸▸ ग्रीष्मकालीन अवकाश में परीक्षा कराने से नाराजगी

▸▸ विश्वविद्यालय प्रशासन पर तानाशाही का आरोप लगाया

**अमृत विचार :** ग्रीष्मकालीन अवकाश में अवध विश्वविद्यालय की शुरू होने वाली परीक्षा को लेकर बवाल मचा है। छात्र पहले से विरोध कर रहे थे। अब अवध विश्वविद्यालय-महाविद्यालय शिक्षक संघ भी विरोध में खड़ा हो गया है।

डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय-महाविद्यालय शिक्षक संघ के पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें विश्वविद्यालय प्रशासन पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए विरोध करने का निर्णय किया है। श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज की महाविद्यालय शिक्षक संघ इकाई के सदस्यों की सहमति उपरान्त एक स्वर से ग्रीष्मावकाश के दौरान 31 मई 2024 से शुरू होने वाली विश्वविद्यालयीय परीक्षाओं का विरोध करने का निर्णय किया है। डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय ने अपने संशोधित पत्र में 22 मई से ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया है। महाविद्यालय द्वारा भी 23 मई से 4 जुलाई तक ग्रीष्मावकाश की घोषणा की गयी है। यह विश्वविद्यालय प्रशासन की संवेदनहीन हठधर्मिता ही है कि विगत तीन वर्षों से भीषण गर्मी और सर्दी में बिना आर्थिक भुगतान के परीक्षाओं को संपन्न कराने में सभी शिक्षक साथियों के सहयोग को संज्ञान में न लेते हुए, पुनः बार-बार के निवेदन को ठुकराते हुए बिना किसी वार्ता के महाविद्यालय को केंद्र बनाकर ऑनलाइन प्रवेश पत्र जारी कर दिये गये हैं। उक्त के परिप्रेक्ष्य में यदि कोई अवांछित घटना घटित होती है तो इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ही जिम्मेदार होगा। बैठक में महाविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रोफेसर शैलेंद्र नाथ मिश्र, मंत्री मनीष शर्मा, अध्यक्ष स्ववित्त पोषित शिक्षक संघ डॉ. ममता शुक्ला, मंत्री डॉ मनोज मिश्रा आदि उपस्थित रहे।





जीरो सीड टिल मशीन से सीधी बुवाई का प्रदर्शन करते हुए। अमृत विचार

# धान की सीधी बुवाई करें किसान, होगी बचत

मनकापुर, गोंडा

▸▸ वैज्ञानिकों ने हल्की जुताई या बिना जोते जीरो टिल मशीन से बुवाई करने की दी सलाह

**अमृत विचार :** धान की सीधी बुवाई उचित नमी पर यथा सम्भव खेत की कम जुताई करके अथवा बिना जोते हुए खेतों में आवश्यकतानुसार खरपतवारनाशी का प्रयोग कर जीरो टिल मशीन से की जाती है।

डॉ. मिथिलेश कुमार पांडेय वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर ने बताया कि धान की सीधी बुवाई से रोपाई एवं लेव लगाने की लागत में बचत होती है एवं फसल समय से तैयार हो जाती है। अगली फसल की बुवाई उचित समय में होने से दोनों फसलों की उत्पादकता बढ़ जाती है।

शस्य विज्ञान कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. रामलखन सिंह ने बताया कि धान की सीधी बुवाई मध्य जून से पहले (मानसून आने के पूर्व) अवश्य कर लेना चाहिए, ताकि बाद में अधिक नमी या जलजमाव से पौधे प्रभावित न हों। इसके लिए सर्वप्रथम खेत में हल्का पानी देकर उचित नमी आने पर आवश्यकतानुसार हल्की जुताई या बिना जोते जीरो टिल मशीन से बुवाई करनी चाहिए। जोताई यथासंभव हल्की एवं डिस्क हैरो से करनी चाहिए या नॉनसेलेक्टिव खरपतवारनाशी जैसे ग्लाईफोसेट या पैराक्वाट या ग्रामोक्झोन का प्रयोग करके खरपतवारों को नियंत्रित करना चाहिए। खरपतवार नाशक प्रयोग के तीसरे दिन बाद पर्याप्त नमी होने पर बुवाई करनी चाहिए। डॉ. ज्ञानदीप गुप्ता मत्स्य वैज्ञानिक ने बताया कि धान फसल के साथ मछली पालन कर किसान भाई ज्यादा लाभ कमा सकते हैं।

# वर्ष भर से बन रही बाउंड्री वाल का निर्माण अधर में लटका

गोंडा कार्यालय

▸▸ रुपईडीहा के कल्याणपुर गांव के स्कूल का मामला

**अमृत विचार :** लगभग एक वर्ष से हो रहा विद्यालय का बाउंड्री का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका। आधे अधूरे में कार्य लटक गया है। विकासखंड रुपईडीह के ग्राम पंचायत कल्यानपुर के प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका।

विद्यालय के सामने गहरा तालाब दुर्घटना को न्योता दे रहा था। छात्र छात्राओं में भय बना रहता था। जिसको लेकर विद्यालय के परिसर का बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य शुरू किया गया था, लेकिन करीब एक वर्ष बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो सका।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनीत कुमार ने बताया कि मनरेगा के अंतर्गत बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य शुरू किया गया लेकिन सामग्री पर व्यय धनराशि का भुगतान न होने से निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका। सामग्री पर व्यय धनराशि के भुगतान के लिए ब्लॉक मुख्यालय पर सभी अभिलेख जमा किए गए लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा सामग्री पर व्यय धनराशि का भुगतान नहीं किया गया। बाउंड्री वॉल के निर्माण पर खर्च किए गए सामग्री पर धनराशि उपलब्ध कराने की मांग उच्च अधिकारियों से की गई है।

इस सम्बन्ध में एडीओ पंचायत महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि भुगतान सम्बंधित जानकारी नहीं है, जानकारी की जाएगी।

### किशोरी को उठा ले गए दबंग

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि गांव के निवासी लाले उर्फ गुलशन अपने सहयोगियों के साथ उनकी 14 वर्षीय पुत्री को बीते 30 अप्रैल को बहला फुसलाकर भगा ले गए थे। शिकायत करने पर जातिसूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी भी दी थी। शिकायत पर पुलिस ने किशोरी को बरामद कर उनके सुपुर्द कर दिया था। पीड़िता का आरोप है कि शुक्रवार को वह अपनी 14 वर्षीय किशोरी को लेकर बड़ी पुत्री के घर कस्बे के एक मोहल्ला में गई हुई थी। बीते सोमवार को रात्रि करीब नौ बजे विपक्षी लाले उर्फ गुलशन, अशोक, राजेश, रमेश, अक्षय, सूबेदार घर में घुसकर 14 वर्षीय पुत्री को जबरन उठा लिए। बड़ी पुत्री के विरोध करने पर जातिसूचक गालियां देने लगे। लड़की को जबरदस्ती गाड़ी में लादकर लेकर चले गए।

# नारकोटिक्स अधिकारी बनकर वसूली करने वाले तीन गिरफ्तार

मनकापुर, गोंडा

▸▸ लाइसेंसी भांग की दुकान के सेल्समैन से लूटी थी नकदी

**अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने फर्जी अधिकारी व पत्रकार बनकर भांग की दुकानों से अवैध वसूली व छिनैती करने वाले गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया है।

नगर के मोहल्ला पटेल नगर तिराहे स्थित लाइसेंसी भांग की दुकान के सेल्समैन कौशल कुमार ने दर्ज कराए मुकदमे में कहा है कि बीते गुरुवार को दोपहर तीन बजे दुकान पर बाइक से तीन व्यक्तियों ने अपने आपको नारकोटिक्स विभाग का अधिकारी बताते हुए दुकान चेक करने लगे। उसके द्वारा परिचय पूछा गया तो नाराज होकर बोलने लगे तुम्हारा चालान कर दूंगा, आदि धमकी देते हुए उसे मारने पीटने लगे तथा काउंटर में रखे 9,000 रुपये जबरदस्ती छीन लिये। जब उसने विरोध किया तो गाली देते हुए बोले कि प्रतिमाह 10,000 रुपये देते रहना, तभी तुम्हारी दुकान चलेगी। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन कर आरोपियों की तलाश कर रही थी। घटना को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र सफल अनावरण के लिए सभी टीमों द्वारा सीसीटीवी फुटेज, अन्य तकनीकी व मैनुअल साक्ष्य संकलन करते हुए घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में शामिल विशाल गुप्ता, अमन शुक्ला व मनीष मौर्या को किशुनदासपुर से पहले टिकरी रोड नवाबगंज से गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से लूट के 9,500 रुपए नकद, तीन कूटरचित परिचय पत्र (ड्रग्स इंस्पेक्टर, नारकोटिक्स डिपार्टमेंट), 3 मोबाइल व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद किया गया। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ के दौरान बताया कि उन लोगों का एक संगठित गिरोह है, जो फर्जी पत्रकार, नारकोटिक्स विभाग के अधिकारी बनकर व अन्य तरीके अपनाकर व्यापारियों, दुकानदारों को डरा धमका कर धन उगाही व छिनैती आदि की घटनाओं को अंजाम दिया करते हैं।

**बढ़ते कदम** | बीएसएनएल को 4जी नेटवर्क के 126 आउटडोर कैबिनेट की पहली डिलीवरी

# मनकापुर आईटीआई में बनेंगे रिमोट रेडियो व बेस बैंड यूनिट

मनकापुर, गोंडा

**अमृत विचार :** आईटीआई लिमिटेड मनकापुर इकाई ने 126 आउटडोर कैबिनेट की पहली खेप भारत संचार निगम को आपूर्ति के लिए रवाना किया है। इकाई प्रमुख अजय कुमार श्रीवास्तव व दो महिला अधिकारियों ने वाहन को हरी झंडी दिखाकर कर रवाना किया।

आईटीआई मनकापुर जनसंपर्क अधिकारी जेके श्रीवास्तव ने बताया कि आउटडोर कैबिनेट (ओडिसी) बेहतर फोर जी नेटवर्क के साथ संचार सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए बेस स्टेशन में लगाया जाता है। इसका निर्माण पूर्णतया स्वदेशी तकनीक पर आधारित व डिजाइन मनकापुर इकाई में किया जा रहा है। उक्त उत्पाद का कार्य मनकापुर इकाई में दिन रात किया जा रहा है। इसी उत्पाद की प्रथम खेप सोमवार को 126 की संख्या में भारत संचार निगम लिमिटेड के गुणवत्ता आश्वासन विभाग ने परीक्षण के बाद रवाना किया। कंपनी के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक राजेश राय ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये इकाई के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए प्रशंसा की। विशेष रूप से उक्त उत्पाद से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों को उत्पाद के उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में उत्पादन करने के प्रति बधाई दी। बीएसएनएल 10000 उत्पाद का प्रयोग करेगा। अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक ने अवगत कराया कि मनकापुर इकाई में फोर जी से संबन्धित रिमोट रेडियो यूनिट व बेस बैंड यूनिट जैसे उत्पाद का उत्पादन शीघ्र शुरू होने जा रहा है।

निदेशक उत्पादन एस जयंती ने उत्पाद की उच्च क्वालिटी के लिए मनकापुर इकाई की टीम की सराहना की। इकाई प्रमुख अजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष नए आईटीआई मनकापुर के लिए स्लोगन निर्धारित किया गया है। इस वर्ष मनकापुर इकाई एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। इस दौरान रत्ना वर्मा व राधा सोनी ने हरी झंडी दिखा कर किया। कार्यक्रम के दौरान संतोष सिन्हा उप महाप्रबंधक उत्पादन, सुधीर कुमार महाप्रबंधक वित्त, विनय कुमार मिश्रा मुख्य कार्य प्रबंधक, अल्ताफ खान मुख्य प्रबंधक गुणवत्ता आवश्यक एवं सेवाएं, अखिलेश मिश्र प्रबंधक, राजेश कुमार प्रबंधक सहित कर्मचारियों व अधिकारियों की मौजूदगी रही।



मनकापुर आईटीआई से हरी झंडी दिखाकर उपकरण रवाना करते इकाई के अधिकारी।

### अवैध माना जाएगा बिना लेआउट का निर्माण

**अयोध्या कार्यालय।** अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव ने मंगलवार को फिर चेतावनी जारी की है। सचिव सत्येन्द्र कुमार सिंह ने कहा है कि संज्ञान में आया है कि तमाम कतिपय व्यक्तियों द्वारा अयोध्या विकास प्राधिकरण सीमा क्षेत्र के अन्तर्गत बिना ले-आउट स्वीकृत भूमि को क्रय विक्रय तथा आवासीय कॉलोनियों का विकास कार्य किया जा रहा है। जो प्राधिकरण नियमावली के विरुद्ध है। प्राधिकरण से स्वीकृत ले-आउट भूमि को ही क्रय करें। यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा प्राधिकरण से बिना ले-आउट स्वीकृत कराये आवासीय कॉलोनी का विकास कार्य किया जा रहा है तो वह अवैध माना जायेगा। सचेत किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति आवासीय/अनावासीय भूमि क्रय करता है तो यह सुनिश्चित कर लें कि भूमि का ले-आउट प्राधिकरण से स्वीकृत है अथवा नहीं। यदि ले-आउट स्वीकृत नहीं है तो भूमि का क्रय अवैध माना जायेगा। जिसका प्राधिकरण से मानचित्र पास नहीं हो पाएगा और इसकी पूर्ण जिम्मेदारी व्यक्ति की स्वयं की होगी। ऐसे अवैध क्रय-विक्रय पर प्राधिकरण द्वारा नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत की गई कॉलोनियों का ले-आउट जन-सामान्य की जानकारी के लिए प्राधिकरण की वेब साइट www.ayodhyaada.in पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# कमजोर संगठन के साथ बसपा के दांव से मुश्किल में कांग्रेस


## देवरिया में चार दशक का सूखा खत्म करने की चुनौती


मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार**। महान संत देवरहा बाबा की धरती देवरिया में चुनावी घमासान अब जीत-हार के दावों के बीच जातीय गुणा-भाग में बदल गया है। भाजपा के पास इस बार देवरिया लोकसभा सीट पर जीत की हैट्रिक लगाने तो सपा-कांग्रेस गठबंधन के तहत चुनाव लड़ रही कांग्रेस के सामने 40 साल से बना सूखा समाप्त करने का मौका है। कांग्रेस को इस सीट पर आखिरी बार 1984 में जीत मिली थी। पार्टी कई चुनावों में चौथे नंबर पर पिछड़ती रही है। ऐसे में कांग्रेस की सारी उम्मीदें सपा के वोट बैंक पर ही टिकी हैं, जिसमें बसपा के यादव जाति के प्रत्याशी द्वारा की जा रही सेंधमारी से राह आसान नहीं नजर आ रही है।

देवरिया में सबसे बड़ा मुद्दा समस्या चीनी मिलों को चालू करना और बेरोजगारी है। बातचीत में लोग सड़क, बिजली, पानी जैसी बुनियादी समस्याएं बताने के साथ बाढ़ से छुटकारा दिलाने के उपाय करने और रिंग रोड बनाए जाने की जरूरत बताते हैं। इसी तरह जनता के एजेंडे में नया जिला अस्पताल, विश्वविद्यालय और उच्च शिक्षा संस्थान खोले जाने जैसी मांगें भी हैं। पिछले दो चुनावों से यहां भाजपा जीत रही है। लेकिन दोनों सांसद बाहरी माने जाते थे, शायद लोगों की इसी नाराजगी को भांपकर भाजपा ने इस बार मौजूदा सांसद डॉ. रमापति राम त्रिपाठी की जगह स्थानीय प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने यहां अपने पूर्व विधायक औऱ राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह पर दांव लगाया है। इन दोनों की लड़ाई में बसपा प्रत्याशी पूर्व विधायक आनंद यादव के पुत्र संदेश यादव तीसरा कोण बनाने की कोशिश के साथ कांग्रेस प्रत्याशी की मुश्किल बढ़ाते नजर आ रहे हैं।

देवरिया में भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी भले ही पहला चुनाव लड़ रहे हों, लेकिन उनका परिवार राजनीति से जुड़ा रहा है। शशांक के दादा विधान परिषद सदस्य और उनके चाचा विधायक रहे हैं, तो पिता लेफ्टिनेंट जनरल प्रकाश मणि त्रिपाठी सेवानिवृत्त होने के बाद दो बार भाजपा से सांसद चुने जा चुके हैं। शशांक मणि पिछले काफी समय से क्षेत्र में उद्यमिता विकास के लिए सक्रिय हैं। वह युवाओं को स्टार्टअप के माध्यम से रोजगार दिलाने में आगे रहे हैं। उनके मुकाबले कांग्रेस प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह अनुभवी राजनीतिज्ञ हैं। वह वर्ष 2012 में बांसगांव की रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए थे। लेकिन उनके द्वारा इलाके में कराए गए विकास कार्यों को लोग आज भी याद करते हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि बसपा प्रत्याशी संदेश यादव जो जिला पंचायत सदस्य भी हैं, जिस तरह सजातीय मतों में सेंध लगाने का प्रयास कर रहे हैं, उससे इंडिया गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी अखिलेश प्रताप की मुसीबत बढ़ रही है। देवरिया सीट से 2019 के चुनाव में भाजपा के रमापति राम त्रिपाठी ने जीत हासिल की थी। उन्हें 5,80,644 मिले थे। सपा-बसपा गठबंधन से मैदान में उतरे बसपा के बिनोद कुमार जयसवाल ने 3,30,713 वोट पाए थे। कांग्रेस के नियाज अहमद खान को 51,056 वोट मिले थे। देवरिया लोकसभा सीट पर 17.54 लाख मतदाता हैं। इनमें इस सीट ब्राह्मण, राजपूत और कुर्मी वोटर निर्णायक भूमिका में माने जाते हैं। लोकसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा 51 फीसदी ओबीसी वोटर हैं। करीब 13 फीसदी मुस्लिम वोटर माने जाते हैं। अनुसूचित जाति के वोटर 14 फीसदी से कुछ अधिक और अनुसूचित जनजाति के करीब तीन फीसदी वोटर गिने जाते हैं। सामान्य श्रेणी के मतदाताओं की संख्या 19% के आसपास है।


शशांक मणि त्रिपाठी।


अखिलेश प्रताप सिंह।

### सभी पांचों विधानसभा सीटों पर खिला था कमल

देवरिया लोकसभा सीट के अंतर्गत पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इसमें कुशीनगर जिले की तमकुही राज और फाजिल नगर भी शामिल है। देवरिया जिले की पथरदेवा, रामपुर कारखाना और देवरिया सीट हैं। विधानसभा चुनाव में सभी पांचों सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की थी।

- भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी के सामने फंसे नजर आ रहे कांग्रेस नेता अखिलेश प्रताप

### 2014 में 51% वोट पाकर जीते थे कलराज

- 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा नेता कलराज मिश्रा ने जीत हासिल की थी। उन्हें 4,96,500 (51.1%) वोट मिले थे। कलराज ने बसपा प्रत्याशी नियाज अहमद 2,65,386 (27.3%) मत को हराया था। तीसरे स्थान पर सपा के बलेश्वर यादव 1,50,852 (15.5%) वोट थे। कांग्रेस प्रत्याशी चौथे स्थान था।

## सपा के सहारे भगवा गढ़ में जातीय घेरेबंदी

महाराजगंज लोकसभा सीट

**अमृत विचार**। गोरखपुर मंडल में आने वाली महाराजगंज लोकसभा सीट से मोदी सरकार में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी एक बार फिर चुनावी मैदान में हैं। इस बार उनका मुकाबला करने के लिए सपा-कांग्रेस गठबंधन की तरफ से कांग्रेस ने 2022 के विधानसभा चुनाव में फरेंदा से जीते अपने विधायक वीरेंद्र चौधरी को उतारा है। महाराजगंज सीट से पंकज चौधरी भाजपा से छह बार सांसद चुने जा चुके हैं और राजनीति के दिग्गज खिलाड़ी माने जाते हैं। 1991 के चुनाव में भाजपा ने उन्हें पहली बार यहां से टिकट दिया था, इसके बाद से पार्टी अब तक नौ बार उन पर भरोसा जता चुकी है, जिसमें आधा दर्जन बार पंकज चौधरी ने कमल खिलाया है। साल 2014 को चुनाव में पंकज चौधरी को 44.65 और 2019 में 59.20 प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस ने इस सीट पर 2009 में जीत दर्ज की थी। पिछले दो चुनावों में पार्टी एक लाख मत पाने के लिए तरसती रही है। ऐसे में यहां चर्चाओं में भाजपा को एक बार फिर भारी माना जा रहा है। हालांकि कांग्रेस इस सीट को हल्के में नहीं ले रही है। वीरेंद्र चौधरी के नामांकन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सपा महासचिव शिवपाल सिंह मौजूद रहे थे।


पंकज चौधरी।


वीरेंद्र चौधरी।

- अब तक छह चुनाव जीत चुके केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी को चुनौती दे पाएंगे कांग्रेस के विधायक वीरेंद्र चौधरी
- बसपा से किस्मत आजमा रहे मोहम्मद मौसमे आलम सपा-कांग्रेस गठबंधन की बढ़ा रहे मुश्किल

### चार विधानसभा सीटें भाजपा के पास

महाराजगंज लोकसभा सीट में पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से चार पर भाजपा और उसके सहयोगी दलों का कब्जा है तो एक सीट कांग्रेस के पास है।

**18%** वोटों के अंतर से भाजपा ने पिछली बार सपा-बसपा का गठबंधन होने पर जीती थी सीट

### 2019 का परिणाम

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | पंकज चौधरी | 7,26,349 | 59.20 |
| सपा | अखिलेश सिंह | 3,85,925 | 31.45 |
| कांग्रेस | सुप्रिया श्रीनेत | 72,516 | 5.91 |
| - | - | - | - |

### 2014 का जनादेश

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | पंकज चौधरी | 4,71,542 | 44.65 |
| बसपा | काशी नाथ शुक्ल | 2,31,084 | 21.88 |
| सपा | अखिलेश सिंह | 2,13,974 | 20.26 |
| कांग्रेस | हर्ष वर्धन | 57,193 | 5.42 |

### दो चौधरी, असमंजस में कुर्मी वोटर

महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र में कुर्मी वोटरों की बहुलता है, जिनका एकमुश्त समर्थन पंकज चौधरी को मिलता रहा है। लेकिन इस बार कांग्रेस से वीरेंद्र चौधरी के चुनाव लड़ने के कारण कुर्मी मतों में बंटवारा होना तय माना जा रहा है। वीरेंद्र चौधरी अब तक पांच बार विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। इस कारण क्षेत्र में पहचान और प्रभाव रखते हैं। 2017 के चुनाव में वह मात्र दो हजार वोट से हार गए थे। इसके चलते इलाके में कुछ लोग इसे दो चौधरियों की जंग भी बता रहे हैं।

लेकिन इस लड़ाई में बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी मोहम्मद मौसमे आलम पर दांव लगाकर इंडिया गठबंधन की चुनौती को कमजोर करने का प्रयास किया है। देवरिया सीट पर अन्य पिछड़ा वर्ग के लगभग 25% मतदाता हैं, इनमें कुर्मी वोटर 10% और यादव 9% गिने जाते हैं। अनसूचित जाति के 18% और मुस्लिम समुदाय के मतदाताओं की संख्या 17% है।

ब्राह्मण लगभग 8%, वैश्य और निषाद मतदाता 7-7 % तथा क्षत्रिय मतदाताओं की संख्या लगभग 3% है। भाजपा औ्र कांग्रेस दोनों तरफ से जातीय समीकरण साधने का प्रयास हो रहा है।

# हिमाचल में दो मोर्चों पर छिड़ा चुनावी घमासान

सरकार का संघर्ष

चुनाव डेस्क


**अमृत विचार**। हिमाचल प्रदेश में चार लोकसभा और छह विधानसभा सीटों पर हो रहे उप चुनाव के लिए सातवें और अंतिम चरण में पहली जून को वोट डाले जाएंगे। यहां सभी सीटों पर कांग्रेस और भाजपा के बीच कड़ा मुकाबला देखने में आ रहा है। भाजपा ने साल 2014 और 2019 के चुनाव में राज्य की सभी चार लोकसभा सीटें जीतकर क्लीन स्वीप किया था, पार्टी इस बार जीत की हैट्रिक लगाने के साथ विधानसभा की छह सीटों पर भी कमल खिलाने की पुरजोर कोशिश में लगी है, ताकि राज्य में कांग्रेस की सुक्खू सरकार के पतन का मार्ग प्रशस्त किया जा सके।

हिमाचल प्रदेश में लोकसभा की चार सीटें हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी और शिमला हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा ने सभी चारों सीटें जीती थीं, लेकिन साल 2021 में मंडी सीट से भाजपा के सांसद रामस्वरूप शर्मा का निधन हो जाने के बाद हुए उपचुनाव में कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने जीत का परचम लहरा दिया था। इस बार प्रतिभा सिंह के पुत्र विक्रमादित्य सिंह मंडी लोकसभा सीट पर भाजपा की उम्मीदवार फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत का मुकाबला कर रहे हैं। मंडी सीट को राज्य की सबसे हॉट सीट माना जा रहा है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने यहां अपनी प्रतिष्ठा लगा रखी है। बसपा ने मंडी में डॉ. प्रकाश चंद भारद्वाज को उतारा है। लेकिन सीधा और दिलचस्प संघर्ष भाजपा तथा कांग्रेस के बीच ही हो रहा है।

शिमला लोकसभा सीट पर भाजपा के सुरेश कुमार कश्यप के सामने कांग्रेस से विनोद सुल्तानपुरी चुनाव लड़ रहे हैं। यहां बसपा से अनिल कुमार मंगेट प्रत्याशी हैं। हमीरपुर लोकसभा सीट पर केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर को कांग्रेस से सतपाल रायजादा चुनौती दे रहे हैं। यहां बसपा से हेमराज चुनावी मैदान में हैं। जानकारों के मुताबिक यहां अनुराग ठाकुर को कांग्रेस के मुकाबले बढ़त मानी जा रही है। राज्य की कांगड़ा लोकसभा सीट पर भाजपा के डॉ. राजीव भारद्वाज को दिग्गज कांग्रेस नेता आनंद शर्मा की चुनौती से जूझना पड़ रहा है। आनंद शर्मा पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। देर से टिकट घोषित होने के कारण पूरे क्षेत्र में प्रचार नहीं कर पाए हैं। यहां बसपा ने रेखा चौधरी पर दांव लगा रखा है।


मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू।


भाजपा नेता जयराम ठाकुर।


मंडी से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह।



मंडी से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत।

- 2014 और 2019 में राज्य की सभी चार लोकसभा सीटें जीतने वाली भाजपा इस बार जीत की हैट्रिक लगाने की कोशिश में
- मंडी सीट पर कांग्रेस के विक्रमादित्य सिंह और भाजपा उम्मीदवार फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के मुकाबले पर सभी की नजर

### कांग्रेस के लिए छह विधानसभा सीटों पर उपचुनाव जीतना बेहद जरूरी

- हिमाचल में कांग्रेस और भाजपा दोनों दलों के नेताओं की लोकसभा चुनाव से ज्यादा दिलचस्पी छह सीटों पर हो रहे उपचुनाव को लेकर दिख रही है। इसकी वजह यह है कि इन छह सीटों के परिणाम राज्य में सत्ता परिवर्तन या मौजूदा सरकार का भविष्य तय करेंगे। दरअसल लोकसभा चुनाव से पहले हुए राज्यसभा के चुनाव में कांग्रेस विधायकों की बगावत की वजह से सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार संकट में फंस गई थी। प्रदेश से राज्यसभा की एक सीट के चुनाव में कांग्रेस के छह विधायकों की बगावत के कारण राज्यसभा पार्टी के उम्मीदवार अभिषेक मनु सिंघवी चुनाव हार गए थे और भाजपा के हर्ष महाजन को जीत मिली थी। बाद में विधानसभा के स्पीकर ने इन छह बागी विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया था। इसी कारण इन न सीटों पर उपचुनाव हो रहा है। कांग्रेस के सभी बागी विधायक भाजपा में शामिल हो गए थे और भाजपा ने इन्हें टिकट देकर कमल निशान से चुनावी मैदान में उतार रखा है। ऐसे में उपचुनाव वाली सभी सीटों पर कांग्रेस पूरा जोर लगा रही है, ताकि जीत हासिल करके सरकार पर आने वाला संकट टला जा सके।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

## सलेमपुर में बसपा की चुनौती से बना त्रिकोणीय संघर्ष

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार**। सलेमपुर लोकसभा सीट पर भाजपा ने दो बार के सांसद रवींद्र कुशवाहा को मैदान में उतार कर जीत की हैट्रिक लगाने का मौका दिया है। यहां उनका मुकाबला सपा प्रत्याशी पूर्व सांसद रमाशंकर राजभर से है। रमाशंकर राजभर साल 2009 में बीएसपी के टिकट पर सांसद चुने गए थे। लेकिन बसपा ने यहां भीम राजभर को चुनावी मैदान में उतार कर राजभर वोटों में सेंध लगा रखी है। सलेमपुर लोकसभा सीट पर पिछड़ी जातियों का दबदबा है। इसमें 32 प्रतिशत माने जाने वाले कुर्मी और राजभर मतदाता जीत-हार का गणित तय करते हैं। यहां 18 फीसदी कुर्मी, मौर्य और कुशवाहा तो 14 फीसदी राजभर मतदाता गिने जाते हैं। अनुसूचित जाति के मतदाता 15 फीसदी हैं। साल 2019 के चुनाव में भाजपा के रवींद्र कुशवाहा ने 4.67 लाख वोट पाकर बसपा के आरएस कुशवाहा को 1.12 लाख वोटों से हराया था। सुभासपा के राजाराम को 33 हजार और कांग्रेस प्रत्याशी राजेश कुमार मिश्रा को 27 हजार से कुछ अधिक वोट मिले थे। सलेमपुर लोकसभा सीट के तहत पांच विधानसभा सीटें आती हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में तीन सीटों पर भाजपा तथा समाजवादी पार्टी और सुभासपा ने एक-एक सीट पर जीत दर्ज की थी।


**दीदी का रोड मार्च** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अंतिम चरण के लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए कोलकता में सड़क मार्च करके टीएमसी समर्थकों में जीत का जोश भरा।


**हम में है दम** बांसगांव लोकसभा क्षेत्र में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा मुखिया अखिलेश यादव ने जनसभा करके वोट मांगे।

# ओडिशा में सरकार बनाने के दावों से साधी दिल्ली की लड़ाई

6 सीटों का रण

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार**। ओडिशा में सातवें और अंतिम चरण में छह लोकसभा सीटों मयूरभंज, बालासोर, भद्रक, जाजपुर, केंद्रपाड़ा, जगतसिंहपुर के साथ इनसे संबंधित 42 विधानसभा क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे। इस बार राज्य में बीजद और भाजपा दोनों ने सरकार बनाने के दावे के साथ सरकार गठन के शपथ ग्रहण के दिन की घोषणा भी कर रखी है। साल 2019 के चुनाव में भाजपा ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए आठ सीटें जीती थीं, जबकि बीजद की सीटों की संख्या घटकर 12 रह गई थी। इससे पहले 2014 के चुनाव में बीजद ने 20 सीटें जीती थीं, जबकि भाजपा एक ही सीट जीत पाई थी। सामान्यतया लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ-साथ होने पर अधिकांश मौकों पर मतदाता एक ही पार्टी को चुनते रहे हैं, शायद यही वजह है कि भाजपा और बीजद लोकसभा चुनाव का प्रचार तो कर रहे हैं, लेकिन असली लड़ाई का मोर्चा विधानसभा चुनाव में खोल रखा है। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और उनके करीबी सहयोगी वीके पांडियन पर भाजपा खासी हमलावर है। गृह मंत्री अमित शाह से लेकर चुनाव प्रचार में भाजपा का हर बड़ा नेता ओडिशा के गौरव और सम्मान का सवाल उठाकर यह आरोप लगाता रहा है कि एक तमिल बाबू ओडिशा में शासन कर रहे हैं। एक तमिल व्यक्ति ओडिशा पर कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। भाजपा सत्ता में आने पर युवा उड़िया भाषी को मुख्यमंत्री बनाएगी।




- भाजपा और बीजद दोनों ने राज्य में सरकार के शपथ ग्रहण के दिन की कर रखी है घोषणा
- साल 2019 के चुनाव में भाजपा ने लोकसभा की आठ और बीजद ने जीती थीं 12 सीटें

### बालासोर में इस बार फिर हो रहा है त्रिकोणीय मुकाबला

- बालासोर में इस बार फिर त्रिकोणीय मुकाबला हो रहा है। यहां भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री और मौजूदा सांसद प्रताप चंद्र सारंगी को मैदान में उतारा है। उनका मुकाबला कांग्रेस से पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीकांत कुमार जेना कर रहे हैं। यहां बीजद ने भाजपा से आई लेखाश्री सामंतसिंघर पर दांव लगाया है। 2014 के चुनाव में बीजद उम्मीदवार ने 41.33 प्रतिशत वोट हासिल करेक भाजपा उम्मीदवार को हराया था। 2019 के चुनाव में भाजपा ने 41.79 प्रतिशत वोट पाकर बीजद को हराया था।

### राष्ट्रपति मुर्मू के मयूरभंज में फिर जीतेगी भाजपा ?

- आदिवासी बहुल मयूरभंज लोकसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीट है और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम से जानी जाती है। राष्ट्रपति का गृहनगर होने के नाते इस सीट पर हर किसी की नजर है। वर्तमान में यहां भाजपा सांसद बिश्वेश्वर टुडू हैं। लेकिन भाजपा ने द्रौपदी मुर्मू के विश्वासपात्र नबा चरण माझी को मैदान में उतारा है, जो रायरंगपुर से विधायक हैं। रायरंगपुर सीट का राष्ट्रपति मुर्मू ने 2009 तक दो बार प्रतिनिधित्व किया था। बीजद ने मयूरभंज सीट पर सुदाम मारंडी को उतारा है। इंडिया गठबंधन से इस सीट पर झामुमो संस्थापक शिबू सोरेन की बेटी अंजलि सोरेन एक बार फिर किस्मत आजमा रही हैं। अंजिल 2019 में भी यहां से चुनाव लड़ी थीं।

### जाजपुर में बीजद और भाजपा का संघर्ष

- जाजपुर सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। भाजपा ने रवींद्र नारायण बेहरा और कांग्रेस ने आंचल दास को मैदान में उतारा है। 2019 में बीजद की शर्मिष्ठा सेठी ने 1,01,693 वोटों से सीट जीती थी। शर्मिष्ठा सेठी को 5,44,020 वोट मिले थे और उन्होंने भाजपा के अमियकांता मलिक को हराया था।

| ओडिशा वोट शेयर 2019 पार्टी | सीट | वोट % |
|---|---|---|
| बीजद | 12 | 42.8 |
| भाजपा | 8 | 38.4 |
| कांग्रेस | 01 | 13.8 |

### भद्रक में फिर से रोमांचक मुकाबले की तस्वीर

- भद्रक लोकसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भद्रक से बीजद को जीत मिली थी। बीजद की मंजूलता मंडल ने भाजपा प्रत्याशी अविमन्यू सेठी को 28,803 मतों के अंतर से हरा दिया था। मंजूलता को 5,12,305 तो अविमन्यू सेठी को 4,83,502 वोट मिले थे। कांग्रेस की मधुमिता सेठी ने 2,07,811 वोट हासिल किए थे। भाजपा ने इस बार भी यहां बीजद सांसद मंजूलता मंडल के सामने पूर्व केंद्रीय मंत्री और बीजद नेता अर्जुन चरण सेठी के बेटे अविमन्यु सेठी को ही मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने इस बार वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद अनंत प्रसाद सेठी को मौका दिया है।

### जगतसिंहपुर में भाजपा को पहली जीत की तलाश

- जगतसिंह पुर आरक्षित लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी पूर्व सांसद बिभू प्रसाद तराई, कांग्रेस के रवीन्द्र कुमार सेठी का मुकाबला बीजद की सांसद डॉ. राजश्री मल्लिक से हो रहा है। यहां भाजपा को अपनी पहली जीत की तलाश है। बीजद की राजश्री मल्लिक ने 2019 में चुनाव भाजपा के विभु प्रसाद तराई को हराया था। बीजद और भाजपा को क्रमश: 50.44% और 28.34% वोट मिले थे। 2014 में बीजद प्रत्याशी कुलमणि सामल इस सीट से जीते थे। उन्होंने तब कांग्रेस में रहे बिभू प्रसाद तराई को हराया था। कांग्रेस यहां 1998 से जीत के लिए तरस रही है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 970 फ्लैग 1085 डीएमओ 855 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 980 फ्लैग 1095 बोल्ड 1150 डीएमओ 860।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# चौथी तिमाही में आर्थिक विकास दर 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमानः एसबीआई

## बैंक ने रिपोर्ट में समाप्त वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि के 8 प्रतिशत रहने की जताई संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय स्टेट बैंक ने आज अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत और मार्च 2024 में समाप्त वित्त वर्ष में इसके आठ प्रतिशत रहने का अनुमान है।

एसबीआई के ग्रुप मुख्य अर्थशास्त्री डॉ.सौम्य कांति घोष ने आज जारी एक रिपोर्ट में कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक ने चौथी तिमाही में जीडीपी के 7.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान जताया है, जबकि एसबीआई ने इसके 7.4 प्रतिशत रहने और मार्च 2024 के समाप्त वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि के आठ प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना जताई है। उसने चालू वित्त वर्ष में जीडीपी के 7.5 प्रतिशत से 8 प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान जताया है जबकि आरबीआई इसके सात प्रतिशत रहने की बात पहले ही कह चुकी है। उसने कहा है कि 30 उच्च आवृत्ति संकेतकों के साथ इन-हाउस विकसित एसबीआई आर्टिफिशियल न्यूरल नेटवर्क (एएनएन) मॉडल चौथी तिमाही जीडीपी वृद्धि 7.4 प्रतिशत रहने का संकेत दे रहा है। प्रमुख संकेतक शहरी/ग्रामीण परिदृश्य में निरपेक्ष विकास की प्रवृत्ति दिखाते हैं, हालांकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में तेजी बनी हुई है। जनवरी 24 से संकेतकों का प्रतिशत 80 से ऊपर बना हुआ है, शहरी संकेतकों ने हाल के महीनों में उल्लेखनीय सुधार दिखाया है।

### भू-राजनीतिक और मौसम की घटनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत




भू-राजनीतिक और मौसम की घटनाओं के जोखिमों के बावजूद आशावाद आगे चलकर अशांत प्रतिकूल परिस्थितियों में बदल सकता है। इसके अलावा, अच्छे दिनों के अग्रदूत के रूप में, सामान्य से ऊपर मानसून दालों, तिलहन और अनाज की घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, 2024 के मानसून सीजन के उत्तरार्ध के दौरान ला नीना विकसित होने की उम्मीद है, जबकि हिंद महासागर डिपोल (आईओडी) सकारात्मक होने की उम्मीद है, जो दोनों ही अच्छे मानसून का संकेत देते हैं। कॉर्पोरेट भारत ने मजबूत आंकड़े दर्ज करना जारी रखा, हालांकि बैलेंस शीट की मजबूती के लंबे तिमाही दौर के बाद लाभप्रदता पर कुछ दबाव सामने आया।

### वर्ष 2024-25 में बैंकों की ऋण वृद्धि घटकर 14 प्रतिशत रह जाएगी

**मुंबई।** देश की बैंकिंग प्रणाली की ऋण वृद्धि में चालू वित्त वर्ष 2024-25 में दो प्रतिशत घटकर 14 प्रतिशत हो सकती है। घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में बैंकिंग प्रणाली की ऋण वृद्धि दर 16 प्रतिशत थी।

रेटिंग एजेंसी के अनुसार, इस मंदी से वित्त वर्ष 2024-25 में (सकल घरेलू उत्पाद) जीडीपी वृद्धि दर भी घटकर 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह वित्त वर्ष 2023-24 में 7.6 प्रतिशत थी। क्रिसिल ने कहा कि धीमी जमा अभिवृद्धि ऋण वृद्धि पर नियंत्रण रख सकती है। हालांकि एजेंसी ने माना कि पिछले वर्ष जमा और ऋण वृद्धि के बीच का अंतर कम हुआ है। एजेंसी ने कहा-इस राजकोषीय वृद्धि को उच्च आधार प्रभाव, जोखिम भार में संशोधन और कुछ हद तक कम सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि से नियंत्रित किया जाएगा।

## केएएल एयरवेज, कलानिधि के किए गए दावों का कोई कानूनी औचित्य नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

• स्पाइसजेट ने नुकसान के दावे को बताया निराधार




विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने मंगलवार को कहा कि केएएल एयरवेज और कलानिधि मारन के 1,323 करोड़ रुपये से अधिक के नुकसान के दावे निराधार हैं और इनका कोई कानूनी औचित्य नहीं है। केएएल एयरवेज और कलानिधि मारन ने सोमवार को कहा था कि वे स्पाइसजेट और उसके प्रमुख अजय सिंह से 1,323 करोड़ रुपये से अधिक का हर्जाना मांगेंगे। साथ ही दोनों पक्षों के बीच जारी विवाद मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय के हाल के आदेश को चुनौती देंगे।

स्पाइसजेट ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वह केएएल एयरवेज और मारन द्वारा 1,323 करोड़ रुपये का हर्जाना मांगने के दावों का दृढ़ता से खंडन करता है। विमानन कंपनी ने कहा-इन दावों का कोई कानूनी औचित्य नहीं है। वे मध्यस्थ न्यायाधिकरण और फिर दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा पहले ही खारिज किए गए दावों को दोहरा रहे हैं। स्पाइसजेट ने कहा-केएएल एयरवेज और मारन ने शुरुआत में मध्यस्थता कार्यवाही के दौरान 1,300 करोड़ रुपये से अधिक के मुआवजे की मांग की। इस दावे की गहन जांच की गई और बाद में उच्चतम न्यायालय के तीन सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की एक पीठ ने इसे खारिज कर दिया।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 95,400 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74,125 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,250-55,450 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,750 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,600 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 90,500 |
| चांदी तैयार | 90,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,700 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,700 |
| चांदी पक्की | 900 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,800 |
| चांदी आभूषण | 89,800। |

## भारत-अमेरिका सीईओ फोरम ने शुरू किया ज्ञान साझा करने वाला मंच

नई दिल्ली, एजेंसी

उद्यमिता, समावेशी विकास और छोटे व्यवसायों को बढ़ावा देने पर भारत-अमेरिका सीईओ फोरम के एक कार्यसमूह ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एमएसएमई एवं स्टार्टअप के एकीकरण के लिए ज्ञान साझा करने वाला एक मंच शुरू किया है। यह मंच यूनाइटेड सर्विसेज इंस्टिट्यूट (यूएसआई) और साइबरपीस फाउंडेशन के साथ साझेदारी में शुरू किया गया है। फोरम ने मंगलवार को एक बयान में ज्ञान साझा करने वाले इस मंच के गठन की जानकारी दी।

फोरम ने कहा-भारत-अमेरिका सीईओ मंच के कार्यसमूह-7 (डब्ल्यूजी7) ने यूएसआई और साइबरपीस फाउंडेशन के साथ साझेदारी में 27 मई को भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय ज्ञान-साझाकरण मंच पेश किया है। इस कार्यसमूह की शेरपा सुबी चतुर्वेदी ने कहा कि यह मंच भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाएगा और उनके बीच व्यापार की संभावनाएं पैदा करेगा। यह स्टार्टअप को सशक्त बनाकर और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एमएसएमई का एकीकरण कर समावेशी विकास को बढ़ावा देगा।

### मानसून, गन्ना उत्पादन पर निर्भर चीनी निर्यात की अनुमति का मामला

**नई दिल्ली।** भारत 2024-25 सत्र में अंतिम गन्ना बुवाई और उत्पादन का आकलन करने के बाद चीनी निर्यात की अनुमति दे सकता है। ब्राजील के बाद दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक देश भारत अगले सत्र में चीनी उत्पादन कम यानी तीन करोड़ टन रहने की उम्मीद कर रहा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सूत्रों ने कहा कि सितंबर में समाप्त होने वाले मौजूदा 2023-24 सत्र में चीनी उत्पादन अबतक 3.15 करोड़ टन तक पहुंच गया है, अंतिम उत्पादन 3.18 करोड़ टन तक पहुंचने की संभावना है क्योंकि तब तक तमिलनाडु और कर्नाटक में मिलें पेराई बंद कर देंगी।

## चांदी के दाम में 3,100 और सोने में 130 रुपये का उछाल

नई दिल्ली, एजेंसी

• करीब दो सप्ताह के उच्चस्तर पर पहुंच गई चांदी की कीमत



मजबूत वैश्विक रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को चांदी की कीमत 3,100 रुपये के उछाल के साथ 95,950 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई, जबकि सोना 130 रुपये मजबूत हुआ।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, लगातार दूसरे दिन चांदी में मजबूती आई। इसकी कीमत 3,100 रुपये के उछाल के साथ करीब दो सप्ताह के उच्चस्तर 95,950 रुपये प्रति किग्रा हो गई। सोमवार को चांदी 92,850 रुपये प्रति किग्रा के स्तर पर बंद हुई थी। इस बीच, सोना 130 रुपये मजबूत होकर 72,950 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 72,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ था। अंतर्राष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,346 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से दो डॉलर अधिक है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा-कमजोर अमेरिकी डॉलर की मदद से मंगलवार को यूरोपीय कारोबारी घंटों में सोना मामूली बढ़त के साथ कारोबार कर रहा था। उन्होंने कहा-व्यापारी अब महत्वपूर्ण अमेरिकी मुद्रास्फीति आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं, जो इस बात पर प्रकाश डाल सकता है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व कितनी जल्दी ब्याज दरों में कमी कर सकता है। इससे आगे सोने की कीमतों को दिशा मिलेगी। विदेशी बाजारों में चांदी भी बढ़कर 31.50 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, चांदी की कीमतें बढ़कर 31 डॉलर के स्तर को पार कर गई हैं, जो नरमी के दौर के अंत का संकेत है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### अदालत ने सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर ईडी से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने धन शोधन के एक मामले में जमानत (डिफॉल्ट बेल) देने का अनुरोध करने वाली, जेल में बंद पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की याचिका पर मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब देने के लिए कहा। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने ईडी को नोटिस जारी किया और उसे मामले पर एक स्थिति रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा। अदालत ने जेल प्राधिकारियों से जैन का रिकॉर्ड भी मांगा और मामले पर अगली सुनवाई के लिए नौ जुलाई की तारीख तय की। जैन पर कथित तौर पर उनसे जुड़ी चार कंपनियों के जरिए धन शोधन करने का आरोप है।

### सोरेन की जमानत याचिका पर जवाब दाखिल करने का निर्देश

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। ईडी ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले में सोरेन को 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। सोरेन ने सोमवार को उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका दाखिल कर मामले में शीघ्र सुनवाई करने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति रोंगोन मुखोपाध्याय की पीठ के समक्ष सोरेन की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता सोरेन राजनीतिक साजिश का शिकार हैं।

### जुलूस के दौरान दो समूहों के बीच झड़प

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक धार्मिक जुलूस के दौरान मामूली मुद्दे पर दो समूहों के बीच हुई झड़प के बाद 25 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि सोमवार रात भिवंडी के सरावली गांव में हुई घटना के संबंध में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि रात करीब साढ़े नौ बजे एक धार्मिक जुलूस के दौरान गुलाल फेंकने को लेकर समूहों में झड़प हो गई। अधिकारी ने कहा कि घटना के संबंध में 25 लोगों पर मामला दर्ज किया गया है।

# भाजपा 200 सीट के आंकड़े को भी नहीं कर पाएगी पार: खरगे

## शाह के नौकरी गंवा देने वाले तंज पर कांग्रेस अध्यक्ष ने दिया जवाब

चंडीगढ़, एजेंसी



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भारतीय जनता पार्टी के 400 पार के दावे को बकवास करार देते हुए खारिज कर दिया और कहा कि पार्टी लोकसभा चुनाव में 200 सीट के आंकड़े को भी पार नहीं कर पाएगी। खरगे ने अमृतसर में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले आम चुनाव की तुलना में भाजपा की सीट घट रही हैं जबकि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन बढ़त बना रहे हैं। जबकि भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) दावा कर रहा है कि उसे लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट मिलेंगी।

भाजपा के इस दावे से जुड़े एक सवाल का जवाब देते हुए खरगे ने कहा-जब आपकी (सीट) घट रही हैं और हमारी बढ़ रही हैं। 400 पार भूल जाओ, यह बकवास है। वे सरकार भी नहीं बना सकते और 200 सीट से आगे नहीं बढ़ पाएंगे। खरगे ने कहा कि भाजपा तमिलनाडु, केरल और तेलंगाना में अस्तित्वहीन है और कर्नाटक में मजबूत नहीं है। उन्होंने सवाल किया, आप महाराष्ट्र में कमजोर हैं, जबकि पश्चिम बंगाल और ओडिशा में एक लड़ाई है। आपको 400 सीट कैसे मिल रही हैं? केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के इस तंज का जवाब देते हुए कि चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद खरगे अपनी नौकरी गंवा देंगे। खरगे ने कहा-मैं नौकरी करने के लिए राजनीति में नहीं आया हूं। मैं बचपन से ही लोगों की सेवा करने के लिए राजनीति में हूं, अब मुझे उतने ही साल हो गए हैं जितनी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उम्र है। खरगे ने कहा-उन्हें चार जून के बाद अपनी नौकरी के बारे में सोचना चाहिए।

कांग्रेस प्रमुख खरगे ने लोकसभा चुनाव के लिए कृषि ऋण माफी और फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानूनी गारंटी पर पार्टी के चुनावी वादों को दोहराया। उन्होंने साथ ही बेरोजगारी के मुद्दे और अग्निपथ योजना पर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना भी साधा।

### चार जून के बाद ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री कहलाएंगे नवीन पटनायक : अमित शाह



**भद्रक/जाजपुर (ओडिशा)।** गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को चुटकी लेते हुए कहा कि नवीन पटनायक चार जून के बाद ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री हो जाएंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा 147 सदस्यीय विधानसभा में 75 से अधिक सीट हासिल कर राज्य में अगली सरकार बनाएगी। शाह ने भद्रक लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत चांदबाली में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह भी दावा किया कि भाजपा ओडिशा की 21 लोकसभा सीट में से 17 सीट पर जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा-चार जून को नवीन बाबू मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे, वह पूर्व मुख्यमंत्री बन जाएंगे...भाजपा ओडिशा में 17 लोकसभा सीट और 75 विधानसभा सीट पर जीत दर्ज करेगी। ओडिशा में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ हो रहे हैं। शाह ने यह भी कहा कि भाजपा यह सुनिश्चित करेगी कि अगला मुख्यमंत्री उड़िया भाषा में पारंगत हो और राज्य की भाषा, संस्कृति तथा परंपरा को समझता हो। स्पष्ट रूप से पटनायक के करीबी सहयोगी एवं बीजू जनता दल (बीजद) के नेता वी के पांडियन के संदर्भ में शाह ने कहा-क्या तमिल बाबू को पर्दे के पीछे से सरकार चलानी चाहिए... कमल के निशान पर अपना वोट देकर एक अधिकारी की जगह राज्य पर शासन करने के लिए एक जनसेवक को लाएं।

### पूर्व विधायक बिधूड़ी के खिलाफ अपहरण एवं मारपीट का मामला दर्ज

**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान में चित्तौड़गढ़ जिले के गंगरार थाने में तीन साल पहले के चर्चित अपहरण एवं मारपीट के मामले में इस्तगासे के जरिये पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह बिधूड़ी के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि भीलवाड़ा निवासी सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पूरन सिंह भाटी ने न्यायालय से जारी इस्तगासे के आधार पर मंगलवार को मामला दर्ज करवाते हुये कहा कि 21 अगस्त 2021 को गंगरार स्थित भीलवाड़ा के उद्योगपति मानसिंहका ग्रुप की बंद पड़ी कपड़ा मिल पर वह ग्रुप के सुरक्षा अधिकारी के तौर पर चारदीवारी करवा रहे थे, इसी दौरान कुछ लोगों द्वारा उन्हें जबरन गंगरार थाने पर ले जाया गया जहां बिधूड़ी ने उनसे मारपीट करते हुए उक्त जमीन पर काम बंद करने की चेतावनी दी।

## हैदराबाद में उपमुख्यमंत्री के घर पर बम विस्फोट की धमकी

हैदराबाद, एजेंसी



बम निरोधक टीम ने बम की धमकी मिलने के बाद तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क के आधिकारिक आवास प्रजा भवन के परिसर की जांच की। • एजेंसी

हैदराबाद में एक अज्ञात व्यक्ति ने मंगलवार को कथित तौर पर फोन कर बताया कि तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री एम. बी. विक्रमार्क के आधिकारिक आवास प्रजा भवन पर बम विस्फोट होने वाला है, जिसके बाद हरकत में आई पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि अज्ञात व्यक्ति ने पुलिस नियंत्रण कक्ष को फोन कर आगाह किया कि हैदराबाद शहर में प्रजा भवन में बम फटने वाला है। पुलिस ने तुरंत बम निरोधक दस्ते की मदद से परिसर की तलाशी शुरू कर दी। तेलंगाना की पंचायत राज एवं ग्रामीण विकास और महिला एवं बाल कल्याण मंत्री डी. अनसूया प्रजा भवन पहुंचीं और अधिकारियों व उपमुख्यमंत्री के परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर मामले पर चर्चा की। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मंत्री ने अधिकारियों को आगंतुकों की गहन जांच करने और प्रजा भवन में सुरक्षा बढ़ाने का निर्देश दिया। प्रजा भवन के एक हिस्से का उपयोग प्रजा वाणी कार्यक्रम के लिए किया जाता है, सप्ताह में दो बार शिकायत निवारण सभा आयोजित की जाती है।

• जानकारी पर हरकत में आई पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया

## भोजन के बाद हालत बिगड़ने से तीन की मौत

जयपुर, एजेंसी

• उदयपुर जिले में एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे 80 लोग

राजस्थान में उदयपुर जिले के कोटड़ा थाना क्षेत्र में एक कार्यक्रम में भोजन के बाद अचानक हालत बिगड़ने से एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 36 अन्य का अस्पतालों में इलाज चल रहा है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

थानाधिकारी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि सावन क्यारा गांव में सोमवार को एक कार्यक्रम में करीब 80 लोग शामिल हुए थे। उनके अनुसार रात को भोजन के कुछ देर बाद कई लोगों को उल्टी और जी मिचलाने की शिकायत पर अस्पताल ले जाया गया जहां एक महिला और दो लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान बाबू गमार (30), मसरू गमार (28) और अमिया पारगी (35) के रूप में की गई है। कोटड़ा के ब्लाक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ शंकरलाल चव्हाण ने बताया कि सावन क्यारा में एक कार्यक्रम में खाने में बकरे का मटन, मिक्स वेज, बैंगन, टमाटर, मक्के का दलिया, दाल गुड़ आदि का भोजन के साथ लोगों को देशी और अंग्रेजी शराब भी परोसी गई थी। उन्होंने बताया कि भोजन करने और शराब का सेवन के कुछ देर बाद लोगों की तबीयत खराब हो गई थी।

### दो आतंकी आकाओं की संपत्तियां कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में स्थानीय दो आतंकवादी आकाओं की अचल संपत्तियों को कुर्क किया गया। दोनों आतंकवादी आका पाकिस्तान में रह कर आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम दिया करते थे। पुलिस ने बताया कि दोनों हैंडलर वर्तमान में पाकिस्तान में हैं, जहां से वे घाटी में आतंकवादी समूहों और आतंकी मॉड्यूल को संचालित करते हैं।

## छठे चरण में सात करोड़ से अधिक मतदाताओं ने किया मताधिकार का प्रयोग

नई दिल्ली, एजेंसी

• निर्वाचन आयोग ने बताया 63.37 प्रतिशत हुआ मतदान

निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के छठे चरण में आठ राज्यों की 58 सीट पर 63.37 प्रतिशत मतदान हुआ। कुल सात चरणों में हो रहे लोकसभा चुनाव के छठे चरण में 25 मई को 11.13 करोड़ योग्य मतदाताओं में से 7.05 करोड़ ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

आम चुनाव में अब तक हुए छह चरणों के मतदान में, 87.54 करोड़ निर्वाचकों में से लगभग 57.77 करोड़ ने वोट दिया। विश्व में सर्वाधिक संख्या में 96.88 करोड़ निर्वाचक भारत में हैं। निर्वाचक नामावली में शामिल नागरिकों को निर्वाचक माना जाता है जबकि मतदान करने वालों को मतदाता कहा जाता है। मौजूदा लोकसभा चुनाव के अब तक के छह चरणों में, चौथे चरण में सर्वाधिक मतदान हुआ जबकि पांचवें चरण में सबसे कम वोट पड़े। निर्वाचन आयोग द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, छठे चरण में 63.37 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, पूर्व में आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार चौथे चरण में 69.16 प्रतिशत मतदान हुआ था, जो अब तक हुए छह चरणों के चुनाव में सर्वाधिक है।

### यौन उत्पीड़न के वीडियो वितरित करने को लेकर दो व्यक्ति गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** हासन से सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच कर रहे एसआईटी ने मंगलवार को दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। इन दोनों व्यक्तियों ने जनता दल (सेक्युलर) नेता द्वारा कई महिलाओं का कथित तौर पर यौन शोषण किए जाने के वीडियो वाले पेन ड्राइव वितरित किए थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दोनों व्यक्तियों को उस वक्त गिरफ्तार किया गया जब वे उच्च न्यायालय पहुंचे। एसआईटी अधिकारियों ने उन्हें हिरासत में ले लिया और पूछताछ के लिए अपने साथ ले गए। इन दोनों व्यक्तियों ने कथित तौर पर वे पेन ड्राइव वितरित किये थे।

## कविता बहुत ही ताकतवर और गवाहों को कर सकती हैं प्रभावित

नई दिल्ली, एजेंसी

**आबकारी घोटाला**

• सीबीआई और ईडी ने कविता की जमानत याचिका का उच्च न्यायालय में किया विरोध



केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामले में गिरफ्तार बीआरएस की नेता के.कविता की ओर से दायर जमानत याचिका का दिल्ली उच्च न्यायालय में मंगलवार को विरोध किया। केंद्रीय एजेंसियों ने अदालत से कहा कि वे बहुत ही प्रभावशाली और ताकतवर हैं और गवाहों को प्रभावित कर सकती हैं। कविता की ओर से पेश वकील ने कहा कि वह महिला हैं और उन्हें जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए।

कोर्ट में जांच एजेंसियों ने कहा कि उन्होंने घोटाले की साजिश में अहम भूमिका निभाई और वह सक्रिय नेता एवं तेलंगाना विधानसभा की सदस्य होने के नाते कमजोर महिला होने का दावा कर जमानत नहीं मांग सकती हैं। ईडी, सीबीआई और कविता के वकीलों की दलीलों को सुनने के बाद न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने बीआरएस नेता की जमानत अर्जी पर फैसला सुरक्षित रख लिया। सुनवाई के दौरान सीबीआई के वकील ने दलील दी कि कविता केवल महिला नहीं हैं बल्कि प्रभावशाली महिला हैं और गवाहों को प्रभावित करने के मामले में काफी ताकतवर हैं, गवाहों में शामिल एक व्यक्ति ने दावा किया है कि उन्होंने उसको धमकी दी थी। ईडी के वकील ने भी दलील की दी कि कविता आबकारी घोटाले की सह साजिशकर्ता और लाभार्थी हैं और अपराध की कड़ी सीधे तौर पर उनसे जुड़ती है। वकील ने दावा किया कि बीआरएस नेता सफेदपोश अपराध की आरोपी हैं और सबूतों को नष्ट करने और अपने बयानों से लोगों को धमकाने में संलिप्त हैं। ईडी ने कविता की जमानत अर्जी पर दिए जवाब में दावा किया कि उनको रिहा करने से आगे की जांच पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा जो गहरी और बहु स्तरीय साजिश का पता लगाने के लिए की जा रही है।

जांच एजेंसी ने जवाबी हलफनामा में कहा-के.कविता ने अन्य लोगों के साथ मिलकर साजिश रची और लाभ पहुंचाने के बदले 100 करोड़ रुपये के भुगतान में संलिप्त थीं और उन्होंने अपने लोगों के जरिये धनशोधन की पारिस्थितिकी बनाई जो एम/एस इंडोस्प्रीट है और अपराध से 192.8 करोड़ रुपये की कमाई की।

# विश्वकप में गेंदबाजों का पलड़ा भारी

## आईपीएल के विपरीत अमेरिका-वेस्टइंडीज के मैदानों में बल्लेबाजों पर हावी हो सकते हैं स्पिनर

**01** जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज की जमीं पर शुरू होगा टी-20 विश्वकप का घमासान।



**बेंगलुरु, एजेंसी**

आईपीएल में काफी महंगे साबित हुए गेंदबाज क्या अगले महीने होने वाले टी-20 विश्व कप में थोड़ी राहत की उम्मीद कर सकते हैं? इस प्रश्न की उत्पत्ति आईपीएल के नवीनतम सत्र में टी-20 बल्लेबाजी में आए बदलाव के कारण हुई है। आईपीएल 2024 से पहले लीग में केवल एक बार 250 रन का आंकड़ा पार किया गया था लेकिन हाल ही में समाप्त हुए सत्र में टीमें आठ बार ऐसा करने में सफल रहीं।

आईपीएल में बल्लेबाजी को नया आयाम देने वाले ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड और वेस्टइंडीज के आंद्रे रसेल जैसे बल्लेबाज अगले महीने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप में भी खेलते हुए नजर आएंगे। इसलिए प्रशंसकों का एक बार फिर बल्लेबाजों के दबदबे की उम्मीद करना स्वाभाविक है, लेकिन कई कारणों से उनका रवैया विश्व कप में उतना एक आयामी नहीं हो सकता जितना कि आईपीएल में था।

सबसे पहले तो टीमों को विश्व कप में इंपेक्ट खिलाड़ी की सुविधा नहीं मिलेगी। मिचेल स्टार्क ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को तीसरा आईपीएल खिताब दिलाने में बड़ी भूमिका निभाने के बाद उस बात को स्वीकार किया। स्टार्क ने कहा था यहां (आईपीएल में) इंपेक्ट खिलाड़ी नियम है और टी-20 विश्व कप में ऐसा नहीं होगा। आपको अपने ऑलराउंडरों पर अधिक भरोसा करना होगा। आप अपने बल्लेबाजी ऑलराउंडर को आठवें नंबर पर नहीं रख सकते जैसा कि आपने आईपीएल किया था। मुझे नहीं लगता कि टी-20 विश्व कप में आप इस तरह के बड़े स्कोर देखेंगे क्योंकि वहां एक बल्लेबाज कम होगा।

आईपीएल के शुरुआती हिस्से में चेन्नई सुपरकिंग्स ने तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर शिवम दुबे को इंपेक्ट खिलाड़ी नियम के माध्यम से एक बल्लेबाज के रूप में इस्तेमाल किया था। दुबे ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और नाइट राइडर्स के खिलाफ कुछ मैच विजेता पारियां खेलीं, लेकिन विश्व कप में बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को अंतिम एकादश में जगह पाने के लिए अपने गेंदबाजी कौशल का भी प्रदर्शन करना होगा क्योंकि उप कप्तान हार्दिक पंड्या भी इसी तरह की भूमिका निभाते हैं और पहली पसंद बने हुए हैं। कप्तान रोहित शर्मा ने यह बात पहले ही स्पष्ट कर दी है हालांकि यह कहानी का सिर्फ एक हिस्सा है। बल्लेबाजों को उन पिचों से भी निपटना होगा जो आईपीएल में इस्तेमाल की गई पिचों से बहुत अलग होंगी।


एक अनुभवी क्यूरेटर ने बताया वेस्टइंडीज की पिचें अब वैसी नहीं हैं जैसी 80 या 90 के दशक में हुआ करती थीं। अब वे धीमी हैं और कई बार गेंद रुककर भी आती है। मुझे यकीन है कि गेंदबाज, विशेषकर स्पिनर आईपीएल की तुलना में कहीं अधिक भूमिका निभाएंगे, विशेषकर टूर्नामेंट के दूसरे सप्ताह से। क्यूरेटर ने कहा भारत ने अपनी टीम में चार स्पिनरों को शामिल किया है। यह शायद वेस्टइंडीज की पिचों की प्रकृति के कारण था। इसलिए मुझे नहीं लगता कि हम वहां 250 का स्कोर देख पाएंगे। अमेरिका में केवल फ्लोरिडा के पास हाई प्रोफाइल क्रिकेट मैचों की मेजबानी करने का पूर्व अनुभव है। न्यूयॉर्क और टेक्सास पहली बार इस खेल की मेजबानी की तैयारी कर रहे हैं। तो क्या इससे रन बनाने की दर पर असर पड़ेगा? क्यूरेटर ने कहा हां, ऐसा हो सकता है कि शुरुआत में टीमें पिच और अन्य परिस्थितियों का आकलन करना चाहेंगी। इनमें से कुछ स्थानों पर उपयोग की जा रही ड्रॉप इन पिचें प्राकृतिक पिचों की तुलना में बेहतर होंगी इसलिए हम उस दौर में कुछ बड़े स्कोर वाले मैच देख सकते हैं।

वेस्टइंडीज में अंतर्राष्ट्रीय और फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने का अपार अनुभव रखने वाले ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने इससे सहमति व्यक्त की। वार्नर ने कहा कैरेबिया में पिचें सूखी होने के कारण गेंद खुरदरी हो जाएगी और स्पिन करने लगेगी। आईपीएल में गेंद की ऊपरी परत लंबे समय तक रहती है और इसलिए गेंद कम टर्न करती है। मैंने वहां काफी क्रिकेट खेला है और सीपीएल (कैरिबियाई प्रीमियर लीग) में भी खेला हूं। विकेट धीमे और कम उछाल वाले होते जाते हैं। आईपीएल 2024 में औसत रन रेट 9.56 था जो टूर्नामेंट के इतिहास में अब तक का सबसे अधिक है। इसके अलावा औसत स्कोर 180 से ऊपर रहा। हैदराबाद में पहली पारी का औसत स्कोर 230 रन के आसपास था।हालांकि जैसा कि कुछ आंकड़ों से पता चलेगा वेस्टइंडीज के स्टेडियम अलग तरह के हैं। एंटीगा में औसत टी-20 स्कोर 123 रन है और बारबडोस में यह 138 रन है। गयाना में यह 124 तो त्रिनिदाद में केवल 115 रन है। सेंट विन्सेंट में औसत टी-20 स्कोर 118 जबकि ग्रॉस आइलेट में सर्वाधिक 139 है। इन आंकड़ों को देखते हुए गेंदबाजों के कम से कम एक महीने के लिए टी-20 में दबदबा बनाने की उम्मीद है।



### चोटों के बावजूद भारत सबसे मजबूत टीम : मोर्गन

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयोन मोर्गन का मानना है कि भारत का प्रतिभा का भंडार और टीम के भीतर जबरदस्त गहराई उन्हें आगामी टी-20 विश्व कप जीतने का प्रबल दावेदार बनाती है। भारत लगभग उसी टीम के साथ उतर रहा है जो पिछले टी-20 विश्व कप में खेली थी। हालांकि युवा यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और संजू सैमसन जैसे खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया गया है। मोर्गन ने कहा चोटों के बावजूद टूर्नामेंट में भारतीय टीम सबसे मजबूत है। उनकी मजबूती और गहराई शानदार है। वे मेरे लिए प्रबल दावेदार हैं, कागजों पर उनका स्तर। अगर वे मैदान पर भी ऐसा करते हैं तो मुझे लगता है कि वे टूर्नामेंट में किसी को भी आसानी से हरा सकते हैं। विकल्पों की अधिकता के कारण भारत शुभमन गिल और लोकेश राहुल जैसे खिलाड़ियों को भी टीम में शामिल नहीं कर पाया। अगर मैं टीम का चयन कर रहा होता तो एकमात्र फैसला जो अलग होता वह यह होता कि मैं यशस्वी जायसवाल पर शुभमन गिल को तरजीह देता। मैं उसके साथ खेला हूं, मुझे पता है कि वह कैसे सोचता है। मुझे पता है कि वह कैसे काम करता है। भारत लगभग हर टूर्नामेंट में प्रबल दावेदार के रूप में उतरता है लेकिन एक दशक से अधिक समय से उसने आईसीसी का कोई खिताब नहीं जीता है।



## आईसीसी ने अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट को दिया लिस्ट-ए का दर्जा

**सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अमेरिका में टी-20 प्रारुप में खेले जाने वाले मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) को आधिकारिक लिस्ट-ए का दर्जा प्रदान किया। एमएलसी का दूसरा सत्र पांच जुलाई से शुरू होगा। इसका उद्देश्य खेल के सबसे बड़े बाजारों में से एक में इसकी लोकप्रियता को बढ़ावा देना है।



आईसीसी के इस कदम से एमएलसी को आधिकारिक टी-20 लीग और अमेरिका के पहले विश्व स्तरीय घरेलू टूर्नामेंट का दर्जा मिल गया। अमेरिका एक जून से 29 जून तक खेले जाने वाले टी-20 विश्व कप का सह-मेजबान है और एमएलसी का आयोजन विश्व कप के खत्म होने के एक सप्ताह के अंदर शुरू होगा। एमएलसी के मुताबिक अब हर शतक, अर्धशतक, रन-आउट, जीत, हार और चैंपियनशिप को खेल के अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रारूप में आधिकारिक करियर आंकड़ों के रूप में दर्ज किया जाएगा। इस लीग के पहले सत्र में 19 मैच खेले गए थे लेकिन एमएलसी के सीईओ विजय श्रीनिवासन ने हाल ही में कहा कि 2025 से इसमें 34 मुकाबले खेले जाएंगे।

### बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले ऑस्ट्रेलिया-ए से भिड़ेगा भारत-ए

**मेलबर्न।** भारत-ए इस साल के अंत में प्रतिष्ठित बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ दो प्रथम श्रेणी मैच खेलेगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने मंगलवार को यह घोषणा की। सीए ने कहा कि ये मुकाबले 31 अक्टूबर से तीन नवंबर तक मैकाय के ग्रेट बैरियर रीफ एरेना और सात से 10 नवंबर तक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में खेले जाने हैं। इन अभ्यास मैचों से दोनों टीम के उभरते हुए खिलाड़ियों को टेस्ट टीम में जगह बनाने की दावेदारी पेश करने का मौका मिलेगा। सीए के क्रिकेट संचालन और कार्यक्रम प्रमुख पीटर रोच ने कहा नवीनीकृत ग्रेट बैरियर रीफ एरेना और एमसीजी में इन ए मैचों की मेजबानी इन 'ए' मैचों को महत्वपूर्ण दर्जा देती है और दोनों टीम के खिलाड़ियों को चयन के लिए दावा मजबूत करने का शानदार अवसर प्रदान करेगी।

## नामीबिया, ओमान और कनाडा ने जीते अपने-अपने अभ्यास मैच

**तरौबा/डलास, एजेंसी**


अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में चार जून से शुरु होने जा रहे टी-20 विश्वकप 2024 के अभ्यास मैच के पहले दिन नामीबिया ने युगांडा, ओमान ने न्यू पापुआ गिनी और कनाडा ने नेपाल पर जीत दर्ज की।

नामीबिया ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी युगांडा की टीम ने रोजर मुकासा नाबाद (51) और रोबिन्सन ओबुआ की 38 रनों की शानदार पारियों के दम पर निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 138 रनों का स्कोर खड़ा किया था। जवाब में युगांडा की टीम 18.5ओवर में पांच विकेट पर 135 रन ही बना सकी। वहीं कनाडा बनाम नेपाल के अभ्यास मैच में कनाडा ने शानदार खेल मुजाहिरा करते हुए नेपाल को 63 रनों से हराया। कनाडा ने सात विकेट पर 183 रनों का स्कोर खडा किया। जवाब में नेपाल की पूरी टीम 19.3 ओवर में 120 रन पर ढ़ेर हो गई। तीसरा मैच पापुआ न्यू गिनी बनाम ओमान के बीच खेला गया। इस मुकाबले में ओमान ने पापुआ न्यू गिनी को तीन विकेट से हराया। पापुआ न्यू गिनी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 137 रनों का स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में ओमान ने 19.1ओवर में सात विकेट पर 141 रन बनाकर तीन विकेट से मुकाबला जीत लिया।

## छक्कों के मामले में अभिषेक चौकों के लिए हेड रहे अव्वल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आईपीएल 2024



आईपीएल 2024 में चौके और छक्कों के मामले में इस बार सनराइजर्स हैदराबाद के दो धाकड़ बल्लेबाज अभिषेक शर्मा 42 छक्कों तथा ट्रैविस हेड 64 चौकों के साथ अव्वल रहे।

छक्कों और चौकों की बात की जाये दूसरे नंबर पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली और हेनरिक क्लासेन का नाम आता है। विराट इस बार 38 छक्के और 62 चौके जड़े हैं। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन ने भी 38 छक्के जड़े है। लखनऊ सुपर जायंट्स के निकोलस पूरन 36 छक्के के साथ तीसरे नंबर पर आते है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के रजत पाटीदार, कोलकाता नाइट राइडर्स के सुनील नारायण और राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग 33-33 छक्कों के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर है। सनराइजर्स हैदरबाद के ट्रैविस हेड 32 छक्के लगाकर पांचवें स्थान पर है। वहीं अगर चौकों की बात की जाये तो चेन्नई सुपर किंग्स के ऋतुराज गायकवाड़ 58 चौकों के साथ तीसरे स्थान रहे। चौथे नंबर पर है 54 चौकों के साथ राजस्थान रॉयल्स के यशस्वी जयसवाल है। केकेआर के सुनील नारायण और फिल साल्ट ने 50- 50 चौके जड़े। दोनों संयुक्त रूप से पांचवें पायदान पर हैं।

## सऊदी प्रो लीग में क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने बनाया सर्वाधिक गोल का रिकॉर्ड

**रियाद।** दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी प्रो लीग फुटबॉल सत्र का अंत सर्वाधिक गोल के रिकॉर्ड के साथ किया। अल नासर की अल इतिहाद पर 4-2 की जीत के दौरान रोनाल्डो ने विजेता टीम की ओर से दो गोल दागे। इसके साथ ही लीग में उनके गोलों की संख्या 35 हो गई जो 2019 में बनाए अब्दररजाक हमदल्लाह के पिछले रिकॉर्ड से एक गोल अधिक है। अल नासर की टीम 82 अंक के साथ लीग में दूसरे स्थान पर रही। टीम स्थानीय दावेदार अल हिलाल से 14 अंक पीछे रही जिसने दो हफ्ते से भी अधिक समय शेष रहते चैंपियनशिप जीत ली थी और सोमवार को सत्र का अंत 34 दौर की लीग में अजेय रहते हुए किया। टीम ने अपने अंतिम लीग मैच में अल वेहदा को 2-1 से हराया। अल हिलाल की टीम नेमार की गैरमौजूदगी में भी विरोधी टीमों पर आसानी से दबदबा बनाने में सफल रही। नेमार पिछले साल अगस्त में पेरिस सेंट जर्मेन को छोड़कर इस टीम से जुड़े थे लेकिन अक्टूबर में एसीएल की चोट के कारण पूरे सत्र से बाहर हो गए।

### वेतन न मिलने पर तीन महिला खिलाड़ियों ने छोड़ी अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेन्टीना की तीन महिला खिलाड़ियों ने दो अंतर्राष्ट्रीय मैत्री मैचों से पहले शिविर में वेतन और परिस्थितियों को लेकर विवाद के बाद राष्ट्रीय टीम छोड़ दी। राष्ट्रीय टीम में नियमित तौर पर खेलने वाली गोलकीपर लॉरिना ओलिविरोस, डिफेंडर जूलिएटा क्रूज और मिडफील्डर लोरेना बेनिटेज ने अपने कदम की घोषणा की जबकि टीम ने शुक्रवार और तीन जून को कोस्टा रिका के खिलाफ मैत्री मैचों के लिए तैयारी शुरू कर दी है। क्रूज ने इंस्टाग्राम पर लिखा हम एक ऐसे बिंदू पर पहुंच गए हैं जहां हम अन्याय से थक गए हैं, हमें महत्व नहीं दिया जा रहा, हमारी बात नहीं सुनी जा रही और इससे भी बदतर, अपमानित किया जा रहा है। हमें अर्जेंटीना की महिला फुटबॉल राष्ट्रीय टीम में सुधार की जरूरत है और मैं केवल वित्त के बारे में बात नहीं कर रही। मैं ट्रेनिंग, दोपहर के भोजन, नाश्ते के बारे में बोल रही हूं। क्रूज और बेनिटेज ने कहा कि राष्ट्रीय टीम के ट्रेनिंग सत्र के दौरान उन्हें हैम (एक प्रकार का मांस), पनीर सैंडविच और केला मिला जो उनका मानना है कि उच्च प्रदर्शन वाले खिलाड़ियों के लिए अपर्याप्त है। अर्जेंटीना के फुटबॉल संघ ने उन्हें बताया कि उन्हें दो मैत्री मैचों के लिए भुगतान भी नहीं किया जाएगा क्योंकि खेल ब्यूनस आयर्स में घरेलू मैदान पर होंगे। बेनिटेज ने कहा कि खिलाड़ियों को भुगतान ना करने के अलावा उनके परिवार के सदस्यों से टिकटों के लिए 5,000 पेसो (पांच डॉलर) का शुल्क लिया जा रहा था और ऐसी लाखों चीजें हैं जिनसे हम गुजरे हैं।



## खेल डायरी

### भारत ने जीता द. एशियाई टेटे चैंपियनशिप का खिताब

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-19 लड़कियों की टीम और अंडर-15 लड़कों की टीम ने श्रीलंका की टीम को हराते हुए दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप के अपने खिताब का बचाव किया। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ ने बताया कि अंडर-19 लड़कियों की टीम ने मेजबान श्रीलंका को 3-0 से हराकर दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। भारतीय टीम ने इससे पहले सेमीफाइनल मुकाबले में नेपाल की टीम को 3-0 से हराया था। श्रीलंका के कैंडी में कल रात खेले गये मुकाबले में भारत की सयाली वानी ने श्रीलंका की बिमांडी बंडारा को, प्रिथा वर्तिकार ने तमादी कविंड्या को और तनीषा कोटेचा ने दिव्या धरणी को हराकर खिताब जीता। वहीं अंडर-15 वर्ग के फाइनल में भी भारत की दिव्यांशी बोमिक ने श्रीलंका की योशिनी जयवर्धने को हराया, इसके बाद सिंड्रेला दास ने शान्या मुथुली को हराया। अंडर-15 लड़कों के फाइनल में भारत के सार्थक आर्य ने अपने दोनों एकल मुकाबलों में जीत दर्ज की।

### निशांत ने ओटगोंबाटार को दो मिनट में हराया

**बैंकॉक।** भारत के निशांत देव ने मंगोलिया के ओटगोंबाटार बियाम्बा अर्डेनेटो को महज दो मिनट में हराकर दूसरे मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर में 71 किलो के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि अबिनाश जामवाल हारकर बाहर हो गए। पिछले क्वालीफायर में मामूली अंतर से ओलंपिक कोटे से चूके देव ने पहले ही मिनट में अपने प्रतिद्वंद्वी पर घूंसों की बौछार कर दी। पहले दौर में 58 सेकेंड का खेल बाकी रहने पर ही रैफरी ने मुकाबला रोक दिया। इससे पहले जामवाल को 63 .5 किलो के मुकाबले में कोलंबिया के जोस मैनुअल वियाफारा फोरी ने हराया। जामवाल ने तीसरे और आखिरी दौर में शानदार प्रदर्शन करके अंकों के आधार पर बराबरी कर ली थी। नियमों के तहत इसके बाद जजों से प्रदर्शन के फिर आकलन के लिये कहा गया। सभी ने फोरी के पक्ष में वोट किया जो 5-0 से जीत गया।

### नॉर्वे शतरंज में प्रज्ञानानंदा ने अलीरेजा को दी मात

**स्टेवेंगर (नॉर्वे)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने मंगलवार को यहां नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत करते हुए पहले दौर में आर्मागेडोन (सडन डेथ) बाजी में फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराया। सामान्य टाइम कंट्रोल में आसान ड्रॉ के बाद प्रज्ञानानंदा को सफेद मोहरों से खेलते हुए 10 मिनट मिले जबकि अलीरेजा को सात लेकिन शर्त यह थी कि उन्हें जीत दर्ज करनी थी क्योंकि ड्रॉ होने पर काले मोहरों से खेलने वाले को अतिरिक्त अंक मिलते। प्रज्ञानानंदा ने इसके बाद शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने गत विश्व चैंपियन डिंग लिरेन से क्लासिकल बाजी 14 चाल में ड्रॉ खेलने के बाद 68 चाल में आर्मागेडोन बाजी ड्रॉ करके पलड़ा भारी रखा। हिकारू नाकामूरा ने आर्मागेडोन बाजी में हमवतन अमेरि की फाबियानो करूआना को हराया।

### फ्रेंच ओपन में हार के बाद कोर्नेट लिया संन्यास



**पेरिस।** फ्रांस की महिला टेनिस खिलाड़ी एलिजे कार्नेट ने फ्रेंच ओपन के पहले दौर में सातवीं वरीयता प्राप्त झेंग क्विनवेन से हार के बाद संन्यास ले लिया है। आज खेले गए मुकाबले में कार्नेट को चीन की क्विनवेन ने 6-2, 6-1 से हराया। फ्रांसीसी खिलाड़ी कॉर्नेट को टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला था। उन्होंने पहले ही घोषणा कर दी थी कि यह उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा। कार्नेट ने अपने टेनिस करियर में 69 ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट खेले है। मैच के बाद आयोजित समारोह में कोर्नेट ने परिवार और प्रशंसकों का समर्थन के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा आपने मुझे अविश्वसनीय भावनाओं से ओतप्रोत किया है। यह विश्वास करना मुश्किल है कि ऐसा मैं आखिरी बार महसूस कर रही हूं। कार्नेट के नाम पर लगातार 69 ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट खेलने का महिला रिकॉर्ड दर्ज है। उन्होंने 2007 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन से लेकर इस साल फ्रेंच ओपन तक प्रत्येक ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में हिस्सा लिया। वह हालांकि कभी क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई।

## बॉलीवुड हलचल



### अमेजन पर आएगी अनन्या की वेब सीरीज कॉल मी बे

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडेय की वेब सीरीज कॉल मी बे ओटीटी प्लेटफार्म अमेजन प्राइम वीडियो पर 6 सितंबर को रिलीज होगी। अनन्या अपना वेब सीरीज डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। अनन्या कॉल मी बे सीरीज में दिखाई देने वाली हैं, जिसकी अनाउंसमेंट बीते साल हुई थी। धर्माटिक प्रोडक्शन ने एक पोस्टर शेयर कर इस सीरीज को लेकर अपडेट दिया है। धर्माटिक प्रोडक्शन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कॉल मी बे का एक पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर को शेयर करते हुए इसके कैप्शन में लिखा गया है कि हम अपने खास को, हर किसी का खास बनने के लिए बहुत उत्साहित हैं। करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा द्वारा निर्मित और कॉलिन डी कुन्हा द्वारा निर्देशित ''कॉल मी बे'' धर्माटिक एंटरटेनमेंट का प्रोडक्शन है। यह सीरीज इसी साल 6 सितंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजॉन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है। अनन्या पांडे के अलावा इस सीरीज में वीर दास, गुरफतेह परिजादा, वरुण सूद, विहान समत, मुस्कान जाफरी समेत कई स्टार्स दिखाई देने वाले हैं।

### 14 जून को ओटीटी पर रिलीज होगी महाराज

**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान के पुत्र जुनैद खान की डेब्यू फिल्म महाराज ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 14 जून को रिलीज हो सकती है। आमिर खान के लाडले जुनैद खान फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह फिल्म महाराज में दिखाई देने वाले हैं। जुनैद ने बीते साल ही वाईआरएफ की फिल्म महाराज की शूटिंग पूरी कर ली थी। कहा जा रहा है कि यह फिल्म सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी पर दस्तक देने वाली है। जुनैद खान की डेब्यू फिल्म का ट्रेलर अगले महीने 5 जून को रिलीज हो सकता है। इस फिल्म में जुनैद खान के साथ जयदीप अहलावत, शरवरी वाघ और शालिनी पांडे भी मुख्य भूमिका में दिखाई देने वाली हैं। महाराज सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 14 जून, 2024 को रिलीज हो सकती है।

## सिंगापुर ओपन के राउंड ऑफ 32 में हारे सात्विक-चिराग

**कल्लांग, एजेंसी**

भारत स्टार और दुनिया की नंबर वन चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की जोड़ी को मंगलवार को सिंगापुर बैडमिंटन ओपन 2024 बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में हार का सामना करना पड़ा। दुनिया के नंबर वन बैडमिंटन जोड़ी चिराग और सात्विक, डेनियल लुंडगार्ड और मैड्स वेस्टरगार्ड की 34वीं रैंकिंग वाली डेनमार्क जोडी से 47 मिनट चले मुकाबले में 20-22, 18-21 से हार गई।

फ्रेंच और थाईलैंड ओपन जीतने के बाद साल के अपने तीसरे खिताब की तलाश में उतरे चिराग-सात्विक ने धीमी शुरुआत की और 4-9 से पिछड़ गए। हालांकि, भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने इसके बाद कुछ अंक जरूर जुटाए लेकिन करीबी गेम में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। दूसरे गेम में भी दोनों टीमें एक समय 16-16 की बराबरी पर थीं, लेकिन अंत में लुंडगार्ड और वेस्टरगार्ड ने मैच को जीत कर अगले राउंड में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली।

दूसरे दौर में डेनमार्क के खिलाड़ियों का मुकाबला चीन के हे जी टिंग और रेन जियांग यू से होगा। वहीं महिला एकल वर्ग में भारतीय शटलर आकर्षी कश्यप को राउंड ऑफ 32 में निराशा हाथ लगी। विश्व रैंकिंग की 41 नंबर की भारतीय खिलाड़ी को थाईलैंड की पोर्नपिचा चोईकीवोंग से 19-21, 20-21 से हार हार का सामना करना पड़ा। इसके अलावा पुरुष एकल में प्रियांशु राजावत भी प्रतियोगिता के अगले राउंड में जगह नहीं बना सके। भारतीय शटलर को हांगकांग के ली चेऊक यू से शिकस्त मिली। वहीं, पीवी सिंधु, किदांबी श्रीकांत, लक्ष्य सेन और एचएस प्रणॉय बुधवार से अपना अभियान शुरू करेंगे।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# पुलिस ने भेष बदलकर मारा पब-बार पर छापा

**पुणे कार दुर्घटना**

नागपुर, एजेंसी

पुणे कार दुर्घटना के मद्देनजर महाराष्ट्र के नागपुर में पुलिस अधिकारियों ने पहचान छिपाकर शहर में नियमों का उल्लंघन करने वाले पब और बार पर छापा मारा।

एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि नागपुर पुलिस की विशेष टीम ने पब, बार और क्लब पर छापा मारा और महाराष्ट्र निषेध अधिनियम के नियमों का उल्लंघन करने वालों का पता लगाया। पुलिस आयुक्त डॉ. रविंदर सिंघल ने बताया कि अधिकारियों के निष्कर्षों के आधार पर एक विस्तृत रिपोर्ट दर्ज होगी और महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम के तहत उल्लंघन के लिए पब और क्लबों के प्रबंधन को नोटिस जारी किये जाएंगे। अन्य अधिकारी ने बताया कि सहायक पुलिस आयुक्त और पुलिस उपायुक्त सहित कम से कम 13 वरिष्ठ अधिकारी ग्राहक बनकर पब में गए और निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मियों ने रविवार रात कुल 13 जगहों पर छापा मारा और कई स्थानों पर भीड़भाड़ और कम उम्र के ग्राहकों को शराब परोसने जैसे नियमों का उल्लंघन होते हुए पाया। अधिकारी ने बताया कि पब के कुछ हिस्सों को निगरानी मुक्त रखने के लिए कुछ स्थानों पर बेहद चालाकी से सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। उन्होंने बताया कि कानून के मुताबिक, जिन पब या फिर बार में शराब परोसी जाती है वहां मार्शल को तैनात करना जरूरी होता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ग्राहक शराब पीकर गाड़ी न चलाएं लेकिन कोई भी पब और बार इस नियम का पालन करते हुए नहीं पाया गया।

- **सहायक पुलिस आयुक्त और पुलिस उपायुक्त पहुंचे ग्राहक बनकर**
- **नियमों के उल्लंघन पर पब और क्लबों के प्रबंधन को जारी किए जाएंगे नोटिस**

### गिरफ्तार डॉक्टर के लिए विधायक का सिफारिश पत्र सामने आया

**पुणे।** पोर्श कार दुर्घटना मामले में ससून जनरल अस्पताल के डॉ. अजय तावड़े की गिरफ्तारी के बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता एवं महाराष्ट्र के विधायक सुनील टिंगरे का 2023 का वह पत्र सामने आया है जिसमें उन्होंने डॉ. तावड़े को चिकित्सा अधीक्षक का अतिरिक्त प्रभार देने की सिफारिश की थी। पुलिस ने सरकारी अस्पताल के फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. अजय तावड़े, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रीहरि हलनोर और डॉ. तावड़े के अधीन काम करने वाले अतुल घाटकाम्बले को इस मामले में गिरफ्तार किया है। पुणे में 19 मई की सुबह पोर्श कार की टक्कर से दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी। यह कार 17 वर्षीय नाबालिग चला रहा है। जिस समय हादसा हुआ, उस समय किशोर नशे में था। किशोर को किशोर न्याय बोर्ड ने जमानत दे दी थी और उसे दुर्घटनाओं पर निबंध लिखने को कहा था लेकिन आलोचना और पुलिस द्वारा पुनरीक्षण याचिका के बाद उसे 5 जून तक हिरासत केंद्र में भेज दिया गया।

### चालक के अपहरण में नाबालिग का पिता पुलिस हिरासत में

**पुणे।** पुणे की अदालत ने मंगलवार को पोर्श कार दुर्घटना में शामिल किशोर के पिता को परिवार के चालक के कथित अपहरण और बंधक बनाने के मामले में 31 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। कोर्ट ने इसी मामले में आरोपी किशोर के दादा की पुलिस हिरासत भी 31 मई तक बढ़ा दी। दोनों आरोपियों को न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) एए पांडे के समक्ष पेश किया गया। पुणे शहर के कल्याणी नगर इलाके में 19 मई की सुबह कथित तौर पर नाबालिग द्वारा चलाई जा रही तेज रफ्तार पोर्श कार की चपेट में आने से दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी।

**बांग्लादेश सांसद हत्याकांड**

## कोलकाता फ्लैट में मिले खून का डीएनए परीक्षण करा सकती है पुलिस

**कोलकाता।** बांग्लादेश पुलिस यहां के न्यू टाउन इलाके के एक फ्लैट में पाए गए रक्त के नमूने का डीएनए परीक्षण कराएगी और बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार के किसी रिश्तेदार के रक्त के नमूने से उसका मिलान करेगी ताकि यह पुष्टि हो सके कि राजनेता की हत्या की गई थी।

आशंका है कि एक पखवाड़े से लापता अनार की उसी फ्लैट में हत्या कर दी गयी और शव के टुकड़े नहर में फेंक दिये गये। जांच के सिलसिले में कोलकाता आए ढाका पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि यदि अवामी लीग के सांसद के शरीर के अंग नहीं मिल सके तो अंतिम विकल्प के रूप में डीएनए परीक्षण किया जाएगा। यदि शरीर के अंग नहीं मिलते हैं, तो हम डीएनए परीक्षण कराएंगे और अनार के परिवार में से किसी एक के डीएनए के साथ इसका मिलान करेंगे और इसके अनुसार मामले में जांच आगे बढ़ेगी।

# भारत दे रहा महंगी बीमारियों का सस्ता इलाज



भारत को फार्मा की राजधानी कहा जाता है और यह सस्ते चिकित्सा उपायों की उपलब्धता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत कई महंगी कैंसर की दवाओं का उत्पादन करता है और उन्हें विदेशी बाजारों में सस्ती कीमत पर बेचता है। भारतीय फार्मास्युटिकल कंपनियां जेनरिक दवाओं का उत्पादन करती हैं, जो ब्रांडेड दवाओं की तुलना में काफी सस्ती होती हैं। आइए जानते हैं कुछ प्रमुख महंगी कैंसर की दवाओं और उनके जेनरिक संस्करणों के बारे में....



**भारत सबसे बड़ा जेनेरिक का उत्पादक**

भारत 20% वैश्विक जेनेरिक दवाओं का उत्पादन करता है, जिससे यह दुनिया का सबसे बड़ा जेनेरिक दवाओं का निर्यातक बन गया है। ब्रांडेड दवाओं की तुलना में जेनेरिक दवाएं 30-80% तक सस्ती होती हैं।

**देश में निर्मित कैंसर की दवाएं**

- **ग्लिवेक :** नोवार्टिस द्वारा निर्मित भारतीय जनरिक निर्माता : सिप्ला, डॉक्टर रेड्डीज, सन फार्मा, और लुपिन सोरेलिक
- **नेक्सावर :** बायर द्वारा निर्मित, भारतीय जनरिक निर्माता : सिप्ला, ग्लेनमार्क, और डॉक्टर रेड्डीज, ट्रास्टुज़ुमैब
- **हेरसेप्टिन :** रोश द्वारा निर्मित, भारतीय जनरिक निर्माता : बायोकॉन,
- **बेवासिज़ुमैब अवास्टिन :** रोश द्वारा निर्मित, भारतीय जनरिक निर्माता बायोकॉन, सिप्ला लेनालिडोमाइड
- **रेवलेमिड :** सेल्जीन द्वारा निर्मित, भारतीय जनरिक निर्माता : नेटको फार्मा, हेटेरो एर्बिटुक्स

**स्रोत और आंकड़े**

- **भारतीय फार्मास्युटिकल एलायंस :** यह संगठन भारत में फार्मा उद्योग के विकास और नवाचार को प्रोत्साहित करता है।
- **विश्व स्वास्थ्य संगठन :** भारत जेनेरिक दवाओं के सबसे बड़े निर्यातकों में से एक है। विभिन्न फार्मा मैगजीन और रिपोर्ट्स में भारत के फार्मा उद्योग और सस्ते चिकित्सा उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी मिलती है। इन सबके माध्यम से भारत दुनिया भर के लोगों को सस्ती चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने में भूमिका निभा रहा है।

**एक नजर**

### श्रद्धा वालकर हत्याकांड में पूरक आरोपपत्र दाखिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा वालकर की हत्या करने और उसके शव के टुकड़े-टुकड़े करने के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला के खिलाफ और अधिक डिजिटल तथा फॉरेंसिक सबूतों के साथ एक पूरक आरोपपत्र दाखिल किया है। अदालत के सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अविरल शुक्ला के समक्ष करीब 3,000 पृष्ठों का आरोपपत्र दाखिल किया गया। पूनावाला ने मई 2022 में राष्ट्रीय राजधानी के महरौली में वालकर की कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी थी और उसके शव के टुकड़े-टुकड़े कर उन्हें शहर के अलग-अलग इलाकों में फेंक दिया था।

### तीन खनिक अवैध खदान में तीसरे दिन भी फंसे रहे

**डिब्रूगढ़ (असम)।** असम के तिनसुकिया जिले में अवैध खदान में तीन खनिक तीसरे दिन मंगलवार को भी फंसे रहे और उन्हें बचाने के प्रयास जारी हैं। तिनसुकिया के आयुक्त स्वप्निल पॉल ने कहा कि अधिकारियों के अलावा, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ खनिकों का पता लगाने के लिए खोज और बचाव के अभियान में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि तीन कोयला खनिक अब भी लापता हैं। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की एक-एक टीम और स्थानीय बचाव कर्मी लापता खनिकों का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं।

### पाकिस्तान में सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सोमवार देर रात एक जीप के गहरी खाई में गिरने से एक ही परिवार के आठ सदस्यों की मौत हो गई। क्षेत्र के जिला पुलिस अधिकारी इमरान खान ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना के शांगला जिले में तब हुई, जब एक मोड़ पर जीप के चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। अधिकारी ने बताया कि मारे गए लोगों में तीन बच्चे, चार महिलाएं और चालक शामिल है। श्री खान ने कहा कि बचाव दल और स्थानीय स्वयंसेवकों ने शवों को पोस्टमार्टम के लिये निकटवर्ती अस्पताल ले गए। उन्होंने कहा कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार सड़क की खराब स्थिति के कारण यह हादसा हुआ।

### बाकिर कालीबाफ फिर बने ईरान की संसद के अध्यक्ष

**दुबई।** ईरान की संसद ने मंगलवार को एक बार फिर मोहम्मद बाकिर कालीबाफ को अध्यक्ष चुना। संसद में कुल 287 सांसदों ने मतदान किया, जिनमें से 198 ने कालीबाफ को पद पर बरकरार रखने के पक्ष में वोट दिया। कालीबाफ 2021 में संसद के अध्यक्ष चुने गए थे। राष्ट्रपति चुनावों में मिली असफलताओं के बाद वह संसद के अध्यक्ष बने थे। इससे पहले वह ईरान की राजधानी तेहरान के मुखिया थे। कालीबाफ को 1999 में रिवॉल्यूशनरी गार्ड का जनरल रहते हुए ईरानी विश्वविद्यालय के छात्रों के खिलाफ हिंसक कार्रवाई का समर्थन करने के लिए जाना जाता है।

### अमेरिका में आए तूफान से 22 लोगों की मौत

**ह्यूस्टन (अमेरिका)।** मध्य और दक्षिणी अमेरिका में गत सप्ताहांत में एक के बाद एक आए शक्तिशाली तूफानों में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गयी, बड़ी संख्या में मकान एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठान पूरी तरह से तबाह हो गये और बिजली आपूर्ति ठप हो गई। टेक्सास, ओक्लाहोमा, अर्कांसस और केंटकी में विनाशकारी तूफानों के कारण लोगों ने अपनी जान गंवाई। दक्षिण टेक्सास से फ्लोरिडा तक तेज गर्मी और लू ने नया रिकॉर्ड बनाया। मौसम वैज्ञानिकों ने पूर्वानुमान जताया है कि सोमवार के बाद ईस्ट कोस्ट में मौसम खराब हो सकता है और छुट्टियां मनाने गए लोगों से वहां से लौटने की सलाह दी गई है।

# स्पेन, नॉर्वे और आयरलैंड ने फिलिस्तीन को दी मान्यता

## इजराइल ने की आलोचना, कहा- कार्रवाई पर नहीं पड़ेगा इसका कोई असर

बार्सिलोना, एजेंसी



- **यूरोपीय संघ के इजराइल के साथ बढ़ते मतभेद के बीच लिया गया फैसला**
- **इजराइल पर आर्थिक प्रतिबंध लगाने का विचार करने के लिए आयरलैंड ने कहा**

यूरोपीय संघ के इजराइल के साथ बढ़ते मतभेद के बीच स्पेन, नॉर्वे और आयरलैंड ने मंगलवार को फिलिस्तीन को आधिकारिक रूप से राष्ट्र की मान्यता दी। संघ में शामिल देश इजराइल पर गाजा में हमले रोकने के लिए दबाव बना रहे हैं। दर्जनों देशों ने फिलिस्तीन को मान्यता दी है लेकिन किसी बड़े पश्चिमी देश ने ऐसा नहीं किया है। वहीं, इजराइल ने इस कदम की आलोचना की और कहा, गाजा में आक्रामक कार्रवाई पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने मैड्रिड में प्रधानमंत्री आवास के द्वार पर खड़े होकर कहा कि यह एक ऐतिहासिक फैसला है जिसका एकमात्र लक्ष्य इजराइल और फिलिस्तीन के लोगों को शांति स्थापित करने में मदद करना है। इजराइल के विदेश मंत्री इजराइल काट्ज ने 'एक्स' पर किए पोस्ट में स्पेन पर हमला बोला और कहा कि सांचेज की सरकार यहूदियों के खिलाफ नरसंहार को भड़काने और युद्ध अपराधों में शामिल हो रही है। स्पेन की तर्ज पर आयरलैंड और नॉर्वे ने भी फिलिस्तीन को मान्यता देने की घोषणा की। आयरलैंड की राजधानी डबलिन में संसद के बाहर फिलिस्तीनी झंडा लहराया गया। मंत्रिमंडल की बैठक से पहले आयरलैंड के प्रधानमंत्री सिमोन हैरिस ने कहा कि मुझे लगता है कि यह दुनिया को एक संकेत भेजता है कि द्विराष्ट्र समाधान की उम्मीद बनाए रखने और इसे साकार करने में मदद के लिए एक देश के रूप में आप कुछ व्यावहारिक कदम उठा सकते हैं, जबकि कुछ अन्य लोग दुखद रूप से इसे भुला रहे हैं।

नॉर्वे के विदेश मंत्री एस्पेन बार्थ ईदे ने कहा कि 30 से अधिक वर्षों से, नॉर्वे फिलिस्तीनी के प्रबल समर्थकों में से एक है। जब नॉर्वे ने फिलिस्तीन को एक राष्ट्र के रूप में मान्यता दी है, तो यह नॉर्वे और फलस्तीन के संबंधों में एक मील का पत्थर है। 140 देशों ने फिलिस्तीन को राष्ट्र की मान्यता दी है, लेकिन पश्चिम के किसी प्रमुख देश ने ऐसा नहीं किया है। तीन यूरोपीय देशों का मान्यता देना फिलिस्तीनी के लिए जनमत बनाने का संकेत साबित हो सकता है और यूरोपीय संघ के देश जैसे फ्रांस और जर्मनी को भी अपने रुख पर पुनर्विचार करने का दबाव बन सकता है। आयरलैंड के नेता हैरिस ने मंगलवार को इस बात पर जोर दिया कि यूरोपीय संघ को इजराइल पर आर्थिक प्रतिबंध लगाने पर विचार करना चाहिए। स्पेन का कहना है कि राफा में हमलों के लिए इजराइल पर प्रतिबंध लगना चाहिए। इजराइली विदेश मंत्री इजराइल काट्ज ने स्पेन से कहा है कि यरूशलम में उसके वाणिज्य दूतावास को फिलिस्तीनियों की मदद करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## बंदूकधारियों के हमले में सात की मौत, 150 लोगों का अपहरण

- **नाइजीरिया के मध्य नाइजर प्रांत में हुआ हमला**

**अबुजा।** नाइजीरिया के मध्य नाइजर प्रांत में एक समुदाय पर बंदूकधारियों के हमले में चार स्थानीय सुरक्षा कर्मियों सहित कम से कम सात लोग मारे गए। नाइजीरियाई मीडिया के अनुसार मुन्या सरकारी क्षेत्र के कुची समुदाय में हुई घटना के दौरान भारी हथियारों से लैस बंदूकधारियों ने 150 से अधिक निवासियों का अपहरण कर लिया था। ब्लूप्रिंट समाचार पत्र ने मुन्या सरकारी क्षेत्र के प्रमुख अमीनू नाजूम ने बताया कि बंदूकधारियों ने भारी बारिश के दौरान समुदाय पर धावा बोल दिया और घर-घर जाकर लोगों को अगवा किया। भागने का प्रयास करने वाले तीन ग्रामीणों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मुठभेड़ में सरकार समर्थित सुरक्षा टास्क फोर्स के चार सदस्य भी मारे गए। उन्होंने मुन्या पर हो रहे हमलों पर दुख व्यक्त किया और सरकार से निवासियों को आतंकित करने वाले डाकुओं के खिलाफ सुरक्षा प्रयासों को मजबूत करने का आग्रह किया। पुलिस ने अभी तक नवीनतम घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

# इजराइल के साथ युद्धविराम को लेकर बातचीत नहीं होगी: हमास

गाजा, एजेंसी

- **इजराइली के राफा में विस्थापितों के टेंटों को निशाना बनाने के जवाब में लिया फैसला**

हमास ने कहा है कि रविवार की रात दक्षिणी गाजा शहर राफा पर इजराइल के हमले के बाद वह गाजा पट्टी में युद्धविराम या कैदी विनिमय समझौते के लिए किसी भी बातचीत में भाग नहीं लेगा। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक हमास ने यह निर्णय इजराइली सेना द्वारा राफा के उत्तर-पश्चिम में विस्थापित नागरिकों के टेंटों को निशाना बनाने के जवाब में लिया है, जिसमें 10 से अधिक लोग मारे गए और घायल हो गए।

सूत्रों ने कहा कि हमास को बातचीत फिर से शुरू करने के संबंध में मिस्र या कतर में मध्यस्थों से कोई आधिकारिक अधिसूचना नहीं मिली है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक राफा शहर के पास विस्थापित लोगों के तंबुओं पर इजराइली हवाई हमलों में बच्चों और महिलाओं सहित कम से कम 45 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। हमास के वरिष्ठ अधिकारी ओसामा हमदान ने सोमवार को बेरूत में कहा कि मध्यस्थों को प्रस्तुत की गई हमारी शर्तों को छोड़कर इजराइल को कभी उसके नागरिक वापिस नहीं मिलेंगे। स्थायी युद्धविराम सहित किसी समझौते पर पहुंचने के लिए हमास की शर्तें पहले जैसी ही रहेंगी।

### इजराइली हमले में 16 की मौत

**दीर अल बलाह।** इजराइल ने गाजा के राफा शहर पर हमले किए हैं जिसमें कम से कम 16 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है। फिलिस्तीनी नागरिक सुरक्षा और फिलिस्तीनी रेड क्रीसेंट ने यह जानकारी दी। दोनों के मुताबिक, रात में किए हमलों में उत्तर पश्चिम राफा के तेल अल-सुल्तान इलाके में 16 लोगों की मौत हो गई। इजराइल का कहना है कि वह गाजा-मिस्र सीमा के पास पूर्वी राफा में सीमित अभियान चला रहा है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि राफा के पश्चिमी हिस्सों में रातभर बमबारी हुई है।

### राफा में हल्के बम का प्रयोग, आग अन्य विस्फोट से लगी: इजराइली सेना

**दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी)।** इजराइली सेना ने कहा है कि दक्षिणी गाजा के राफा शहर के शिविर में घातक आग लगने की घटना की प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आग हवाई हमले में इस्तेमाल बम से नहीं, बल्कि अन्य विस्फोट से लगी थी। सेना के मुख्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हगारी ने मंगलवार को कहा कि हमास के दो उग्रवादियों के ठिकाने पर केवल 17 किग्रा का बम दागा गया था। इतने छोटे बम से आग लगने की आशंका नहीं है और सेना इसकी पड़ताल कर रही है कि संबंधित क्षेत्र में हथियार एवं गोला-बारूद का भंडार रखा था। फिलिस्तीनी अधिकारियों के अनुसार, रविवार को हमले में 45 लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे। इस हमले को लेकर इजराइल के करीबी सहयोगियों सहित व्यापक तौर पर आक्रोश देखा गया। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसे दुखद हादसा बताया।

# संदेशखालि: शेख के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज


नई दिल्ली, एजेंसी

- **सीबीआई ने ईडी की टीम पर हमले के संबंध में की कार्रवाई**

सीबीआई ने पांच जनवरी को संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पर भीड़ के किए हमले के संबंध में निलंबित टीएमसी नेता शाहजहां शेख, उसके भाई और पांच पर आपराधिक साजिश और हत्या के प्रयास का आरोप लगाया है।

अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि मामले में एजेंसी का पहला आरोपपत्र सोमवार को बशीरहाट विशेष अदालत के समक्ष दायर किया गया। पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के राशन वितरण घोटाले के सिलसिले में शेख के घर पर छापेमारी करने गई ईडी की टीम पर 1,000 लोगों की भीड़ ने हमला किया था। टीम शेख को गिरफ्तार करने भी गई थी क्योंकि घोटाले में जांच के घेरे में आए, गिरफ्तार पूर्व राज्य खाद्य मंत्री ज्योति प्रिय मलिक के साथ उसके कथित संबंध थे। आरोप पत्र में सात लोगों के नाम हैं, जिनमें शेख, उसका भाई आलमगीर और सहयोगी जियाउद्दीन मुल्ला, मफुजर मुल्ला और दीदारबख्श मुल्ला शामिल हैं। सीबीआई ने आरोपियों पर आपराधिक साजिश और हत्या का प्रयास के अलावा दंगा समेत कई आरोप लगाए हैं।

## इन्हें भी चाहिए गर्मी से राहत



ज्येष्ठ की तपती गर्मी ने सभी को बेहाल कर रखा है। सभी इससे राहत पाने के लिए कई प्रकार के उपाय कर रहे हैं। वहीं कुल लोग इस गर्मी में पशुओं को राहत पहुंचाने के लिए कई उपाय कर रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को नई दिल्ली के राष्ट्रीय प्राणी उद्यान में गर्मी से हाथी को निजात दिलाने की कोशिश करता चिड़ियाघर संचालक। जो हाथी को पानी के बौछार से राहत पहुंचाने का प्रयास कर रहा है। • एजेंसी

# जापान में पहली बार कोविड-19 एंटीबॉडीज दर हुई 60 प्रतिशत

टोक्यो, एजेंसी

- **स्वास्थ्य मंत्रालय के किए गए दो सर्वेक्षणों से हुआ खुलासा**

जापान के स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से किए गए दो हालिया सर्वेक्षणों के अनुसार यहां कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों में एंटीबॉडी पाए जाने की दर पहली बार 60 प्रतिशत से अधिक हो गई है।

मंत्रालय ने मार्च में किए दो सर्वेक्षणों के नतीजे विशेषज्ञों के एक पैनल के सामने पेश किए। सभी आयु समूहों को कवर करने वाले सर्वेक्षण में एंटीबॉडी कब्जे की दर 60.7 प्रतिशत थी, जबकि देश भर में 16 से 69 वर्ष की आयु के रक्त दाताओं को लक्षित करने वाले एक अन्य सर्वेक्षण में, दर 64.5 प्रतिशत तक पहुंच गई। सर्वेक्षण में सभी आयु समूहों को शामिल करते हुए 22 प्रान्तों में 3,947 लोगों के डेटा का विश्लेषण किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार पांच से 19 वर्ष की आयु वालों के लिए, एंटीबॉडी दर 85 प्रतिशत से अधिक थी, जबकि 70 वर्ष और उससे अधिक आयु वालों के लिए यह दर 30 प्रतिशत की सीमा में थी। दूसरे सर्वेक्षण में जापान के सभी प्रान्तों में 18,048 रक्त दाताओं को लक्षित किया। होक्काइडो और टोक्यो के उत्तरी प्रान्त सहित कुल 38 प्रान्तों में एंटीबॉडी दर 60 प्रतिशत से अधिक है। उच्चतम दर ओकिनावा के दक्षिणी प्रान्त में 77.6 और सबसे कम अकिता प्रान्त में 50 प्रतिशत देखी गई।

**खगोलशास्त्र** हमारे सौर मंडल के नौवें ग्रह के अस्तित्व के साक्ष्य मिले

# पृथ्वी से चार गुना विशाल है यह रहस्यमय ग्रह

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** रहस्यमय ढंग से छिपे हमारे सौर मंडल के नौवे ग्रह की मौजूदगी के साक्ष्य खगोल वैज्ञानियों ने खोज निकाले हैं। इस ग्रह के अस्तित्व के सबूत क्षुद्रग्रहों से मिले हैं, जो नौवे ग्रह के गुरुत्वाकर्षण से बंधे हैं। खगोलविदों को उम्मीद है कि इसे जल्द खोज लिया जाएगा।



इस तरह का हो सकता है नौवां ग्रह। (काल्पनिक चित्र)

प्रथम दृष्टया प्लैनेट 9 नेप्च्यून के आकार का है, जो हमारे सौर मंडल के बाहरी इलाके में छिपा हुआ है। कैलटेक यूनिवर्सिटी और साउथवेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने शोध के जरिए साक्ष्य जुटाए हैं। शोधकर्ताओं के अनुसार ग्रह 9 के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव के कारण नेपच्यून से परे छोटे पिंडों का एक समूह एक साथ जुड़ जाता है। ये सुदूर सौर मंडल के पिंड क्षुद्रग्रह बेल्ट के चट्टानी पत्थर अपनी कक्षा में प्लैनेट 9 के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव के कारण समान रूप से फैले हुए नहीं हैं। ज्ञातब्य हो कि इसी तरह आठवें ग्रह नेपच्यून की खोज की गई थी।

नेपच्यून यूरेनस की कक्षा में घूम था। गणितीय आधार पर नेप्च्यून की खोज हुई थी। हैरानी की बात है कि इसकी मौजूदगी का पता चलने के सौ साल बाद इसे देखा गया। प्लैनेट 9 भी इसी तरह खोजा जा सकता है। इसके नजदीकी क्षुद्रग्रहों की गति व कक्षा की निगरानी शुरू करने की तैयारी हो रही है। संभव है कि यहीं से प्लैनेट 9 की पुष्टि हो सकेगी। शोधकर्ताओं के अनुसार यह ग्रह पांच पृथ्वियों के आकार का होगा (नेप्च्यून के बराबर) और पृथ्वी की तुलना में सूर्य से 400 से 800 गुना अधिक दूर होगा। इस खोज को एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स ने प्रकाशन के लिए पेपर स्वीकार कर लिया है।

### रुबिन वेधशाला टेलेस्कोप से होगी खोज

वेरा रुबिन वेधशाला दूरबीन नौवें ग्रह की खोज में लगाई जाएगी। इस दूरबीन को अगले वर्ष स्थापित किया जाएगा। इस दूरबीन को खासकर हमारे सौर मंडल के छोटे ब्लैक होल की खोज के लिए ईजाद किया जा रहा है। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि प्लैनेट 9 की खोज में यह दूरबीन कारगर साबित होगी। प्लैनेट 9 के अस्तित्व को लेकर लंबे समय से वैज्ञानिकों के बीच चर्चा होते रही हैं। इस ग्रह को प्लैनेट एक्स नाम भी दिया गया है। इसे सौर मंडल का बेहद रहस्यमय ग्रह माना जाता है।

# बांग्लादेश में रेमल के कहर से पांच और लोगों की मौत

ढाका, एजेंसी

- **तेज हवाओं से पेड़ उखड़े और बिजली के खंभे गिरने से जनजीवन अस्त-व्यस्त**

बांग्लादेश की राजधानी ढाका में सोमवार रात चक्रवाती तूफान रेमल के कारण अलग-अलग इलाकों में तेज हवाओं के साथ पेड़ उखड़ने और बिजली के खंभे गिरने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गयी।

ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पुलिस चौकी प्रभारी बच्चू मिया ने मंगलवार को मौतों की पुष्टि की। ढाका में आए चक्रवाती तूफान रेमल का प्रभाव आज सुबह तक देखा गया और राजधानी में बारिश और तेज हवाएं चल रहीं है। ढाका से 259 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में, खगराचारी जिले में चक्रवाती तूफान के कारण उखड़े हुए पेड़ों को हटाते समय आज तड़के अग्निशमन कर्मी की बिजली के तारों की चपेट में आने से मौत हो गयी। बांग्लादेश का तटीय क्षेत्र तूफान की तेज़ हवाओं से प्रभावित हुआ है। चक्रवाती तूफान से पेड़ और घरों और इमारतों की छतें उड़ गईं और बड़े पैमाने पर बिजली और पानी की आपूर्ति बाधित हुई है।

कथित तौर पर देश के दक्षिणी और दक्षिण-पूर्वी क्षेत्रों के कुछ हिस्सों में चक्रवाती तूफान से बाढ़ सुरक्षा तटबंध क्षतिग्रस्त हो गए हैं। देश के आपदा प्रबंधन और राहत राज्य मंत्री मोहम्मद मोहिबुर रहमान ने सोमवार को कहा कि चक्रवाती तूफान रेमल के बांग्लादेश के समुद्र तट से टकराने और बाद में इसके कमजोर पड़ने के दौरान कम से कम 10 लोगों की मौत हो गयी।

## गिरफ्तार श्रीलंकाइयों का 46 वर्षीय शख्स हो सकता है आका

**कोलंबो।** श्रीलंका के सुरक्षा बलों को शक है कि एक 46 वर्षीय शख्स उन चार श्रीलंकाइयों का आका है जिन्हें पिछले हफ्ते भारत के अहमदाबाद हवाई अड्डे पर आईएसआईएस के साथ कथित संबंध के मामले में गिरफ्तार किया गया था। एक खबर में यह जानकारी दी गई है।

न्यूज़फर्स्ट समाचार पोर्टल के मुताबिक, श्रीलंका पुलिस ने बताया कि संदिग्ध उस्मानद जेराॅड डेमाटागोडा का निवासी है और अक्सर हुलिया बदलता रहता है। पोर्टल ने मंगलवार को कहा कि माना जाता है कि जेराॅड श्रीलंका के संदिग्ध नागरिकों की भारत आने जाने में मदद करता है। पुलिस ने संदिग्ध के ठिकाने की विश्वस्त सूचना देने पर हाल में 20 लाख रुका इनाम घोषित किया था।